www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



रायपुर, शनिवार, 5 अप्रैल 2025 | वर्ष – 66 | अंक– 347 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन माता महागौरी को नारियल से बनी मिठाइयां, हलवा , काले चना का भोग प्रिय है

**अभिमत**
■ कैसे जीवनयापन करते हैं बिरहोर
पृष्ठ 6

■ बिम्सटेक अब आर्थिक सहयोग बढ़ाने का भी काम करे : मोदी
■ भूकम्प से तबाह म्यांमार को 20 मिलियन डॉलर की मदद भेजेगा क्वाड
पृष्ठ 7

आईपीएल 2025 : अय्यर की पारी के कायल हुए इयोन मार्गन
पृष्ठ 8


# वक्फ बिल के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन

## मुस्लिमों ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया, महिलाएं, बच्चे भी रहे शामिल

**नई दिल्ली**, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन बिल के संसद से पास होने के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, असम में मुस्लिमों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें महिला-बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस हाई अलर्ट पर रही । गुजरात के अहमदाबाद में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर जुटे। उनके पोस्टर-बैनर पर वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखा था। लोगों ने बांह पर काली पट्‌टी बांधी हुई थी।

**50 लोगों को हिरासत में लिया**

भीड़ ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। पुलिस ने 50 लोगों को हिरासत में लिया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यहां भी वक्फ बिल रिजेक्ट के बैनर-पोस्टर लिए लोग विरोध कर रहे हैं। कोलकाता में कई जगहों पर विरोध हो रहा है। लोगों ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



### कांग्रेस सांसद ने दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है। इसके साथ ही इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को पहली याचिका भी दायर हो गई है। बिहार की किशनगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने यह याचिका दाखिल की है। सांसद जावेद ने वक्फ कानून में हाल ही में किए गए बदलाव को चुनौती देते हुए इसे मुस्लिम समुदाय के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में इस विधेयक के माध्यम से किए गए संशोधनों को मुस्लिम समुदाय के मूल अधिकारों के खिलाफ बताया है।

### सरकार इसे जल्दबाजी में लाई : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ संशोधन बिल पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसको लाने में जल्दबाजी की है। इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है। बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता और विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कर्ष यही निकलता है कि केंद्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी संदेहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता।

### 7 मुस्लिम नेताओं ने जेडीयू छोड़ी

जेडीयू ने वक्फ संशोधन बिल पर मोदी सरकार का समर्थन किया है। इसके बाद से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी में घमासान मचा हुआ है। बगावत शुरू हो गई है। एक के बाद मुस्लिम नेताओं का इस्तीफा जारी है।

अब तक बिल को समर्थन देने से नाराज 7 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें पूर्व प्रदेश सचिव एम. राजू नैयर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहनवाज मलिक, बेतिया जिला के उपाध्यक्ष नदीम अख्तर, प्रदेश महासचिव सिएन मो. तबरेज सिद्दीकी अली, भोजपुर से पार्टी सदस्य मो. दिलशान राईन और खुद को मोतिहारी के ढाका विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी बताने वाले मोहम्मद कासिम अंसारी शामिल हैं। नवादा जिले के जेडीयू जिला सचिव मोहम्मद फिरोज खान ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

# प्रदेश को मिला 14,195 करोड़ का रिकॉर्ड खनिज राजस्व

**रायपुर**, 4 अप्रैल(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद के निर्देशन में छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज राजस्व प्राप्ति में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में संचालित खनन संक्रियाओं से 14,195 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है, जो विगत वर्ष 2023-24 के 12,795 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 11% की वृद्धि (1400 करोड़ रुपये अधिक) दर्शाता है।

**प्रदेश में खनिज राजस्व प्राप्ति में दंतेवाड़ा अव्वल**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के खनिज राजस्व संग्रहण में जिला दंतेवाड़ा ने सर्वाधिक 6580 करोड़ रुपये का योगदान देकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, कोरबा से 2148 करोड़, रायगढ़ से 2027 करोड़, बालोद से 1313 करोड़, सरगुजा से 585 करोड़, बलौदाबाजार से 354 करोड़, कांकेर से 328 करोड़, तथा सूरजपुर से 155 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय राजस्व भागीदारी दर्ज की गई है।

**खनिज संसाधनों में राष्ट्रीय भागीदारी**

छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की दृष्टि से देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में मात्र 4% की हिस्सेदारी होते हुए भी छत्तीसगढ़ का देश के कुल खनिज उत्पादन मूल्य में 16% से अधिक की भागीदारी है। यहां मुख्य रूप से लौह अयस्क, कोयला, चूनापत्थर और बाक्साइट के विशाल भंडार हैं, जो खनिज राजस्व के प्रमुख स्रोत हैं। इसके अलावा, राज्य में सामरिक महत्व के खनिजों सहित कुल 28 प्रकार के खनिज भंडार की पुष्टि हुई है।



ई-नीलामी प्रणाली, तकनीकी नवाचार और सुशासन के माध्यम से हम खनिज क्षेत्र को केवल राजस्व संग्रहण का माध्यम नहीं, बल्कि दूरस्थ अंचलों के लिए विकास के इंजन के रूप में परिवर्तित कर रहे हैं: विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री

**ई-नीलामी प्रणाली से अतिरिक्त राजस्व**

वर्ष 2015 से खनिज विभाग द्वारा खनिजों का ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन की कार्यवाही की जा रही है, जिससे रॉयल्टी के अलावा प्रीमियम के रूप में अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो रही है। खनिज राजस्व में हो रही बढ़ोत्तरी में ई नीलामी के माध्यम से स्वीकृत खदानों का योगदान अब स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

**खनिज विकास मद से अधोसंरचना को बल**

राज्य शासन द्वारा खनिज राजस्व की कुल प्राप्ति की 5% राशि खनिज विकास मद में अंतरित की जाती है। इससे प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में खनिज संसाधनों के विकास और अधोसंरचना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। आगामी वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में केवल रेल कॉरिडोर निर्माण हेतु प्रावधानित किए गए हैं।

**समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान**

प्रदेश की खनन संक्रिया केवल औद्योगिक संस्थानों को कच्चा माल प्रदान करने तक सीमित नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के सामाजिक और आर्थिक विकास का मजबूत स्तंभ बन चुकी है।

छत्तीसगढ़ की धरती केवल खनिज संपदा से नहीं, विकास की असीम संभावनाओं और जनकल्याण के संकल्प से भी समृद्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14,195 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड खनिज राजस्व प्राप्त कर प्रदेश ने एक नई ऊँचाई को स्पर्श किया है। यह उपलब्धि हमारी दूरदर्शी नीतियों, पारदर्शी प्रशासन, और ईमानदार कार्यसंस्कृति का प्रतिफल है।



# अभिनेता मनोज कुमार नहीं रहे

**नई दिल्ली**, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। देशभक्ति फिल्मों के माध्यम से दर्शकों के दिलों में अलग जगह बनाने वाले हिंदी सिने जगत के दिग्गज कलाकार मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मनोज कुमार ने बॉलीवुड को उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान सहित ढेर सारी कामयाब फिल्में दीं। इन फिल्मों की वजह से उन्हें दर्शक 'भारत कुमार' के नाम से भी जानते थे। अभिनेता मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई 1937 को ऐबटाबाद में हुआ, जो बंटवारे के बाद पाकिस्तान का हिस्सा बना। बंटवारे के बाद मनोज कुमार के अभिभावकों ने भारत में रहने का फैसला किया। इसी के साथ वह दिल्ली आ गए। मनोज कुमार ने बंटवारे का दर्द बहुत ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### सीएम साय ने जताया शोक

सीएम विष्णुदेव साय ने मनोज कुमार के निधन शोक जताते हुए लिखा कि भारतीय सिनेमा के सुप्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। देशभक्ति फिल्मों के माध्यम से उन्होंने भारत कुमार के रूप में पहचान बनाई। उनका योगदान न केवल सिनेमा को, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना को भी समर्पित रहा।

## सार संक्षेप

### मोहम्मद यूनुस से बोले प्रधानमंत्री मोदी बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराएं

**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराने की अपील की। साथ ही संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने के लिए भी कहा है। दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत पर भी बातचीत हुई। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद पीएम मोदी पहली बार यूनुस से मिले हैं।

### आरबीआई जारी करेगा 10 व 500 रुपए के नए नोट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी सीरीज में 10 रुपये और 500 रुपये के नए नोट जारी करेगा। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि इन नए नोटों का डिजाइन पहले से जारी किए गए महात्मा गांधी (न्यू) सीरीज के 10 रुपए और 500 रुपए के नोटों के समान ही होंगे।

### ट्रंप के टैरिफ से शेयर बाजार धड़ाम

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक टैरिफ घोषणा से वैश्विक मंदी आने की आशंका से विश्व बाजार में जारी गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 930.67 अंक अर्थात 1.22 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब दो सप्ताह के निचले स्तर और 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 75,364.69 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 345.65 अंक यानी 1.49 प्रतिशत लुढ़ककर 23 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 22904.45 अंक पर बंद हुआ।

**वक्फ संशोधन विधेयक पारित**

# मुतवल्लियों से मांगी संपत्तियों की जानकारी

**रायपुर**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। वक्फ संशोधन विधेयक संसद से पारित हो चुका है और अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह विधेयक कानून का रूप ले लेगा। इस नए कानून के लागू होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या छत्तीसगढ़ में वक्फ संपत्तियों पर वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जे हट सकेंगे?



प्रदेश में वक्फ बोर्ड के पास 7000 से अधिक संपत्तियां हैं, जिनका मूल्य 5000 करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है। इनमें मस्जिद, कब्रिस्तान, मजार, दरगाह, मकबरा, ईदगाह, मदरसे, स्कूल और कॉलेज शामिल हैं। चिंता की बात यह है कि इनमें से 80 प्रतिशत संपत्तियां अवैध कब्जे में हैं।

संसद में वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने के साथ ही प्रदेश में वक्फ संपत्तियों को लेकर हलचल तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने मुतवल्लियों (संपत्तियों के संरक्षकों) को पत्र लिखकर संपत्तियों की जानकारी मांगी है। हालांकि, अब तक पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। बोर्ड के अनुसार, लगभग 70 प्रतिशत वक्फ संपत्तियों की जानकारी प्राप्त हो चुकी है और जिन संपत्तियों पर कब्जे की सूचना मिली है, वहां नोटिस जारी किए गए हैं।

**क्या नया कानून करेगा असर?**

वक्फ संशोधन विधेयक के लागू होने से वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और अवैध कब्जों को हटाने में सहायता मिलने की उम्मीद की जा रही है। यह कानून मुतवल्लियों की जवाबदेही तय करेगा और वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन में मदद करेगा।

# नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत, एक गंभीर

**नारायणपुर**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से क्षेत्र में आईईडी लगाया जाकर सुरक्षा बलों को टारगेट किया जा रहा है। उक्त घटनाओं को देखते हुए नारायणपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार आईईडी डिटेक्शन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।



4 अप्रैल को ग्राम कानागांव निवासी 1. राजेश उसेण्डी पिता गुज्जा उसेण्डी उम्र करीबन 25 वर्ष 2. रामलाल कोर्राम पिता स्व. सुखराम उसेण्डी उम्र करीबन 25 वर्ष दोनों फल झाडू तोड़ने ग्राम जड्डा-मरकूर के जंगल पहाड़ी की ओर गये थे फूल झाडू तोड़ रहे थे कि अचानक नक्सलियों द्वारा पूर्व से लगायें गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट हुआ जिसके चपेट में आने से राजेश उसेण्डी के दोनो पैर में गंभर चोटे आने से मौके पर मृत्यु हो गई और एक घायल ग्रामीण रामलाल कोर्राम के गला, मुंह ढूडी में चोटे आई है जिसे उपचार हेतु नारायणपुर अस्पताल लाया जा रहा है।

लगातार बढ़ रही है नक्सल आईईडी के चपेट में आकर ग्रामीणों के मृत्यु और घायल होने के घटना। ओरछा क्षेत्रान्तर्गत कुरुषनार में भी हुई थी ग्रामीण के मृत्यु। नक्सल आईईडी में ग्रामीणों की मृत्यु नक्सलियों की बौखलाहट और आदिवासी विरोधी पक्ष को चिन्हांकित करता है सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए इस साल 15 से अधिक आईईडी बरामद किया गया है। क्षेत्र से सर्चिंग व आईईडी डिटेक्शन की अभियान जारी है।

पुलिस अधीक्षक नारायणपुर प्रभात कुमार ने उक्त घटनाओं को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील किया गया कि- क्षेत्र में आईईडी की जानकारी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म**

# हाईकोर्ट ने आरोपी जीजा को सुनाई 20 साल की सजा

बिलासपुर, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने 13 साल की नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म करने वाले जीजा को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि न होने के बावजूद पीड़िता और गवाहों के बयान के आधार पर यह सजा सुनाई गई है। मामला 2023 का खैरागढ़ का है। मामले में सुनवाई चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में हुई।

बता दें कि घटना के दिन पीड़िता घर के बाहर अपने भाई के साथ खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला (पीड़िता के मौसी का दामाद) उसे बहला फुसला कर अपने घर लेकर चला गया, जहां पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पूरी रात खोजने के बाद पीड़िता अपने मां, पापा को आरोपी के घर से बरामद हुई। उसने बताया कि आरोपी ने उसके साथ गलत हरकत की है। इस बात की जानकारी लगते ही पीड़िता के मां-बाप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**बलरामपुर रिश्वत कांड**

# एसीबी ने पटवारी को रंगे हाथों पकड़ा

**बलरामपुर**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। वाड्रफनगर तहसील के बरतीकला क्षेत्र में एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। यह कार्रवाई तब हुई जब सीमांकन कार्य के लिए एक प्रार्थी से 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी गई थी।



प्रार्थी कई महीनों से सीमांकन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहा था, लेकिन पटवारी द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही थी। अंतत: पटवारी हेमंत कुजूर ने प्रार्थी से 10,000 रुपये की मांग की, जिस पर एसीबी को सूचना दी गई। योजना के तहत प्रार्थी ने 8000 रुपये पटवारी को दिए, तभी एसीबी की टीम ने छापा मारकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एसीबी की टीम ने पटवारी हेमंत कुजूर को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले से सरकारी दफ्तरों में फैले भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण सामने आया है।

**लोगों को न्याय की उम्मीद**- इस कार्रवाई के बाद लोगों को उम्मीद है कि प्रशासनिक तंत्र में सुधार होगा और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सरकारी कार्यों में अनावश्यक देरी और रिश्वतखोरी से परेशान आम जनता के लिए यह एक राहत की खबर हो सकती है।

# बजट सत्र में मनमानी करती रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 4 अप्रैल (देशबन्धु) कांग्रेस ने कहा है कि बजट सत्र के दोनों चरणों में सरकार तानाशाही करती रही है और उसकी गतिविधियों को देखकर यही प्रदर्शित होता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के डीएनए में फासीवाद पूरी तरह से समा गया है। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई तथा राज्यसभा में पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज लोक सभा और राज्य सभा में बजट सत्र का दूसरा चरण समाप्त हो गया। सत्र के दौरान हुई गतिविधियों को देखकर ऐसा लगता है कि भाजपा के डीएनए में फासीवाद समा गया है। राज्य सभा में मणिपुर पर चर्चा के लिए तीन घंटे निर्धारित थे लेकिन सिर्फ 50 मिनट में ही खत्म कर दिया गया। भाजपा के अंदर तानाशाही का डीएनए समा गया है और भाजपा लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है।'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मांग की है कि ऐसा कानून बनना चाहिए, जो यह सुनिश्चित करे कि दलितों और आदिवासियों के लिए बनी सरकारी योजनाओं के लिए बजट में उचित हिस्सा मिले। दलितों और आदिवासियों को सत्ता में भागीदारी देने के लिए भी ठोस कदम उठाने की अपील की।

**परियोजना** | **महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में बढ़ेगा रेलवे नेटवर्क**

# रेलवे के लिए चार परियोजनाओं को मिली मंजूरी

■ **18,658 करोड़ रुपए की आएगी लागत**

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने भारतीय रेलवे के ट्रैक नेटवर्क के विस्तार के लिए 18,658 करोड़ रुपये के निवेश से चार परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शुक्रवार को सरकार द्वारा यह जानकारी दी गई। तीन राज्यों (महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़) के 15 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 1,247 किलोमीटर की वृद्धि होगी।**

*इन परियोजनाओं में संबलपुर-जरापड़ा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासोन तीसरी और चौथी लाइन, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा पांचवीं और छठी लाइन और गोंदिया-बल्हारशाह रेलवे लाइन का दोहरीकरण शामिल हैं। आधिकारिक बयान में कहा गया कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से मोबिलिटी में सुधार होगा, जिससे भारतीय रेलवे की दक्षता बढ़ेगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएंगे और भीड़भाड़ को कम करेंगे, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा। ये परियोजनाएं पीएम मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाएंगी, जिससे उनके लिए रोजगार/अवसरों में वृद्धि होगी।*

*ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का हिस्सा हैं, जिसमें एकीकृत योजना की आवश्यकता होती है और ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी।*

***19 नए स्टेशनों का किया जाएगा निर्माण*** *-इन परियोजनाओं के साथ, 19 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे दो आकांक्षी जिलों (गढ़चिरौली और राजनांदगांव) की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 3,350 गांवों और लगभग 47.25 लाख आबादी की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। खरसिया-नया रायपुर-परमलकासा लाइन बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और इससे क्षेत्र में सीमेंट संयंत्रों सहित नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं पैदा होंगी। सरकार ने बयान में आगे कहा कि ये लाइनें कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट और चूना पत्थर जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। नए ट्रैक बनने से 88.77 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।*

# देश

**उवाच** “वक्फ संशोधन बिल निश्चित ही डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर वक्फ संपत्तियों में होने वाली वित्तीय गड़बड़ियों और अवैध कब्जों पर लगाम लगाकर राज्यों के वक्फ बोर्ड के राजस्व में वृद्धि करेगा।

–मोहन यादव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 20.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# भाजपा का लोकतंत्र में विश्वास नहीं : कांग्रेस

■ संसद में वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने पर केंद्र सरकार को घेरा

■ विधेयक के विरोध में एकजुट हुए 'इंडिया' ब्लॉक के सदस्यों की सराहना की

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने संसद में वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध के लिए 'इंडिया' ब्लॉक के सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है और उसका एकमात्र उद्देश्य वोटों का ध्रुवीकरण करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने लोकतंत्र, संविधान और परंपराओं की अवहेलना करते हुए केवल अपने राजनीतिक फायदे के लिए काम किया है। विपक्ष के विरोध के बावजूद यह विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है। तारिक अनवर ने कहा कि भाजपा का मिजाज 'मेजोरिटेरियन' बन चुका है, जिसमें यह मान लिया गया है कि वह बहुमत में है, तो वे जो चाहे कर सकती हैं। वह किसी भी चीज को नष्ट कर सकती हैं, चाहे वह संविधान हो, परंपरा हो या संस्कृति। उनका केवल यही उद्देश्य है कि किसी भी तरीके से वोटों का ध्रुवीकरण हो और समाज में नफरत बढ़े। तारिक अनवर ने इस विधेयक के विरोध में एकजुट हुए 'इंडिया' ब्लॉक के सदस्यों की सराहना की और कहा कि यह अच्छा रहा कि देश भर में इस मुद्दे पर एकजुटता दिखी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में यदि कोई राष्ट्रीय मुद्दा सामने आता है जो जनता के हित में होगा, तो वे एकजुट होकर आवाज उठाएंगे।

**भाजपा ने अपनी बहुमत की ताकत का किया गलत उपयोग**

कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने यह भी कहा कि भाजपा ने अपनी बहुमत की ताकत का गलत उपयोग करते हुए संविधान और कानून की अनदेखी की है। उन्होंने बताया कि इस विधेयक के पहले भी वक्फ बोर्ड से अगर कोई मामला नहीं सुलझता था, तो वह ट्राइब्यूनल में जाता था और उसके बाद अगर मामला हल नहीं होता था, तो वह हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता था। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा का यह विधेयक केवल एक सांप्रदायिक एजेंडे का हिस्सा है, और यह मुसलमानों और देश के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि अब इस मुद्दे को न्यायालय में चुनौती दी जाएगी, और कांग्रेस तथा अन्य संगठन इसे सुप्रीम कोर्ट तक ले जाएंगे। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मधुपुर के लालगढ़ पहुंचे, जहां वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित जनता ने इस बिल के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल उठाए। डॉ. अंसारी ने मौके पर पहुंचकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बिल मुसलमानों की जमीन को हड़पने की भाजपा सरकार की साजिश है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर मुसलमानों के धार्मिक स्थलों और वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा जमाना चाहती है, लेकिन मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि झारखंड में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी इस अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भाजपा को लगता है कि वह वक्फ बोर्ड की जमीनें जबरन हड़प लेगी, तो यह उसकी भारी भूल है। जिस तरह राहुल गांधी के नेतृत्व में हमने किसान विरोधी कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर किया था, ठीक उसी तरह यह बिल भी रद्द करवाकर ही दम लेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें और एकजुट होकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि झारखंड सरकार इस बिल को अपने राज्य में लागू नहीं होने देगी और हर हाल में वक्फ की संपत्तियों की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे समुदाय की एक-एक इंच जमीन सुरक्षित रहेगी। भाजपा सरकार का यह तुगलकी फरमान झारखंड में नहीं चलेगा। मंत्री के इस आश्वासन के बाद उपस्थित लोगों में विश्वास जागा और उन्होंने कहा कि हमें झारखंड सरकार और कांग्रेस पार्टी से पूरी उम्मीद है। जनता ने दोहराया कि अगर केंद्र सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती है, तो सड़क से लेकर सदन तक इसका जबरदस्त विरोध होगा। झारखंड के लोग भाजपा की इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देंगे। वहीं बिहार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रवक्ता एजाज अहमद ने जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 तथा अनुच्छेद 14 और 15 को कमजोर करने के लिए केंद्र सरकार का साथ देकर जदयू ने मुसलमान के साथ छल की राजनीति की है।



भाजपा ने लोकतंत्र, संविधान व परंपराओं की अवहेलना करते हुए केवल अपने राजनीतिक फायदे के लिए किया काम : तारिक अनवर

## वक्फ संशोधन विधेयक पूरी तरह से असंवैधानिक : रामगोपाल यादव



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने इस विधेयक को पूरी तरह असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। रामगोपाल यादव ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति ने अब तक विधेयक को मंजूरी नहीं दी है, लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कलेक्टरों को अवैध संपत्तियों को जब्त करने का आदेश पहले ही जारी कर दिया है। पूरा विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुट था और आगे भी एकजुट रहेगा। सपा सांसद ने संसद सत्र के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब तक सत्र चलता है, कुछ अच्छे काम होते हैं। लोगों के मुद्दे उठाए जाते हैं। कभी उनका समाधान होता है, कभी नहीं, लेकिन कम से कम समस्याओं को सामने लाया जाता है और उन पर चर्चा होती है। सरकारी विधेयक पेश किए जाते हैं, जिनमें से कुछ उचित होते हैं, तो कुछ में विपक्ष और जनता को कमियां नजर आती हैं, जिन्हें उजागर किया जाता है।

# उमर सरकार वास्तविक मुद्दों की कर रही अनदेखी : महबूबा

■ पीडीपी प्रमुख ने उमर अब्दुल्ला पर साधा निशाना

**श्रीनगर,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को यहां की सरकार पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि वह कायरतापूर्ण रवैया अपनाने तथा मजबूत जनादेश के बावजूद लोगों के वास्तविक मुद्दों का समाधान करने में विफल रही। मुफ्ती ने कहा कि लोगों को नई सरकार से उम्मीदें थीं कि वह उनके अधिकारों की रक्षा करेगी, बेरोजगारी का समाधान करेगी और अन्याय को दूर करेगी। उन्होंने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि नई सरकार उन अधिकारों की रक्षा करेगी जो लूटे गए थे लेकिन छह महीने हो गए हैं और कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जेलों में सड़ रहे युवा, बर्खास्त कर्मचारी और संकट में दैनिक वेतनभोगी लोगों की अनदेखी जारी है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर सीधा निशाना साधते हुए, उन्होंने कहा कि उनके विभाग से लोगों को निकाल दिया गया और वे चुप रहे। आज विधायक जेल में बंद युवाओं या बेरोजगारी के बारे में बात करने के लिए नहीं, बल्कि एक पटवारी के तबादले के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। क्या इसी वजह से लोगों ने उन्हें वोट दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने केंद्र से टकराव करने या रचनात्मक तरीके से बातचीत करने के बजाय 'पहले ही आत्मसमर्पण कर दिया है।' उन्होंने कहा कि किसी ने आपसे दिल्ली से लड़ने के लिए नहीं कहा, लेकिन आपने अपने लोगों के लिए बोलने से पहले ही सफेद झंडा उठा लिया है। जब लोग हर दिन परेशान हो रहे हैं, तबादलों पर चर्चा के लिए इतनी बड़ी बैठक बुलाना जनादेश के साथ मजाक से कम नहीं है। वहीं नेकां विधायक तनवीर सादिक ने चेतावनी दी कि जम्मू-कश्मीर के एलजी और केंद्र सरकार के साथ समन्वय को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि वे एकतरफा फैसलों के खिलाफ अंतिम अपील कर रहे हैं, खासकर एलजी मनोज सिन्हा द्वारा हाल ही में किए गए प्रशासनिक तबादलों के मद्देनजर।



छह महीने हो गए हैं और कुछ भी नहीं बदला : महबूबा मुफ्ती

## सार संक्षेप

### राजनाथ ने मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महान फिल्मकार-अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में लिखा कि मनोज कुमार एक बहुमुखी अभिनेता थे जिन्हें हमेशा देशभक्ति से भरपूर फिल्में बनाने के लिए याद किया जाएगा। भारत कुमार के नाम से मशहूर उपकार, पूरब और पश्चिम जैसी फिल्मों में उनके अविस्मरणीय अभिनय ने हमारी संस्कृति को समृद्ध किया है और उन्हें पीढ़ियों से लोगों को प्रिय बनाया है।

### वरिष्ठ नेता यूसुफ अब्राहनी ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए मुंबई में पार्टी के प्रमुख मुस्लिम चेहरे पूर्व विधायक यूसुफ अब्राहनी ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अब्राहनी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया और पार्टी की सदस्यता भी छोड़ दी। उन्होंने हालांकि, अपने इस्तीफे का कोई कारण नहीं बताया है। उन्होंने अपनी भविष्य की योजना के बारे में भी नहीं बताया है।

### गुजरात चौथे वित्त आयोग में तीन पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त

**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने राज्य चौथे वित्त आयोग में तीन पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की है। सराकरी सूत्रों ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष के रूप में यमलभाई व्यास की नियुक्ति के बाद अब राज्य सरकार ने आयोग में तीन और सदस्यों की नियुक्ति की है, जिनमें साबरकांठा के जयंतीलाल देवाभाई पटेल, वडोदरा के सुनील सोलंकी और भावनगर के अभयसिंह चौहाण शामिल हैं। राज्य वित्त आयोग के एक और सदस्य तथा सदस्य सचिव के रूप में फरवरी-2025 में बी.पी. चौहाण, आईएएस की नियुक्ति की गई है।

### मप्र के नरसिंहपुर में जीप पलटने से दो की मौत

**नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में नरसिंहपुर-सागर राजमार्ग पर सगरी गांव के पास एक जीप के अनियंत्रित होकर पलटने जाने से दो लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस हादसे में सागर जिले के नरयावली थाना के लोटनी गांव निवासी राजेश पटेल और राजू उर्फ राजकुमार रजक की मौत हो गई। हादसे में घायल हुए सात लोगों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है।

## तमिलनाडु के दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अप्रैल को रामनवमी के मौके पर तमिलनाडु के पंबन में बने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मोदी छह अप्रैल को तमिलनाडु के दौरे पर जाएंगे और रामनवमी के अवसर पर मध्याह्न करीब 12 बजे पंबन और रामेश्वर के बीच स्थित देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाएंगे तथा पुल के संचालन को देखेंगे। विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसके बाद प्रधानमंत्री अपराह्न करीब 12:45 बजे रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। मोदी रामेश्वरम में अपराह्न करीब डेढ़ बजे 8,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली राज्य की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा मोदी रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) नयी ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे।



■ पंबन में वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल का करेंगे उद्घाटन

# बजट सत्र में लोस में हुआ 118 प्रतिशत काम : ओम बिरला



■ अठारहवीं लोकसभा के चौथे सत्र का हुआ समापन

■ सत्र के दौरान हुईं लोकसभा की 26 बैठकें

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। अठारहवीं लोकसभा का चौथा सत्र, जो 31 जनवरी को शुरू हुआ था, शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान 26 बैठकें हुईं जो लगभग 160 घंटे 48 मिनट तक चलीं। बिरला ने यह भी बताया कि सत्र के दौरान सभा की कार्य उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही। राष्ट्रपति ने 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 17 घंटे 23 मिनट तक चली। बिरला ने बताया कि इस चर्चा में 173 सदस्यों ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने 1 फरवरी, 2025 को सभा में केंद्रीय बजट 2025-2026 पेश किया। केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा 16 घंटे 13 मिनट तक चली। बिरला ने बताया कि इस चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने 11 फरवरी, 2025 को चर्चा का उत्तर दिया। 17 से 21 मार्च तक सभा में चयनित मंत्रालयों/विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा की गई और तत्पश्चात सभा द्वारा अनुदान मांगों को पारित कर दिया गया। लोक सभा में 21 मार्च, 2025 को विनियोग विधेयक और 25 मार्च, 2025 को वित्त विधेयक पारित किया गया। बिरला ने जानकारी दी कि सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुर:स्थापित किए गए और 16 विधेयक पारित किए गए। पारित किए गए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक निम्नलिखित हैं। वित्त विधेयक, 2025, विनियोग विधेयक, 2025, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025; वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 और आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक। सत्र के दौरान 134 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। शून्य काल के दौरान सदस्यों ने लोक महत्व के कुल 691 मामले उठाए। बिरला ने बताया कि 3 अप्रैल, 2025 को लोक महत्व के 202 मामले उठाए गए जो अभी तक किसी भी लोक सभा में एक दिन में शून्य काल के दौरान उठाए जाने वाले लोक महत्व के मामलों की रिकॉर्ड संख्या है। सत्र के दौरान नियम 377 के अधीन कुल 566 मामले उठाए गए। सत्र के दौरान कुल 32 वक्तव्य दिए गए, जिनमें निदेश 73 क के अधीन 23 वक्तव्य शामिल हैं। सत्र के दौरान विभागों से सम्बद्ध स्थायी समितियों द्वारा 61 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए तथा सभा पटल पर 2518 पत्र रखे गए। 'मछुआरा समुदाय के समक्ष आ रही कठिनाइयों' पर नियम 197 के अधीन ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर 1 अप्रैल, 2025 को चर्चा की गई। गैर-सरकारी सदस्यों के कार्यों में 'देश में हवाई किराए को विनियमित करने के उचित उपायों' के संबंध में संसद सदस्य, शफी परम्बिल द्वारा प्रस्तुत गैर-सरकारी सदस्य के संकल्प पर 28 मार्च, 2025 को सभा में चर्चा की गई, परंतु यह चर्चा पूरी नहीं हुई।

### ताशकंद में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे लोस अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 5 से 9 अप्रैल तक ताशकंद में आयोजित हो रही अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल में राज्यसभा के उपसभापति, हरिवंश, संसद सदस्य, भर्तृहरि महताब, अनुराग सिंह ठाकुर, विष्णु दयाल राम, अपराजिता सारंगी, डॉ. सस्मित पात्रा, अशोक कुमार मित्तल, किरण चौधरी, लता वानखेड़े, बिजुली कलिता मेधी तथा लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी शामिल हैं। बिरला सामाजिक विकास और न्याय हेतु संसदीय कार्रवाई विषय पर आम चर्चा के दौरान सभा को संबोधित करेंगे।

# मोदी के पास विदेश जाने का समय पर मणिपुर जाने का नहीं : संजय सिंह

■ मणिपुर के मुद्दे पर केंद्र सरकार को सदन में घेरा

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने मणिपुर के मुददे पर केंद्र सरकार को सदन में जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर 2 साल में मात्र 36 सेकंड बोले हैं। उन्हें विदेश जाने का तो समय है, लेकिन मणिपुर जाने का समय नहीं है। पिछले दो साल से मणिपुर में दंगे-फसाद व हिंसा हो रही है। विपक्ष ने केंद्र को मणिपुर के मुख्यमंत्री को हटाने की सलाह दी थी, लेकिन तब बात नहीं मानी गई। आखिरकार वहां राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में डबल इंजन की सरकारें हैं, वहां लड़ाई-झगड़े और फसाद हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी डबल इंजन की सरकार है। जब भी होली, दिवाली, रामनवमी, ईद का त्यौहार आता है, वहां 10 दिन पहले से ही बवाल शुरू हो जाता है।

### विपक्ष की सरकारों के साथ भेदभाव करती है केंद्र सरकार

संजय सिंह ने कहा कि राज्यों के प्रति आपका अलग-अलग रवैया रहता है। जहां विपक्ष की सरकारें हैं, उनके साथ भेदभाव होता है। यह समझा जा सकता है। लेकिन जिस राज्य में आपकी डबल इंजन की सरकार है, वहां आपकी दोहरी जिम्मेदारी सुरक्षा, रोजगार और राज्य व किसानों के विकास की है। लेकिन जहां इनकी डबल इंजन की सरकारें है, वहां यह लड़ाई, झगड़े, फसाद कब रुकेंगे। उत्तर प्रदेश की हालत देख लीजिए। होली, दिवाली, रामनवमी, ईद या कोई त्यौहार आता है तो उत्तर प्रदेश में 10 दिन पहले से ही बवाल शुरू हो जाता है।

## दार्जिलिंग सांसद राजू बिस्ता ने की मुर्मु से मुलाकात

**दार्जिलिंग/नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिस्ता ने राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा भी की। बिस्ता ने राष्ट्रपति को दार्जिलिंग व आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों से जुड़े जन-सरोकारों, सामाजिक-आर्थिक समस्याओं और विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार से जुड़े विषयों को राष्ट्रपति के समक्ष रखा और उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा की। सांसद ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति को दार्जिलिंग आने का भी निमंत्रण दिया है, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए, यहां आने पर विचार करने की बात कही है। अगर उनका दौरा सम्पन्न होता है, तो यह पूरे दार्जिलिंग क्षेत्र के लिए गौरव का विषय होगा। बिस्ता ने मुर्मु की प्रेरणादायी जीवन यात्रा का भी उल्लेख किया और कहा कि एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचना, हम सबके लिए एक बहुत बड़ी प्रेरणा है।


**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)**

**धारा–30 (ख) के अधीन भू–खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद्द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मोनिका मलहोत्रा, पति श्री नरेश मलहोत्रा निवासी फ्लैट नं 05 अशियाना अपार्टमेंट, न्यू शांति नगर जिला–रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम–लाभांडी स्थित भूमि संविलियन खसरा नं. 15023/1 कुल हेतु आदेश क्रमांक 22646/नग्रानि/धारा–30'क'/पी.एल. 11/2018 रायपुर, दिनांक 05.12.2018 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखंड कमांक 420, 421 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन वो पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकंगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त राधालक नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी. ए. बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला–रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश,
जी–252600092 क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, (छ.ग.)

**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (CG)**

**E-Procurement Tender Notice**
**E-mail: telesco@gm**

NIT No. 450/TC/EinC/PWD/2024-25 Dated 28.03.2025

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids on electronic tendering system under RCPLWE RRP-II in the district of Bijapur & Narayanpur for construction of 03 High Level Bridges and 01 road with estimated cost amounting Rs 1626.36 Laes including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid, however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eprus systate.gov.in. Bids form will be available on the website from 28.03.2025 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 08.04.2025

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 8 (a) (ii) and 4.4 B (c) to Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002 as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Departmenthttp://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief P.W.D.
G-252600062 Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

07721–233326, Email:npalika_tilda@yahoo-पद /28 नि.वि. /न.पा. /2024–25

तिल्दा–नेवरा, दिनांक 04.04.2025

**द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा–नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नालिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (FDR) | कार्य की समयावधि | ऑनलाईन निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 166592 | वार्ड क. 02 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य तालाब के पास। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | अंतिम तिथि 21.04.2025 फिजिकल जमा तिथि 25.04.2025 बिड खोले जाने की तिथि 28.04.2025 |
| 02 | 166609 | वार्ड क. 03 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य किशान राईसमिल के पास। | 10.40 | 7800.00 | 04 माह | |
| 03 | 166613 | वार्ड क. 04 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य बार के पास। | 10.81 | 8200.00 | 04 माह | |
| 04 | 166646 | वार्ड क. 05 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कंचन सलूजा घर के पास। | 10.46 | 7850.00 | 04 माह | |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc-cgstate-gov-पद अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad-cg-gov-in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् तिल्दा–नेवरा

**कार्यालय नगर पंचायत छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
Phone No. 07745-264263 email:- npchhuriya@gmail.com

क्रमांक/08/लो.नि.वि./ नि.अ./2025-26 छुरिया, दिनांक 02/04/2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत छुरिया में निम्न सामग्री/निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से ठेकेदारों/फर्म/एजेंसी से मैनुअल निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र. | कार्य का नाम | राशि (लाख मे) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन व प्रदाय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्षिक जल सामग्री क्रय। | 10.00 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15/04/2025 शाम 04.00 बजे तक तथा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि 16/04/2025 शाम 04.00 बजे तक |
| 2 | वार्षिक विद्युत सामग्री क्रय। | 05.00 | |
| 3 | वार्षिक स्वच्छता सामग्री क्रय। | 05.00 | |
| 4 | वार्षिक स्टेशनरी सामग्री क्रय। | 2.50 | |
| 5 | वार्षिक सबमर्सिबल मोटर पंप मरम्मत कार्य। | 3.00 | |
| 6 | वार्षिक वाहन मरम्मत/संधारण कार्य। | 3.00 | |
| 7 | वार्षिक बोर खनन कार्य। | 10.00 | |
| 8 | वार्षिक लघुमूलक मरम्मत/संधारण कार्य। | 10.00 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यलय नगर पंचायत छुरिया से प्राप्त की जा सकती है। तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/UADTender Uploader पर अवलोकन किया जा सकता है।

टीप:- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा, सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुरिया




### सामने आई धनुष स्टारर 'इडली कढ़ाई' की रिलीज डेट

**चेन्नई।** निर्देशक धनुष की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर 'इडली कड़ाई' के निर्माताओं ने शुक्रवार को घोषणा की कि यह फिल्म इस साल 1 अक्टूबर को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'एक्स' हैंडल पर फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस वंडरबार फिल्म्स ने लिखा, इंतजार खत्म हुआ! 1 अक्टूबर से दुनिया भर में बड़े पर्दे पर इडली कढ़ाई आ रही है। निर्माता आकाश भास्करन की डॉन पिक्चर्स वंडरबार फिल्म्स के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण कर रही है। फिल्म के निर्माताओं ने पहले घोषणा की थी कि फिल्म इस साल 10 अप्रैल को दुनिया भर में स्क्रीन पर आएगी। हालांकि, उन्होंने रिलीज की तारीख की घोषणा किए बिना रिलीज को स्थगित करने का फैसला किया।

# गोखरू, गठिया और पथरी की समस्या में रामबाण

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। आयुर्वेद में कई खजाने छिपे हुए हैं। हमारे आस-पास ऐसी कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं, जो विभिन्न बीमारियों में रामबाण की तरह काम करती हैं। इस तरह से गोखरू का भी एक पौधा है। गोखरू एक आयुर्वेदिक औषधि है जो वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को संतुलित करने में सहायक है। इसका उपयोग सिरदर्द, पेशाब की समस्याएं, पाचन समस्याओं, त्वचा रोग, गठिया, पथरी और यौन समस्याओं के उपचार में किया जाता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की जुलाई 2012 में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, यह पौधा मुख्य रूप से वर्षा ऋतु में उगता है और इसके फल, पत्ते और तना औषधीय रूप में उपयोग किए जाते हैं। चरक संहिता में इसे मूत्र रोग और वात रोग के उपचार में लाभकारी बताया गया है। इसके फल छोटे, कांटेदार और अनेक बीजों वाले होते हैं। शोध में पाया गया है कि 10-20 मिली गोखरू का काढ़ा सुबह-शाम लेने से सिरदर्द में लाभ होता है। इसके साथ ही यह दमा के रोग में भी काफी कारगर होता है। 2 ग्राम गोखरू चूर्ण को सूखे अंजीर के साथ लेने से दमा में राहत मिलती है। पाचन क्रिया सुधारने में भी गोखरू का अहम रोल है। बताया जाता है कि गोखरू का काढ़ा पीपल चूर्ण के साथ लेने से हाजमा मजबूत होता है। वहीं, गोखरू काढ़ा में मधु मिलाकर पीने से मूत्र संबंधी समस्याओं में आराम मिलता है।

इतना ही नहीं, गोखरू जोड़ों के दर्द में काफी तेजी से काम करता है। गोखरू के फल के काढ़े का सेवन करने से जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है। शोध में बताया गया है कि यह पुराने से पुराने गठिया रोग को भी ठीक करता है। इसके साथ ही पथरी की समस्या में गोखरू को बेहतर इलाज माना गया है। रोजाना गोखरू चूर्ण को शहद के साथ लेने से पथरी बाहर निकलने में मदद मिलती है। वहीं, गोखरू को पानी में पीसकर लगाने से खुजली और दाद में राहत मिलती है। इसके अलावा, गोखरू दूध में उबालकर पीने से स्पर्म काउंट और गुणवत्ता में सुधार होता है और गोखरू पंचांग यानि इसके जड़, तने, पत्ती, फूल और फल से बना काढ़ा पीने से बार-बार होने वाले बुखार में राहत मिलती है।



- फल, पत्ते और तना औषधीय रूप में उपयोग
- गोखरू के तने, पत्ती, फूल व फल से बना काढ़ा पीने से बुखार में राहत

## बिग बॉस फेम हेमा शर्मा के पूर्व पति गौरव सक्सेना एक्टिंग शुरू करने को तैयार

**मुंबई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 18' की प्रतियोगी हेमा शर्मा के पूर्व पति गौरव सक्सेना ने तलाक के बाद एक्टिंग में कदम रखने का फैसला किया है। गौरव ने बताया कि एक्टिंग से ज्यादा, मुझे नई चीजें बनाने का शौक है। यूट्यूब हम जैसे लोगों के लिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां हम अपनी पसंद की चीजें कर सकते हैं। मैं स्क्रिप्ट पर काम करने का आनंद ले रहा हूं और आने वाले महीने में होने वाली शूटिंग का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इस प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए गौरव ने कहा कि मैं अच्छी शॉर्ट फिल्मों के रूप में कुछ अच्छी कंटेंट बनाने जा रहा हूं। मैं एक नया शौक तलाशने के लिए उत्सुक हूं।

उनसे जब पूछा गया कि उन्होंने यह फैसला क्यों लिया, तो गौरव ने कहा कि मुझे लगता है कि कभी-कभी आराम से बाहर आना रोमांचक होता है। मैं यात्रा करना और ब्लॉग बनाना भी जारी रखूंगा, क्योंकि मैं 56 से ज्यादा देशों में जा चुका हूं और मुझे लगता है कि दुनिया में बहुत कुछ है। गौरव ने आगे सवाल का जवाब देते हुए कहा कि एक बिजनेसमैन से एक एक्टर बनना क्या दो अलग-अलग चीजें नहीं हैं? उन्होंने कहा कि मैं अपनी कंपनी में खुशी-खुशी काम कर रहा हूं। मेरी करियर बदलने की योजना नहीं है। लेकिन क्रिएटिव इंडस्ट्री में नए व्यवसाय की तलाश करूंगा।

## अमीषा पटेल ने 'सिकंदर' में सलमान और रश्मिका की उम्र के बड़े अंतर के बारे में बात की

**मुंबई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेत्री अमीषा पटेल ने फिल्म 'सिकंदर' में सलमान खान और रश्मिका मंदाना के बीच उम्र के बड़े अंतर पर अपने विचार साझा किए। अमीषा ने कहा कि मेरी और सनी जी (सनी देओल) की उम्र में भी काफी अंतर है - 20 साल से ज्यादा, लेकिन जब फिल्म चल जाती है, तो सब कुछ माफ हो जाता है। याद दिला दें कि अमीषा ने सनी देओल के साथ दो बार 'गदर एक प्रेम कथा' और 'गदर 2' में काम किया है। ये दोनों ही फिल्में टिकट काउंटर पर काफी सफल रहीं। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि अमीषा और सनी की उम्र में 18 साल का अंतर है। इस बीच, 'सिकंदर' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बात करते हुए सलमान ने सुपरस्टार्स और छोटी अभिनेत्रियों के बीच उम्र के बड़े अंतर के बारे में बात की। फिल्म इंडस्ट्री में विकसित हो रहे बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए सलमान ने अपने खास अंदाज में कहा कि मेरे और हीरोइन के बीच 31 साल का अंतर है। हीरोइन को यह समस्या नहीं है।

# मनोज कुमार को निर्देशन के लिए उनकी को-एक्ट्रेस ने किया था प्रेरित



**मुंबई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। मनोज कुमार बेहतरीन अभिनेता के साथ ही निर्देशक और लेखक भी थे। क्या आप जानते हैं कि उन्हें लेखन और निर्देशन के लिए प्रेरित करने वाली खूबसूरत अभिनेत्री कौन थीं? वह 'बेदाग', 'गुमनाम' और 'शोर' में उनके साथ काम करने वाली उनकी को-एक्ट्रेस ही थीं। फिल्म 'बेदाग' में मनोज कुमार के साथ हीरोइन नंदा थीं। नंदा के भाई जयप्रकाश कर्नाटकी ने, जो खुद एक निर्देशक हैं, 'बेदाग' की शूटिंग से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि मनोज कुमार स्क्रिप्ट के एक खास सीन से संतुष्ट नहीं थे, इसलिए उन्होंने इसे अपने तरीके से फिर से लिखा। सबसे पहले उन्होंने जिस व्यक्ति से अपना फिर से लिखा हुआ सीन शेयर किया, वह नंदा थीं। उनके वर्जन से प्रभावित होकर उन्होंने निर्देशक से इसे फिल्म में शामिल करने पर जोर दिया। निर्देशक आर. भट्टाचार्य इसके लिए राजी हो गए और मनोज कुमार का लिखा गया सीन फिल्माया गया। नंदा ने ही मनोज कुमार को लिखने के लिए प्रेरित किया और उन्हें यह भी बताया कि वह एक सफल निर्देशक बन सकते हैं। फिल्म 'शहीद' की पटकथा लिखने के बाद ही मनोज कुमार में आत्मविश्वास आया और फिर उन्होंने न सिर्फ 'उपकार' लिखी, बल्कि उसका निर्देशन भी किया।

उल्लेखनीय है कि मनोज कुमार की पत्नी शशि गोस्वामी नंदा से अक्सर कहती थीं कि उन्होंने उनके पति को प्रोत्साहित करके अभिनेता से लेखक-निर्देशक बना दिया। इसी बीच जब मनोज कुमार ने फिल्म 'शोर' शुरू की, तो उन्होंने सबसे पहले शर्मिला टैगोर और राखी से संपर्क किया, लेकिन दोनों ने गेस्ट रोल करने से मना कर दिया। बाद में नंदा ने वह भूमिका निभाई और फिल्म की सफलता में योगदान दिया। दरअसल, नंदा ने 'शोर' के लिए कोई पैसा नहीं लिया था। इतना ही नहीं, जिस दिन नंदा का निधन हुआ, उनके नौकर ने मनोज कुमार को फोन करके उनकी बिगड़ती तबीयत के बारे में बताया। उस समय मनोज कुमार अपने पारिवारिक डॉक्टर से मेडिकल चेक-अप करवा रहे थे। उन्होंने तुरंत अपनी जांच रद्द की और डॉक्टर को अपनी कार से नंदा के घर भेज दिया। नंदा की जांच करने के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार का शुक्रवार को 87 साल की उम्र में मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## मनोज कुमार के निधन पर शोक में डूबा बॉलीवुड



हिन्दी सिनेमा को अपनी फिल्मों के माध्यम से देशभक्ति का पाठ पढ़ाने वाले दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार (87) के निधन पर फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार और डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री ने दुख जताया है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैं उनसे सीखता हुआ बड़ा हुआ। हमारे देश के लिए प्यार और गर्व से बढ़कर कोई भावना नहीं है, और अगर हम अभिनेता की इस भावना को दिखाने में आगे नहीं आएंगे, तो कौन करेगा। इतने अच्छे इंसान और हमारे बिरादरी की सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक थे मनोज सर। ओम शांति।

फिल्म निर्माता विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि भारत के पहले सच्चे मौलिक और प्रतिबद्ध भारतीय फिल्म निर्माता, दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता मनोज कुमार जी आज हमें छोड़कर चले गए। एक गौरवान्वित राष्ट्रवादी। दिल से एक कट्टर हिंदू।



मुंतशिर ने संवेदनाएं इंस्टाग्राम पर जाहिर की। उन्होंने लिखा, जीवन भर इस बात का अभिमान रहा और रहेगा, कि मेरा नाम आपसे मिलता है। देशभक्ति का पहला पाठ आपकी फिल्मों ने पढ़ाया। मुंतशिर यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा, भारत से प्यार करना मुझे भारत कुमार ने सिखाया। आप न होते, तो वो चिंगारी न होती जो मेरी साधारण सी कलम से 'तेरी मिट्टी' लिखवा ले। अलविदा मेरे हीरो!

अभिनेता सलमान खान ने एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि मनोज कुमार जी... एक सच्चे लीजेंड। आपने कभी न भूल पाने वाली फिल्में और यादें दीं। इसके लिए धन्यवाद...।

सुभाष घई ने लिखा कि अलविदा मनोज जी। भारत के ग्रेट फिल्म निर्माता जिन्होंने अपनी कविता, गीत, ड्रामा, बेहतरीन शिल्पकला और सिनेमा के माध्यम से देशभक्ति से भरी फिल्मों का निर्माण किया। हमारी जेनरेशन में हम उनके प्रशंसक हैं और उनकी देशभक्ति और सिनेमाई अभिव्यक्ति की भावना की प्रशंसा करते हैं।

## मनोज कुमार ने 'मां की खातिर' डॉक्टर-नर्स को पीटा, पिता की याद में डिप्रेशन का दर्द झेला



हिन्दी सिनेमा को उपकार, पूरब और पश्चिम, क्रांति, रोटी कपड़ा और मकान, शहीद जैसी देशभक्ति फिल्में देने वाले दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार अपनी फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद की बात दुनिया के सामने रखते थे। उनकी फिल्मों में भारत माता की जयकार सुनने को मिलती थी। आज दिग्गज अभिनेता हमारे बीच नहीं हैं। अब उनकी यादें रह गई हैं जो बरसों बरस लोगों को उस शख्स की याद दिलाती रहेंगी जिसने संस्कारों को जिया। जितना मां भारती से प्रेम किया उतना ही अपने जन्मदाताओं से। एक पुराने साक्षात्कार में उन्होंने उस घटना का जिक्र किया था। बताया कि भारत के बंटवारे के दौरान सांप्रदायिक दंगे भड़के हुए थे। मनोज कुमार की मां अपने बीमार छोटे बेटे कुकू के साथ तीस हजारी अस्पताल में भर्ती थी। दंगों की वजह से अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उन्हें इलाज नहीं मिल रहा था। इलाज नहीं मिलने से उन्हें काफी समस्या हो रही थी। मनोज कुमार यह सब अपने आंखों के सामने देख रहे थे। मां की स्थिति देख मनोज खुद पर काबू नहीं रख पाए और डॉक्टरों और नर्सों की डंडे से पीट दिया। इस घटना के बाद अस्पताल में हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान मनोज कुमार के पिता ने जैसे-तैसे मामले को शांत कराया। पिता ने कसम खिलवाई कि अब से कभी वो दंगा फसाद नहीं करेंगे। बकौल मनोज उन्होंने ताउम्र उस बात का सम्मान किया।मनोज कुमार के जीवन से जुड़ा एक और किस्सा है जब वह शराब के आदि हो गए थे। ज्यादा शराब सेवन करने की वजह से उनका वजन बढ़ने लगा था। मनोज डिप्रेशन में पहुंच गए थे। साल 1983 में मनोज कुमार के पिता की दुखद घटना में मृत्यु हो गई। इस खबर ने अभिनेता को अंदर से तोड़ दिया। बताया जाता है कि मनोज के पिता ब्रजेश्वरी मंदिर में पूजा करने गए थे। वापस आते समय उन्होंने ड्राइवर से भयंदर खाड़ी के पास कार रोकने को कहा। इसके बाद वे नदी में फूल फेंकने के लिए पुराने पुल पर पहुंचे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ा और वह नदी में गिर गए। कई दिनों तक खोज की गई। बाद में उनका शव बरामद हुआ। मां-पिता से अगाध प्रेम का उदाहरण हैं ये दोनों घटनाएं। इनसे पता चलता है कि भारत कुमार ने फिल्मों के किरदारों को सिर्फ निभाने में ही यकीन नहीं रखा बल्कि जीवन को जिया भी उसी अंदाज में। अपनी संस्कृति का मोह और संस्कारों के प्रति समर्पण की मिसाल थे एक्टर मनोज कुमार।

## हैरान न होईए : इस रमजान में कश्मीर में 252 करोड़ से ज्यादा का मटन खाया गया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर घाटी में इस रमजान में मटन की काफी मांग देखी गई है और अब तक पवित्र रोजे के महीने में मटन की अनुमानित खपत 252 करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह भी सच है कि इस महीने कश्मीर में भेड़ों से भरे लगभग 1,400 ट्रक आए हैं।

इसमें बताया गया है कि पिछले हफ्ते में ही 60 से 70 ट्रक लाए गए, जबकि रमजान के पहले 24 दिनों में रोजाना 30 से 35 ट्रक आए। अधिकारियों ने बताया कि हर ट्रक में लगभग 150 भेड़ें थीं, और हर भेड़ की कीमत भी उसी हिसाब से तय की गई थी।



श्रीनगर के एक मटन डीलर ने बताया कि पूरे महीने स्टाक उपलब्ध रहा और मांग भी अच्छी रही। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में बाजार की स्थिति अनुकूल है, बिक्री स्थिर है और आपूर्तिकर्ताओं को अच्छा रिटर्न मिल रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए, आल कश्मीर होलसेल मटन डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव मेहराज उद दीन ने कहा कि इस रमजान में मटन का स्टाक अच्छा है और पूरे साल उपलब्ध है। मेहराज के मुताबिक, पूरे महीने के लिए स्टाक पर्याप्त था, और महीने की शुरुआत में कुछ दिनों के लिए सड़क बंद होने पर आवक में थोड़ी गड़बड़ी हुई थी। वे कहते थे कि कश्मीर में स्टाक उपलब्ध था और महीने के दौरान मटन की कोई कमी नहीं हुई।

उन्होंने यह भी कहा कि रमजान के दौरान मटन की अधिक खपत स्थिर कीमतों के बावजूद कश्मीरी परिवारों में मांस के लिए निरंतर प्राथमिकता को दर्शाती है।

## 'मॉलिक्यूलर स्टूल टेस्ट' से एचआईवी पीड़ित टीबी रोगियों का डायग्नोसिस संभव

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। ट्रेडिशनल स्पुटम टेस्ट से आगे बढ़ते हुए, शुक्रवार को हुए एक नए अध्ययन से पता चला है कि मॉलिक्यूलर स्टूल टेस्ट यानि आणविक मल परीक्षण से एचआईवी से पीड़ित लोगों में तपेदिक (टीबी) का पता लगाने की संभावना बढ़ सकती है। द लैंसेट माइक्रोब नामक पत्रिका में प्रकाशित शोध से पता चला है कि वर्तमान में श्वसन नमूनों पर इस्तेमाल किए जाने वाले आणविक परीक्षण (जिसे एक्सपर्ट एमटीबी/आरआईएफ अल्ट्रा कहा जाता है) का उपयोग मल के नमूनों पर किया जा सकता है (जिसे अब तक केवल बच्चों के लिए अनुशंसित किया जाता था) एचआईवी से पीड़ित वयस्कों में टीबी के निदान के लिए एक अतिरिक्त परीक्षण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ (आईएसग्लोबल), स्पेन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने कहा कि नया अध्ययन आबादी में बीमारी के निदान में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व कर सकता है। आईएसग्लोबल और बार्सिलोना विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट के छात्र और अध्ययन के पहले लेखक जॉर्ज विलियम कासुले बताते हैं, एचआईवी से पीड़ित लोगों में पल्मोनरी टीबी विकसित होने का जोखिम अधिक होता है, लेकिन पारंपरिक परीक्षणों की कम संवेदनशीलता के कारण इन मामलों में डायग्नोसिस विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होता है।

माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होने वाली टीबी 2023 में 1.25 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार थी। इनमें से 13 प्रतिशत एचआईवी से पीड़ित लोगों में थीं। वर्तमान में, टीबी के लिए मुख्य निदान रणनीति स्पुटम (थूक या लार) के नमूनों पर केंद्रित है - जो लगातार हो रही खांसी और फेफड़ों में बन रहे बलगम द्वारा प्राप्त किए जाते हैं। एचआईवी से पीड़ित लोगों के लिए, मूत्र एंटीजन डिटेक्शन (टीबी-एलएएम) के अलावा मॉलिक्यूलर स्टूल टेस्ट की सिफारिश की जाती है।

हालांकि, ये निदान एचआईवी से पीड़ित सभी लोगों के लिए प्रभावी नहीं हैं, क्योंकि उनमें स्पुटम कम बनता है, और बीमारी के उन्नत चरणों में आधे से अधिक लोग ऐसा करने में असमर्थ होते हैं।

इसके अलावा, थूक में बैक्टीरिया का जमाव इतना कम होता है कि इसका पता नहीं चल पाता है। इससे निपटने के लिए, नए शोध ने मल के नमूनों पर ध्यान केंद्रित किया। टीम ने दिसंबर 2021 और अगस्त 2024 के बीच तीन अफ्रीकी देशों - इस्वातिनी, मोजाम्बिक और युगांडा के चिकित्सा केंद्रों में एचआईवी और संदिग्ध टीबी से पीड़ित 15 वर्ष से अधिक उम्र के 677 रोगियों को भर्ती किया।

## तापमान में तेजी से वृद्धि, शरीर में पानी की कमी होने से बचाएं

- लू -प्रकोप से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी गाइडलाइन

**बुलन्दशहर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। शुक्रवार को मौसम विज्ञान केन्द्र, लखनऊ की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार आगामी दिनो में दैनिक तापमान में तेजी से वृद्धि (40 डिग्री से ज्यादा) होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। हीटवेव (लू) असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितियां हीटवेव (लू) के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगो को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐंठन की शिकायत आती है और कभी-कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती हैं। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जानें से अर्बन हीट आइलैड की स्थिति बन जानी है। हीटवेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होतें है। जिलाधिकारी बुलंदशहर अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय बुलन्दशहर द्वारा हीटवेव/लू-प्रकोप से बचाव हेतु जनपद वासियों को निम्न बातों की ओर ध्यान आकर्षित किया है

### हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु 'क्या न करें'

- बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गई कार में अकेला न छोड़ें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिए घातक हो सकती है।
- भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।
- उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।
- शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें क्यो कि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं।
- दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाए रखने के लिए खिड़की व दरवाजे खुली रखें।

### बदल रहा है मौसम और बदल रहे हैं हम

# कुछ योगासन को अपनाने से जीवन होगा सहज

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। मन की बात के 120वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को योग दिवस की याद दिलाते हुए उलटी गिनती करने को कहा। पीएम मोदी ने अपील की कि स्वस्थ रहना है तो इसे शीघ्र अपनी दिनचर्या में शामिल कर लें। योग यानी कुछ ऐसी क्रियाएं जो शरीर और मन-मस्तिष्क को दुरुस्त रखती हैं। मौसम कोई भी हो, इसके आसन हमें स्वस्थ रखने में मददगार साबित होते हैं।

अब जबकि मौसम बदल रहा है, तो सवाल उठता है कि क्या जो आसन और प्राणायाम हम ठंड के मौसम में कर रहे थे, वही कंटिन्यू रखना चाहिए या फिर योग भी कहता है कि बदलते मौसम के साथ आचार-व्यवहार में बदलाव जरूरी है! जाने-माने योग गुरु शैलेंद्र ने बताया कि हां, बदलते मौसम के साथ योगासन भी बदलता है।

सवाल यही उठता है कि आखिर कौन से योग करें कि दिमाग और शरीर में शीतलता का संचार हो। योग गुरु बताते हैं कि मौसम के अनुसार आसन का चयन जरूरी होता है। ऐसे आसन जो गर्मी में आपके मन-मस्तिष्क और शरीर को ठंडा रखें। जैसे हमारे खान-पान में बदलाव जरूरी है, वैसे ही व्यायाम में भी। जैसे शीतली, शीतकारी जैसे योगासन शरीर को ठंडा और शांत रखने में प्रभावकारी होते हैं।

योगासन को लेकर रचे गए प्रमुख ग्रंथ योगसूत्र और योगभाष्य में आसन और प्राणायाम का जिक्र है। इसमें शीतली, शीतकारी, भ्रामरी और शवासन, अभ्यास में शामिल किए जाने का परामर्श दिया गया है। हालांकि इन आसनों को अपने दैनिक अभ्यास का हिस्सा बनाने से पहले कुशल योग गुरु की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

योग गुरु शैलेंद्र कहते हैं कि उम्र, मर्ज और जेंडर के हिसाब से कुछ खास एहतियात बरतनी चाहिए और बदलाव के अनुसार इन्हें शामिल करना चाहिए। खास ध्यान नियम का भी रखना चाहिए। जैसे बेहतर परिणामों के लिए सुबह का वक्त सबसे उपयुक्त होता है। आसन खाली पेट ही करना श्रेयस्कर है और अगर सुबह संभव न हो, तो अभ्यास से 3 घंटे पहले कुछ न खाएं या पेट खाली रखें।



- शीतली, शीतकारी, भ्रामरी और श्वासन, अभ्यास में करें शामिल
- अभ्यास से 3 घंटे पहले कुछ न खाएं या पेट खाली रखें

## हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु 'क्या करें'

- कड़ी धूप में अनावश्यक बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के मध्य।
- हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़ें पहनें।
- धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें।
- पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर मे अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें।
- खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओ आर एस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमाल करें।
- रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।
- कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तूरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।
- अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिड़कियां खुली रखे।
- घर के निचली तलों पर रहने का प्रयास करें।
- जानवरों को छांव में रखें और उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें।

# अभिमत

**बिरहोरों की जीवनशैली प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की है। जंगलों के साथ उनका रिश्ता गहरा है। वे एक दूसरे के पूरक हैं। जंगलों की कमी और जलवायु बदलाव के दौर में जैविक खेती उपयोगी हो गई है। विशेषकर कम पानी वाली और बिना रासायनिक वाली जैविक खेती से भोजन सुरक्षा के साथ मिट्टी, पानी का संरक्षण और संवर्धन होगा। देसी बीज बचेंगे और जैव विविधता बचेगी और पर्यावरण भी बचेगी। बाड़ियों में हरी सब्जियां व फलदार वृक्षों से पोषण मिलेगा।**

## कैसे जीवनयापन करते हैं बिरहोर

नवाचार

■ बाबा मायाराम

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कुछ गांवों में बिरहोर आदिवासी निवास करते हैं। जंगल ही इनका जीवन है। वे न सिर्फ जंगल में रहते हैं, उन पर निर्भर हैं, बल्कि जंगल का संरक्षण भी करते हैं। यह उनकी परंपराओं में है, उनकी जीवनशैली में है। आज मैं ऐसे अनूठे आदिवासी समुदाय की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे पता चले कि उनका जीवन कैसा है, वे कैसे रहते और जीवनयापन कैसे करते हैं। क्या हम आदिवासियों के जीवन से कुछ सीख सकते हैं ?

बिर का अर्थ जंगल, और होर का अर्थ आदमी होता है। यानी जंगल का आदमी। बिरहोर आदिवासी विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों में से एक हैं। यह घुमंतू जनजाति मानी जाती है। हालांकि उनके पूर्वज सरगुजा जिले से इधर आए थे, लेकिन अब स्थायी रूप से यहीं बस गए।

कुछ समय पहले मैं इस इलाके में गया था। इस यात्रा में मैंने देखा था कि यहां टेड़ा पद्धति से लोग सिंचाई भी करते हैं। इस पद्धति में कुओं से पानी निकालना आसान है, इसके लिए यहां टेड़ा का इस्तेमाल किया जाता है। टेड़ा और कुछ नहीं बांस की लकड़ी है जिसके एक सिरे पर पत्थर बांध दिया जाता है और दूसरे सिरे पर बाल्टी। पत्थर के वजन के कारण पानी खींचने में ज्यादा ताकत नहीं लगती। बिल्कुल सड़क के बैरियर या रेलवे गेट की तरह। टेड़ा से पानी खींचने में ताकत नहीं लगती, इशारे से बाल्टी ऊपर आ जाती है। पानी के बेजा इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए श्रम आधारित तकनीक बहुत उपयोगी है। आज जो हमने रासायनिक खेती की ऐसी राह पकड़ी है जिसमें श्रम आधारित काम की जगह सभी काम मशीनों व भारी पूंजी की लागत से होता है जबकि मानवश्रम बहुतायत में है। यह बहुत ही प्राचीन पर किफायत से पानी खर्च करने की पद्धति है।

**बिरहोर जड़ी-बूटियों से इलाज करना जानते हैं। उन्हें किस बीमारी में कौन सी जड़ी काम आती है, इसकी जानकारी है। धौंरा की छाल को वे चाय पत्ती की तरह डालकर तरोताजा होने के लिए पीते हैं। वे अब भी कुछ छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज जड़ी-बूटी से कर लेते हैं। पेड़ पौधों, और जड़ी बूटियों का इतना अच्छा पारंपरिक ज्ञान कम ही देखने को मिलता है।**

यहां राजिम प्रेरक संस्था से जुड़े रमाकांत जायसवाल और तिहारूराम बिरहोर ने बताया था कि बिरहोर मुख्यत: पूर्व में शिकार करते थे और वनोपज एकत्र करते थे। अब बिरहोर मुख्यत: बांस के बर्तन बनाते हैं और रस्सी बनाकर बेचते हैं। बांस के बर्तनो में पर्रा, बिजना, टुकनी, झउआ, बोंगी, चुरकी, सात सुपेली,सिखुन, झांपी और झलगी।

पटुआ और मोगलई की छाल से रस्सी बनती है। खेती-किसानी में काम आनेवाली रस्सियां व मवेशियों को बांधने के लिए रस्सियां बनाते हैं। जोत, गिरबां, सींका, दउरी आदि चीजें इसी रस्सी से बनाते हैं। खेती और पशुपालन साथ-साथ होता है। इसके अलावा सरई पत्तों से दोना-पत्तल बनाकर बेचते भी हैं। इस सबसे ही उनकी आजीविका चलती है।

बिरहोरों की आबादी कम है। इनकी जीवनशैली अब भी जंगल पर आधारित है। इनमें पढ़े-लिखे बहुत कम हैं। हालांकि अब साक्षर व शिक्षित होने लगे हैं। बांस के बर्तन बनाने, रस्सी बनाने के अलावा बहुत ही कम लोग खेती करते हैं।

तिहारूराम ने बताया कि 'पहले अनाज खाने नहीं मिलता था। महुआ फूल को पकाकर खाते थे। ज्वार और बाजरा की रोटी खाते थे। लेकिन अब पहले जैसी स्थिति नहीं है।'

माल्दा गांव, जो तिहारूराम का गांव है, उनके घर ही में रात में ठहरा था। खुले आसमान के नीचे खाट पर सोने का मौका मिला। तिहारूराम ने मुझे बताया थोड़ी देर में भगवान का लाइट आएगा और अंधेरा भाग जाएगा। मैं आकाश में जगमगाते तारे और चांद की रोशनी देखते-देखते सो गया। मुझे गहरी नींद आई थी। उनका कुत्ता भी वहीं खटिया के पास सोता रहा था। खुले आसमान के नीचे सोने का मौका बहुत सालों बाद आया था। मुझे गांव में बचपन की याद भी आई जब गर्मी के दिनों में आंगन में खुले आकाश के नीचे ही सोते थे, जहां बुजुर्ग हमें तरैय्यों ( तारों) के बारे में बताते थे, उसी से समय का अनुमान लगाया जाता था। दूसरे दिन सुबह ठंडे तालाब के पानी में स्नान किया। तालाब में कमल के फूल खिले थे। वहां ग्रामीण संस्कृति की मिठास का अनुभव किया। छत्तीसगढ़ की एक पहचान तालाब भी हैं। यहां अधिकांश गांवों में तालाब होते हैं। यहां की पानीदार जल संरक्षण संस्कृति यहां की संस्कृति का हिस्सा है।

तिहारूराम और रमाकांत जायसवाल ने बताया कि उन्होंने पहले दौर में कुछ गांवों का चयन किया है जिसमें जैविक खेती और किचिन गार्डन का काम किया जा रहा है। इन गांवों में जैविक खेती के लिए 50 किसानों को देसी बीजों का वितरण किए गए हैं। इसके लिए मालदा में बीज बैंक है। बाड़ियों ( किचिन गार्डन) के लिए भी देसी सब्जियों के देसी बीज दिए गए हैं।

वे आगे बताते हैं कि इन गांवों में जैविक खेती में धान, झुनगा, अरहर, उड़द, हिरवां, बेड़े आदि खेतों में बोया गया है। और बाड़ियों में लौकी, भिंडी, बरबटी, कुम्हड़ा, तोरई, डोडका, मूली, पालक, भटा, करेला, चेंच भाजी, लाल भाजी इत्यादि। इसके अलावा, फलदार वृक्षों में मुनगा, बेर, पपीता, आम, जाम, आंवला, नीम, कटहल आदि का पौधे भी वितरित किए गए हैं।

इसके अलावा, बिरहोर जड़ी-बूटियों से इलाज करना जानते हैं। उन्हें किस बीमारी में कौन सी जड़ी काम आती है, इसकी जानकारी है। धौंरा की छाल को वे चाय पत्ती की तरह डालकर तरोताजा होने के लिए पीते हैं। वे अब भी कुछ छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज जड़ी-बूटी से कर लेते हैं। पेड़ पौधों, और जड़ी बूटियों का इतना अच्छा पारंपरिक ज्ञान कम ही देखने को मिलता है। मुझे कुछ ही समय में उन्होंने जड़ी बूटियों के नाम व उपयोग की काफी जानकारी दी।

बिरहोर आदिवासियों का मुख्य त्यौहार खरबोज है। ठाकुरदेव, बूढ़ादेव, नागदेवता जंगल में है। माघ पूर्णिमा में यह त्यौहार मनाया जाता है। कर्मा नाचते हैं। नवापानी मनाते हैं। यह नए अनाजों के घर में आने की खुशी में मनाया जाता है, जिसे अन्य जगहों पर नुआखाई भी कहते हैं।

बिरहोर जंगल से लेते ही नहीं हैं, बल्कि उसको बचाते भी हैं। जंगल के प्रति जवाबदारी भी समझते हैं। उनका जंगल से मां-बेटे का रिश्ता है। वे जंगल से उतना ही लेते हैं जितनी जरूरत है। उन्होंने ऐसे नियम कायदे बनाए हैं कि जिससे जंगल का नुकसान न हो।

ग्रामीण बताते हैं कि वे कभी भी फलदार वृक्ष जैसे महुआ, चार, आम के पेड़ नहीं काटते। फलदार वृक्षों से कच्चे फलों को नहीं तोड़ते। किसी भी पेड़ की गीली लकड़ी को नहीं काटते। जरूरत पड़ने पर सबसे पहले जंगल में घूमकर सूखी लकड़ी तलाशते हैं, उसे ही काम में लेते हैं। अगर कोई पेड़ को सूरज का प्रकाश नहीं मिल रहा है, तो उसके आसपास साफ सफाई करते हैं, जिससे उसे सूरज की रोशनी मिल सके। पेड़ पौधों का संरक्षण भी बहुत जरूरी हो गया है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि बिरहोरों की जीवनशैली प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की है। जंगलों के साथ उनका रिश्ता गहरा है। वे एक दूसरे के पूरक हैं। जंगलों की कमी और जलवायु बदलाव के दौर में जैविक खेती उपयोगी हो गई है। विशेषकर कम पानी वाली और बिना रासायनिक वाली जैविक खेती से भोजन सुरक्षा के साथ मिट्टी, पानी का संरक्षण और संवर्धन होगा। देसी बीज बचेंगे और जैव विविधता बचेगी और पर्यावरण भी बचेगी। बाड़ियों में हरी सब्जियां व फलदार वृक्षों से पोषण मिलेगा। सब्जियों के लिए बाजार पर कम निर्भरता होगी। जो कमी मौसम बदलाव के दौर में जंगलों से कंद-मूल व सब्जियों में आ रही है, उसकी पूर्ति होगी।

आज दुनिया में पर्यावरण का संकट एक बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा है। इसमें हमें प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का जो रिश्ता आदिवासियों का है, उसे समझना जरूरी है। उनका नजरिया क्या है, कैसे वे बहुत कम संसाधनों में जीते हैं, कैसे वे पर्यावरण का संरक्षण करते हैं, उनकी श्रम आधारित जीवनशैली से किस तरह पर्यावरण का भी संरक्षण होता है, इस तरह की कहानियों में उसकी झलक मिलती है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे ?

## बीता सप्ताह

**29 मार्च**
- म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप से भारी तबाही, 7.3 तीव्रता के भूकंप से 1000 से अधिक मौतें हुई।
- कैश मामले में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा पर सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया।
- आस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने 3 मई को आम चुनाव का ऐलान किया।
- जम्मू कश्मीर के कठुआ में जैश-ए-मोहम्मद के पांच आतंकी मारे गए।

**30 मार्च**
- छग के सुगमा में उपमपल्ली क्षेत्र में हुए मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए।
- जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली से इलाहाबाद ट्रांसफर के विरोध में बनारस के वकीलों ने प्रदर्शन किया।
- विदेश मंत्रालय ने कहा भूकंप पीड़ित म्यांमार की मदद के लिए फिल्ड अस्पताल भेजा जाएगा।
- यूरोप अमेरिका के समर्थन के बिना यूक्रेन में सेना नहीं, भेज सकता। स्पीडन के रक्षामंत्री पॉलजॉनसन ने यह जानकारी दी।

**31 मार्च**
- पीएम नरेन्द्र मोदी ने छग के बिलासपुर मोहभट्ठा में 33700 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।
- छत्तीसगढ़, बस्तर के बीजापुर में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।
- ओडिशा में कायारव्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। एक की मौत और 8 घायल हो गए।
- केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर, नगालैंड और अरूणांचल में अफस्पा बढ़ाया।

**1 अप्रैल**
- शम्मी सिल्वा लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष चुने गए।
- छग के बीजापुर दंतेवाड़ा इलाके में 45 लाख की इनामी महिला नक्सली गुम्मा डिवेली उर्फ रेणुका उर्फ भानु उर्फ चैते उर्फ सरस्वती उर्फ दमयंती ऐर हो गई।
- दक्षिण-पूर्वी ईरान में केमरान में बस पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई।
- यूरोपीय संघ धन गबन मामले में पेरिस की एक अदालत ने दक्षिणपंथी नेता मदीन ले पेन को दोषी ठहराया।

**2 अप्रैल**
- वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आज 2 अप्रैल 25 को पेश हुआ।
- गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 21 लोगों की मौत हो गई।
- हिंदी जगत के प्रख्यात साहित्यकार कमल किशोर गोयनका का निधन हो गया।
- छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज किया।

**3 अप्रैल**
- बीती रात लोकसभा में वक्फ बिल बहुमत से पारित हो गया। पक्ष में 288 तो विपक्ष में 232 वोट पड़े।
- छग के बस्तर में नक्सलियों ने सरकार के पास युद्धविराम का प्रस्ताव भेजा।
- चीन में पंजीकृत अंगदान स्वयं सेवकों की कुल संख्या 70.50 लाख से अधिक पहुंचा।
- जम्मू कश्मीर में एलओसी पर सेना ने 5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया।

**4 अप्रैल**
- बीती रात राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन विधेयक बहुमत से पारित हो गया। पक्ष में 128 तो विपक्ष में 95 वोट पड़े।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया।
- सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी जज अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करें।
- कलकत्ता उच्च न्यायालय में ममता बेनर्जी सरकार के 25 हजार शिक्षकों की नियुक्यिां रद्द कर दिया।

## ट्रम्प ने अमेरिकी व्यापार को वापस शुरूआती व्यापार व्यवस्था में धकेल दिया

■ अंजन रॉय

राजनेताओं से लेकर अर्थशास्त्रियों और विनम्र शेयर व्यापारियों तक, कोई भी वास्तव में विश्वास नहीं कर सकता था कि ऐसा होगा। इससे भी बदतर, वास्तव में, यह उतना ही बुरा होना चाहिए था जितना कि वास्तविकता में हुआ। डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने वाले सामान पर टैरिफ की घोषणा का वायदा किया था, जो कि आशंका से कहीं अधिक खराब साबित हुआ। एक झटके में, डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को कम से कम एक सौ पच्चीस साल पहले की व्यापार व्यवस्था में धकेल दिया है।

अपनी नवीनतम टैरिफ दरों के साथ, अमेरिका सन् 1900 की तरह ही टैरिफ व्यवस्था में वापस आ जायेगा। इतना भी नहीं। दार्शनिक रूप से, हम व्यापारीवादियों के दिनों में वापस चले गये हैं, जब आर्थिक दार्शनिकों ने सोचा था कि आयात बुरा है और निर्यात अच्छा है: इस प्रकार, सभी वस्तुओं का निर्यात करें और सोना आयात करें। हमें सत्रहवीं शताब्दी में प्रचलित मानसिकता की ओर पलायन करने के लिए मजबूर किया गया है।

**अपनी नवीनतम टैरिफ दरों के साथ, अमेरिका सन् 1900 की तरह ही टैरिफ व्यवस्था में वापस आ जायेगा। इतना भी नहीं। दार्शनिक रूप से, हम व्यापारीवादियों के दिनों में वापस चले गये हैं, जब आर्थिक दार्शनिकों ने सोचा था कि आयात बुरा है और निर्यात अच्छा है: इस प्रकार, सभी वस्तुओं का निर्यात करें और सोना आयात करें।**

वह व्यापारिकता का सुनहरा युग था, जिसका प्रतीक जीनबैप्टिस्ट कोलबर्ट ( 1619-83 ) थे। 1940 में कोलबर्ट पर एक पुस्तक की समीक्षा करते हुए, सर जॉनक्लैफम ने कहा था- कोलबर्ट के पास कोई एक मौलिक विचार नहीं था और वह 'एक बड़ा मूर्ख व्यक्ति, अत्याचारी, क्रूर, उधम मचाने वाला' था।

किसी अजीब संयोग से, यह 21वीं सदी के आज के आधुनिक प्रकार के व्यापारिकता के सबसे शक्तिशाली और निर्णायक अधिवक्ता का बहुत सटीक वर्णन प्रतीत होता है।

2 अप्रैल के बाद, अमेरिका की व्यापार व्यवस्था 1900 और उससे भी पहले की तरह ही होगी, जब राष्ट्र उच्च टैरिफ दीवारों के पीछे छिपते थे। फिर 2 अप्रैल के उस एक झटके से ट्रम्प ने विश्व व्यापार और राष्ट्रों के बीच आर्थिक संबंधों की पूरी संरचना को ध्वस्त कर दिया है, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में बहुत सावधानी से बनाया गया था।

विश्व व्यापार संगठन को औपचारिक रूप से खत्म कर दिया जाना चाहिए। राष्ट्रों के बीच व्यापार-संबंधी मतभेदों को हल करने के लिए विवाद निपटान निकाय पुराने पड़ चुके हैं। शिकायत दर्ज करने का कोई मतलब नहीं है। अगर दुनिया की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था देशों पर अपनी मर्जी से टैरिफ लगा सकती है, तो व्यापार के लिए सबसे पसंदीदा राष्ट्र के प्रमुख सिद्धांत पर आधारित नियम वाली व्यापार प्रणाली कहा है!

वैश्विक व्यापार व्यवस्था के व्यापक सवालों को छोड़कर, अब हम एक सवाल पर विचार करते हैं कि 2 अप्रैल के बाद भारत का क्या होगा ? आम तौर पर कुछ भी गंभीर नहीं है। कुछ क्षेत्र जो अमेरिका से जुड़े थे, निश्चित रूप से प्रभावित होंगे, लेकिन आम तौर पर अर्थव्यवस्था में भारत को अच्छी तरह से सहारा मिलना चाहिए।

सबसे पहले, वैश्विक व्यापार में भारत का समग्र जोखिम बहुत अधिक नहीं है। इसके अलावा, अमेरिका को निर्यात भारत के सकल घरेलू उत्पाद का केवल 2.2प्रतिशत है। यदि इसका एक अंश भी प्रभावित होता है, तो इसे आसानी से प्रबंधित किया जा सकता है।

ट्रम्प टैरिफ के प्रभाव को दूसरों की तुलना में देखा जाना चाहिए। दुनिया एक 'पूर्ण' जगह नहीं है, यह एक 'सापेक्ष' जगह है। उदाहरण के लिए, विशेषज्ञों की गणना के अनुसार, भारतीय निर्यात पर ट्रम्प टैरिफ का प्रभाव औसतन 26प्रतिशत होगा, जबकि चीन पर 54 प्रतिशत होगा। इस प्रकार, भारतीय निर्यात पर आधे से भी कम प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि ये अमेरिका को चीनी निर्यात को प्रभावित करेंगे। प्रयास के साथ, भारतीय निर्यातक अभी भी लागत को नियंत्रित करने और नवीनतम टैरिफ के प्रभाव को कम करने का प्रयास कर सकते हैं। लेकिन चीन के लिए, यह कहीं अधिक कठिन काम होगा।

दूसरे, चीन भारत की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात पर कहीं अधिक निर्भर है। इस प्रकार, भारतीय अर्थव्यवस्था, जैसा कि सर्वविदित है, घरेलू मांग से प्रेरित है, जबकि चीनी निर्यात पर पूरी तरह से निर्भर है। उदाहरण के लिए, चीन के पास अपनी घरेलू आवश्यकताओं से दोगुना स्टील उत्पादन करने की क्षमता है। इसलिए, चीनी इस्पात उद्योग के अस्तित्व के लिए, उसे निर्यात करना होगा। कुछ देश और भी अधिक असुरक्षित हैं, क्योंकि वे कुछ चुनिंदा वस्तुओं के निर्यात पर निर्भर हैं। अपने देश के निकट उदाहरण के लिए, बांग्लादेश पर भी टैरिफ लगाया गया है, जो अब तक न्यूनतम या पूरी तरह से छूट वाला था। परिधान निर्यात पर बांग्लादेश की निर्भरता को देखते हुए, और खासकर अमेरिका पर, देश की अर्थव्यवस्था 34प्रतिशत टैरिफ के साथ बहुत कठिन स्थिति का सामना करेगी।

कुछ विशेषज्ञों को अब लगता है कि कम से कम तीन क्षेत्रों में भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले उत्पादों को लाभ हो सकता है। प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी का मानना है कि कृषि क्षेत्र में टैरिफ संरचना को देखते हुए, भारतीय उत्पादकों को कुछ स्पष्ट लाभ मिलते हैं और अमेरिका को कृषि निर्यात भी बढ़ सकता है।

दूसरा, दवा निर्यातक उत्साहित महसूस करते हैं। टैरिफ ने दवा उद्योग को अकेला छोड़ दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय दवाओं का एक बड़ा हिस्सा खपत होता है और इन्हें वर्तमान टैरिफ के दायरे से बाहर रखा गया है। स्पष्ट लागत लाभ के साथ, भारतीय दवा उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता है।

तीसरा, परिधान और दूरसंचार निर्यात के कुछ क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है क्योंकि प्रतिद्वंद्वी देशों पर शुल्क की बड़ी दरें लगायी गयी हैं। उदाहरण के लिए चीन और वियतनाम पर अब बहुत ज़्यादा शुल्क लागू हैं। इसके अलावा, भारत भी पीएलआई योजनाओं के साथ अपने विनिर्माण को बढ़ा सकता है जो प्रतिद्वंद्वी उत्पादों की तुलना में लागत प्रभावी हो सकता है। ऐसा नहीं है कि अमेरिका सभी वस्तुओं का आयात पूरी तरह से बंद कर देगा।

जैसे-जैसे दुनिया ट्रम्प टैरिफ के साथ तालमेल बिठायेगी, अप्रत्याशित परिणाम सामने आयेंगे। देशों को गंभीर आर्थिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ेगा। कुछ को नये अवसर मिलेंगे। वैश्विक व्यापार ने निस्संदेह अभूतपूर्व विकास और वृद्धि को जन्म दिया है। इनमें से कई आवेग गायब हो जायेंगे और यह एक ऐसा युग हो सकता है जिसमें पड़ोसी को बड़ा बनाने की नीति अपनायी जायेगी।

अनिश्चितता की इस नयी दुनिया में, भारत निश्चित रूप से सबसे स्थिर और आत्मनिर्भर देशों में से एक होगा। नोमुरा के हालिया निष्कर्षों के आधार पर कहा जा सकता है कि भारत चल रहे व्यापार संघर्ष और आर्थिक समायोजन में एशिया की सबसे लचीली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

## चिंताजनक है ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

■ डॉ.संजना मोहन- लेखा रत्तनानी

प्रसव पीड़ा की मारी एक महिला रात में अस्पताल पहुंचने के लिए पहाड़ी के पांच किलोमीटर रास्ते को कैसे पार करती है ? जिस परिवार के पास दूध या अंडे खरीदने की ताकत न हो और उस परिवार में सिलिकोसिस और तपेदिक से गंभीर रूप से पीड़ित कुपोषित युवक हो उस परिवार को आप क्या पोषण सलाह देते हैं ? उस बीमार बच्चे का क्या होगा जहां निकटतम स्वास्थ्य सुविधा 20 किमी दूर है और वहां परिवहन की कोई सुविधा उपलब्ध न हो ? दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में, जो अस्वच्छता, बाढ़ और कुपोषण से बुरी तरह प्रभावित हैं, वहां आप मलेरिया, डायरिया, हैजा जैसी बीमारियों का मुकाबला कैसे करेंगे ? हम इन्हें अक्सर ग्रामीण भारत में स्थितियों के रूप में देखते हैं पर वे इस देश तक सीमित नहीं हैं। ये कहानियां दुनिया भर में मौजूद हैं। विकासशील और विकसित देशों के बीच भारी अंतर के बीच दुनिया भर में ग्रामीण स्वास्थ्य की पहुंच एक प्रमुख मुद्दा है। स्वास्थ्य और आधुनिक संसाधन आम तौर पर शहरों में केंद्रित होते हैं। सभी देशों में परिवहन और संचार संबंधी मुश्किलें हैं और वे सभी देश ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी की चुनौती का सामना करते हैं। इन समस्याओं पर 4 अप्रैल से बेंगलुरु में शुरू हुए तीन दिवसीय विश्व ग्रामीण स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में चर्चा होगी।

**विकसित देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा कवरेज के साथ भी भारी समस्याएं हैं। अमेरिका में लगभग 15 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। रहने की कम लागत और जीवन की धीमी गति के कारण ग्रामीण समुदाय में रहने का विकल्प चुनने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों का विशेष रूप से सामना करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले बुजुर्ग लोगों का प्रतिशत अधिक है**

शहरी क्षेत्रों में 22 प्रतिशत आबादी तक स्वास्थ्य सेवाओं और कवरेज की पहुंच है जबकि इसकी तुलना में दुनिया भर में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और कवरेज 56 फीसदी से कम है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ( आईएलओ ) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 10.3 करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का दो तिहाई भाग ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में है। 'ग्रामीण स्वास्थ्य संरक्षण में असमानताओं पर वैश्विक साक्ष्य' शीर्षक से मई 2015 की रिपोर्ट में '174 देशों के लिए स्वास्थ्य कवरेज में ग्रामीण घाटे पर नया डेटा', नामक लेख में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच प्रमुख स्वास्थ्य पहुंच असमानताओं का खुलासा किया गया है। यह असमानता विशेष रूप से अफ्रीका में स्पष्ट दिखायी देती है जहां ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का अभाव है।

हालांकि घाटा हर जगह महसूस किया गया लेकिन कम आय वाले देशों और धन के असमान वितरण वाले देशों में यह अंतर बहुत अधिक है। उदाहरण के तौर पर देखें तो नाइजीरिया की जीडीपी अफ्रीका में सबसे ज्यादा है लेकिन इसकी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,000 अमरीकी डालर से कम है। यहां की जनसंख्या 20.6 करोड़ है। यह अफ्रीका का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। यहां आय का अत्यधिक असमान वितरण है जो इसे अमीर और बहुत गरीब दोनों बनाता है। देश की आबादी का लगभग 40 फीसदी हिस्सा गरीबी और विषम सामाजिक परिस्थितियों में रहता है जो बीमारियां पैदा करते हैं जिसे आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च से विनाशकारी उच्च स्वास्थ्य व्यय के नाम से जाना जाता है। नाइजीरियाई स्वास्थ्य देखभाल खर्च, लगभग 80प्रति सैकड़ा आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च (वह खर्च जो आप अपनी जेब से करते हैं, जिसकी प्रतिपूर्ति या रिइम्बर्समेंट बाद में हो सकता है या नहीं भी हो सकता) । इसका मतलब यह है कि व्यक्ति स्वास्थ्य बीमा या सरकारी धन पर निर्भर रहने के बजाय सीधे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भुगतान करते हैं। भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का कहना है कि पिछले पांच वर्षों में कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत के रूप में आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय में लगातार गिरावट देखी गई है जो 2017-18 में 48.8 प्रति सैकड़ा से घटकर 2021-22 में 39.4 फीसदी हो गई है।

विकसित देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा कवरेज के साथ भी भारी समस्याएं हैं। अमेरिका में लगभग 15 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। रहने की कम लागत और जीवन की धीमी गति के कारण ग्रामीण समुदाय में रहने का विकल्प चुनने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों का विशेष रूप से सामना करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले बुजुर्ग लोगों का प्रतिशत अधिक है जो क्लीनिक या अस्पतालों तक कम पहुंच रखते हैं। ये आंकड़े सिर्फ यह दिखाने के लिए है कि अमीर माने जाने वाले देश स्वास्थ्य सेवा के मामले में ग्रामीण-शहरी विभाजन को देखते हुए कोई अच्छी हालत में नहीं हैं।

उदाहरण के तौर पर नीदरलैंड एक छोटा व विकसित देश है जिसमें उच्च जनसंख्या घनत्व है और जिसे अपेक्षाकृत कम दूरी को देखते हुए अन्य देशों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मामूली पहुंच के मुद्दों के कारण कोई समस्या नहीं होनी चाहिए, लेकिन शहरी और ग्रामीण नगरपालिकाओं में जनसंख्या घनत्व में अंतर बड़ा है तथा ग्रामीण इलाकों से शहरी क्षेत्रों में युवाओं के बढ़ते अप्रवासन के कारण ग्रामीण विरल आबादी की समस्याएं बढ़ रही हैं। यह समस्या मुख्य रूप से पीछे छूट गए लोगों की बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की मांगों के कारण है जिन्हें पूरा नहीं किया जा रहा।

ग्रामीण जनता खराब स्वास्थ्य, पहुंच की कमी और गरीबी के चक्र में फंसी हुई है। 1992 के बाद से फैमिली डॉक्टरों के विश्व संगठन डब्ल्यूओएनसीए (वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ नेशनल कॉलेज एकेडेमिज़ एंड एकेडेमिक एसोसिएशन ऑफ जनरल प्रेक्टिशनर्स, फैमिली फीजिशियन्स) ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया है। उक्त संगठन के माध्यम से किया गया यह अध्ययन मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की प्रैक्टिस पर आधारित है जिसने विश्व ग्रामीण स्वास्थ्य सम्मेलनों और डब्ल्यूओएनसीए ग्रामीण नीतियों के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का डब्ल्यूओएनसीए के साथ समझौता है जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य पहल शामिल है। 20 साल से अधिक समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन और वोंका ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर एक प्रमुख विश्व स्वास्थ्य संगठन - डब्ल्यूओएनसीए आमंत्रण सम्मेलन आयोजित किया था। इस सम्मेलन ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल की एक विशिष्ट कार्य योजना शुरू की। फिर भी, वास्तव में कुछ नहीं हुआ है। इसके बावजूद दुनिया भर के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने वाले अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय निकायों के संयुक्त ठोस प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण लोगों के लिए 'सभी के लिए स्वास्थ्य' का नजरिया प्राप्त होने की अधिक संभावना है।

भारत में ग्रामीण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे अन्य देशों की तुलना में अधिक हैं। वहां युवा डॉक्टरों को गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों में समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने जैसी पहल चल रही हैं। इस साल अक्टूबर में भारत भर के युवा डॉक्टरों का एक समूह उदयपुर शहर से 25 किलोमीटर दूर एक गांव इसवाल में बैठक करेगा जो बेसिक हेल्थकेयर सर्विसेज द्वारा आयोजित ग्रामीण संवेदीकरण कार्यक्रम ( आरएसपी ) में भाग लेगा। यह राजस्थान की एक गैर-लाभकारी संस्था है जो राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चलाती है। आरएसपी तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यक्रम है जो इस समूह को एक ओर अच्छी तरह से काम करने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं और दूसरी तरफ ग्रामीण व आदिवासी समुदायों के प्रतिदिन के जीवन और संघर्षों को उजागर करने की उम्मीद रखता है। आरएसपी कई युवा डॉक्टरों के बीच कॉर्पोरेट अस्पतालों, फार्मा कंपनियों और कमीशनखोरी की वास्तविक दुनिया से बढ़ते मोहभंग के जवाब में उभरा है। उन्हें किस तरफ जाना चाहिए ? इसका जवाब ग्रामीण भारत दे सकता है क्योंकि वह अपनी स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी समस्याओं से बाहर आने के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें समुदाय के करीब आधारित स्वास्थ्य सेवा मॉडल की आवश्यकता होगी जो नैतिक और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा का प्रैक्टिस करते हैं। ग्रामीण संवेदीकरण शेष विश्व के लिए मार्गदर्शक हो सकता है।

**( डॉ. संजना बेसिक हेल्थ केयर सर्विसेज की सह-संस्थापक व लेखा रत्तनानी द बिलियन प्रेस की प्रबंध संपादक हैं।( सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

## ईरान ने फिलिस्तीनियों पर इजरायली हमलों की निंदा की

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को फिलिस्तीनियों के खिलाफ किए जा रहे इजरायली हमलों की निंदा की। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में इजरायल द्वारा किए गए अपराधों में पत्रकारों की लक्षित हत्या, बचाव और राहत कार्यकर्ताओं और चिकित्सा केंद्रों पर जानबूझकर किए गए हमले शामिल हैं। उन्होंने कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानव अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के घोर और व्यवस्थित उल्लंघन के सामने कुछ पश्चिमी देशों की निष्क्रियता की आलोचना की, इसे मानवाधिकारों और कानून के शासन के पालन के संबंध में उन देशों की ईमानदारी की कमी का स्पष्ट संकेत बताया।

# देश विदेश

# बिम्सटेक अब आर्थिक सहयोग बढ़ाने का भी काम करे : मोदी



**बैंकॉक,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने बिम्सटेक देशों में परस्पर आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए 21 सूत्रीय कार्ययोजना आज पेश की और इस मंच को कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ ही सांस्कृतिक बुनियाद पर परस्पर व्यापार एवं डिजीटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां आयोजित छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए एक 21 सूत्री कार्य योजना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बिम्सटेक देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने और आईटी क्षेत्र की समृद्ध क्षमता का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने म्यांमार और थाईलैंड में हाल ही में आए भूकंप के मद्देनजर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में मिलकर काम करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। श्री मोदी ने अंतरिक्ष की दुनिया में काम करने और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। बिम्सटेक को सामूहिक रूप से ऊर्जावान बनाने और नेतृत्व करने वाले युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि सांस्कृतिक संबंध बिम्सटेक देशों को और करीब लाएंगे। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि वैश्विक भलाई को निरंतरता देने के लिए बिम्सटेक एक महत्वपूर्ण मंच है। यह ज़रूरी है कि हम इसे मज़बूत करें और अपने जुड़ाव को और गहरा करें। इस संदर्भ में, मैंने हमारे सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए 21-सूत्रीय कार्य योजना प्रस्तावित की है। उन्होंने कहा कि अब बिम्सटेक देशों में व्यापार को बढ़ावा देने का समय आ गया है! आइये, आईटी क्षेत्र की समृद्ध क्षमता का लाभ उठाकर बिम्सटेक को तकनीकी रूप से अधिक मजबूत बनाएं। म्यांमार और थाईलैंड में हाल ही में आए भूकंप ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में मिलकर काम करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। आइए हम अपने सहयोग को अंतरिक्ष की दुनिया तक ले जाएं। आइए हम अपने सुरक्षा तंत्र को भी और अधिक मजबूत बनाएं। श्री मोदी ने कहा कि बिम्सटेक में क्षमता निर्माण ढांचे का एक शानदार उदाहरण बनने की क्षमता है। हम सभी एक-दूसरे से सीखेंगे और आगे बढ़ेंगे। हम सामूहिक रूप से बिम्सटेक को ऊर्जावान बनाएंगे और हमारे युवा ही इसका नेतृत्व करेंगे। संस्कृति की तरह कुछ ही चीज़ें आपस में जोड़ती हैं! उम्मीद है कि सांस्कृतिक संबंध बिम्सटेक को और भी करीब लाएंगे। उन्होंने कहा कि बिम्सटेक हमारे लिए केवल एक क्षेत्रीय संगठन नहीं है। यह हमारे समावेशी विकास और सुरक्षा का एक मॉडल है।

## मोदी की नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से बातचीत



**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैंकॉक में शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से द्विपक्षीय बैठक की और उनके साथ बातचीत को सार्थक बताया। श्री मोदी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को दो दिन की यात्रा पर बैंकॉक में थे। उन्होंने वहां शिखर सम्मेलन की कार्यवाही में भाग लेने के अलावा मेजबान थाइलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा और बिम्सटेक के विभिन्न सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं जिनमें बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी थे। नेपाल के प्रधानमंत्री श्री ओली के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के बारे में श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बैंकॉक में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ एक सार्थक बैठक हुई। भारत नेपाल के साथ संबंधों को अत्यधिक प्राथमिकता देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री ओली के साथ भारत-नेपाल मैत्री के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के साथ विशेष रूप से ऊर्जा, कनेक्टिविटी, संस्कृति और डिजिटल प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत हुई। श्री मोदी ने लिखा, हमने इस वर्ष के बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के कुछ प्रमुख सकारात्मक परिणामों के बारे में भी बात की जिसमें विशेष रूप से आपदा प्रबंधन और समुद्री परिवहन के क्षेत्रों सहयोग की बातें शामिल हैं।

## भूटान के प्रधानमंत्री से भी मिले मोदी



**बैंकाक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को थाईलैंड के बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, मेरे अच्छे मित्र प्रधानमंत्री तोबगे के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। भारत और भूटान की मित्रता बहुत मजबूत है। हम कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग कर रहे हैं। श्री मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिन्नावात के साथ वॉट फ्रा चेतुफोन विमोन मंगखालाराम राजवारामाहाविहान का भी दौरा किया, जिसे वाट फो के नाम से जाना जाता है। प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध की लेटी हुई प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित की और वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं को संघदान दिया। प्रधानमंत्री ने लेटे हुए बुद्ध के मंदिर को अशोक के सिंह स्तंभ का प्रतिरूप भी भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों देशों के बीच मजबूत और जीवंत सभ्यतागत संबंधों को याद किया।

## सुडोकू 6873

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | | 8 | 1 | 5 |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | 4 | 6 | | | | | 2 |
| | 1 | 2 | | | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 8 | | | | | | 1 | 4 | |
| 2 | | | | | 4 | 5 | | 8 |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | 8 | 1 | | | | 3 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6873

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. एक वाममार्गी शैव संप्रदाय जो मनुष्य की खोपड़ी लिए घूमता है, उसी में खाता-पीता है
३. उपद्रव, अराजकता, घपला
५. भेंट, उपहार (उर्दू)
६. धनी व्यक्ति का पुत्र(उर्दू)
७. बंदीगृह, कारागार
९. उदाहरण, दृष्टांत(उर्दू)
१०. आगे बढ़कर स्वागत करना
१२. गांठ, बंधन, गुत्थी, जेब(उर्दू)
१३. असहमति (उर्दू)
१४. ब्रजभूमि में रहने वाला
१६. निर्जन, सन्नाटा (उर्दू)
१८. गिरना, नीचे गिरना, अवनति
२०. दीप्ति, आभा.
२१. आजीवन अविवाहित रहने वाली
२३. फायदेमंद

**ऊपर से नीचे:-**

१. डरपोकपन, भीरूता
२. पहनावा (उर्दू)
३. बीता हुआ समय
४. उपद्रव, दगा (उर्दू)
५. बिजली, गाज
८. एक साथ कई लोगों द्वारा मिलकर गाया जाने वाला गीत
१०. छोटा भाई
११. लौटना, पुनः आना
१२. बंधक, रेहन(उर्दू)
१३. संकेत, इशारा, मन का भाव
१४. गुरुकुल में रहकर वेदाध्ययन करने का काल
१५. इमारत, पुल आदि बनाने की कला
१७. कमल
१८. पक्षी, चिड़िया(उर्दू)
१९. कुशल राजनीतिज्ञ, श्रेष्ठ व्यवस्थापक
२२. देश, राज्य, पुरुरवा के वंशज काशी का पुत्र

## वर्ग पहेली-6872

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| प | ■ | र | ■ | ५ बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | ९ का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | १० अ | स्वा | ११ च | ल | ■ | ■ | १२ अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | १३ नि | य | ति | ■ | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | ■ | प | ■ | १६ म | १७ न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | क | ■ |
| २० रा | घ | व | ■ | ग | ■ | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | ■ | २३ श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 5 अप्रैल, 2025 चैत्र शुक्ल पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी होगी। इस कोई भी महत्वपूर्ण काम पूरा नहीं कर पाएंगे। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी।

वृषभ - आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरुरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं। यात्रा का आयोजन सफल नहीं होगा। भाई- बंधुओँ से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्वादिष्ट भोजन और अच्छे कपड़े पहनने को मिलेंगे।

कर्क - आज ज्यादा खर्च हो सकता है। परिवार का वातावरण भी ज्यादा अच्छा नहीं होगा। परिजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं। मन में अनिश्चितता के कारण मानसिक बेचैनी रहेगी। मन दुविधायुक्त रहेगा। वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी। उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। महिला मित्र आज विशेष सहायक होंगी। बच्चों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर मिलेगा।

कन्या - आज नए काम की योजना बनेगी। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभ प्रदान करने वाला होगा। अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी, जिससे पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

तुला - आज कार्यस्थल पर आपको अधिकारियों की नाराज़गी सहन करनी पड़ेगी। व्यवसाय में परेशानी खड़ी हो सकती है। संतान के प्रति चिंता होगी। दूर की यात्रा का आयोजन होगा। धार्मिक यात्रा के भी योग हैं।

वृश्चिक - आज अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा।

धनु - आज बौद्धिक और तार्किक विचारों से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे। समाज में सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ मुलाकात होगी। उनके साथ घूमने- फिरने या मनोरंजन स्थल की यात्रा के योग हैं।

मकर - आज आपके व्यापार धंधे में खूब सफलता मिलेगी, परंतु कानूनी मामलों में सावधानी बरतें। व्यापार धंधे को लेकर बनाई योजनाएं सफलतापूर्वक संपन्न होंगी। किसी के साथ पैसों का लेन-देन सफलतापूर्वक पूरा होगा।

कुंभ - आज अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन और सृजनात्मक कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। आपका विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा। महिलाएं अपनी वाणी पर काबू रखें।

मीन - मकान और वाहन आदि के दस्तावेजों को अत्यंत संभालकर रखना होगा। पारिवारिक माहौल न बिगड़े, इसके लिए वाद-विवाद टालें। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## भूकम्प से तबाह म्यांमार को 20 मिलियन डॉलर की मदद भेजेगा क्वाड

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। भूकंप की मार झेल रहे म्यांमार की मदद के लिए क्वाड के सदस्य देश ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका ने शुक्रवार को मदद का हाथ बढ़ाया। इन देशों ने सामूहिक रूप से म्यांमार की मदद के लिए 20 मिलियन की मानवीय सहायता देने का ऐलान किया।

अपनी फंडिंग और द्विपक्षीय प्रयासों के साथ क्वाड समूह राहत सामग्री की डिलीवरी को सुगम बना रहा है, आपातकालीन चिकित्सा दलों की तैनाती कर रहा है और भूकंप से प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए म्यांमार में काम कर रहे मानवीय साझेदारों को मदद प्रदान कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों ने म्यांमार और थाईलैंड में आए बड़े भूकंप के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान में उन्होंने भूकंप से हुई जान-माल की भारी हानि, लोगों के घायल होने और बुनियादी ढांचे के नष्ट होने पर गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की।

समूह ने हाल ही में अस्थायी, आंशिक युद्धविराम की प्रतिबद्धताओं का स्वागत किया और सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे इन उपायों को लागू करें, बढ़ाएं और फैलाएं, ताकि म्यांमार में जीवन रक्षक मदद को समय पर पहुंचाने के लिए एक सुरक्षित माहौल बनाया जा सके। बयान में कहा गया, हम 29 और 30 मार्च को आसियान विदेश मंत्रियों की तरफ से दिए गए बयानों और प्रभावित समुदायों को आसियान और क्षेत्र के देशों से मिली मदद का स्वागत करते हैं।



### म्यांमार में भूकंप , मरने वालों में पांच चीनी नागरिक

यंगून। म्यांमार में शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों में चीन के पांच नागरिक शामिल हैं और 13 अन्य घायल हुए हैं। म्यांमार में चीनी दूतावास ने पुष्टि की है कि म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप में पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हुए हैं। म्यांमार रेडियो और टेलीविजन की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार 7.9 तीव्रता वाले भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,145 हो गई है और 4,589 अन्य घायल हुए हैं जबकि 221 लापता हैं।

## एनसीएलए ट्रंप सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया

**बीजिंग,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। न्यू सिविल लिबर्टीज एलायंस (एनसीएलए) ने 3 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर कराया। इसका उद्देश्य ट्रंप को चीन से आयातित उत्पादों पर टैरिफ लगाने से रोकना है। एनसीएलए ने कहा कि ट्रंप अपने अधिकार से आगे निकल गए।बताया जाता है कि यह मुकदमा फ्लोरिडा की संघीय अदालत में दायर किया गया। एनसीएलए ने ट्रंप के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के अनुसार व्यापक टैरिफ लगाने और 1 फरवरी को टैरिफ लगाने की अनुमति करने का अभियोग लगाया। गौरतलब है कि एनसीएलए एक गैर-लाभकारी सार्वजनिक हित कानूनी संगठन है। कोलंबिया लॉ स्कूल के प्रोफेसर फिलिप हैमबर्गर ने वर्ष 2017 में इसकी स्थापना की।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**वक्फ बिल के खिलाफ ...**

ने वक्फ बिल के विरोध की तख्तियां जलाईं। रांची में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों ने कहा कि वक्फ बिल देश के लिए सही नहीं है, मुस्लिमों के लिए सही नहीं है। बिहार में भी बिल के विरोध में लोग सड़कों पर हैं। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम के कार्यकर्ताओं ने बिल का विरोध किया।

**जामिया के छात्र भी विरोध में उतरे**

संसद में वक्फ संशोधन बिल पास किए जाने के विरोध में दिल्ली में शुक्रवार को कई जगह प्रदर्शन हुए। पुलिस ने भी इसको लेकर पहले से ही तैयारी कर रखी थी। जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय परिसर से लेकर जामा मस्जिद के बाहर तक पुलिस का सख्त पहरा रहा। जामिया मिल्लिया में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के छात्र नेताओं ने 'हम वक्फ संशोधन विधेयक को अस्वीकार करते हैं' लिखी तख्तियां लेकर बिल का विरोध किया। जामा मस्जिद के बाहर मौजूद लोगों ने बिल के विरोध में कहा कि यह सरकार एक धर्म के खिलाफ काम कर रही है। अल्पसंख्यकों और दलितों पर आज अत्याचार हो रहा है। इनकी जमीन छीनी जा रही है। अगला नंबर दूसरे धर्मों के लोगों का है। यह जमीनें जो छीनी जाएंगी वह उद्योगपतियों को सौंपी जाएगी।

**अभिनेता मनोज कुमार...**

नजदीक से देखा था। बताया जाता है कि वह दिलीप कुमार और अशोक कुमार की फिल्मों को देखकर इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने एक्टर बनने का निश्चय कर लिया। इसी के साथ ही उन्होंने अपना नाम हरिकिशन से बदलकर मनोज कुमार रख लिया।

मनोज कुमार एक्टर बनना चाहते थे और जब वह कॉलेज में थे, तो वह थिएटर ग्रुप से जुड़े। दिल्ली से उन्होंने मुंबई का सफर तय किया। मुंबई में मनोज कुमार ने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। 1957 में उनकी फिल्म 'फैशन' आई। इसके बाद 1960 में उनकी फिल्म 'कांच की गुड़िया' रिलीज हुई। बतौर मुख्य अभिनेता के तौर पर यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई और लोग मनोज कुमार को नोटिस करने लगे। इसके बाद तो मनोज कुमार ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**कई सुपरहित फिल्में दी**

मनोज कुमार ने इसके बाद हिन्दी सिनेमा को उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, 'संन्यासी' और 'क्रांति' जैसी सुपरहिट फिल्में दीं।

खास बात यह है कि दिग्गज अभिनेता की फिल्मों में उनका नाम मनोज कुमार ही रहता था। मनोज कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर एक फिल्म बनाई थी, जिसका नाम 'उपकार' रखा गया। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। दुख की बात यह है कि इस फिल्म को पूर्व पीएम देख नहीं पाए थे।

मनोज कुमार को उनकी फिल्मों के लिए 7 फिल्मफेयर पुरस्कार मिले थे। साल 1968 में 'उपकार' ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्मफेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया।

**नक्सलियों के लगाए आईईडी की ...**

मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देवें। ताकि समय रहते आईईडी को निकाला जा सके जिससे सुरक्षा बल, ग्रामीणों, विकास कार्य में लगे कर्मचारियों, शासकीय सेवको एवं वन्य प्राणी को जान माल की हानि होने से बचाया जा सकें।

**हाईकोर्ट ने आरोपी जीजा को ...**

पीड़िता ने पुलिस वालों को अपने बयान में बताया कि उसके साथ दो बार दुष्कर्म हुआ। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो के तहत अपराध दर्ज किया। हालांकि मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। मामले में सुनवाई के बाद पीड़िता और गवाहों के बयान के आधार पर निचली अदालत ने आरोपी को जीवित रहते तक कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके खिलाफ आरोपी ने हाइकोर्ट में अपील की। मामले की सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने माना कि दुष्कर्म के मामले में 16 साल से कम आयु की पीड़िता का बयान ही अपने आप में सबूत है। हालांकि निचली अदालत के फैसले को संशोधित करते हुए हाइकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा को घटाकर 20 साल की कैद में बदल दिया।

## आज का इतिहास

1479-सिक्खों के तीसरे गुरु गुरु अमरदास का जन्म।
1908-भारतीय राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता, सांसद और कैबिनेट मंत्री जगजीवन राम का जन्म।
1922-प्रख्यात भारतीय विदुषी महिला और समाज सुधारक पंडिता रमाबाई का निधन
1930-महात्मा गांधी अपने अनुयायियों के साथ नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी पहुंचे।
1949-भारत स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना।
1964-नौसेना ने पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया।
1975-सऊदी अरब के राजा फ़ैजल की हत्या।
1979-देश का पहला नौसेना संग्रहालय बंबई (मुम्बई) में खुला।
1991-अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 (अटलांटिस 8) का प्रक्षेपण किया गया।
1992-भारतीय तीरंदाज अतानु दास का जन्म। उन्होंने अपने तीरंदाजी कॅरियर की शुरुआत साल 2008 में की थी।
1993-भारतीय अभिनेत्री दिव्या भारती का निधन।
1999-इराक में वियाग्रा पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा।
2001-जासूसी विमान प्रकरण में अमेरिका ने घुटने टेके, चीन के समक्ष खेद प्रकट, संयुक्त राष्ट्र संघ की टीम मिलोसेविच को गिरफ़्तार करने के लिए बेलग्रेड पहुँची।
2002-भारत, म्यांमार एवं थाइलैंड के बीच मोरे-कलावा-मांडले सड़क परियोजना पूरी करने हेतु सहमति।
2003-अमेरिकी संसद में पाक की आर्थिक मदद में कटौती का प्रस्ताव पेश।
2006-सिंगापुर में 45 भारतीयों को आव्रजन अपराधों में गिरफ़्तार किया गया।
2007-ईरान ने 15 ब्रिटिश नौसैनिकों को रिहा किया।
2008-हिन्दी के प्रख्यात आलोचक डॉ. बच्चन सिंह का निधन। पार्वती ओमनाकुट्टन फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड

**विकसित** विगत 10 वर्षों में राष्ट्र ने अनेक नई ऊंचाइयों को छुआ

# पांबन ब्रिज में दिखती है देश की बुलंदी : के अन्नामलाई

**तमिलनाडु, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जब देश का नेतृत्व मजबूत होता है और नए विजन के साथ काम करता है तो नए कीर्तिमान बनते हैं। ऐसी संरचनाएं तैयार होती हैं, जिस पर देश गर्व करे, जिसे देख हर नागरिक अपना सीना चौड़ा कर ले और राष्ट्र की उन्नति के लिए अपना सर्वोत्कृष्ट देने हेतु प्रेरित हो जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को एक ऐसा ही शक्तिशाली और दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। विगत 10 वर्षों में राष्ट्र ने अनेक नई ऊंचाइयों को छुआ है। देश की जीवन रेखा भारतीय रेल ने भी इस अवधि में नए प्रतिमान गढ़े हैं।**

वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत की त्रिवेणी से देश की ट्रेनों को एक नया विकसित आयाम प्राप्त हुआ है। कश्मीर तक सीधी ट्रेन चलाने के लिए चिनाब और अंजी ब्रिजों के निर्माण से देश का मस्तक ऊंचा हुआ है। इसी क्रम में दक्षिण में रामेश्वरम को देश की मुख्य भूमि से जोड़ने के लिए बनाए गए नए पांबन पुल से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को एक नई पहचान मिली है। समुद्री लहरों की चुनौती को पार करते हुए पुल का निर्माण करना एक दुष्कर कार्य माना जाता है। प्रधानमंत्री का स्पष्ट विजन कि जिन परियोजनाओं का वह शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी वही करते हैं, ने देश की ब्यूरोक्रेसी और टेक्नोक्रेसी को सही समय पर योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांबन पुल का शिलान्यास 2019 में किया था। 5 वर्षों की अवधि में रामेश्वरम और भारत की मुख्य भूमि के बीच समंदर के ऊपर नया पुल बनकर तैयार हो गया। और अब नरेन्द्र मोदी ही इस पुल का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इससे पूरे देश में उत्साह है। 2.08 किलोमीटर लंबा यह पुल कई मामलों में विशिष्ट है। इस पुल में 18.3 मीटर के 99 स्पैन और 72.5 मी का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है। यह पुराने पुल की तुलना में तीन मीटर ऊंचा है जिससे बड़े जहाज को पार करने में भी सुगमता होगी। इस पुल में एंटी कोरोजन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। पॉलीसिलाक्सासिन पेंट, उन्नत किस्म का स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंनफोर्स प्लास्टिक के उपयोग से पुल को ऐसी मजबूती मिली है कि यह दीर्घकाल तक टिकाऊ रहेगा।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांबन पुल का शिलान्यास 2019 में किया था। 5 वर्षों की अवधि में रामेश्वरम और भारत की मुख्य भूमि के बीच समंदर के ऊपर नया पुल बनकर तैयार हो गया। और अब नरेन्द्र मोदी ही इस पुल का उद्घाटन करने जा रहे हैं: के अन्नामलाई , अध्यक्ष, भाजपा तमिलनाडु**

## दुनिया को जानें

### चीन ने म्यांमार में अस्थायी पुनर्वास स्थलों का निर्माण किया

**बीजिंग,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। म्यांमार में आए जबरदस्त भूकंप से अब तक 3,145 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि, 4,589 लोग घायल हुए हैं और अन्य 221 लोग लापता हुए हैं। म्यांमार के अग्निशमन विभाग और देसी-विदेशी राहत दलों ने 653 जीवित बचे लोगों को बचाया है। बताया जाता है कि भूकंप से मांडले और नेपीडॉ आदि क्षेत्रों में भारी क्षति पहुंची है। जबरदस्त भूकंप आने के बाद भी लगातार झटके महसूस किए गए। भूकंप ग्रस्त क्षेत्रों में पानी और बिजली की आपूर्ति बाधित है और संचार व्यवस्था भी नष्ट हुई। इसके साथ लगभग 40 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी और मच्छरों के प्रकोप से भूकंप पीड़ित लोगों के जीवन में तमाम कठिनाइयां पैदा हुईं। चीन के विभिन्न जगतों ने समय पर सहायता की। चीन की मदद से पुनर्वास, राहत, जल आपूर्ति और महामारी की रोकथाम आदि कार्य तेजी से चल रहे हैं। चीनी ग्रामीण विकास कोष ने 2 अप्रैल को चीन की आपदा राहत सामग्री का इस्तेमाल कर मांडले क्षेत्र में पहला अंतरराष्ट्रीय अस्थायी पुनर्वास स्थल बनाया। उसी दिन शाम को म्यांमार स्थित चीनी अंतर्राष्ट्रीय ट्रस्ट और निवेश निगम समूह की शाखा कंपनी ने चीनी ग्रामीण विकास कोष के साथ नेपीडॉ में दूसरा अस्थायी पुनर्वास स्थल बनाया।

# खेल जगत

## कमिंस ने हार के लिए फील्डिंग और बल्लेबाजी को जिम्मेदार ठहराया



**कोलकाता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 15वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हाथों 80 रनों की करारी हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम खुद को ही दोषी मानती है। उनके शब्दों ने एसआरएच की रात को बयां कर दिया- फील्डिंग में लापरवाही, डैथ ओवरों में गेंद से भटकाव और बल्ले से पूरी तरह से मात। सीजन का अपना पहला घरेलू मैच खेल रही केकेआर ईडन गार्डन्स में शानदार प्रदर्शन करने के लिए बेताब थी।शुरुआती झटकों के बावजूद जिसमें क्विंटन डी कॉक (1) और सुनील नारायण (7) सस्ते में आउट हो गए, अजिंक्य रहाणे (27 गेंदों पर 38) और युवा अंगकृष रघुवंशी (32 गेंदों पर 50) के बीच एक संतुलित साझेदारी ने मंच तैयार किया। लेकिन पारी के उत्तरार्ध में केकेआर ने वास्तव में अपनी रणनीति बदली।

# चेन्नई के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ चेन्नई सुपर किंग्स के सामने लगातार दिल्ली कैपिटल्स का विजय रथ रोक लगातार तीसरी हार से बचने की चुनौती है

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की अगुवाई में बाएं हाथ के कलाई के लेग स्पिनर कुलदीप यादव व लेग स्पिनर विराज निगम के साथ कामचलाऊ लेग स्पिनर ट्रस्टन स्टब्ज की स्पिन चौकड़ी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स चेन्नई में शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का उसके घर चेन्नै में उसी की 'स्पिन डोज' से इलाज कर जीत की हैट्रिक जमाने के मकसद से उतरेगी। मुंबई इंडियंस पर अपने घर चेन्नै में अंतिम ओवर में चार विकेट से जीत से आगाज करने के बाद सीएसके के सबसे प्रिय बढ़ाते 'थाला' के नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने के चलते इसकी अपने चेन्नई के मैदान पर 50 रन और फिर गुवाहाटी में बेहद करीबी मैच में राजस्थान रॉयल्स से छह रन से लगातार दूसरी हार से उसके बल्लेबाजी क्रम को लेकर खासे सवाल उठाए जाने लगे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के सामने लगातार दिल्ली कैपिटल्स का विजय रथ रोक लगातार तीसरी हार से बचने की चुनौती है। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच में से अंतिम मैच में 20 रन से जीत को छोड़ उससे पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम चेन्नई सुपर किंग्स से लगातार चार मैच हार चुकी थी।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के शुरू के दो मैचों में आठ विकेट चटकाए कुल आठ विकेट और मुकेश कुमार और मोहित शर्मा द्वारा गेंद से रफ्तार के साथ धार दिखाई और अपने स्पिनरों के बुने स्पिन के जाल की बदौलत ही शुरू के दो मैच जीते हैं।पंजाब किंग्स से अपने कमतर नेट रन रेट के कारण उसी की तरह दो मैचों में दो जीत से चार अंक लाने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। केएल राहुल के अपनी 'नन्हीं परी' के जन्म के बाद एसआरएस के खिलाफ दूसरे मैच से टीम से जुड़ने से दिल्ली की बल्लेबाजी को शीर्ष क्रम में जरूरी मजबूती मिल गई है और उसने यह मैच स्टार्क के गेंद से पंजे और फाफ डू प्लेसी के अर्धशतक से सात विकेट से जीता। दिल्ली ने अपने मौजूदा सीजन के पहले बेहद करीबी मैच में लखनऊ सुपर जायंटस अंतिम ओवर में आशुतोष शर्मा के तूफानी अर्धशतक से जीत दर्ज की और दूसरे में अनुभवी फाफ डू प्लेसी के अर्द्धशतक और मिचेल स्टार्क के गेंद के पंजे से उसने एसआरएच को सात विकेट से हराया। दिल्ली कैपिटल्स के लिए शुरू के तीन मैचों में दो अर्धशतक आशुतोष शर्मा और फाफ डू प्लेसी ने लगाए हैं । दिल्ली के अच्छी बात यह है कि जैक फ्रेजर ,फाफ डू प्लेसी , बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, खुद कप्तान अक्षर पटेल और ट्रस्टन स्टब्ज के रूप में सीएसके के बतौर स्पिनर तुरुप के इक्के सबसे ज्यादा तीन मैचों में मौजूदा संस्करण में नौ विकेट चटकाने वाल बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद, तीन मैचों मे तीन विकेट चटकाने वाले अश्विन और एक विकेट चटकाने वाले रवींद्र जडेजा की स्पिन से पार पाने में सक्षम बल्लेबाज हैं।

### 'हर मैच के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत'



'आपको हर मैच के लिए पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है क्योंकि आईपीएल में सभी दसों टीमें में बढ़िया खेलने आई हैं। हमारा फोकस एसआरएच नहीं बल्कि अपने खेल पर था। मैंने एसआरएच के खिलाफ स्टार्क के चार में से दो ओवर फिंकवाए और उन्होंने शुरू के ओवर में तीन विकेट चटका दिए थे। मैं जानता था कि एसआरएच आक्रमण कर रही है तो मैंने शुरू में ही तीसरा ओवर भी दे दिया और यह कारगर रहा।अनुभव अहम होता है और हमारी टीम में दो तीन खिलाड़ी हैं जो कि अलग अलग फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर चुके हैं और वे सभी मैच के दौरान बराबर मुझे सुझाव देते हैं। मैं जो चाहता हूं, करता हूं। हमने खिलाड़ियों को पूरी आजादी दी है।

**-अक्षर पटेल, कप्तान दिल्ली कैपिटल्स**

### 'अच्छी शुरुआत मिल जाए तो हमारी बल्लेबाजी वाकई बढ़िया'



हम अच्छा आगाज नहीं कर पा रहे है। हमें एक बार अच्छी शुरुआत मिल जाए तो फिर हमारी बल्लेबाजी इकाई वाकई बढ़िया है। हमारे लिए अच्छी बात यह है कि हमारे बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं। जडू भाई ने भी बढ़िया गेंदबाजी की । आपको अपनी गेंदबाजी में इसी तरह की लय की जरूरत है। आप विकेट चटका कर दबाव बनाते हैं।पिछले मैच में हम ऐसा नहीं हुआ। हम अपनी फील्डिंग चुस्त कर ले तो हम वाकई बढ़िया टीम है।

**-ऋतुराज गायकवाड़, सीएसके, कप्तान**

# 'टीम को आगे ले जाएगा शुभमल गिल : आशीष नेहरा



■ पांड्या की कप्तानी में, गुजरात ने 2022 सीजन में अपने पहले प्रदर्शन में खिताब जीता

■ अगले सीजन में, गुजरात फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स से हारने के बाद उपविजेता रहा

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात टाइटन्स के हेड कोच आशीष नेहरा ने फ्रेंचाइजी के दीर्घकालिक नेतृत्व की भूमिका के लिए कप्तान शुभमन गिल का समर्थन किया। नंबर 1 रैंक वाला वनडे बल्लेबाज पिछले संस्करण की शुरुआत से पहले पूर्व कप्तान हार्दिक पांड्या के जाने के बाद लगातार दूसरे आईपीएल सीजन में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहा है। पांड्या की कप्तानी में, गुजरात ने 2022 सीजन में अपने पहले प्रदर्शन में खिताब जीता। अगले सीजन में, गुजरात फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स से हारने के बाद उपविजेता रहा। ऑलराउंडर के मुंबई इंडियंस में जाने के बाद, कप्तानी गिल को सौंप दी गई।

नेहरा ने कहा कि पिछले एक साल में शुभमन गिल के साथ मेरी जितनी भी बातचीत हुई है, उससे मुझे लगता है कि एक व्यक्ति अपने अनुभवों से ही सबसे बेहतर सीखता है। इसलिए, इस साल, चीजें और बेहतर होती जाएंगी। फिर से, मेरे लिए, यह सिर्फ नतीजों के बारे में नहीं है। मैं शुभमन गिल को एक व्यक्ति, एक कप्तान और एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देख रहा हूं जो इस टीम को आगे ले जाएगा। नेहरा ने जियो हॉटस्टार के शो 'आवा दे' पर कहा कि अगर शुभमन जैसा खिलाड़ी, जो तीन से चार साल से एक ही टीम का हिस्सा है, जमीन से जुड़ा रहता है, खेल से सीखता रहता है और आगे बढ़ता रहता है - जो कि उसके स्वभाव में है - तो उसके लिए आसमान ही सीमा है। मेरा यही मानना है। अपने कोचिंग दर्शन के बारे में बात करते हुए, नेहरा ने आईपीएल जैसे तेज गति वाले टूर्नामेंट में स्थिरता की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि मेरे लिए, मैं चीजों को सिर्फ कोच के नजरिए से नहीं देखता। अगर मैं खुद को ऐसे माहौल में एक खिलाड़ी की जगह रखूं - व्यस्त आईपीएल, एक लंबा लेकिन तेज गति वाला टूर्नामेंट - तो खिलाड़ियों को सबसे पहले स्थिरता की जरूरत होती है। मुझे ऐसा ही लगता है। मेरा दृष्टिकोण उन्हें बस रहने देना है; यहां कोई भी उन्हें जज नहीं कर रहा है। सबसे पहले, उन्हें बसने की जरूरत है, खासकर जब वे किसी नई फ्रेंचाइजी में शामिल होते हैं। खेल की प्रकृति ऐसी है कि आप चार से पांच खिलाड़ियों को बनाए रखते हैं, और नीलामी में, आपको एक या दो महत्वपूर्ण खिलाड़ी मिल सकते हैं। इसलिए, हर तीन साल के बाद, टीम का 40-50त्न हिस्सा नया होता है। इसका मतलब है कि आपको टीम को फिर से बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे, ठीक वैसे ही जैसे हम अभी स्थिति में हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि अब कोई बायो-बबल नहीं है। अगर कोई होता, तो यह आसान होता। लेकिन अहमदाबाद में, यह अच्छा है कि लोग ज्यादा बाहर नहीं जाते, इसलिए एक तरह से, यह अभी भी एक बबल जैसा लगता है। चुनौती यह है - आप सिर्फ एक हफ्ते में नए खिलाड़ियों के साथ समय कैसे बिताएंगे और उनके साथ तालमेल कैसे बैठाएंगे? यह स्पष्टता के बारे में है - मैदान पर और मैदान के बाहर। बस बुनियादी बातें। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई रॉकेट साइंस है।

# सभी प्रारूपों में लंबाई मेरे लिए मुख्य फोकस : कुलदीप

**चेन्नई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ने से पहले, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उनका मुख्य ध्यान अपनी लंबाई को सही रखना है। जहां



सीएसके लगातार दो हार के बाद आ रही है, वहीं डीसी टूर्नामेंट में कोई भी मैच हारे बिना आ रही है। सभी प्रारूपों में, मैं विशेष रूप से लंबाई पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। लंबाई बहुत महत्वपूर्ण है, और यह डीसी के साथ मेरा चौथा वर्ष रहा है, इसलिए कुछ भी नहीं बदलता है। इतने सारे मैच खेलने के बाद आप परिपक्व हो जाते हैं और समझते हैं कि आपकी ताकत क्या है, और जाहिर है कि गेंद को स्पिन करना मेरी ताकत है। शुक्रवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलदीप ने कहा क इसलिए, मैं लंबाई पर ध्यान केंद्रित करके इसे बहुत सरल रख रहा हूं और हम इस बारे में बात कर रहे हैं। मैंने अपने सभी साक्षात्कारों में इस बारे में बहुत बात की है। इसलिए, मेरे लिए लंबाई महत्वपूर्ण है। यह मैच बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर के रूप में भी दिलचस्प होगा, क्योंकि सीएसके के पास अफगानिस्तान के नूर अहमद के रूप में एक स्पिनर है, जो अब तक उनके सबसे बेहतरीन स्पिनर रहे हैं। कुलदीप ने बताया कि नूर को वे व्यक्तिगत रूप से जानते हैं और उन्होंने बाएं हाथ की कलाई से स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में उनसे बातचीत की है।

# आईपीएल 2025 : अय्यर की पारी के कायल हुए इयोन मार्गन



■ वेंकटेश अय्यर को कोलकाता ने 23.75 करोड़ रुपए में फिर से खरीदा था

■ आईपीएल 2025 वेंकटेश्वर के लिए एक नया मोड़ ला सकती है : मार्गन

कोलकाता, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व इंग्लैंड कप्तान इयोन मॉर्गन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर की 60 रन की धमाकेदार पारी, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 80 रन की बड़ी जीत में अहम रही और यह पारी आईपीएल 2025 में उनके लिए एक नया मोड़ ला सकती है। पहले दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद यह पारी उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकती है। वेंकटेश अय्यर को इस बार की नीलामी में कोलकाता ने 23.75 करोड़ रुपये में फिर से खरीदा था। लेकिन शुरुआती दो मैचों में वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 6 और 3 रन ही बना सके थे। फिर हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 29 गेंदों में 60 रन ठोक डाले, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। मॉर्गन ने जियोहॉटस्टार पर बात करते हुए कहा कि हमने कई बार देखा है कि जब खिलाड़ियों पर बड़ी कीमत का दबाव होता है, तो वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। लेकिन वेंकटेश की यह पारी दिखाती है कि शायद अब उनका सीजन सही रास्ते पर आ जाए और कोलकाता की बल्लेबाजी को मजबूती मिले। इसके साथ ही मॉर्गन ने अजिंक्य रहाणे की शांत और सोच-समझकर की गई कप्तानी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि रहाणे शानदार थे। मैदान पर फैसले लेते समय भावनाओं को एक तरफ रखना एक अच्छे कप्तान की पहचान होती है, और उन्होंने ऐसा ही किया। जब शुरुआती विकेट मिले, तो उन्होंने सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव किए, जिससे मैच को अपने पक्ष में कर लिया शुरुआती झटकों के बाद अंग्कृष रघुवंशी और वेंकटेश अय्यर के अर्द्धशतकों की मदद से केकेआर ने 20 ओवर में 200 रन बनाए। फिर गेंदबाजों ने कमाल कर दिया और हैदराबाद की पूरी टीम को सिर्फ 120 रन पर आउट कर दिया। वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट झटके। मॉर्गन ने केकेआर के इस प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि केकेआर ने सनराइजर्स को पूरी तरह से दबोच लिया।

### आक्रामकता का मतलब हर गेंद पर बड़े शॉट लगाना नहीं : अय्यर

**कोलकाता।** आईपीएल 2025 में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर 80 रनों की शानदार जीत के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर ने कहा कि आक्रामकता का मतलब हर गेंद पर छक्का मारना नहीं बल्कि हर गेंद पर सही इरादा दिखाने से है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में अय्यर ने मात्र 29 गेंदों पर 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 60 रन की शानदार पारी खेली और पिछले सीजन के फाइनल की तरह ईडन गार्डन्स पर गुरुवार को एक अच्छी शुरुआत के बाद केकेआर को 200 रनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## सार संक्षेप

### संस्थानिक लीग : इशान के आठ गोल से दिल्ली ऑडिट की बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** इशान के आठ गोलों की मदद से दिल्ली ऑडिट ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को 13-1 से रौंदकर डीएसए संस्थानिक लीग में पहली जीत का स्वाद चखा। राजधानी स्थित ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में इशान ने दोहरी हैट्रिक सहित आठ गोल जमा कर किसी मैच में सर्वाधिक गोल दागने का सम्मान पाया। उनके अलावा ओबेद ने भी तिकड़ी बनाई और बाकी के दो गोल नितीश और विक्रम ने किए। पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल गौरव ने दागा। दिन के पहले मैच में उत्तर रेलवे ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 2-0 से हराया और जीत की हैट्रिक पूरी करके सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावना को मजबूत किया है। उत्तर रेलवे की जीत में दोनों गोल पुनीत पाल सिंह ने जमाए। ग्रुप 'ए' से डीडीए और डीटीसी पहले ही दौड़ से बाहर हो चुके हैं।

### इंग्लैंड के ओली स्टोन घरेलू सत्र की शुरुआत से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन घुटने की चोट के कारण जुलाई तक क्रिकेट से बाहर रहेंगे। वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मार्च में नॉटिंघमशायर के प्री-सीजन दौरे के दौरान अबू धाबी में स्टोन को दाहिने घुटने में काफी तकलीफ हुई थी। स्कैन से पता चला है कि सर्जरी की जरूरत है, जो इस सप्ताह के अंत में होगी जिसके चलते 31 वर्षीय खिलाड़ी अगले 14 सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। अब वह ईसीबी और नॉटिंघमशायर दोनों की मेडिकल टीमों के साथ मिलकर काम करते हुए पुनर्वास शुरू करेंगे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार स्टोन ने पांच टेस्ट और 10 वनडे मैच खेले हैं और संभवत :20 जून से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज से बाहर हो जाएंगे। स्टोन ने इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट विकेट लिए हैं और वह अपने साथी तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ उपचार के दौर पर है।

# पुणे में इंडियन बिली जीन किंग कप में भारतीय टीम की प्रायोजक बनेगी 'सुहाना'

**पुणे,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 में भाग लेने वाली भारतीय टीम की प्रायोजक देश के प्रमुख मसाला ब्रांड 'सुहाना' होगी। प्रतियोगिता का आयोजन एमएसएलटीए द्वारा एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में घरेलू मैदान पर किया जाएगा। भारत टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार प्ले-ऑफ चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। यह आयोजन भारत में एक दशक, महाराष्ट्र में 25 साल और पुणे में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। सुहाना के अध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि सुहाना तीन दशकों से अधिक समय से प्रवीण ट्रॉफी के माध्यम से जूनियर भारतीय टेनिस का समर्थन कर रहा है। हमें अपने गृह नगर में बीकेजेसी एओ ग्रुप 1 क्वालीफायर से पहले भारतीय महिला टीम के साथ जुड़कर गर्व महसूस हो रहा है।

# ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने जारी किया शेड्यूल, फाइनल 30 अप्रैल को



■ दर्शक इन मुकाबलों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स 3 पर शाम 6 बजे से ले सकेंगे।

**गुरुग्राम (हरियाणा),** 4 अप्रैल (एजेंसियां) 18 अप्रैल से गुरुग्राम में शुरू हो रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) ने अपनी आगामी लीग का पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया है, जिसकी शुरुआत पुरुष मुकाबलों के साथ की जाएगी। जीआईपीकेएल में दिन का पहला मुकाबला तमिल लॉयन्स और पंजाबी टाइगर्स, दूसरा मुकाबला हरियाणवी शार्क्स और तेलुगु पैंथर्स और तीसरा मुकाबला मराठी वल्चर और भोजपुरी लेपर्ड्स के बीच खेला जाना तय है। वहीं महिला मुकाबलों की शुरुआत 19 अप्रैल से होगी, जहां दिन की पहली भिड़ंत मराठी फाल्कन्स और तेलुगु चीतास के बीच देखने को मिलेगी, जबकि अन्य मुकाबले पंजाबी टाइग्रेस बनाम भोजपुरी लेपर्ड्स और हरियाणवी ईगल्स बनाम तमिल लायनेस के बीच खेले जाएंगे। दर्शक इन मुकाबलों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स 3 पर शाम 6 बजे से ले सकेंगे। लीग स्टेज 27 अप्रैल तक चलेगी, जिसके बाद नॉकआउट राउंड शुरू होगा। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल 28 अप्रैल तो महिला वर्ग के सेमीफाइनल 29 अप्रैल को खेले जाएंगे।

# आदिवासी युवक ने क्रिकेट ड्रीम 11 टीम बना कर जीता तीन करोड़ का जैकपॉट

**मिर्जापुर,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के आदिवासी बहुल अतिपिछड़े गांव पंडरिया निवासी एक आदिवासी युवक ने क्रिकेट ड्रीम 11 फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म पर टीम बना कर तीन करोड़ रुपए के सबसे बड़ी जैकपॉट जीता है। इस जीत की यहां अच्छी खासी चर्चा है। इसे क्रिकेट के प्रति दीवानागी कहे या किस्मत की मेहरबानी उस क्षेत्र का जहां शिक्षा अपेक्षा कृत बहुत कम है वहां का निवासी आदिवासी दयाराम कोल ने ऐसी टीम बनाई की उसके भाग्य के दरवाजे खुल गए। उसे इनकम टैक्स काट दो करोड़ दस लाख रुपए मिल भी ग?ए। जिसे उसने अपनी और अपनी पत्नी के नाम मड़िहान स्थित इंडियन बैंक में 70, 70 लाख रुपए का फिक्स डिपॉजिट करा दिया है। शेष पैसे से मकान बनाने एवं गाड़ी खरीदने का प्लान है। असल में पेशे से मुंशी दयाराम कोल को क्रिकेट के प्रति दीवानागी बहुत दिनों से रही है। शायद ही कोई मैच रहा हो जो वह टीबी पर न देखा हो। मैच देखने के लिए भी उसे बड़े जतन करने पड़ते थे। उसे जैकपॉट ड्रीम 11 खेल खेलने का शौक भी था। वह पांच हजार से 75 हजार पहले भी जीत चुके हैं। इस बार आईपीएल के उत्तर प्रदेश की लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स इलेवन के बीच तीन दिन पहले मंगलवार को हुए मैच में टीम बनाकर तीन करोड़ रुपए जीत लिए। इसके लिए बैट लगाई महज 49 रुपये। इसके लिए दयाराम कोल ने अपने बेटे देवेन्द्र के नाम पर आईडी बनाई थी। दयाराम की इस सफलता से जिले में अच्छी खासी चर्चा हो रही है।

# आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर पाकिस्तान के लिए आसान प्रतियोगिता नहीं है : सना मीर



■ सना ने अपने खेल के दिनों में पाकिस्तान को तीन क्वालीफायर में मदद की, 2008, 2011 और 2017 में, बाद के दो में अपने देश की कप्तानी की

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर प्रतियोगिताओं में सना मीर से बेहतर प्रदर्शन करने वाली कुछ ही खिलाड़ी हैं और पाकिस्तान की पूर्व कप्तान का मानना है कि अगला चरण अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी हो सकता है। सना ने अपने खेल के दिनों में पाकिस्तान को तीन क्वालीफायर में मदद की, 2008, 2011 और 2017 में, बाद के दो में अपने देश की कप्तानी की। पाकिस्तान इस साल मेजबान है और वह इस साल के अंत में भारत में होने वाले शोपीस के लिए प्रस्तावित अंतिम दो स्थानों में से एक पर दावा करने की कोशिश कर रहा है, और सना यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि आने वाले हफ्तों में यह कैसे खेलता है। उन्होंने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा कि बहुत उत्साह है, और हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है। यह एक कठिन प्रतियोगिता होगी। वेस्टइंडीज ने पिछले कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है, खासकर हेली मैथ्यूज के नेतृत्व में, बांग्लादेश ने पिछले कुछ वर्षों में वनडे में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने भारत को वनडे में हराया है और दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के लिए, मुझे लगता है कि काफी बदलाव हैं। फातिमा सना एक अच्छी कप्तान हैं, उन्होंने उस भूमिका को संभालने के बाद से वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन यह एक आसान प्रतियोगिता नहीं होगी। आयरलैंड ने अच्छा प्रदर्शन किया है, वे पिछले साल इंग्लैंड को हराने में सक्षम थे, स्कॉटलैंड ने भी कैथरीन ब्राइस के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें पहले की तुलना में अधिक अंतरराष्ट्रीय और लीग अनुभव है। उन्होंने कहा कि आप थाईलैंड की कार्य नीति को कभी भी कम नहीं आंक सकते, उन्होंने बहुत मेहनत की है, और यदि सहयोगी देशों को अधिक अवसर दिए जाते हैं, तो वे वास्तव में बहुत जल्दी आगे बढ़ेंगे। इन सभी चीजों को एक साथ रखने पर, यह एक करीबी टूर्नामेंट होगा। वेस्टइंडीज शायद पसंदीदा है, लेकिन बाकी टीमें काफी कड़ी टक्कर दे रही हैं।

विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025

# हितेश फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने



■ अब उनका सामना फाइनल में इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होगा

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय चैंपियन हितेश ने गुरुवार को फोज डू इगुआकू में विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 के 70 किग्रा मुकाबले में फ्रांस के माकन ट्रोरे को 5:0 से हराकर असाधारण रणनीति का परिचय दिया और फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। भारतीय मुक्केबाज ने ओलंपियन ट्रोरे के खिलाफ शुरुआत में सतर्क रुख अपनाया, लेकिन हमेशा जवाबी हमले की तलाश में रहे। इस रणनीति ने हितेश को मुकाबले की गति को नियंत्रित करने में मदद की और हालांकि उन्हें तीसरे और अंतिम राउंड में पेनल्टी मिली, लेकिन अंतिम परिणाम पर कभी संदेह नहीं हुआ। अब उनका सामना फाइनल में इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होगा। अन्य भारतीयों में, जदुमणि सिंह मंडेंगबाम ने पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जलीलोव से मुकाबला किया, लेकिन 50 किग्रा सेमीफाइनल में 2:3 के विभाजित फैसले के बाद हार गए।

### सुडोकू 6873 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.43 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.30 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.79 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.38 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.27 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 8.59 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 6.15 प्रतिशत |
| एलटी | 4.67 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 4.38 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 93,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,03,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.98 | 90.42 |
| पौंड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5550-5650 |
| दाल चना | 6550-6650 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 8800-8900 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारतीय रेलवे की कोच मैन्युफैक्चरिंग में वित्त वर्ष 25 में हुई 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी

- **वित्त वर्ष 24 में भारतीय रेलवे ने 6,541 कोच मैन्युफैक्चर किए**
- **पिछले दशक में कुल 54,809 कोच की मैन्युफैक्चरिंग हुई**



**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 25 में 7,134 कोच मैन्युफैक्चर किए हैं। इसमें सालाना आधार पर 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 24 में भारतीय रेलवे ने 6,541 कोच मैन्युफैक्चर किए थे। पिछले वित्त वर्ष में गैर-एसी कोचों पर विशेष जोर दिया गया और आम आदमी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 4,601 कोच मैन्युफैक्चर किए गए। रेल मंत्रालय के अनुसार, वार्षिक औसत कोच मैन्युफैक्चरिंग 2004-14 में 3,300 से बढ़कर 2014-24 में 5,481 हो गई है और पिछले दशक में कुल 54,809 कोच की मैन्युफैक्चरिंग हुई है। यह वृद्धि बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने के लिए रेलवे बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण पर भारत के बढ़ते जोर को दर्शाती है। देश में भारतीय रेलवे की तीन कोच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं, जिसमें चेन्नई, तमिलनाडु में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), कपूरथला, पंजाब में रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) और रायबरेली, उत्तर प्रदेश में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार, चेन्नई स्थित भारतीय रेलवे की प्रमुख यात्री कोच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने वर्ष 2024-25 में अपने पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को पार कर लिया है और इसने 3,007 कोच तैयार किए हैं। भारत में कोच मैन्युफैक्चरिंग में पिछले कुछ वर्षों में काफी वृद्धि हुई है। 2004 से 2014 के बीच भारतीय रेलवे ने प्रति वर्ष औसतन 3,300 से भी कम कोच बनाए थे। मंत्रालय ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच रेलवे की कोच मैन्युफैक्चरिंग में बड़ी बढ़त देखी गई और इस दौरान कुल 54,809 या प्रति वर्ष औसतन 5,481 कोच की मैन्युफैक्चरिंग हुई। यह बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनने के रेलवे के प्रयास के अनुरूप है।

## भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 41,929 मालगाड़ी के डिब्बों का किया निर्माण



**यह 2004-2014 के बीच निर्मित 13,262 वैगन के वार्षिक औसत में एक जबरदस्त उछाल है, जो विनिर्माण क्षमता और दक्षता में वृद्धि को दर्शाता है'**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2025 में अब तक का सर्वाधिक 41,929 वैगन (मालगाड़ी के डिब्बे) का निर्माण किया है, जो वित्त वर्ष 2024 में निर्मित 37,650 वैगन से अधिक है। रेल मंत्रालय ने कहा कि यह 2004-2014 के बीच निर्मित 13,262 वैगन के वार्षिक औसत में एक जबरदस्त उछाल है, जो विनिर्माण क्षमता और दक्षता में वृद्धि को दर्शाता है। पिछले तीन वर्षों में कुल वैगन उत्पादन 1,02,369 इकाई तक पहुंच गया, जिससे रेलवे की माल ढुलाई क्षमता में वृद्धि हुई। इस वृद्धि से माल ढुलाई की अड़चनें कम होने और रेल माल ढुलाई में वृद्धि होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा, ये आंकड़े सालाना वैगन उत्पादन में शानदार वृद्धि दर्शाते हैं, जो घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने के साथ माल ढुलाई में सुधार करने के सरकार के दृष्टिकोण को भी उजागर करता है। ?

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय इंजीनियरिंग सामान निर्यात पर होगा असर : ईईपीसी



**27 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ भारत से निर्यात को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त: पंकज चड्ढा**

**कोलकाता,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के नए पारस्परिक टैरिफ नीति का भारतीय इंजीनियरिंग सामान के निर्यात पर नकारात्मक असर पड़ेगा, खासकर पहले वर्ष तक या जबतक कि भारत अन्य बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत नहीं कर लेता। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में अमेरिका को भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 17.27 अरब डॉलर रहा, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 15.95 अरब डॉलर की तुलना में 8.3 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि प्रस्तावित 27 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ भारत से निर्यात को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त है।

ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका में सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। श्री चड्ढा का कहना है, 'हमारे प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, अमेरिका को इंजीनियरिंग सामान का निर्यात पहले वर्ष में चार-पांच अरब डॉलर तक घट सकता है। हालांकि, वास्तविक प्रभाव अमेरिकी बाजार की इन शुल्कों को अवशोषित करने की क्षमता पर निर्भर करेगा।' अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि भारतीय निर्यातकों को उच्च अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि भारत और अमेरिका के बीच चल रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) की बातचीत से भारतीय उत्पादों पर प्रस्तावित टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सकेगा।

## स्टार एयर बेलगावी से क्षेत्रीय उड़ानों का विस्तार करेगी

- **स्टार एयर बेंगलुरु-बेलगावी-बेंगलुरु मार्ग पर सेवाएं फिर से शुरू करेगी**



**बेंगलुरु,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। संजय घोडावत समूह की एयरलाइन स्टार एयर अप्रैल-मई में नए और उन्नत मार्गों के साथ बेलगावी से क्षेत्रीय मार्गों पर अपने नेटवर्क का विस्तार करने की योजना घोषित की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को कहा कि वह इस माह के मध्य से बेंगलुरु-बेलगावी-बेंगलुरु मार्ग पर सेवाएं फिर से शुरू करेगी तथा बेलगावी-जयपुर-बेलगावी क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत परिचालन जारी रखेगी।एयरलाइन इसी माह के मध्य से बेलगावी-पुणे-बेलगावी के बीच उड़ानें शुरू होने की भी तैयारी कर रही है। एयरलाइन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि वह चुनिंदा मार्गों पर बिजनेस-क्लास केबिन की सुविधा वाले उन्नत एम्ब्रेयर ई175 विमान पेश करेगी, जो यात्रियों के लिए बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करेगा।एयरलाइन मई से बेलगावी -मुंबई -कोल्हापुर मार्ग पर उन्नत एम्ब्रेयर ई175 विमान की सेवाएं देने जा रही है जिससे यात्रियों की सुविधा और क्षमता में वृद्धि होगी। स्टार एयर मई के मध्य से बेलगावी से हैदराबाद के बीच उड़ानें शुरू करेगी। स्टार एयर की मुख्य वाणिज्यिक एवं विपणन अधिकारी शिल्पा भाटिया ने कहा कि स्टार एयर सुरक्षित, विश्वसनीय और आरामदायक हवाई यात्रा की पेशकश करते हुए अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भारत में वाणिज्यक पोतों का बेड़ा बढ़ाया जाए, निजी क्षेत्र को बराबरी का महत्व दिया जाए : अनिल



**दुनिया के 98 फीसदी कमर्शियल फ्लीट का संचालन या तो चीनी कंपनियों द्वारा किया जाता है या चीन में निर्मित जहाज़ों में ही होता है: अनिल अग्रवाल**

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। धातु और खनन क्षेत्र के दिग्गज उद्यमी और वेदांता समूह के प्रमुख अनिल अग्रवाल ने वाणिज्यिक समुद्रीय पोत परिहन क्षेत्र में चीन के वर्चश्व का उल्लेख करते हुए भारत में जहाजरानी क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर बल दिया है और इसे रणनीतिक महत्व का विषय बताया है।

उन्होंने इस क्षेत्र में निजी कंपनियों को सार्वजनिक उपक्रमों के बराबर मान दिए जाने की जरूरत पर बल दिया है। वेदांता लि. के चेयरमैन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'क्या आप जानते हैं कि चीन के कमर्शियल फ्लीट (वाणिज्यिक पोतों के बेड़े) में 5000 से अधिक बड़े जहाज हैं जबकि भारत के पास 500 से भी कम जहाज़ हैं।' इसी पोस्ट में उन्होंने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय कारोबार में मुख्य रूप से चीनी जहाजों का ही प्रभुत्व है। वास्तव में दुनिया के 98 फीसदी कमर्शियल फ्लीट का संचालन या तो चीनी कंपनियों द्वारा किया जाता है या चीन में निर्मित जहाज़ों में ही होता है। उन्होंने कहा है कि भारत के तीन ओर समुद्र हैं और समुद्री राष्ट्र के रूप में भारत का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा है, 'तो आइए अपने शिपिंग उद्योग को पुनर्जीवित करें। सार्वजनिक एवं निजी सेक्टर के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए। इस लक्ष्य में सभी एक समान हैं। अगर हम शिपिंग की बात करें तो हमारे सामरिक हितों के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।'

### सार संक्षेप

#### जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लि. ने राइट्स निर्गम से जुटाए 100 करोड़

**मुंबई।** जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने राइट्स इश्यू के जरिए 100 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है। कंपनी की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पूंजी आंशिक रूप से भुगतान किए गए राइट्स इश्यू के जरिए जुटाई गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस निर्गम में से 50 करोड़ रुपए की पहली किस्त पहले ही जुटाई जा चुकी है और शेष 50 करोड़ रुपए जरूरत के हिसाब से कॉल पर जुटाए जाएंगे। इस पूंजी का उपयोग जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के विस्तार किया जाएगा। जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अमिताभ मोहंती ने कहा, 'पिछले तीन वर्षों में, हम देश भर में अपनी शाखाओं के माध्यम से अपने वितरण तंत्र और संपर्क केंद्रों को बढ़ाकर जेएम फाइनेंशियल म्यूचुअल फंड ब्रांड के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

#### फायर्स ने एफआईए किया पेश

**बेंगलुरु।** टेक-संचालित स्टॉकब्रोकिंग प्लेटफॉर्म फायर्स ने एफआईए (फायर्स इंटेलिजेंट असिस्टेंट) लॉन्च किया है। यह एक एआई-पॉवर्ड स्क्रीनर क्रिएटर है जो इसके मदद से सरल, प्राकृतिक लैंग्वेज़ इनपुट की मदद से कारोबारी को प्राईस, वॉल्यूम, और ओपन इंटरेस्ट (ओआई) डेटा का उपयोग कर हाथों-हाथ स्टॉक स्क्रीनर्स का निर्माण करने में समर्थ बनाता है। फायर्स के सह संस्थापक एवं सीईओ तेजस खोडे ने आज यह घोषणा करते हुये कहा कि एफआईए के लॉन्च के साथ ही इसके द्वारा 1 लाख स्क्रीनर्स का निर्माण किया जा चुका है। अपने बीटा फेज़ में इस प्रोडक्ट को 85 प्रतिशत रिटेंशन रेट प्राप्त हुआ है, जिससे भारत के ट्रेडर समुदाय में इसकी उपयोगिता और एडॉप्शन प्रदर्शित होते हैं।एफआईए द्वारा ट्रेडर्स बायपास फिल्टर्स को छोड़कर इंग्लिश में सरल पूछताछ द्वारा मार्केट डेटा उत्पन्न कर सकते हैं, एफआईए लाईव मार्केट डेटा द्वारा तुरंत परिणाम पेश करता है, जिससे ट्रेडर्स के लिए पारंपरिक जटिल टूल्स के बिना ही अवसरों को पहचानना आसान हो जाता है।

#### बेस्ट पावर इक्विपमेंट्स ने आसियान बजार में कदम रखा

**नई दिल्ली।** यूपीएस और बिजली के अन्य समाधानों की आपूर्तिकर्ता बेस्ट पावर इक्विपमेंट्स (बीपीई) ने फिलीपींस और अन्य आसियान क्षेत्रों में प्रवेश के लिए फिलीपींस की कंपनी टोटलपावर के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। कंपनी ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि यह सहयोग फिलीपींस और व्यापक आसियान क्षेत्र में डेटा केंद्रों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक सुविधाओं सहित उद्योगों में ऊर्जा विश्वसनीयता को बढ़ाएगा। दोनों कंपनियों ने नोएडा में एक कार्यक्रम में व्यावसायिक करार पर हस्ताक्षर किए । बीपीई के प्रबंध निदेशक अमितांसु सत्पथी ने बयान में कहा, 'यह साझेदारी हमें आसियान बाजारों में विश्व स्तरीय, विश्वसनीय बिजली समाधान लाने में सक्षम बनाएगी, जबकि भारत की स्थिति को वैश्विक बिजली प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में आगे बढ़ाएगी।'

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 665.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी



तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 658.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.2 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 565.01 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.9 करोड़ डॉलर उछलकर 77.8 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.6 करोड़ डॉलर लुढ़ककर 4.41 अरब डॉलर पर आ गई।

## आरबीआई ने विदेशी व्यापार के लिए नए मसौदा विनियम और निर्देश जारी किए



**मुंबई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना और सभी नियमों को एक ही दस्तावेज में समाहित करने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत निर्यात और आयात के लिए नए मसौदा विनियम और निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि उसने 02 जुलाई, 2024 को जनता से मसौदा विनियमों और निर्देशों पर टिप्पणियां और सुझाव मांगे थे। विभिन्न हितधारकों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं और चर्चा के आधार पर इन मसौदा विनियमों और निर्देशों को और बेहतर बनाया गया है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि इसका उद्देश्य व्यापार प्रक्रिया को सरल बनाना, सभी दिशा-निर्देशों को एक समेकित दस्तावेज में शामिल करना और अधिकृत डीलरों के लिए निर्यात और आयात से संबंधित लेनदेन की प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना है। आरबीआई ने सभी संबंधित पक्षों से 30 अप्रैल, 2025 तक 'फेमा के तहत निर्यात और आयात पर मसौदा विनियमों और निर्देशों पर प्रतिक्रिया' विषय पंक्ति के साथ ईमेल के माध्यम से टिप्पणियां और सुझाव भेजने का आग्रह किया है।

## पावरग्रिड कॉर्पोरेशन बॉन्ड से जुटाएगी 6000 करोड़

**मुंबई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की विद्युत पारेषण क्षेत्र की महारत्न कंपनी पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में असुरक्षित बॉन्ड के माध्यम से 6000 करोड़ रुपए जुटाने की आज घोषणा की। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6000 करोड़ रुपये के असुरक्षित, गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, भुनाने योग्य और कर योग्य बॉन्ड जारी करने की घोषणा की है। यह बांड पावरग्रिड बॉन्ड्स एलएक्सएक्सएक्सआई (81वीं) इश्यू के तहत जारी किए जा रहे हैं। कंपनी की बॉन्ड्स समिति ने इस प्रस्ताव को 04 अप्रैल 2025 को हुई बैठक में मंजूरी दी। बांड इश्यू का कुल आकार 6000 करोड़ रुपए है, जिसमें से 1,500 करोड़ रुपए का बेस इश्यू और 4500 करोड़ रुपए का ग्रीन शू विकल्प शामिल है।

पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ने बताया कि ये बॉन्ड बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। बॉन्ड की अवधि 10 वर्ष होगी और इसे परिपक्वता पर मूल कीमत पर भुनाया जाएगा। इसके ब्याज का भुगतान सालाना किया जाएगा। यह इलेक्ट्रॉनिक बुक प्रोवाइडर (ईबीपी) प्लेटफॉर्म पर प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाएगी। ये असुरक्षित बांड हैं, यानी इनमें किसी विशिष्ट संपत्ति को गिरवी नहीं रखा गया है। इन बांड में किसी भी तरह के विशेष अधिकार, ब्याज लाभ या विशेष सुविधाएं नहीं दी जाएंगी।

## महाराष्ट्र सरकार ने ट्रेड सर्टिफिकेट्स को लेकर ओला इलेक्ट्रिक को जारी किया नोटिस

**पुणे,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड को ट्रेड सर्टिफिकेट्स को लेकर नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सरकार ने कंपनी से पूछा है कि राज्य में मौजूद फर्म के कुछ स्टोर्स कैसे बिना ट्रेड सर्टिफिकेट्स के ऑपरेट कर रहे थे। राज्य के परिवहन आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, महाराष्ट्र में कई ओला इलेक्ट्रिक शोरूम और सर्विस सेंटर बिना जरूरी दस्तावेजों के चलाए जा रहे हैं। एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट के अनुसार, नोटिस में कंपनी पर इन अनधिकृत दुकानों के जरिए अवैध रूप से वाहन बेचने का भी आरोप लगाया गया है। 31 मार्च को जारी किए गए इस नोटिस में कंपनी को जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है।

नोटिस में कहा गया, 'यह बहुत गंभीर मामला है और कंपनी से अनुरोध है कि तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण दें कि इस कार्य के लिए आपकी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।'

## खाद्य तेलों में टिकाव, मूंग और उड़द दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजार में जारी भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग आने से मूंग दाल और उड़द दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 110 रिंगिट लुढ़ककर 4701 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.66 सेंट की गिरावट के साथ 45.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल और उड़द दाल में 150-150 रुपए प्रति क्विटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 31 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब डॉलर पर

**कोलकाता,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच निवेशकों के बढ़ते भरोसे की बदौलत इस वर्ष की पहली तिमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। कोलियर्स की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि में वाणिज्यिक ऑफिस स्पेस में सबसे अधिक निवेश हुआ, जो कुल निवेश का 48 प्रतिशत यानी 62.4 करोड़ डॉलर है। औद्योगिक और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में 27 प्रतिशत अर्थात 35.1 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ। इसी तरह आवासीय क्षेत्र में कुल निवेश का 15 प्रतिशत यानी 19.5 करोड़ डॉलर रहा। रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश का 72 प्रतिशत विदेशी संस्थागत निवेशकों से आया, जिसमें सिंगापुर, कनाडा और अमेरिका के निवेशक सबसे आगे रहे। घरेलू निवेशकों की भागीदारी भी बढ़ी, जो पिछले साल के 22 प्रतिशत से बढ़कर 28 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक



दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) ने कुल निवेश का 19 प्रतिशत यानी 24.7 करोड डॉलर निवेश आकर्षित किया, जो पिछले साल की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है। ग्रेड-ए कार्यालय स्पेस की मांग में वर्ष 2025 तक 18-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की उम्मीद है, जिसमें गुरुग्राम और नोएडा का बड़ा योगदान रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, प्रीमियम वाणिज्यिक भवनों में औसत किराया रिटर्न सात से आठ प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। आवासीय बाजार में भी तेजी, खासकर मिड और लक्जरी होम्स की मांग में। वर्ष 2025 की पहली तिमाही में नई लॉन्चिंग में 24 प्रतिशत की बढ़त देखी गई।

कोलियर्स के अनुसार, दिल्ली एनसीआर में वर्ष 2025 तक कुल 80 से 90 करोड़ डॉलर का संस्थागत निवेश हो सकता है। इसके पीछे सरकारी नीतियों, बेहतर नियमों और क्षेत्र की आर्थिक अहमियत का बड़ा योगदान होगा। रॉयल ग्रीन रियल्टी के प्रबंध निदेशक यशांक वासन ने कहा, 'वर्ष 2025 की पहली तिमाही में संस्थागत निवेश में 31 प्रतिशत की वृद्धि यह दर्शाती है कि भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। दिल्ली एनसीआर विशेषकर गुरुग्राम और नोएडा में, ग्रेड-ए कार्यस्थलों की उच्च मांग और द्वारका एक्सप्रेसवे के आसपास की संपत्तियों के कारण निवेशकों का रुझान बढ़ रहा है।' मैप्सको ग्रुप के निदेशक राहुल सिंगला ने कहा, 'यह सिर्फ पूंजी प्रवाह का मामला नहीं है बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था, शहरी विकास और बुनियादी ढांचे में निवेशकों के बढ़ते विश्वास का संकेत है।

# विधायक रोहित साहू ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर दिए कड़े निर्देश



**कहा– लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती की समस्या का त्वरित निदान करें**

राजिम, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। विधायक रोहित साहू क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए दिन रात लगातार प्रयासरत हैं। सुबह से ही घर में जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याएँ सुनते हैं फिर क्षेत्र के दौरे के दौरान भी उनका यह क्रम निरंतर जारी रहता है। कहीं बीच में समय निकालकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर इन कार्यों को गति देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इसी तारतम्य में क्षेत्र में हो रही विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में राजिम विधानसभा क्षेत्र में बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक ली। इस दौरान समस्याओं के समाधान को लेकर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। विधायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आम जनता की ओर से मिले अनेक समस्याओं व सुझावों पर त्वरित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि क्षेत्र का कोई भी गांव विद्युत कटौती से प्रभावित नहीं रहना चाहिए। सभी जगह बिजली की पूर्ति पूर्ण रूप से होनी चाहिए। जहां ट्रांसफार्मर और नए पोल, तार लगवाने की जरूरत हो वहां पर लगवाने का कार्य करें ताकि किसी भी जनता को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कृषि पम्पों को भी निर्बाध रीके से विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करें तथा कहीं भी लो वोल्टेज की समस्या न हो, यदि ऐसी समस्याएं हैं तो इसका त्वरित निराकरण करें। इसके अलावा विद्युत विभाग के अधीन जितने भी नए स्वीकृत कार्य चल रहे हैं उन्हें तत्काल समयसीमा में पूर्ण करें ताकि इन योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को हो।

# आज छग पेंशनधारी कल्याण जिला संघ की बैठक

बलौदाबाजार, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अंतर्गत जिला संघ बलौदाबाजार की प्रथम बैठक 5 अप्रैल को पेंशनधारी कल्याण संघ भवन बलौदाबाजार में आयोजित है। बैठक दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगी जिसमें संघ की आगामी कार्यक्रमों एवं पेंशनरों की समस्या व आवश्यकता पर चर्चा होगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला इकाई के निर्वाचन व शपथ ग्रहण पश्चात यह पहली बैठक है।


### U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932

Be it known to all that the partnership firm M/s "BABA MAHAKAL REALITIES", Address 5003-5007, 5th Floor, Currency Tower, VIP Chowk, Raipur (C.G.) having Firm Registration No "222020458474" has undergone changes by which Mr. Neeraj Agrawal S/o Mr. Ashok Kumar Agrawal and Mr. Rahul Agrawal S/o Mr. Om Prakash Agrawal have joined the firm with effect from 11.03.2025

**Seeta Energen Pvt Ltd**
(Through Director-Mr. Neeraj Agrawal)
Partner of M/s Baba Mahakal Realities

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी:राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक [illegible]

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती अन्नपूर्णा धुरंधर पिता/पति स्व. राजेन्द्र कुमार धुरंधर पता ग्राम कोरमा पो. भिसा, तहसील आरंग जि. रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 202/102 0.0220 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सुनीता सिंह चंदेल पिता/पति श्री सुरेश सिंह चंदेल पता म.नं. 163 बोरियाखुर्द रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02 ए मामले की श्रेणी:राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00077 नकटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725000013

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00077 के अंतर्गत ग्राम नकटी के वर्तमान भूमिस्वामी [illegible] पिता/पति किशोरी लाल [illegible] पता जवाहर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 578/2 0.4050, 580/1 0.4370, 582/2 0.4050, 583 0.4050, 584 0.4050, 585/6 2.0320, 556/1 0.0160, 585/12 0.2500, 582/1 0.4050 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] पिता/पति किशोरी लाल बगड़िया पता जवाहर नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02 ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

फार्म 'अ'

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री आदर्श बंजारी पिता स्व.श्री राजू बंजारी निवासी महामाईपारा धीवर मोहल्ला पुरानी बस्ती जिला रायपुर एवं कु.धनेश्वरी तारक पिता श्री फंदुराम तारक निवासी 91, यादवपारा वार्ड नं. 06 पो.आ. सिवनी चुसेरा तहसील अभनपुर जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 01 मई, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा वह शून्य माना जावेगा। आज दिनांक 02 अप्रैल, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — विवाह अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी:राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं.-00063 शंकर नगर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक [illegible]

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00063 के अंतर्गत ग्राम शंकर नगर के वर्तमान भूमिस्वामी [illegible] के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1202/17 0.0740 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी:राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं.-00062 [illegible] ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक [illegible]

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम [illegible] के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1330/102 0.0030 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02 ए मामले की श्रेणी:राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं.-00077 नकटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725000012

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00077 के अंतर्गत ग्राम नकटी के वर्तमान भूमिस्वामी आनंद वाटिका द्वारा [illegible] अग्रवाल [illegible] के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक [illegible] 2020, [illegible] 598/1 [illegible] में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आनंद वाटिका द्वारा [illegible] गीरीशंकर [illegible] के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक [illegible] को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02 ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### आम सूचना

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार आरंग

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00019 बाना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-20242510413424

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00019 के अंतर्गत ग्राम बाना के वर्तमान भूमिस्वामी धनीराम पिता/पति बोधीराम पता बाना के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 981/1 0.2700, 81 0.1500 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मुकुंद कुमार साहू पिता/पति धनीराम साहू पता बाना के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थात न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार आरंग

**कार्यालय नगर पालिका निगम भिलाई**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./जोन-3/न.नि./2025/1352/ — भिलाई, दिनांक 28.03.2025

लोक कर्म विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई टेंडर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc. cgstate. gov. in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर नं. | अनुमानित निविदा लागत (लाख में) | अमानत राशि | श्रेणी | ई-टेंडर आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत हैण्डपंप संधारण कार्य सामाग्री सहित। | 166405 | 20.50 | 16000.00 | द से प्रवर श्रेणी | 28.03.2025 से 21.04.2025 तक |

**नोट:-** 1. धरोहर राशि Offline जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.04.2025 शाम 5.30 बजे तक कार्यपालन अभियंता/जोन आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पक्ष में निक्षेप होगा। 2. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट http://eproc. cgstate. gov. in में उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट पर देखें।

जोन आयुक्त, जोन-3

**कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

क्र./39/न.पा./लो.नि.वि. 2025-26 — आरंग, दिनांक 04.04.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 166612 | Extention of D.I. Pipe-line at Ward no. 01, 03, 04,05, 09 & 15 | 33.43 | 23.04.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र... ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम खपरी आर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामावतार ध्रुव पिता श्री गोविन्दराम ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम खपरी आर प0ह0नं0 47 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने माता श्रीमती जानाबाई ध्रुव पति श्री गोविन्दराम ध्रुव माता का नाम श्रीमती नरबदीया ध्रुव की मृत्यू दिनांक 15.01.2003 स्थान) ग्राम खपरी आर का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत खपरी आर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 09/04/2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 09/04/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक. 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षरएवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया( छत्तीसगढ़ )

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..... अ/20( 3 )
वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मनीष मंधानी पिता राजेश कुमार संघानी एवं 03 निवासी सदर बाजार भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 12-डी, भू-खण्ड क्रमांक 34/9, क्षेत्रफल 88 वर्गमीटर, निर्धारण 120.00 रुपये भूमि नजूल अभिलेख में धारक राजेश कुमार पिता किशनलाल मंधानी निवासी भाटापारा के एकल नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के धारक राजेश कुमार पिता किशनलाल मंधानी की दिनांक 26.08.2024 को मृत्यु हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनके नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदकगण अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, मेंटेनेंस खसरा, मृत्यू प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 11/04/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकिाकारी भाटापारा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........अ/2, वर्ष, 2024-25
वाद भूमि ग्राम लिमतरा प.ह.नं. 03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम लिमतरा प.ह.नं. 03 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल रात्रे पिता मोहनलाल रात्रे निवासी ग्राम लिमतरा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम लिमतरा प.ह.नं. 03 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 1373/6 रकबा 0.0400 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नंबर 1373/6 रकबा 0.0400 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा एवं व बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 15/04/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र........अ/2, वर्ष, 2024-25
वाद भूमि ग्राम लिमतरा प.ह.नं. 03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम लिमतरा प.ह.नं. 03 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरिता ठाकुर पति सत्यनारायण ठाकुर निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम लिमतरा प.ह.नं. 03 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 778/1, 778/3, 1319/3, 1345/1, 1346/1, 1348/1 रकबा क्रमशः 0.0400, 0.0400, 0.0300, 0.0692, 0.1800, 0.1800 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि खसरा नंबर 778/1, 778/3, 1319/3, 1345/1, 1346/1, 1348/1 रकबा क्रमश: 0.0400, 0.0400, 0.0300, 0.0692, 0.1800, 0.1800 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा एवं व बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 15/04/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम अकोली में पहनं. 19 तहसील नांदघाट जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदक श्री सुनील देवराज पिता सुरेश देवराज जाति सतनामी साकिन अकोली प.ह.नं.19 ने आवेदन पत्र वास्ते जन्म पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है. कि अपने स्वयं क सुनील देवराज पिता सुरेश देवराज% का जन्म दिनांक 05/07/1997 में ग्राम अकोली में हुआ है। जिनका जन्म पंजीयन भूलवश आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका जन्म पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के जन्म पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो. तो दिनांक 07/04/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 18/03/2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — कार्यपालिक दंडाधिकारी तहसील नांदघाट

**कार्यालय कृषक सेवा सहा. समिति मर्यादित राजिम**
**पं.क्र.1190 जिला-गरियाबंद छ.ग.**

क्रमांक / 2024-25/Q — राजिम, दिनांक 04/04/2025

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की उपयोजना हरित क्रांति विस्तार योजना (BGREI) के अंतर्गत ग्राम बरोण्डा में 200 मि.टन गोदाम निर्माण कार्य हेतु छ.ग. लो.नि. विभाग के एकीकृत पंजियन प्रणाली अर्तगत पंजीकृत ठेकेदारो से लो.नि. विभाग के दिनांक 01/01/2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. से प्रतिशत दर आधार पर दो लिफाफा पद्धति से मुहरबंद निविदाएं पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 05/05/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/04/2025 को अपरान्ह 4.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदार से प्राप्त निविदाएं दिनांक 05/05/2025 को अपरान्ह 4.00 बजे खोली जवेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि (GST सहित) | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम बरोण्डा में 200 मि.टन खाद गोदाम निर्माण कार्य | 16.50 | 20000.00 | 885.00 | उपयुक्त श्रेणी | 08 माह |

ठेकेदार आवेदन के साथ निम्न दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करे एवं मिलान हेतु मूल प्रति साथ मे लावे:- (1) (अ) विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र, (ब) पेन कार्ड एवं विगत वर्ष का आयकर रिटर्न, (स) बैंक साल्वेंसी जो 12 माह से पुराना न हो, (द) जी.एस. टी. पंजीयन प्रमाण पत्र, (य) समान कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र, (2) जिन ठेकेदारो द्वारा पूर्व में बैंक समिति में लिया गया कार्य नही किया है अपूर्ण किया है / अनुबंध निरस्त हुआ है उन्हें निविदा प्रपत्र नहीं दिए जावेंगे (3) प्रथम लिफाफे में अमानत की राशि का एफ.डी.आर. कृषक सेवा सहा. समिति मर्यादित राजिम के पक्ष मे देय होगा तथा कर्मचारी भविष्य निधि सगंठन (ई पी.एफ.) जीवित पंजीयन जो निविदा आमंत्रण से पूर्व दिनांक के विगत तीन माह की अवधि में जमा किये गये ई.पी.एफ. चालान की प्रति भरकर प्रस्तुत करना होगा अन्यथा द्वितीय लिफाफा नही खोला जावेगा (4) विलंब से प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकार नही की जावेगी (5) कोई भी सामग्री बैंक द्वारा प्रदाय नही की जावेगी (6) रायल्टी एवं अन्य शासकीय टैक्स ठेकेदार द्वारा नियमानुसार देय होंगे (7) किसी भी निविदा या समस्त निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत, निरस्त करने का अधिकार समिति को है (8) आवश्यकतानुसार निगोशिएशन किया जावेगा (9) निविदा के संबंध में अन्य जानकारी एवं विस्तृत शर्ते कार्यालय में कार्यालयीन अवधी में देखी जा सकती है।

प्रबंधक
कृषक सेवा सहा. समिति
राजिम

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202503241400006
अ-2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक खेमचंद आ. बिसौहाराम जाति तेली निवासी ग्राम कुरदी तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम/नगर कुरदी स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 401 रकबा 0.05 हेक्टे. में से 0.05 हेक्टे. भूमि को गैर कृषि प्रयोजनार्थ औद्योगिक प्रयोजन (कटिंग पालिश मशीन) के लिये व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तुति व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 7-4-2025 तक स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 17-3-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

गुण्डरदेही दिनांक-17-3-2025

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) गुण्डरदेही, जिला बालोद ( छ.ग. )

**न्यायालय नजूल अधिकारी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक,861, नजूल, वाचक-2, 2025
बलौदाबाजार दिनांक 02.04.2025

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शाहिना बेगम पति इमरान खान जाति मुस्लिम निवासी मेन रोड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 14 सी प्लाट नं. 14/7 क्षेत्रफ्ल 834 वर्गफीट भू-भाटक 77.00 रू. की भूमि भू-धारक इमरान खान पिता मोहम्मद इस्माइल खान जाति मुस्लिम सा.देह के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त नजूल भूमि के भू-धारक/दानदाता इमरान खान पिता मोहम्मद इस्माइल खान जाति मुस्लिम द्वारा आवेदिका के पक्ष में दिनांक 25.03.2025 को पंजीकृत दानपत्र निष्पादित किया है। जिसके आधार पर अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त फौती नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 16.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी बलौदाबाजार

**न्यायालयः-प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बलौदाबाजार छ.ग. (पीठासीन अधिकारी कु. सारिका नन्दे)**
**उपस्थिति हेतु समंस**

आदेश 5 नियम 20-1 व्य.स.
प्रो. कं. 266 प्र.कं. 26ए/25
प्रति,
आम जनता जिनका इससे संबंध हो

श्रीमति उर्मिला वर्मा बनाम श्रीमति राजकुवंर, श्रीमति उर्मिला वर्मा उम्र 51 वर्ष पिता प्यारे लाल वर्मा निवासी ग्राम कुकुरदी तहसील व थाना बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.। आप प्रतिवादी के विरूद्ध सिविलडेथ एवं एकल स्वामित्व की घोषणा वाद संस्थित किया गया है। प्रतिवादी इस न्यायालय में नियत तारीख 21.04.2025 को दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। प्रतिवादी न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस दावे से संबंधित सारवान प्रशनों के उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिये जा रहे है कि आप इन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जें या शक्ति में हो पेश करें। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दसतावेजो पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए आप ऐसे लिखित कथन के साथ उपलब्ध कराये जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**टीप:-** यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश कर्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 20.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर दिया गया।

सील — ( कु. सारिका नन्दे ) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बलौदाबाजार ( छ.ग. )

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क.202504211100011
अ/20 ( 3 ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार मकरेजा पिता शत्रुघ्न मकरेजा निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 11-डी, भूखंड क्रमांक 116, क्षेत्रफल 150 (1615.00 वर्गफुट) वर्गमीटर निर्धारण 82.00 रु. भूमि को अनावेदकगण/विक्रेतागण नरेन्द्र कुमार, निखलेश कुमार पिता दौलतराम बधवानी से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20/03/2025 को बैनामा कीमती 17,06,000.00 रुपये अक्षरी सत्रह लाख छ: हजार रुपये में क्रय किया है। उक्त विक्रय विलेख के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदकगण / विक्रेतागण का नाम विलोपित कर आवेदक अपने नाम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ विक्रयपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 16/04/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..... अ/20 ( 3 )
वर्ष 2024-25

एतद व्दारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार साहू पिता रामसिंह निवासी महाबीर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल शीट नंबर 06-अ, प्लाट नंबर 96/1 क्षेत्रफल 1798 वर्ग फुट निर्धारण 16.20 रूपये भूमि को भू-धारक अशोक कुमार, चिंतामणी, पूरनलाल, भागवत, रूखमणी, सुखबती पिता रामसिंह के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक चिंतामणी, पूरनलाल, भागवत, रूखमणी, सुखबती पिता रामसिंह व्दारा पंजीकृत हकत्याग विलेख दिनांक 11/01/2022 के व्दारा उक्त भूमि नजूल शीट कमांक 06 अ प्लाट नंबर 96/1 क्षेत्रफल 1978 वर्ग फुट में से 547 वर्ग फुट आवेदक अशोक कुमार साहू पिता रामसिंह साहू के पक्ष में निष्पादित किया है उक्त हक त्याग विलेख पत्र के आधार पर आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत हकत्याग की छाया प्रति एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त सबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 16/04/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2025को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा




प्रकाशक, मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन– 6072/59
फोन– (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

जंगलू- जब शादीशुदा आदमी कहे कि वो सोचकर बताएगा। इसका क्या मतलब?
मंगलू- इसका सीधा-सीधा मतलब होता है कि वो अपनी पत्नी को पूछकर बताएगा।

# वृक्षारोपण को बढ़ावा देने ऑक्सीजन पार्क बनाकर करें विकसित : राज्यपाल



- राज्यपाल ने जिला कार्यालय में ली अधिकारियों की बैठक
- रमेन डेका ऐसे पहले राज्यपाल जो पहुंचे आकांक्षी जिला सुकमा
- राज्यपाल श्री डेका ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सुकमा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका आज अपने एक दिवसीय सुकमा जिले के प्रवास पर रहे। उनके साथ सचिव सीआर प्रसन्ना, ओएसडी अरविंद जडेजा, एडीसी सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे। सर्किट हाउस आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उन्होंने नगर पालिका सुकमा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही से मुलाकात की।

राज्यपाल श्री डेका ने लगाया रुद्राक्ष का पौधा, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

राज्यपाल श्री डेका ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत अपनी दिवंगत मां स्व. चंपावती डेका की स्मृति में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन, फल, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। राज्यपाल श्री डेका ने आगे कहा कि जिले में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए ऑक्सीजन पार्क बनाने की पहल करनी चाहिए। वृक्षारोपण सिर्फ एक पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारे भविष्य के लिए आवश्यक भी है। उन्होंने समस्त नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घरों, बगीचों, स्कूलों, कॉलेजों, शासकीय कार्यालयों एवं अन्य खाली स्थानों पर पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें।

**जिला स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक :** राज्यपाल रमेन डेका ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में जल संचयन, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि को बढ़ावा, टीबी उन्मूलन, पीएम जनमन व जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिले में विकास के लिए किए गए विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर सहित विभिन्न ढांचों का निर्माण, टीबी उन्मूलन के लिए निक्षय निरामया, आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य, शिक्षा आदिम जाति कल्याण सहित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों पर बेहतर कार्य किए जा रहे हैं और कहा कि जिले को विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि स्व सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त करने एवं आजीविका संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है जिसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहा है। एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि जिले में नशा उन्मूलन के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नशे का अवैध व्यापार करने वाले असामाजिक व्यक्तियों के ऊपर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**जल स्तर बढ़ाने का करें विशेष प्रयास:** राज्यपाल श्री डेका ने घटते भूजल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए जल स्तर बढ़ाने विशेष प्रयास करने, जल संचयन के लिए प्रेरित करने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की बात की। उन्होंने जिले में तालाब एवं डबरी निर्माण योजना >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पीएम आवास हितग्राही समीर विश्वास से मिले राज्यपाल



**राज्यपाल को पहली बार अपने बीच पाकर अभिभूत हुए ग्रामीण**

**सुकमा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका अपने एक दिवसीय प्रवास पर सुकमा पहुंचे। श्री डेका ने आज नगर पालिका परिषद सुकमा के सुभाषचंद्र बोस वार्ड, दंतेवाड़ा रोड में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभान्वित परिवार के उनके घर पहुंचकर भेंट की। इस दौरान उन्होंने उनके बच्चों से भी उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह पहला अवसर है जब छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल सुकमा जिले के दौरे में आए हैं। उन्हें देखकर ग्रामीणों में प्रसन्नता व्याप्त हो गई। राज्यपाल श्री डेका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही समीर विश्वास के घर पहुँचकर उनसे बातचीत की और शासन से मिलने वाली हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी ली। समीर विश्वास ने राज्यपाल श्री डेका को बताया कि हम लोग बहुत मेहनत करके अपने घर को बनाये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से ही हमारे घर बनाने का सपना साकार हुआ है। अगर शासन के द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाता तो मैं नए घर बनाने के बारे में सोच भी नहीं पाता। नए घर बन जाने से हम लोग बहुत खुश हैं। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, जिला सीईओ नम्रता जैन, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी, नगर पालिका >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 20 लाख के चार इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना से सुरक्षाबल को लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को कुल 20 लाख रुपए के चार इनामी नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला सुकमा में एसपी किरण चव्हाण, सीआरपीएफ 131वाहिनी कमांडेंट दीपक कुमार साहु, द्वितीय कमान अधिकारी डीआईजी ऑफिस सुकमा सुरेश सिंह पायल, एएसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी नक्सल अभियान सुकमा मनीष रात्रे एवं सीआरपीएफ 02 वाहिनी निरीक्षक करुणाकर बेहेरा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के नये पुनर्वास नीति ''छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति -2025 '' के तहत् 50-50 हजार रूपये के मान से प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधायें प्रदान किए जाएंगे। बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में आज 20 लाख रुपए के ईनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें एक महिला नक्सली समेत 4 नक्सलियों ने सुरक्षाबल के सामने अपने हथियार डाल दिए है। आत्मसमर्पण करने वाले >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वक्फ बिल पास होने के बाद सांसद के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**कट्टरपंथियों के मुंह पर यह जोर का तमाचा है : महेश कश्यप**

**जगदलपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास होने पर बस्तर सांसद महेश कश्यप के जगदलपुर पहुँचने पर उनके समर्थकों सहित क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया। बता दें कि वक्फ संसोधन बिल पास होने के दौरान बस्तर सांसद भी लोकसभा सदन में मौजूद थे। इस दौरान इस बिल के समर्थन में उन्होंने भी अपना समर्थन दिया था। बिल पास होने के बाद से ही पूरे देश सहित बस्तर में प्रसन्नता का माहौल था। लोकसभा - राज्यसभा में बिल पास होने के बाद दिल्ली से जगदलपुर प्रथम आगमन पर बस्तर सांसद महेश कश्यप का जगदलपुर विमानतल पर भव्य स्वागत किया गया है। इस दौरान मौजूद लोगों ने देश के प्रधानमंत्री सहित उनका इस अहम बिल हेतु आभार ज्ञापित किया। मौजूद क्षेत्रवासियों ने इस बिल के पक्ष में वोटिंग करने वाले सांसदों का शुक्रिया अदा किया। केंद्र सरकार को मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने बुराई के खात्मे के लिए अच्छा कदम उठाया है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को फायदा होगा। उनके आर्थिक सुधार में क्रांति आएगी।

**पीएम मोदी को बधाई- महेश कश्यप**

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं वो करते हैं। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का जो नारा दिया था, उसी नारे के तहत काम कर रहे हैं। बस्तर सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने ये कानून लाकर सिद्ध कर दिया है कि वक्फ के नाम पर जो अवैध कब्जे किए गए हैं उन्हें हटाया जाएगा। कट्टरपंथियों के मुंह पर यह जोर का तमाचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देशभर के सभी समाजों की मांग पर यह संशोधन किया है। कांग्रेस द्वारा मुस्लिम तुष्टीकरण करने के लिए गलत तरीके से बनाए गए वक्फ >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# वन मंदिर प्रकृति व संस्कृति का संगम : जामवाल




- प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय के साथ अवलोकन
- वन मंत्री केदार ने दी विस्तृत जानकारी
- मां दंतेश्वरी की धरा पर सरकार का अनूपम उपहार

**दंतेवाड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने टेकनार मार्ग स्थित वन मंदिर का अवलोकन किया, और इसकी जमकर तारीफ की।

श्री जामवाल ने कहा कि वन मंदिर वास्तव में एक अनोखा मंदिर है। वे वन मंदिर में प्रकृति और संस्कृति के अनोखे संगम को देखकर खुश हो गए। श्री जामवाल ने सबसे पहले आरोग्य वन का निरीक्षण किया उन्होंने कहा यहां बच्चे, जवान और बूढ़े सभी के सीखने के लिए बहुत कुछ है। बहुत सारी ऐसी जानकारियां यहां स्पष्ट शब्दों और तस्वीरों के जरिए दिखाई गई है जिसे आसानी से समझा और समझाया जा सकता है। वहीं आरोग्य वन के बाद वन मंदिर में स्थित पंचवटी का निरीक्षण करते अजय जामवाल और पवन साय ने कहा वास्तव में प्रकृति और संस्कृति का ऐसा संगम वो भी मां दंतेश्वरी के गोद में सभी के देखने और समझने योग्य है। उन्होंने कहा पंचवटी में श्री राम का चित्रण और पांच वट पेड़ो का संगम वास्तव में मन को सुकून देने वाला है।

श्री जामवाल ने कहा कि यहां पूरा घूमना है तो मुझे एक दिन अलग से दंतेवाड़ा में रुकना होगा, जिससे यहां से और बहुत कुछ देख और समझ सकूं। श्री जामवाल ने कहा वन मंदिर का पूरा एक चक्कर लगाने के बाद कोई और एक्सरसाइज करने की जरूरत ही नहीं है। सभी नेताओं, मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने वन मंदिर के सभी पहलुओं का जमकर तारीफ किया। इस दौरान भाजपा के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मनकी में नाबालिग वर की शादी रुकवाई गई

**महासमुंद,** 4 अप्रैल (देशबंधु)। विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम मनकी सेक्टर पटपरपाली में बाल विवाह की एक घटना को समय रहते प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक रोका गया। ग्राम मनकी निवासी राजकुमार पाड़े उम्र 15 वर्ष पिता पानसिंग का विवाह धरुल नुनीयामुड़ा जिला बरगढ़ उड़ीसा निवासी काजल राणा, पिता प्रभाकर राणा के साथ 4 अप्रैल से 7 अप्रैल 2025 के बीच निर्धारित था। जांच के दौरान यह पाया गया कि वर की उम्र 18 वर्ष से कम है, जिससे यह विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। इस जानकारी के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए पालकों को समझाइश दी गई और विवाह कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से रुकवाया गया। पालक पान सिंह ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अभी अपने पुत्र की शादी नहीं करेंगे और जब राजकुमार विवाह योग्य आयु 21 वर्ष पूर्ण कर लेगा तभी उसका विवाह संपन्न कराएंगे। प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश गया है कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है और समाज में इसे किसी भी हाल में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि विवाह के सभी कार्यक्रम पूर्ण रूप से रद्द कर दिए गए हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण

### जवान की शहादत से मिलेगी नक्सलियों से लड़ने की प्रेरणा



**दंतेवाड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के तुमनार में बस्तर फाइटर्स के जांबाज आरक्षक अमर शहीद स्व. सुबरनाथ यादव जी की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक के तहत उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने भाग लिया।

### बस्तर फाइटर्स के जवान थे सुबरनाथ

स्व. सुबरनाथ यादव बस्तर फाइटर्स छत्तीसगढ़ पुलिस की एक विशेष इकाई के सदस्य थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शहीद सुबरनाथ यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद सुबरनाथ यादव का बलिदान हमें नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में और दृढ़ता से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनकी वीरता और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और शहीद की स्मृति को जीवित रखने का प्रतीक है।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग राखी नाग को दिया जा रहा शासकीय योजनाओं का लाभ



**जगदलपुर,** 4 अप्रैल (देशबंधु)। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा कुमारी राखी नाग को शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा राखी को समाज कल्याण विभाग एवं राजीव गांधी शिक्षा मिशन की ओर से प्रतिवर्ष 19 सौ रुपए की छात्रवृत्ति तथा 2 हजार रुपए की शिष्यवृत्ति तथा प्रतिमाह 300 रुपए की दर से प्रतिवर्ष 10 महीने का वाहन भत्ता प्रदाय किया जा रहा है। राखी नाग को मई 2022 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत किया गया है एवं 22 फरवरी 2025 की स्थिति में उन्हें प्रतिमाह 500 रूपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदाय किया जा रहा है। चूंकि कुमारी राखी नाग दोनों हाथ एवं एक पैर से दिव्यांग है एवं ट्राई साइकल चलाने हेतु सक्षम नहीं हैं फलस्वरूप उन्हें ट्राई साइकल प्रदाय नहीं किया गया है। कुमारी राखी नाग को एक नग व्हीलचेयर प्रदाय किया गया है, जिसे उनके परिवार द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल नानगुर, विकासखंड जगदलपुर में रखा गया है। विद्यालय और घरेलू उपयोग हेतु राजीव गांधी शिक्षा मिशन राखी नाग को शुक्रवार को एक नग व्हीलचेयर प्रदाय किया गया है।

## जनजातीय परिधान और आभूषण से राज्यपाल अभिभूत

### पंडुम में बस्तरिया संस्कृति से हुए रूबरू



**दंतेवाड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल महामहिम रमेन डेका ने बस्तर पंडुम में बस्तर सभी सातों जिले के जनजातीय समुदाय द्वारा लगाए गए स्टॉलों का तन्मयता के साथ अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनजातीय परिधान, वस्त्र, आभूषण सहित साज-श्रृंगार के विविध सामग्रियों को देख अभिभूत हुए और जनजातीय समाज के सदस्यों से रूबरू होकर इन सभी के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने देवी-देवताओं के पूजा-अर्चना सहित वैवाहिक एवं अन्य संस्कारों में उपयोग करने वाले परम्परागत जनजातीय वाद्य यंत्रों ढोल, मांदर, मोहरी, तुहरी इत्यादि सहित जनजातीय समुदाय के जीवन शैली से संबंधित पर्यावर्णीय अनुकूल स्थानीय औजारों एवं कृषि यंत्रों को भी बारीकी से देखा और जानकारी प्राप्त कर जनजातीय समुदाय की समृद्ध संस्कृति को अद्वितीय निरूपित करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## क्षेत्रीय संगठन महामंत्री एवं महामंत्री संगठन का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**जगदलपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री संगठन अजय जामवाल एवं महामंत्री संगठन पवन साय का भव्य आगमन हुआ। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष किरण देव व मंत्री केदार कश्यप सहित भाजपा के वरिष्ठजन एवं भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन के इस विशेष दौरे को लेकर कार्यकत में खासा उत्साह देखने को मिला।



## सार-संक्षेप

### विवि द्वारा कुछ कक्षाओं का रिजल्ट जारी

**जगदलपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने सत्र जुलाई-दिसंबर 2024 के दस कक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया है, जिसमें एमएससी गणित, एमएससी फिजिक्स, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएसडब्ल्यू, पीजी पत्रकारिता डिप्लोमा के प्रथम सेमेस्टर और एमए हिंदी, एमए संस्कृत, एमएससी फिजिक्स, एमएससी जिओलॉजी,एमए प्राचीन भारतीय इतिहास कल्चर एन्ड आर्कियोलॉजी के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा शामिल हैं। विद्यार्थी विवि के वेबसाइट पर इन कक्षाओं के सेमेस्टर रिजल्ट देख सकते हैं।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण महाअभियान 9 व 10 को

**जगदलपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरीश एस.के द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जगदलपुर के नगरी निकाय क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के तहत पीएमजेएय के तहत छूते हुए व्यक्तियों जिनका आयुष्मान कार्ड निर्माण नहीं हो पाया है ,और 70 या 70 वर्ष से अधिक के व्यक्ति जिनका वय वंदना कार्ड बनाया जाना है के लिए अंतर विभागीय समन्वय के साथ आयुष्मान कार्ड निर्माण महा अभियान 9 एवं 10 अप्रैल को संपूर्ण नगरी निकाय क्षेत्र में चलाया जाएगा इसमें पंजीयन का कार्य ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला/ पुरुष जे. एस.ए., एन.यू.एच. एम.के द्वारा और प्रचार प्रसार एवं हितग्राहियों को शिविर स्थल तक लाने हेतु मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एनयूएचएम के कर्मचारियों का सहयोग लिया जाएगा । संपूर्ण महा अभियान का निरीक्षण और पर्यवेक्षण का कार्य वार्ड के नोडल अधिकारी,स्वास्थ्य सुपरवाइजर और सहायक राजस्व निरीक्षक के द्वारा किया जाएगा।

## पॉन्ड् मैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर पहुंचे दलपत सागर, जलकुंभी से मुक्त करने दिए सुझाव

**जगदलपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। महापौर संजय पांडे के द्वारा दलपत सागर स्वच्छ करने की पहल शुरू कर दी गई है इसका अंतर्गत शुक्रवार की शाम को पॉन्ड् मैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर दलपत सागर में पहुंचे। तालाबों को स्वच्छ करने में महारत हासिल किये रामवीर तंवर महापौर संजय पांडे, सभापति खेमसिंह देवांगन आयुक्त श्री वर्मा एवं अन्य पार्षदों के साथ मदर बोर्ड में बैठकर दलपत सागर का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित मीडिया साथियों से चर्चा करते हुए कहा कि विभिन्न चरणों में दलपत सागर के सफाई का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दलपत सागर में जो गंदे नाली का पानी पहुंच रहा है उसे सर्वप्रथम बंद करना होगा इसके पश्चात दलपत सागर के जलकुंभी गार्ड को निकलना होगा और उसके बाद निरंतर जलकुंभी को तालाब से निकलकर फेंकने का कार्य जारी रखना होगा क्योंकि जलकुंभी का बीज तालाब में गिरने से वह शीघ्रपतन अपने लगता है। उन्होंने कहा कि तालाब से कुशल ,अनुभवी जलकुंभी साफ करने वालों के माध्यम से जलकुंभी सफाई का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने इसके लिए नगर निगम के पास स्थित जेसीबी एवं पैसा निकालने के मशीनों को परिवर्तित कर दलपत सागर स्वच्छता मशीन के रूप में उपयोग किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बारिश की पानी के जमा होने से दलपत सागर का दूषित जल कुछ मात्रा में शुद्ध होगा। इसके पूर्व भी दर्पसागर को जलकुंभी मुक्त करने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से भी दलपत सागर स्वच्छता अभियान चलाया गया था। दलपत सागर को जलकुंभी मुक्त करने के लिए विशेष प्रकार की मछलियां भी तालाब में छोड़ी गई थी। इसके पश्चात विशेष बाल भी दलपत सागर में छोड़कर भी जलकुंभी दूर करने का प्रयास किया गया था, लेकिन यह सभी प्रयास करोड़ों खर्च होने के बावजूद असफल रहे। इसके बाद सभी जानकार लोगों का कहना था कि दलपत सागर के पानी को निकालकर इसमें जमा जलकुंभी एवं अन्य पौधों से युक्त कचरा को निकालकर तथा तालाब का गहरीकरण किया जाना जरूरी होगा।



अब यह देखना है कि तालाबों की सफाई में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित विशेषज्ञ रामवीर तंवर के सुझावों एवं मार्गदर्शन में किस तरह से दलपत सागर को स्वच्छ किया जाता है।

## एबीसी में वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**खरोरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। एबीसी पब्लिक स्कूल, सारागांव में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर और सीईओ ने स्मार्ट क्लास रूम में उपस्थित पालकों के समक्ष परीक्षा परिणाम डिजिटली डिस्प्ले किये।उपस्थित अतिथियों एवं प्राचार्य ने स्कूल टॉपर्स छात्र-छात्राओं को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर सम्मानित किये। उक्त परीक्षा परिणाम के घोषणा पश्चात् सभी विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ मार्कशीट कलेक्ट किये। नर्सरी में लव्यांश वर्मा और चेतना निषाद प्रथम, टिकेश वर्मा और सानवी साहू द्वितीय, धनुश्री वर्मा और निखिल धीवर तृतीय, क्लास पीपी- 1 में अर्पित कुमार और परिधि निषाद प्रथम, अनन्या और घनिष्ट देवांगन द्वितीय, दीपशिखा सेन और नव्या नायक तृतीय, कक्षा पीपी - 2 में नव्या वर्मा प्रथम, विदिशा साहू द्वितीय, वासु निषाद तृतीय, कक्षा -पहली में लक्षिका साहू प्रथम, वेदांश पाल द्वितीय, लक्ष्य साहू तृतीय, कक्षा - दूसरी में निहारिका साहू प्रथम,नव्या वर्मा द्वितीय, नमामि सिंह तृतीय, कक्षा - तीसरी में मिशिका साहू प्रथम, टिंकल साहू द्वितीय, आर्यन नायक तृतीय, कक्षा - चौथी में आयुषी वर्मा प्रथम, आकृति ओगरे द्वितीय, प्रतीक वर्मा तृतीय, कक्षा - पाँचवी में आशनी ओगरे प्रथम, नगमा फातिमा द्वितीय, पूर्वी साहू तृतीय, कक्षा - छठवीं में आदित्य वर्मा प्रथम, जागृति सिंह द्वितीय, माही पाण्डेय तृतीय, कक्षा - सातवीं में विनय कुमार प्रथम, खिलेन्द्र पाल द्वितीय, अभेष कुमार तृतीय, कक्षा-आठवीं से मोक्षिता वर्मा प्रथम, काव्यांजली साहू द्वितीय, लावण्या वर्मा तृतीय, कक्षा - नवमी में गार्गी देवांगन प्रथम, अंश मिश्रा द्वितीय, कोमल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरन्वित किये। स्कूल प्राचार्य एम. एल.वर्मा और मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए समस्त पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनायें दिए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### वृक्षारोपण को बढ़ावा देने...

अंतर्गत प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा डबरी निर्माण करने के लिए कहा। राज्यपाल श्री डेका ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली तथा महिलाओं के आजीविका संवर्धन के लिए विशेष प्रयास करने एवं नवाचार अपनाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिले में ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ओडीएफ गाँवों के संबंध में जानकारी ली तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक करने कहा। उन्होंने जिले में रेडक्रॉस सोसायटी का विस्तार करने एवं अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की बात कही। उन्होंने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र स्थित लाइब्रेरी में नियमित सेमिनार आयोजित कर युवाओं को प्रोत्साहित करने की बात की। राज्यपाल ने जिले में नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली तथा नशे के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने और सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटना पर संज्ञान लेते हुए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर उचित रोक लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यों का विश्लेषण करने तथा जनहित के लिए पूरी संवेदना और सहभागिता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पीएम आवास हितग्राही...

अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, माड़े बारसे, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, जिला उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, नगर पालिका अधिकारी पीआर कोर्राम तथा अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 20 लाख के चार...

नक्सलियों में संतोष उर्फ सन्ना बारसे (8 लाख रुपए ईनामी), अरुण उर्फ माड़वी हुर्रा (8 लाख रुपए ईनामी), सोड़ी मुक्का (2 लाख रुपए ईनामी) और माड़वी रोशनी (2 लाख रुपए ईनामी) शामिल है। आत्मसमर्पण करने वाले यह सभी नक्सली लंबे समय से नक्सल संगठन में सक्रिय रूप से काम कर रहे थे। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि लगातार बढ़ रहे कैम्प व पुलिस के दबाव के साथ ही सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर आज चार नक्सलियों ने सरेंडर किया है। जिनमे आत्मसमर्पित नक्सली संतोष उर्फ सन्ना बारसे जो कि खूंखार नक्सली बारसे देवा का भाई है, जिसने आज आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का फैसला लिया है। हमारी स्थानीय नक्सलियों से अपील है कि बाहरी नक्सलियों के बहकावे में न आकर समाज की मुख्य धारा से जुड़कर बस्तर की शांति और विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

### वक्फ बिल पास होने के...

बोर्ड से देश भर में अवैध कब्जे हो रहे थे, जिससे विवादों की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। वक्फ बोर्ड की आड़ में माफिया लगातार जमीनों पर कब्जे कर रहे थे। वक्फ बोर्ड से मुस्लिम समाज के गरीबों को कोई भी लाभ नहीं हो रहा था। केवल माफिया इसका फायदा उठा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अधिनियम में संशोधन कर संविधान के दायरे में लाने का सराहनीय कार्य किया है।

# प्रदेश अध्यक्ष ने किया क्षत्रिय महासभा भवन का भूमिपूजन

**जगदलपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जगदलपुर का भूमिपूजन जगदलपुर शहर के मध्य कुम्हारपारा, पार्थ होटल के पीछे मुख्य अतिथि किरण सिंह देव प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक जगदलपुर, अध्यक्षता संजय पांडे महापौर नगर पालिक निगम, विशिष्ट अतिथि कमलचंद्र भंजदेव महाराजा बस्तर, सभापति खेमसिंह देवांगन के आतिथ्य में संपन्न हुआ। क्षत्रिय महासभा जगदलपुर के भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किरण देव ने कहा कि पूरे बस्तर संभाग के विकास में क्षत्रियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के भवन निर्माण हेतु विधायक निधि से 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते महापौर संजय पांडे ने समाज के उत्तरोत्तर विकास की शुभकामना देते हुए समाज भवन के सामने 40 फीट का रोड बनाने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि महाराजा कमलचंद्र भजदेव ने क्षत्रिय समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला साथ ही सभी क्षत्रियों को एकजुट रहकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा विभिन्न राज्यों से आए हुए क्षत्रियों को मुख्य धारा से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन ने सभी को बधाई दी साथ ही नगर निगम से भवन हेतु सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ सदस्य कुमार भदौरिया ने बस्तर जिले में क्षत्रिय भवन भूमि पूजन के लिए अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी एवं इस भूमि पर जल्द से जल्द भवन निर्माण करने की अपील भी की। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती वंदना भदौरिया ने समाज हित में महिलाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए बधाई दी साथ ही मांग की इस भवन में दूर दराज से पढ़ाई करने आए हुए बच्चों को रुकने की सुविधा प्रदान की जाए। क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष श्रवण सिंह चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी से सामाजिक भवन बनाने में तन,मन, धन से सहयोग करने की अपील की। इस अवसर जेबी सिंह, पवन भदौरिया, नंदकुमार भदौरिया, बृजेश सिंह भदौरिया, उमेश सिंह चौहान, उदयराज सिंह चौहान, जयभान सिंह राठौर, राजेश चौहान, युवा अध्यक्ष शुभेंद्र भदौरिया , लोकेश ठाकुर, प्रभात चौहान, संतोष भदौरिया, अनिल सोलंकी सहित बड़ी संख्या में महिला प्रकोष्ठ की क्षत्राणियां,क्षत्रिय बंधु, क्षत्रिय महासभा जगदलपुर के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



### विधायक जगदलपुर ने भवन निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

कार्यक्रम का संचालन क्षत्रिय महासभा के सचिव कैलाश चौहान ने किया तथा आभार प्रदर्शन समाज के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह भदौरिया ने किया।

# बस्तर पंडुम समृद्ध जनजातीय संस्कृति का अद्वितीय मंच : राज्यपाल

**दंतेवाड़ा**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने कहा कि ऐतिहासिक कार्यक्रम ''बस्तर पंडुम 2025, के आयोजन के लिए प्रशासन और विशेष रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई देता हूँ। यह आयोजन पहली बार हो रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य बस्तर की जनजातीय पारंपरिक कला, नृत्य, जनजातीय व्यंजन, स्थानीय खाद्य पदार्थ और संस्कृति को संरक्षित करना है।




महामहिम ने कहा कि इस कार्यक्रम में बस्तर के सात जिलों सहित असम, ओडिशा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश तेलंगाना राज्यों के लगभग 1200 कलाकार भाग ले रहे हैं। महोत्सव न केवल बस्तर की रीति लोक कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया है, बल्कि स्थानीय लोक कलाकार को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अद्वितीय मंच भी प्रदान किया है। बस्तर की जनजातीय संस्कृति अपने अनोखी परंपरा, लोकगीत, नृत्य शैलियां और अपने हस्तशिल्प के लिए पूरे विश्व भर में जाना जाता है। यहाँ की प्रमुख जनजाति गोंड, मुरिया, मडिया हल्बा, धुरवा, दोरला आदि हैं। बस्तर के जनजातीय समुदाय के लोग पंडुम में मुख्य रूप से विभिन्न परम्पराओं, अनुष्ठानों का आयोजन करते हैं। ग्राम्य देवी -देवताओं की पूजा-अर्चना, लोक नृत्य, लोकगीत और संगीत, सामुदायिक भोज, शिकार, छोटे-छोटे मड़ई-मेला का आयोजन, प्रकृति, जंगल, नदियों का संरक्षण किया जाता है। बस्तर पंडुम हमारी संस्कृति का समीक्षा करने का मौका प्रदान कर रहा है। हम पूरी समर्पण के साथ अपनी विरासत की जड़ों से जुड़कर इसे एक नया आयाम देंगे। आधुनिक जीवन शैली को स्वीकार करते हुए भी अपनी विरासत को बचाए रखना ही सही मायने में समाज को एक सूत्र में बांधना है। इस तरह के आयोजन से निश्चित रूप से बस्तर के आदिवासी सांस्कृतिक विरासत को अखंड बनाए रखने में मदद मिलेगी। राज्यपाल ने आगे कहा कि बस्तर पंडुम, केवल एक महोत्सव नहीं है, बल्कि यह जनजातीय जीवन का पूरा स्केच है। यह आयोजन हमें बताता है कि किस प्रकार हमारी संस्कृति, नृत्य, संगीत, वेशभूषा, नृत्य, संगीत, वेशभूषा, खानपान, आभूषण इत्यादि सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखते हैं। बस्तर के परंपरागत नृत्य जैसे गौर-माड़िया नृत्य आदि यहां की सांस्कृतिक विविधता को दिखाते हैं। बस्तर पंडुम के माध्यम से इस संस्कृति को एक मंच दिया जा रहा है। साथ ही इसके प्रदर्शन के माध्यम से अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार और समाज के सहयोग से बस्तर के सांस्कृतिक विरासत हो संरक्षित किया जा रहा है।

- **सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने में जनजातीय समाज का अतुलनीय योगदान**
- **राज्यपाल ने आयोजन के लिए सीएम विष्णुदेव को दी बधाई**

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री डेका का पारंपरिक धुरवा तुआल एवं कलगी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सातों जिलों के लगाए गए जनजातीय कला संस्कृति, वेशभूषा, खानपान की प्रदर्शनी का राज्यपाल ने अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने जनजातीय पहनावा और आभूषणों के संबंध में युवाओं से चर्चा की। कार्यक्रम में बीजापुर जिला और असम राज्य के नर्तक दलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, अन्य जनप्रतिनिधि सहित राज्यपाल के सचिव सीआर प्रसन्ना, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, डीआईजी कमलोचन कश्यप, राज्यपाल के परिसहाय सूरज परिहार, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए जंगलों को आग से बचाने ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

**नारायणपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। वन विभाग द्वारा वनमंडल अधिकारी के निर्देशन में जिले के विभिन्न हॉट बाजारों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जंगलों को आग से बचाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में स्थानीय गोंडी व हल्बी भाषा का उपयोग कर ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि जंगलों में आग लगाना या जलती आग को छोड़ देना गंभीर अपराध है, जिसके लिए 3 से 7 वर्ष की सजा अथवा 25,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यह कार्यक्रम जयसवाल नीको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। बस्तर के घने जंगल जैव विविधता का खजाना हैं, जहां विभिन्न प्रकार की लघुवनोपज और औषधीय जड़ी-बूटियां पाई जाती हैं। नुक्कड़ नाटक के जरिये ग्रामीणों को इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता से अवगत कराया जा रहा है। वनों के विनाश से पर्यावरणीय असंतुलन, जल संकट और भूमि क्षरण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस अभियान के अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और जंगलों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गोहड़ा गांव में आयोजित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और वनों की सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई, जिसमें मुख्य अतिथि अभिषेक बेनर्जी उपस्थित रहे। उन्होंने वनों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जंगल केवल हमारी सांसों के लिए ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि जल स्रोतों को बनाए रखते हैं और मौसम को संतुलित रखने में मदद करते हैं। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया इस आयोजन में महिलाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और नुक्कड़ नाटक का आनंद लिया। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई इस जागरूकता अभियान के तहत बेनूर, फरसगांव, तारागांव, छोटेडोंगर सहित अन्य स्थानों में भी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और वनों की सुरक्षा का संदेश ग्रहण किया।




वनमंडल अधिकारी शशिगानंदन के. ने कहा कि वन हमारे जीवन का आधार है। ये हमें शुद्ध वायु, जल, औषधियां और जैव विविधता का संरक्षण प्रदान करते हैं। जलवायु संतुलन बनाए रखने और प्राकृतिक आपदाओं को रोकने में इनकी भूमिका अमूल्य है। हमें वनों की रक्षा के लिए आगे आना होगा। जंगलों को आग से बचाएं, अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और यदि कहीं आग लगती है तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि हम अपने पर्यावरण और प्राकृतिक धरोहर की रक्षा कर सकें।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समर्पण वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा समर्पण वृद्धा आश्रम कोण्डागांव का निरीक्षण किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि 04 अप्रैल 2025 को श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव के द्वारा समर्पण वृद्धा आश्रम कोण्डागांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था में रहने वाले वृद्धजनों के हाल-चाल जानने के साथ ही उनके व्यस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही साफ-सफाई व पेयजल व खान-पान में व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रम के प्रबंधक कु.रेणुका नागवंशी, लोकेश यादव अधिकार मित्र व आश्रम में कार्यरत समस्त कर्मचारी सहित वृद्धजन उपस्थित रहे।

# बारिश से महुआ संग्राहकों को नुकसान

**दंतेवाड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्रि के दौरान एकाएक दंतेवाड़ा जिले का मौसम बदल गया है। ब्लॉक मुख्यालय गीदम सहित बारसूर कस्बा से लगे कई गांव में गुरूवार की शाम हवा चलने के साथ बारिश हुई। शुक्रवार को भी दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे।



बारिश होने से तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली, वहीं महुआ संग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। खलिहान में संग्रहित महुआ पानी में भीग कर सड़ गए। अब संग्राहकों को इसका कोई लाभ नहीं मिलेगा। आदिवासी संग्राहक कमलू ने बताया कि महुआ सीजन में साफ मौसम और तेज गर्मी जरूरी है। अन्यथा महुआ कम गिरता है। साथ ही नए पत्ते आ जाते हैं और महुआ में टोरा फलन का अगला चरण शुरू हो जाता है। महुआ संग्राहक बारिश नाखुश है, लेकिन किसानों के लिए यह मौका ठीक है। किसान खेत की जुताई कर खरीफ फसलों की अग्रिम तैयारी कर सकते हैं। गाँव - देहात में खेत की जुताई का काम इन दिनों जारी है। मुचनार निवासी थलेश ठाकुर ने बताया कि किसान बारिश का फायदा उठा कर प्रारंभिक जुताई कर सकते हैं। इससे मिट्टी भूर- भूरी हो जाएगी। साथ ही हानिकारक खरपतवार भी उग कर प्रचंड गर्मी की वजह से कुछ दिन बाद मर जाऐंगे। अभी टूटी- फूटी मेड़ को सुधारने का भी मौका है। इस समय ट्रेक्टर और देशी हल आसानी से उपलब्ध हो जाऐंगे। जबकि जून- जुताई में डिमांड अधिक होने के कारण समय पर जुताई के लिए ट्रेक्टर नहीं मिलता है। इसलिए अभी से खेतों की तैयारी कर सीजन में धान की बुआई समय पर कर सकते हैं।

- **नवरात्र के दौरान एकाएक बदला मौसम**
- **संग्रहित महुआ पानी में भीग कर खराब**

# एआईसीसी की बैठक में शामिल हुए जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम



**कोण्डागांव**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। एआईसीसी द्वारा इंदिरा भवन नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न होने और उक्त बैठक में कोंडागांव कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम के शामिल होने की जानकारी देते बताया गया है कि कोंडागांव जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम कांग्रेस पार्टी के प्रधान कार्यालय इंदिरा भवन नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक में सम्मलित हुए। इस बैठक में छत्तीसगढ़ सहित राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात व महाराष्ट्र सभी 07 प्रदेश के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। एआईसीसी द्वारा दिल्ली इंदिरा भवन में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष लोक सभा राहुल गाँधी, संगठन महासचिव के.सी.वेणुगोपाल, राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, सह प्रभारीगणों व पीसीसी चीफ छत्तीसगढ़ दीपक बैज की उपस्थिति में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की बैठक ली गई व संगठनात्मक मजबूती हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

## राज्यपाल का दंतेवाड़ा में आत्मीय स्वागत

**दंतेवाड़ा**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका के दंतेवाड़ा आगमन पर कारली हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। उनके साथ सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना भी आए। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



## राज्यपाल ने की माँई दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना

**दंतेवाड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका ने दंतेवाड़ा के आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी का दर्शन और पूजन कर प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी आर प्रसन्ना, परिसहाय सूरज परिहार उपस्थित रहे।



## क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल व पवन साय ने किए दंतेश्वरी दर्शन

**दंतेवाड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का आज बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा में आगमन हुआ। इस दौरान उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, वन एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात वे कार्यकर्ताओ के साथ माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे, देवी दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की।



# बस्तर के कण-कण में बसे भगवान श्रीराम : डॉ. कुमार विश्वास

**दंतेवाड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर पंडूम के आयोजन को प्रख्यात कवि और राम कथा के मर्मज्ञ डॉ. कुमार विश्वास की बस्तर के राम पर आधारित कथा ने एक नई ऊंचाई दी। बरसते पानी के बीच डॉ. विश्वास की वाणी से राम कथा की अमृत धारा जब प्रवाहित हुई तो समूचा आयोजन स्थल राम कथा की ऊर्जा से सराबोर हो गया। डॉ. कुमार विश्वास ने बस्तर के रहवासियों को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि दुनिया में यही एक ऐसी धरती है, जिसमें भगवान राम को संघर्षशील बनाते हुए मर्यादा पुरूषोत्तम की राह पर आगे बढ़ाया।



डॉ. कुमार विश्वास की राम कथा में प्रदेश के गृहमंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा वन मंत्री केदार कश्यप सहित हजारों लोग श्रोता के रूप में मौजूद थे। डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि उन्होंने मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद मांगा कि क्षेत्र के युवा वाम पथ छोड़ राम पथ पर लौटे। राम कथा के दौरान पूरा माहौल भक्तिपूर्ण रहा। भगवान श्रीराम के वनवास और दण्डकारण्य में उनके द्वारा गुजारे गए दिन और उसकी कथा को अपने अंदाज में डॉ. कुमार विश्वास ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के रहवासी सौभाग्यशाली हैं कि यहां के कण-कण में भगवान राम हैं। भगवान राम ने देश में दो जगह शिवलिंग स्थापित किये। एक रामेश्वरम और दूसरा सुकमा के रामाराम में। जिले के ढोलकल में गणेश जी विराजे हैं, यह परसुराम की कथा से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। गीदम का नाम गिदराज जटायु के आधार पर पड़ा है। डॉ. विश्वास ने कहा कि बस्तर को लेकर कई तरह की भ्रांतियां रायपुर से दिल्ली तक है। बस्तर पंडूम के आयोजन से दंतेवाड़ा और बस्तर की तस्वीर बदलेगी। यह इलाका भगवान राम की पावन प्रेरणा का हिस्सा है। आने वाले समय में लोग इस धरा को प्रणाम करने आयेंगे, ऐसी उन्होंने उम्मीद जतायी। यह कथा करीब 2 घंटे तक चली। मंच पर डॉ. कुमार विश्वास को परिचित कराने की जिम्मेदारी प्रख्यात कवित्रि कविता तिवारी ने निभायी। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी और जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित कई जन प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

- **राम कथा ने दी बस्तर पंडुम को नई ऊर्जा**
- **माँई दंतेश्वरी से मांगा युवाओं को राम पथ पर लौटने का आशीष**

# जिले में हैण्ड पम्प संधारण का कार्य जारी

**कोण्डागांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए हैंड पंप के संधारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या न हो इसके लिए विभिन्न टेक्निशियनों के माध्यम से पुराने व बंद पड़े हैंड पंप का सुधार कार्य कराया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता वीरेन्द्र पाण्डे ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीणों को पेयजल के लिए कोई असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए जिले में हैंड पंप के सुधार कार्य के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।



**ग्रामीणों के शिकायत के समाधान हेतु संपर्क नंबर जारी**

जिले में पेयजल व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला स्तर पर प्रभारी अधिकारी पी.एन.तालुकदार हैण्डपंप तकनीशियन (मोबाइल नंबर 9340849092), कोण्डागांव जनपद स्तर पर अजय कुमार टोप्पो उप अभियंता (मोबाइल नंबर 7999325646), माकड़ी जनपद हेतु सी.एस.सोनवानी उप अभियंता (मोबाइल नंबर 7354073209), फरसगांव जनपद स्तर पर आर.पी.जोशी उप अभियंता (मोबाइल नंबर 9407625367), केशकाल जनपद स्तर पर किशोर कुमार कोल्हे सहायक अभियंता (मोबाईल नंबर 9893741876) और बड़ेराजपुर जनपद स्तर पर कु.निभा कोर्राम, उप अभियंता (मोबाईल नंबर 944109484) को दायित्व सौंपा गया है। जिले के किसी भी गांव में पेयजल की समस्या होने पर अथवा हैंडपंप खराब हो जाने पर इसकी शिकायत जिला स्तर या संबंधित जनपद स्तर के प्रभारी अधिकारियों के मोबाईल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही पेयजल समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है।

# श्रमिकों के पंजीयन के लिए मोबाईल कैम्प का आयोजन

**कोण्डागांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के विभिन्न विकास खण्डों में श्रम विभाग के द्वारा मोबाइल कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा। पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु आवश्यक मूल दस्तावेज आधार कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों का), राशन कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाईल साथ लायेंगे एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु आय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रमिक पंजीयन हेतु मोबाईल कैम्प का आयोजन कोण्डागांव विकास खण्ड में 7 अप्रैल को ग्राम ईदागांव, लेमड़ी और केवटी में, फरसगांव विकास खण्ड अंतर्गत कुल्हाड़गांव, केशकाल विकास खण्ड जागगांव, बड़ेराजपुर विकास खण्ड अंतर्गत चिचाड़ी में, 15 अप्रैल 2025 को माकड़ी विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम उलेरा, कोसाहरदुली, कोण्डागांव विकास खण्ड के ग्राम चिचपोलंग, फरसगांव विकास खण्ड के ग्राम जैतपुरी, केशकाल विकास खण्ड के ग्राम अडेंगा, बड़ेराजपुर विकास खण्ड के ग्राम पलना में किया जाएगा। इसी प्रकार 21 अप्रैल 2025 को कोण्डागांव विकास खण्ड के ग्राम किबई बालेंगा, बनजुगानी, पलारी, फरसगांव विकास खण्ड के ग्राम सिरसीकलार, केशकाल विकास खण्ड के ग्राम ठाकुरपारा, बड़ेराजपुर विकास खण्ड के ग्राम मारंगपुरी में तथा 28 अप्रैल 2025 को माकड़ी विकास खण्ड के ग्राम उडेंगा, जड़कोंगा, कोण्डागांव विकास खण्ड के ग्राम बुनागांव, फरसगांव विकास खण्ड के ग्राम गदराबेड़ा, केशकाल विकास खण्ड के ग्राम प्रधानचर्रा, बड़ेराजपुर विकास खण्ड के खजरावण्ड में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# लघु वनोपज प्रबंधक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

**दंतेवाड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। 37 वर्षों से नियमितीकरण की आस देख रहे प्रदेश के 902 लघु वनोपज संघ के प्रबंधकों ने अपनी एक सूत्रीय नियमितीकरण की मांग को लेकर 5 अप्रैल से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। तेंदूपत्ता शाखकर्तन के समय से ही वन कर्मचारी संघ ने राज्य लघु वनोपज संघ के समस्त कार्यों का पूर्व में ही बहिष्कार करने का निर्णय किया है, जिससे सरकार और राज्य लघु वनोपज संघ की मुश्किल बढ़ती नजर आ रही है।



दंतेवाड़ा प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश कवासी ने कहा कि ये प्रबंधक संघ की अंतिम लड़ाई है। लगातार 37 वर्षों से सुदूर अंचल में काम कर रहे प्रबंधक अब रिटायरमेंट के कगार में पहुंच गए हैं। 902 प्रबंधकों में आधे से ज्यादा प्रबंधकों की आयु 62 वर्ष पूर्ण होने के चलते वे रिटायर हो गए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा शासन और राज्य लघूवनोपज संघ द्वारा प्रबंधकों के लिए अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन, मेडिकल, खाता में भुगतान सहित किसी भी कार्य को आज तक लागू नहीं किया गया है, जिससे प्रबंधकों में भारी रोष है। नियम बने भी है तो सिर्फ रिटायर करने के, दंड देने के और शोषण करने के। राकेश ने कहा विगत वर्ष 2024 में भी प्रबंधकों ने नियमितीकरण के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल किया था. किन्तु वन मंत्री से मिले आश्वासन और 13 लाख 50 हजार लघु वनोपज संग्रहनकर्ता परिवारों के नुकसान को देखकर प्रबंधक संघ ने हड़ताल वापस लेने का फैसला किया था।

श्री कवासी ने बताया कि 1 अप्रैल को राज्य लघु वनोपज संघ के बुलावे पर छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ के अध्यक्ष, प्रबंधक यशवंत राठौर और सन्नी साहू ने राज्य संघ के अधिकारियों के समक्ष अपने मांगो को रखा, जिस पर राज्य संघ के अधिकारियों ने सभी 8 विषयों पर घुमाने वाले जवाब दिए। जिससे बैठक पूर्णतः बेनतीजा निकली। छत्तीसगढ़ में कुल 6 वृत्त एवं 31 जिला यूनियन है. जहां 902 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण, 67 प्रकार के लघु वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दर में संग्रहण, बीमा योजनाएं, बच्चो के लिए छात्रवत्ति योजनाएं, कोसा संग्रहण, तेंदूपत्ता बोनस वितरण, चरण पादुका वितरण संबंधित अन्य जनकल्याकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रबंधकों द्वारा विगत 37 वर्षों से किया जा रहा है। वर्ष 2024 में तेंदूपत्ता संग्रहण का 13 लाख 50 हजार परिवार को प्रबंधकों के माध्यम से सीधे ग्रामीणों के खाता में 855.67 करोड़ का भुगतान किया गया था।

- **10 से 15 अप्रैल के बीच बस्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण की होनी है शुरुआत**
- **वन कर्मचारी संघ और छग फड़मुंशी संघ का भी प्रबंधकों को समर्थन**

# लोक संचेतना फाउंडेशन प्रदेश के उपाध्यक्ष नियुक्त हुए एसपी विश्वकर्मा

**कोण्डागांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। एसपी विश्वकर्मा को लोक संचेतना फाउंडेशन छ.ग.प्रदेश के उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि अयोध्या में स्थापित पंजीकृत साहित्यिक ट्रस्ट लोक संचेतना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि शरण श्रीवास्तव अमल जी द्वारा कोंडागांव के इंजीनियर पद से सेवानिवृत्ति प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि एस.पी. विश्वकर्मा सृजेता को लोक संचेतना फाउंडेशन की छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, ताकि छत्तीसगढ़ में भी लोक संचेतना फाउंडेशन का प्रचार-प्रसार एवं विस्तार हो सके। इस अवसर पर उन्होंने उन्हें नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। ज्ञातव्य हो कि प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि एस.पी.विश्वकर्मा सृजेता राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के कोंडागांव जिले के जिला अध्यक्ष भी नियुक्त हैं तथा छ.ग.हिंदी साहित्य परिषद् कोंडागांव के उपाध्यक्ष भी हैं।



**उल्टा पुल्टा**

भक्त- बाबा, इंजीनियरिंग किया हूं जॉब नहीं लग रहा है कोई उपाय बताइए।
बाबा- कौन सी ब्रांच है बेटा।
भक्त- कम्प्यूटर।
बाबा- मेरी इलेक्ट्रॉनिक्स थी बेटा।

# विष्णु का सुशासन तिहार 8 अप्रैल से 31 मई तक

## पहले नागरिकों से मिले आवेदनों का होगा निराकरण फिर समाधान शिविर

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में गुड गवर्नेंस पर लगातार काम कर रही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार 8 अप्रैल से लगभग दो महीने का सुशासन तिहार-2025 मनाने जा रही है। इस तिहार में सरकार गांव की गलियों से शहर की बस्तियों तक, हर किसी की और हर स्तर की समस्या का समाधान करेगी। सुशासन तिहार की शुरुआत 8 अप्रैल से तीन चरणों में की जा रही है। पहले चरण में ग्राम पंचायतों से नगरीय निकायों तक 8 से 11 अप्रैल के बीच लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। 12 अप्रैल से इन आवेदनों का निराकरण शुरू कर दिया जाएगा। यह एक माह तक लेगा। इसके बाद तीसरे और अंतिम चरण में 5 मई से जगह-जगह डायरेक्ट समाधान शिविर शुरू कर दिए जाएंगे, जो 31 मई तक चलेंगे।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण, सरकार की कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा तथा विकास कार्यों में गति लाना है। सुशासन तिहार के दौरान आम जनता, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के बीच सीधा संवाद भी स्थापित किया जाएगा। समाधान शिविरों में सीएम विष्णुदेव साय, उनके मंत्री, मुख्य सचिव से लेकर सचिव तथा हर जिले के प्रमुख अधिकारी हिस्सा लेंगे।



श्री साय ने सुशासन तिहार-2025 का ब्योरा प्रदेशभर के कलेक्टरों को आज ही भिजवाया है। जिन तीन चरणों में सुशासन तिहार मनाया जाना है, उसके डीटेल्स भी मिल गए हैं। इसके मुताबिक, पहले चरण यानी 8 से 11 अप्रैल के बीच आम जनता के आवेदनों के लिए ग्राम पंचायतों से लेकर नगरीय निकायों तक हर जगह समाधान पेटी लगाई जाएगी। इसमें सुबह 10 बजे से 5 बजे तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। समाधान पेटी हर जगह रहेगी। जो आनलाइन आवेदन करना चाहते हैं, उनके लिए पोर्टल भी खुलेगा।

सुशासन तिहार का दूसरा चरण चार दिन में मिले इन आवेदनों के निराकरण का होगा, जो एक माह चलेगा। इसके तहत, 12 अप्रैल से हर आवेदनों को स्कैन कर साफ्टवेयर में अपलोड कर दिया जाएगा। फिर इन्हें संबंधित जिला, जनपद, नगरीय निकाय के अधिकारियों को आनलाइन और भौतिक रूप से भेजा जाएगा। संबंधित अधिकारी एक माह में हर आवेदन का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। संबंधित आवेदनों का निराकरण बजट की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की मानीटरिंग भी होगी।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविर लगाए जाएंगे। हर 8 से 15 पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर आयोजित होगा। ऐसे शिविर नगरीय निकायों में भी होंगे। इसमें आवेदकों को उनके आवेदनों का अपडेट दिया जाएगा। शिविरों के आयोजन की जानकारी आवेदकों को एसएमएस के जरिए अथवा आवेदनों की पावती के आधार पर दी जाएगी। शिविरों की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। श्री साय ने निर्देश दिए हैं कि शिविर के लिए कम से कम खंडस्तरीय अधिकारी को प्रभारी बनाया जाए।

# प्रदेश दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। रायपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री समेत अन्य भाजपा नेताओं ने अमित शाह का स्वागत किया। केंद्रीय गृहमंत्री होटल मेफेयर में रात्रि विश्राम करेंगे।

5 अप्रैल को बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां बस्तर पंडुम महोत्सव में शामिल होंगे। यहां मां दंतेश्वरी के दर्शन भी करेंगे। इसके अलावा एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद करेंगे. वहीं शाम को होटल मेफेयर रायपुर में विभागीय समीक्षा बैठक भी लेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह आज होटल मेफेयर रायपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। 5 अप्रैल को 10.30 बजे होटल मेफेयर से रवाना होकर 10.45 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और बी एस एफ विमान से 10.50 बजे जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। गृहमंत्री शाह 11.35 बजे मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर पहुंचेंगे। 11.40 बजे जगदलपुर से हेलिकॉप्टर से रवाना होकर 12.10 बजे हेलिपैड पुलिस लाइन, कार्ली, दंतेवाड़ा पहुंचेंगे।

अमित शाह 12.15 बजे सड़क मार्ग से 12.20 बजे दन्तेश्वरी मंदिर पहुंचेंगे, जहां 12.20 बजे से 12.45 बजे तक दर्शन एवं पूजन करेंगे। 12.45 बजे दन्तेश्वरी मंदिर से प्रस्थान कर



## अमित शाह कल बस्तर पंडुम में होंगे शामिल, विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे

12.50 बजे सर्किट हाउस दंतेवाड़ा पहुंचेंगे, जहां 12.50 बजे से 1.20 बजे का समय दोपहर का भोजन के लिए आरक्षित रहेगा। 1.25 बजे सड़क मार्ग से हाई स्कूल ग्राउंड दंतेवाडा पहुंचेंगे, जहां 1.30 बजे से 2.50 बजे तक बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल रहेंगे. यहां से 2.50 बजे प्रस्थान कर 3 बजे पुलिस लाइन कार्ली दंतेवाड़ा पहुंचेंगे, जहां 3 से साढ़े तीन बजे तक एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद करेंगे।

गृहमंत्री शाह 3.35 बजे पुलिस लाइन, कार्ती, दंतेवाड़ा से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर 3.37 बजे हेलिपैड पुलिस लाइन कार्ती दंतेवाड़ा पहुंचेगे, जहां हेलिकॉप्टर से 3.40 बजे प्रस्थान कर 4.10 बजे जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 5 बजे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे 5.20 बजे होटल मेफेयर, रायपुर पहुंचेंगे। यहां 5.20 बजे से 7.20 बजे तक विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद 7.50 बजे विमान से रायपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली रवाना होंगे।

# राज्य सूचना आयुक्त के लिए पूर्व आईएएस, नेता और पत्रकारों सहित 72 लोगों ने किया आवेदन

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सूचना आयुक्त के रिक्त पद के लिए कुल 72 आवेदन आए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इन नामों को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।राज्य सूचना आयुक्त के पद के लिए पूर्व आईएएस संजय अलंग, अमृत खलखो, उमेश कुमार अग्रवाल जैसे कई अधिकारियों ने आवेदन किया है। वहीं अधिवक्ता, नेता, आईटीआई एक्टिविस्ट और पत्रकारों की ओर से भी कई चर्चित नामों ने आवेदन किया है।




इससे पहले मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए 26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनी सर्च कमेटी ने आवेदकों का इंटरव्यू किया था।इस इंटरव्यू में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा समेत कई रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए थे।सामान्य प्रशासन विभाग अब नामों का पैनल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता वाली कमेटी को भेजेगा।

किसी एक नाम पर अंतिम मुहर यह कमेटी ही लगाएगी। इस कमेटी में नेता प्रतिपक्ष के साथ राज्य सरकार की ओर से नामित किए गए एक मंत्री को रखा जाता है।राज्य सूचना आयुक्त के रिक्त पदों को भरने के लिए नामों का चयन भी यही कमेटी करेगी।

**राज्य सूचना आयुक्त के लिए इन्होंने किया है आवेदन**

पूर्व आईएएस डॉ. संजय कुमार अलंग, हेमंत कुमार चंद्राकर, संजय कुमार दुबे, संदीप कुमार श्रीवास्तव, तरूण कौशिक, महेश कुमार शर्मा, केवल कान्त, डॉ. दिनेश्वर प्रसाद सोनी, संजय कुमार सिन्हा, राकेश कुमार साहू, बलराम कुमार, बृजेश नाथ पाण्डेय, बृजेश नाथ पाण्डेय, नरेन्द्र सिंह चावला, मनोज राय, यशोदा यादव, हेमराज साहू, संजय कुमार सिन्हा, उमेश कुमार अग्रवाल, अरूण उपाध्याय, आलोक मिश्रा, रूद्र अवस्थी, डॉ. जीतेन्द्र कुमार सिंगरौल, मनोज सिंह बघेल, अशोक कुमार शुक्ल, संतोष कुमार शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, मनोज कुमार त्रिवेदी, प्रहलाद कुमार निषाद, आयुष शुक्ला, राजेश रंजन सिन्हा, सुयश शुक्ला, उन्नति साहू, कुसुम साहू, कीर्तन प्रसाद श्रीवास, घनाराम साहू, अध्यापक सिद्धी शर्मा, पियुष पाण्डेय, बृजेश कुमार मिश्रा, ज्योति दागले, रजनीश चंद्राकर, केशव केदार नाथ शर्मा, डॉ.. शिरीष चंद्र मिश्रा, डॉ. सुनील कुमार सिंह, राजकुमार मिश्रा, मनोज राय, विजय कुमार लांजे, देवी प्रसाद चन्द्राकर, सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, ललित कुमार सोनी, सुरेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, राजेश लाहोटी, रेनू नंदी, नवल सिंह ठाकुर, गुरमीत सिंह खालसा, छविलेश्वर जोशी, अमरेन्दर जीत सिंह परिहार, जयेश बोथरा, कृष्ण नन्दन खिंड, दीपक कुमार जैन, डॉ. नीरज गजेन्द्र, विद्या सोनी, राजेंद्र कुमार पाध्ये, अभिनंदन मिश्रा, अनुज कुमार पटेल, परस राम टण्डन, राजेश कुमार श्रीवास्तव, कौस्तुभ पेंडसे, अमृत कुमार खलखो, अमृत कुमार खलखो, एचएच रात्रे, गौतम कुमार, अनिल तिवारी, चैश्वनी सिन्हा, मीना चंदेल, डॉ. शिरीष चंद्र मिश्रा, लक्ष्मीकांत निर्णजक, अभिनंदन मिश्रा ने राज्य सूचना आयुक्त के लिए आवेदन किया है।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत, कांग्रेस ने जांच समिति का किया गठन

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। धमतरी में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के मामले में कांग्रेस ने 7 सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है। इस समिति में 6 विधायकों और एक जिला अध्यक्ष को शामिल किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इस जांच समिति का संयोजक गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद को बनाया है।

श्री बैज ने आज 7 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।जिसमें कुंवर सिंह निषाद, संगीता सिन्हा, अंबिका मरकम, दलेश्वर साहू , भोलाराम साहू, ओंकार साहू और शरद लोहाना समिति में सदस्य को शामिल हैं।यह समिति मृतक के गृह ग्राम भंवरमरा पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात करेगी. जिसके बाद अपनी रिपोर्ट पीसीसी चीफ को सौंपेगी। राजनांदगांव के भंवरमरा का निवासी दुर्गेश कठोलिया के खिलाफ अर्जुनी थाना में धोखधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि दुर्गेश ने किसानों से उंचे दामों पर धान खरीदी का झांसा दिया और पैसे नहीं लौटाए। जब किसानों ने अपना पैसा मांगा तो युवक मोबाइल बंद कर फरार हो गया था। इसके बाद पीड़ित किसानों ने दुर्गेश के खिलाफ अर्जुनी थाने में 7 करोड़ रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

**कुंवर निषाद बनाए गए संयोजक**

**परिजनों ने लगाए थे मारपीट के आरोप**

घटना के बाद जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सांकल से जमकर पिटाई की, जिसकी वजह से युवक की मौत हुई है।

# हनुमान जयंती पर गुढ़ियारी से निकलगी भव्य शोभायात्रा

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन करने जा रही है। माहेश्वरी समाज की ओर से मोवा स्थित महेश गार्डन में एक दिवसीय कार्यक्रम में शोभायात्रा, भंडारा, सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या जैसे विभिन्न धार्मिक आयोजन शामिल हैं।

सुबह 7.15 बजे गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगी, जो महेश गार्डन, मोवा तक पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई है. इसके बाद दोपहर 12 बजे पंडरी में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



शाम 6 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिसके बाद हाई-टी की व्यवस्था रहेगी। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम का समापन रात्रि 9.30 बजे महाप्रसादी वितरण के साथ होगा।

**■ सुंदरकांड पाठ के साथ होगी भजन संध्या**

इस भव्य आयोजन के लिए मुख्य संयोजक पवन झंवर और हेमंत तोतला है, जबकि संयोजन समिति में रमेश झंवर, ललित सोमानी और राकेश सोमानी शामिल हैं।कार्यक्रम में दीपक उपाध्याय (अमरावती) और नंद मूंधड़ा (नापासरवाला) भी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में महेश महिला संगठन और महेश युवा संगठन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। सभा के अध्यक्ष पवन झंवर और सचिव हेमंत तोतला ने सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# वक्फ बिल पारित होने पर आदिवासी की जमीन पर नहीं होगा अवैध कब्जा

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। वक्फ संशोधन बिल पास होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। इसके साथ ही उन्होंने बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा है।

**मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर किए अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए लिखा है कि वक्फ बिल के दोनों सदनों से पारित होने पर बधाई। यह बिल जनजातीय अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। बिल में यह प्रावधान किया गया है कि 5वीं और 6वीं अनुसूची के क्षेत्रों में किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा। इससे आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और जनजातीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा।

उन्होंने आगे लिखा कि वक्फ बिल पर विपक्ष ने लगातार मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने का प्रयास किया है। यह अत्यंत निंदनीय है। वास्तव में यह बिल किसी धर्म के विरुद्ध नहीं, बल्कि न्याय और समानता के मूल्यों को मजबूत करने वाला है। यह गरीब अल्पसंख्यकों के हित में है। वक्फ संशोधन बिल पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक पहल है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह बिल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का प्रमाण है। जिस प्रकार से इस बिल पर व्यापक चर्चा हुई है, वह हमारे संसदीय विमर्श की परिपक्वता को दर्शाता है।

वक्फ कानून में संशोधन इसकी संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस बिल का उद्देश्य धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं, बल्कि प्रशासनिक सुधार और न्यायिक

# 15वें वित्त आयोग के सभी कार्यों को समय पर करे पूरा : मीनल



**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय में महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने 15 वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में बी टी, पेवर कार्य, उद्यानों, ड्रेन कव्हर के कार्यो, 2 डी व 3 डी पेंटिंग कार्य के सभी प्रगतिरत कार्यो की जानकारी प्रभारी अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता श्री यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर, एवं उपस्थित अन्य संबंधित अधिकारियों से प्राप्त कर उसकी विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी प्रगतिरत कार्यो को तेज गति से कार्य करवाकर तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता सहित प्राथमिकता के साथ जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैँ। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बैठक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, वार्ड पार्षदों को कार्यो की जानकारी देकर उनसे समन्वय बनाकर 15 वें वित्त आयोग मद में सभी प्रगतिरत विकास कार्यो को सतत मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये हैँ।

## सभापति ने हटवाया अपना बैनर-पोस्टर

नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ का फोटो बैनर- पोस्टर निगम मुख्यालय भवन के सामने लगा हुआ था। आज संध्या सभापति ने इसे अपने संज्ञान में लेकर नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता की टीम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा और उप अभियंता अमित सरकार को वहाँ बुलवाकर तत्काल पोल्स पर लगे अपने फोटो बैनर- पोस्टर को टीम भेजकर हटवाने के निर्देश दिए। सभापति के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई।

# भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई जांच की मांग

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार की जांच को सीबीआई से कराए जाने की मांग को लेकर आज नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में भारत माला परियोजना में भ्रष्टाचार का मुद्दा खूब गरमाया था।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत रायपुर विशाखापटनम प्रस्तावित इकनोमिक कॉरिडोर के सड़क निर्माण के लिए अनुविभाग अभनपुर जिला-रायपुर अन्तर्गत निजी भूमि के अधिग्रहण से मुआवजा राशि के निर्धारण तक की प्रक्रिया में विधि विरूद्ध कार्यवाही करते हुए, लोक सेवकों तथा भूमि स्वामियों के द्वारा आपराधिक षड्यंत्रपूर्वक ऐसे भ्रष्ट आचारण किये गये हैं। जिसके कारण भारत सरकार को कम से कम रू. 43,18,27,627.00 की आर्थिक क्षति हुई है।

जांच प्रतिवेदन के अनुसार वास्तविक मुआवजा राशि रू. 7,65,30,692.00 होता है, परंतु मुआवजा राशि का निर्धारण और भुगतान रू. 49,39,40,464.00 किया गया है। इस प्रकार रू. 43,18,27,627.00 का अधिक निर्धारण कर दिया गया।जांच प्रतिवेदन के निष्कर्षो के अनुसार भूमि के अर्जन की वैधानिक अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात् पूर्व की तिथियों में क्रय/विक्रय पंयन/बटांकन/नामांतरण की विधि विरूद्ध कार्यवाहियां की गई। जिसके कारण भूमि के खातों का विभाजन हुआ फलस्वरूप बहुत अधिक दर से मुआवजा निर्धारण हुआ।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में इस पर चर्चा के दौरान 12 मार्च को उन्होंने राजस्व मंत्री और मुख्य मंत्री से यह अनुरोध किया गया कि- च्चूंकि यह प्रकरण भ्रष्टाचार का है, यह भारत सरकार की परियोजना है और इसमें कतिपय वरिष्ठ अधिकारियों की भी संलिप्तता



■ **नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र**

संभावित है इसलिए इसकी जांच सी.बी.आई. को दे दी जाए अथवा विधायकों की कमेटी गठित कर जांच कराई जाए.ज्ञ। परंतु मेरे अनुरोध को स्वीकार नहीं करते हुए कमिश्नर से जांच कराने की घोषणा राजस्व मंत्री के द्वारा की गई। 12 मार्च को ही अपरान्ह में मंत्रि परिषद् की बैठक के अन्य विषय में निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण की जांच ई.ओ.डब्ल्यू. करेगा। ई.ओ.डब्ल्यू. (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों) राज्य की एक एजेंसी है इसलिए भारतमाला परियोजना के आर्थिक अपराध की जांच करने के लिए राज्य की कोई भी एजेन्सी सक्षम नहीं है। यदि राज्य की एजेन्सी कार्यवाही करती भी है तो उसकी कार्यवाही को सक्षम न्यायालय में सक्षमता के प्रश्न पर चुनौती दी जा सकती है, जिससे राज्य की एजेन्सी द्वारा की गई कार्यवाही अवैधानिक ठहराई जा सकती है और भ्रष्टाचारी दण्ड से बच सकते हैं।

जांच प्रतिवेदन 11 सितंबर 2023 का है जो राज्य सरकार को बहुत पहले ही प्राप्त हो चुका है।किंतु इस पर तब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई थी, जब तक कि मेरे द्वारा विधानसभा प्रश्न के माध्यम से इसे उठाया नहीं गया था।इससे ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार की मंशा कार्यवाही करने की नहीं है। भ्रष्टाचार के इस प्रकरण में अधिक भुगतान की गई राशि रू. 43.18 करोड़ की ब्याज सहित वसूली भी की जानी है, जिसके लिए अब तक कोई भी कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गई है। इस आपराधिक षड़यंत्र में 100 से अधिक लोक सेवक तथा भूमि स्वामी संलिप्त हैं।

यह जांच प्रतिवेदन भारतमाला परियोजना के लिए भूमि अर्जन में केवल एक अनुविभाग अभनपुर में हुए भ्रष्टाचार से संबंधित है। इस जांच में अनेक बिन्दुओं को छोड़ भी दिया गया है आपराधिक षड़यंत्र का भी उल्लेख नहीं किया गया है। अत: इस जांच प्रतिवेदन के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध की गई कोई भी कार्यवाही न्यायालय के समक्ष स्थिर नहीं रह सकेगी।

छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत जितनी भी सड़कों का निर्माण करने के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उन सभी में इसी प्रकार से आपराधिक षड़यंत्रपूर्वक भ्रष्टाचार किया गया है अत: सभी की जांच केन्द्रीय एजेन्सी से कराए जाने की आवश्यकता है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत कहा है कि यह प्रकरण सी.बी.आई. को सौंपने और भारतमाला परियोजना के लिए भूमि अर्जन, मुआवजा निर्धारण के अन्य सभी प्रकरणों की भी जांच कराई जाए।

# नया वक्फ बिल से मुस्लिम समाज को होगा फायदा : डॉ. सलीम राज

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। संसद में नया वक्फ बिल पारित होने के बाद छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बिल को मुस्लिम समाज की तरक्की और खुशहाली का कदम बताया है।



डॉ. सलीम राज ने कहा कि नया वक्फ बिल मुस्लिम गरीब महिलाओं के हित के लिए है। इससे मुस्लिम समाज को फायदा मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने आगे कहा कि वक्फ बोर्ड की तर्ज पर 'सनातन बोर्ड' भी बनाया जाना चाहिए। इस संबंध में वे गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखेंगे।

**सनातन बोर्ड की मांग**-डॉ. सलीम राज ने कहा कि सनातन बोर्ड बनने से मठों और मंदिरों की जमीनों का बंदरबांट रोका जा सकेगा। उन्होंने इस मुद्दे को देशहित में महत्वपूर्ण बताया और कहा कि सनातन धर्म के मंदिरों और मठों की संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित होना चाहिए।

**भूमाफियाओं पर होगी कार्रवाई**

उन्होंने यह भी कहा कि नए वक्फ बिल से वक्फ प्रॉपर्टी को भूमाफियाओं से मुक्त कराया जाएगा। कई बड़ी वक्फ संपत्तियों पर कुछ मूतवलियों और कांग्रेस के बड़े नेताओं का कब्जा है, जिसे हटाने के लिए सरकार अब सख्त कदम उठाएगी। डॉ. सलीम राज के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ सकती है। देखना होगा कि सरकार इस पर क्या रुख अपनाती है।

# नगरनार संयंत्र नहीं बिकेगा अमित शाह इसकी गारंटी देंगे? : दीपक बैज

**रायपुर**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अमित शाह छत्तीसगढ़ आ रहे है, बस्तर जायेंगे।यह समझना पड़ेगा कि अमित शाह बार–बार बस्तर क्यो आ रहे है? छत्तीसगढ़ में जब 15 साल भाजपा की सरकार थी तब बस्तर नही आये लेकिन अब बार- बार क्यो आ रहे है? यह कांग्रेस पार्टी का सवाल है, अमित शाह बस्तर आते है तब नक्सलियों का एक चिट्ठी आता है कि हम चर्चा के लिये तैयार है। युद्ध विराम के लिये तैयार है यह एक तरह अमित शाह के लिये तैयार किया गया स्क्रिप्ट है, पॉलिटिकल स्टंट है। ताकि अमित शाह बस्तर में जाकर बोले की हमारी सरकार की कार्यवाही से नक्सली डर गये और सरेंडर कर रहे है।

अमित शाह का बस्तर आने का मकसद है कि नक्सलवाद का खात्मा करना नहीं बल्कि उनके चहेते उद्योगपतियों के जल, जंगल, जमीन, माइंस देने के लिए रास्ता तैयार करने आ रहे है। बस्तर में बहुत से मूल्यवान खनिज है इसलिये उद्योगपतियों के लिये जमीन तलाश करने आए है।

छत्तीसगढ़ वासियों तथा बस्तर वासियों की तरफ से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से 8 सवाल पूछते हुये जवाब मांगा है। शाह गारंटी देंगे बस्तरियों के मंशा के खिलाफ अडानी या अन्य उद्योगपतियों की बस्तर में इन्ट्री नहीं होगी।

**एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा?**

एनएमडीसी भारत की वह नवरत्न कंपनी है जो लौह अयस्क तो बस्तर से निकलती है और उसे दुनिया भर में भेजती है। परंतु अपना मुख्य कार्यालय बस्तर की बजाए तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में बनाए बैठी है।

एनएमडीसी को अपना मुख्यालय अब बस्तर में बनाना चाहिए ताकि बस्तर के बेरोजगार युवाओं के लिए एनएमडीसी में रोजगार का द्वार खुल सके। अमित शाह बताये एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा?

**नंदराज पहाड़ की लीज केन्द्र रद्द क्यों नहीं कर रहा?**



नंदराज पहाड़ से ग्रामीणों की आस्था जुड़ी हुई है वे उस पहाड़ को देवतुल्य मानते हैं और उसकी पूजा करते हैं। बैलाडीला नन्दराज पहाड़ लौह अयस्क के दोहन हेतु रमन सरकार ने 2016–17 में अडानी को लीज पर दिया था। जिसके विरोध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने लंबा संघर्ष किया। भूपेश बघेल सरकार बनते ही राज्य सरकार अडानी को दी गयी लीज खारिज कर दिया। परंतु आज तक केन्द्र ने इसके लिए किसी प्रकार की नोटिफिकेशन जारी नही किया।

**कांग्रेस ने बस्तर की जनता की तरफ से अमित शाह से पूछा 8 सवाल**

जल, जंगल, जमीन के अधिकारों से स्थानीय आदिवासियों को वंचित करने और खनन माफिया अपने नीति पूंजीपति मित्रों को अनुचित लाभ पहुंचाने 2006 के वन अधिकार अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों को मोदी सरकार ने शिथिल कर दिया है ।क्या केंद्रीय गृह मंत्री आदिवासियों से माफी मांगेंगे?

**नगरनार नहीं बिकेगा इसकी गारंटी देंगे?**

बस्तर का नगरनार स्टील प्लांट जो कि बस्तर वासियों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है।

नगरनार संयंत्र बेचने की कार्यवाही कब बंद होगी? नगरनार नहीं बिकेगा इसकी गारंटी देंगे?

**आरक्षण विधेयक कब तक लंबित रहेगा?**

छत्तीसगढ़ की जनता के हित में भूपेश सरकार ने विधानसभा से आरक्षण संशोधन विधेयक पारित करवा कर राजभवन भेजा था। इस विधेयक में सर्व समाज के लिये आरक्षण का प्रावधान है जिसमें आदिवासी समाज के लिये भी 32 प्रतिशत ओबीसी के लिये, 27 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लिये, 13 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग के गरीबो के लिये 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। अमित शाह जवाब दे आदिवासियों का 32 प्रतिशत आरक्षण कब तक राजभवन में लंबित रहेगा?

**दल्लीराजहरा जगदलपुर रेल लाइन क्यों शुरू नहीं हो रही?**

सन् 2017–18 में दल्लीराजहरा रेलमार्ग के निर्माण का उद्घाटन स्वयं देश के प्रधानमंत्री ने भानुप्रतापपुर से किया था। मंच से आश्वस्त किया था कि 2021 में यह बनकर तैयार हो जाएगा और इस रेलमार्ग में यात्री ट्रेनें सरपट दौड़ेगी। परंतु आज तक यह रेल लाइन का कार्य खत्म नहीं हुआ है जो कि बस्तर की जनता के साथ छलावा है। अमित शाह बताये यह कब पूरा होगी?

**भारतमाला परियोजना को क्यों जगदलपुर से नही जोड़ा जा रहा?**

भारत माला ओडीशा के नवरंगपुर से होकर जा रही है।नगरनार से भारत माला की दूरी 32 किमी के आसपास है। केन्द्र सरकार जगदलपुर से भारत माला तक जोड़ने पहल करे या एनएमडीसी नगरनार से भारत माला तक सड़क निर्माण कराये।

# आज संध्या मंदिरों में हवन पूर्णाहुति एवं विसर्जन होगा

## वायुमंडल में स्वाहा स्वाहा गूंजायमान रहेगा

**रायपुर**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चैत्र नवरात्रि के सप्तमी के पावन अवसर पर राजधानी स्थित श्री राजराजेश्वरी महामाया माता मंदिर में रात भर माता जी का निशा पूजा संपन्न हुआ।



51 किलो दूध, 11 किलो दही, 5 किलो शहद ,10 किलो शक्कर, एवं पंचमेवा सहित सबको मिलकर निर्मित पंचामृत से 101 किलो दूध दही से माता जी का रात भर दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के साथ निशा पूजा संपन्न हुआ। आज संध्या अष्टमी के बाद नवमी में मंदिरों में हवन संपन्न होंगे। महामाया मंदिर के व्यवस्थापक पं विजय कुमार झा ने बताया है कि महामाया मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर, सतबहानिया माता मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में रात्रि हवन के बाद गुप्त रूप से प्रज्जवलीत जोत विसर्जित किए जाएंगे। महामाया मंदिर के ज्योत प्राचीन बावली में गुप्त रूप से विसर्जित होंगे। कल शनिवार को रामनवमी का पर्व मंदिरों में मनाया जाएगा। पूरे देश में एवं प्रदेश में हवन के घी, सांकला, औषधि से वायुमंडल शुद्धता को प्राप्त करेगी। वहीं मंदिरों में स्वाहा स्वाहा गूंजायमान रहेगा। श्री झा ने श्रद्धालुओं से अपील किया है कि पूर्ण नारियल हवन अग्नि में ना डालें। इससे पुण्य नहीं बल्कि पाप होता है और ऐसा करने पर 1000 ब्राह्मणों को भोजन करना होता है, जो संभव नहीं है।

# राजधानी के पारंपरिक बाजारों के पुनरुद्धार व विकास के लिए महापौर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर महापौर से सौजन्य मुलाकात कर रायपुर के पारंपरिक बाजारों के पुनरुद्धार एवं व्यापारिक विकास के लिए कई आवश्यक सुझाव दिए गए। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया रायपुर नगर निगम क्षेत्र के पारंपरिक बाजार नगर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। जहां लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारी अपनी आजीविका के साथ–साथ अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं। ये बाजार निम्न एवं मध्यम वर्गीय जनता के लिए आवश्यक वस्तुओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। वर्तमान में ये बाजार दयनीय स्थिति में हैं, जिसके कारण पारंपरिक व्यवसायी संकट में हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स एवं मॉल की ओर रुख कर रहे हैं। इन बाजारों के पुनरुद्धार हेतु निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए जा रहे हैं। बाजारों में पक्की सड़कों एवं सुदृढ़ जल निकासी प्रणाली का निर्माण,सुव्यवस्थित यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था ।अग्निशमन की व्यवस्था, बाजारों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना ।बिजली के खुली तारों को भूमिगत करना तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु लाइट्स तथा मुख्य चौक चौराहों पर हाइमास्क लाइट लगवाई जाए। स्वच्छता व्यवस्था को नियमित एवं प्रभावी बनाना। व्यवस्थित रिटेल बाजारों की स्थापना ।सार्वजनिक शौचालयों एवं जनसुविधा केंद्रों का निर्माण ।नवीन फुटकर बाजारों की स्थापना ।यूजर चार्ज की समीक्षा,ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना ।अनुपयोगी सरकारी परिसंपत्तियों का पुनः उपयोग। महापौर ने इन सुझावो व ध्यानपूर्वक अवलोकन किया तथा रायपुर के पारंपरिक बाजारों के पुनरुद्धार एवं व्यापारिक विकास का आश्वासन दिया।



## गायत्री शक्तिपीठ में आज नवमी पूर्णाहुति का आयोजन

**रायपुर,** 4 अप्रैल। गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी रायपुर में शनिवार को देवी स्वरूप कन्या पूजन कर यज्ञ हवन के बाद नवमी को पूर्णाहूती का कार्यक्रम संपन्न होगा। कन्या पूजन के संबंध में जानकारी देते हुए गायत्री परिवार ट्रस्ट की मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि गायत्री परिवार के द्वारा प्रत्येक वर्ष ज्योति कलश की स्थापना कर साधना और आराधना की जाती है नवरात्रि के नौ दिनों तक शक्तिपीठ में माता की भजन और साधन गायत्री परिवार के साथ भक्तों के द्वारा की जाती है शनिवार को अष्टमी के अवसर पर माता स्वरूप कन्याओं का पूजन अर्चन कर यज्ञ हवन में आहुतियां दी जाएगी इसके साथ ही कन्या भोजन कराया जाएगा।

# निगम जोन 3 में अध्यक्ष साधना प्रमोद साहू निर्विरोध निर्वाचित

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 की वार्ड समिति के अध्यक्ष पद का निर्वाचन नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा नियुक्त निर्वाचन सह पीठासीन अधिकारी जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे द्वारा निर्वाचन सह पीठासीन अधिकारी निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय के निर्देशन पर्यवेक्षण में नगर निगम जोन 3 कार्यालय में कराया गया. नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने, प्राप्त नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा उपरांत प्राप्त एकमात्र नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी वार्ड पार्षद साधना प्रमोद साहू को नाम निर्देशन पत्र सही पाए जाने पर नाम वापसी समय पूर्ण होने उपरांत नगर निगम जोन 3 की वार्ड समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया. जोन 3 में साधना प्रमोद साहू को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदत्त किया गया. इस अवसर पर जोन कार्यालय में वार्ड समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, पार्षद राजेश कुमार गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि रोहित साहू, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राम प्रजापति, सभी एमआईसी सदस्यों, जोन के तहत वार्डों के सभी नवनिर्वाचित पार्षदगणों, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, निगम सचिव सूर्यकान्त श्रीवास्तव, जोन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने वार्ड समिति जोन क्रमांक 3 की नवनिर्वाचित अध्यक्ष साधना प्रमोद साहू को बुके प्रदत्त कर और मिठाई खिलाकर बधाई दीं।



## वक्फ बोर्ड की तरह हो सनातन बोर्ड का गठन : डा. सलीम

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने केंद्र सरकार से वक्फ बोर्ड की तरह सनातन बोर्ड गठित करने की मांग की ताकि इस बोर्ड के गठन होने जाने से देश व प्रदेश में मठ मंदिरों के जमीन पर कब्जे और फिर बंदरबाट पर रोक लग सकेगी और कहीं पर भी कब्जा नहीं हो पाएगा। डॉ. सलीम राज इस बोर्ड के गठन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को जल्द ही पत्र लिखने वाले है। दूसरी ओर संसद से वक्फ बिल पारित होने जाने पर कहा कि जल्द ही भूमाफिया से वक्फ की जमीनें खाली कराई जाएंगी।





**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। आज छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में शहर के विभिन्न छेत्रो में किये दानदाताओं का सम्मान किया गया। उसी श्रेणी में आज हमारे परिवार का स्व नारायण प्रसाद अवस्थी जो हमारे नाना थे द्वारा जो आयुर्वेदिक कॉलेज दान किया हमारे परिवा के मुखिया रामकुमार शुक्ल अंजय शुक्ल सौरभ शुक्ला अंजिनेश शुक्ल का सम्मान किया गया। बुढ़ापारा रायपुर के दानी परिवार का भी उनके परिवार की लगातार दानशीलता के लिए वर्तमान पीढ़ी के दानी परिवार के मुखिया रविन्द्र दानी का मुख्यमंत्री ने सम्मान किया गया ।

# फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर 41 लाख की ठगी, दो शातिर गुजरात से गिरफ्तार

**दुर्ग**, 4 अप्रेल (देशबन्धु)। शहर में डिजीटल अरेस्ट के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। ताजा मामले में दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिपु स ने गुजरात से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर दुर्ग की एक युवती को डिजीटल अरेष्ट के जरिए ठग लिया। महिला को सीबीआई का अफसर बताया और मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग केस आदि का डर दिखाया। युवती झांसे में आ गई और अलग अलग चरणों में 41 लाख ठगों को ट्रांसफर कर दिए। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू की और आखिर कार सफलता मिली। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से रुपए गिनने की मशीन व 45 लाख रू. का इन्डेवर फोर्ड वाहन जब्त की है।

**डिजिटल अरेस्ट कर ठगी और क्रिप्टो करंसी में लगाकर भेजा दुबई**

इस संबंध में सीएसपी दुर्ग चिराग जैन ने बताया कि फरिहा अमीन कुरैशी निवासी एलआईजी 512 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी बघेरा दुर्ग ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी 2025 को उसके मोबाइल पर दिल्ली पुलिस डिपार्टमेंट का एक विडियो कॉल आया। कॉलर ने बताया कि सीबीआई द्वारा संदीप कुमार के विरूद्ध मनीलॉन्ड्रींग कैस, ड्रग ट्रेफेकिंग, आईडेन्टिडेटी थेफ्ट कैश में जांच की जा रही। जिसमें उन्हें संदीप कुमार के कब्जे से 180 बैंकबैं खाते मिले हैं। इनमें से एक खाता युवती के नाम का एचडीएफसी बैंकबैं दिल्ली का होना बताया। यह बताया गया कि उक्त खाते में 8.7 करोड़ रुपए जमा है। इस पर युवती ने उक्त खाता अपना नहीं होना बताया लेकिन फर्जी अफसरों ने गिरफ्तारी का डर दिखाया और ऑनलाइन बयान देने और इंवेस्टिगेशन की बात की। इसके बाद एक पुलिस अधिकारी से ऑनलाईन सुनी सु ल कुमार गौतम आईपीएस दिल्ली पुलिस कहकर परिचय कराया गया। फर्जी अफसर ने पूछताछ कर बयान लिया और प्रार्थिया के नाम से जमा और अर्जित चल अचल संपत्ति का विवरण मांगा गया। पुलिस अधिकारी आईपी एस गौतम ने प्रार्थिया से यह भी कहा की आरोपी संदीप कुमार बहुत ही बड़ा अपराधी है, यह प्रकरण बहुत बड़ा कॉन्फिडेनशियल केस है। इसलिये इसकी गोपनीयता बनाये रखना जरूरी है। इसके बाद प्रार्थिया अपने भारतीय स्टेट बैंक गंजपारा दुर्ग से अलग.अलग चरणो में आरटीजीएस के माध्यम से 41 लाख रुपए आरबीआई इण्डिया में जमा कराया गया। इसके बाद युवती का उन अफसरों से संपर्क नहीं हुआ। युवयुती को तब जाकर अहसास हुआ कि उससे ठगी हुई है। विवेचना के दौरान पुलिस ने पाया कि प्रार्थिया द्वारा 9 लाख 50 हजार रुपए 29 जनवरी 2025 को राजकोट नागरिक सहकारी बैंक ब्रांच मोरबी गुजरात में आस्था लॉजिस्थ संस्था के नाम से संचालित खाते में जमा कराया। उक्त खाता का संचालक आरोपी प्रोपाईटर मनीष दोसी राजकोट गुजरात का होना पाया गया है। आरोपी का विडियो फुटेज भी पैसा निकालते समय संबंधित बैंक का सायबर सेल भिलाई को प्राप्त हुआ। इसके बाद आरोपी मनीष दोसी निवासी सनाडा रोड़ मोरबी थाना मेरबी सिटी, डिविजन जिला मोरबी, गुजरात को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# ग्रामीणों से बिजली काटने की धमकी देकर वसूली करने वाले 3 गिरफ्तार

**महासमुंद**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बकाया बिजली बिल नहीं पटाने पर लाइन काटने की धमकी देकर फर्जी बिजली कर्मचारी बनकर वसूली करने वाले तीन आरोपियों को सिटी कोतवाली ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने करीब 16 लोगों से 75 हजार रुपए की वसूली धमकी देकर कर ली थी। बिजली विभाग के संज्ञान में मामला आने पर इसकी शिकायत पुलिस में की गई थी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल नंबर को ट्रेस किया और मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिन 3 आरोपियों को पकड़ा गया है, उनकी पहचान लेखन निर्मलकर फिंगेश्वर, गणेश भोई महासमुंद, और सुमन धीवर महासमुंद के रूप में की गयी है। कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4) और 319 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने और कितने ग्रामीणों को ठगी का शिकार बनाया है। क्षेत्र के ग्राम केशवा, साल्हेभाठा, शेर, मोरधा, कनेकेरा, पचेड़ा और धनसुली में जब लगातार ठगी की घटनाएं होने लगीं, तब ग्रामीणों ने बिजली विभाग में शिकायत की। जांच करने पर पता चला कि यह पूरी तरह से ठगी का मामला है। इसके बाद कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई पुलिस और बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को बिजली विभाग का कर्मचारी समझकर पैसे न दें, कोई भी संदेह होने पर तुरंत बिजली विभाग के अधिकृत कार्यालय में संपर्क करें या पुलिस को सूचना दें।

# तरीघाट में शराब दुकान नहीं खोलने जिलाधीश को ज्ञापन

**राजिम,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राजनीति में प्रथम बार कूदे राजिम महाडिक परिवार के युवा इन्दर्जीत महाडिक ने गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद अंचल में कुछ करने की चाह दीपक अग्रवाल से कुछ मागों के साथ वे मिले गरियाबंद जिला धीश से मिले और उन्हें समस्यों से अवगत कराया । क्षेत्र की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक बहुत चिंतित है और वह सीधे जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मुलाकात कर आवेदन भी दिए हैं तथा उसे शीघ्र निराकृत करने की मांग किए ।उन्होंने अलग–अलग तीन आवेदन के माध्यम से अपनी बात रखी है।

ग्राम पंचायत तरीघाट को आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तावित नवीन मदिरा दुकान के लिए चयनित किया गया ।यह धार्मिक स्थलों तक जाने का मुख्य मार्ग है। जहां से घटारानी माता मंदिर, जतमई माता मंदिर, झरझारा देवी माता मंदिर, कर्राबाघिन माता मंदिर, कुंडल शनि देव मंदिर जैसे अनेक पवित्र एवं पर्यटन स्थल में पहुंचा जाता है उक्त स्थल को चयनित करने के पूर्व भी ग्राम वासियों से सहमति लेना आवश्यक नहीं समझा गया है। यहां के लोग अभी से चिंतित हो गए हैं कि नई पीढ़ी के भविष्य का क्या होगा। इन्होंने अनुरोध किया है कि नवीन मदिरा दुकान को खोलने से पहले ग्राम पंचायत और ग्राम वासियों के सहमति के पश्चात ही प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए।

**चौबेबांधा नवागांव एनीकेट में पानी रोकने की मांग**

उन्होंने दूसरा आवेदन में इस बात का उल्लेख किया है कि चौबेबांधा से लगा हुआ पैरी नदी में नवागांव एनीकेट मौजूद है। करोड़ों रुपया खर्च कर इन्हें बनाया तो गया है लेकिन इसमें पानी नहीं है। वैसे भी इसका निर्माण जल भराव के लिए किया गया है। आने वाले अप्रैल, मई, जून महीना भीषण गर्मी से आम जनता को पानी की कमी से पेयजल एवं निस्तारी करने की समस्या होगी। ऐसे में जल स्तर भी नीचे जा चुका है। त्रिवेणी संगम में रहकर पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। पानी रहकर हम प्यासे रहे यह उचित नहीं है। जिस उद्देश्य से एनीकेट का निर्माण किया गया है उनकी पूर्ति तय होनी चाहिए। बताना होगा कि इनका निर्माण 2015 में हुआ था उसके बाद से मात्र दो–तीन साल ही गर्मी के दिनों में पानी रहा उसके बाद तो हर साल सुखा ही रहता है। तेजी के साथ नीचे जा रहे भूजल स्तर इन दिनों चिंता का विषय बन गया है। इस एनीकेट से राजिम , नवापारा स्थल , धमतरी और गरियाबंद जिला के अनेक गांवों के लोगों को फायदा पहुंचता है।



**सिंचाई के लिए सिकाशेर जलाशय का पानी बंद ना करें**

जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने अपने आवेदन में यह भी कहा है कि सिंचाई के लिए सिकासेर जलाशय का पानी पूर्ण रूप से बंद ना किया जाए। उन्होंने लिखा है कि जल संसाधन उपसंभाग क्रमांक 2 पांडुका के द्वारा राजिम, फिंगेश्वर व पांडुका उप संभाग के अंतर्गत रबि फसल सिंचाई के लिए विभिन्न गांव में पानी दिया गया है जो की 28 मार्च से बंद किया जा चुका है। पूर्ण रूप से बंद किए जाने पर भीषण गर्मी के वजह से किसानों के फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे खेत एवं फसल पूरी तरह से सूख रहा है और फसलों को नुकसान हो रहा है। इन्होंने अनुरोध किया है कि पानी को सिंचाई के लिए कम मात्रा में छोड़ जाए मगर पूर्ण रूप से बंद ना किया जाए। जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक लोगों की समस्याओं से लगातार रूबरू हो रहे हैं और उन्हें हल करने का भी पुरजोर प्रयास किया जा रहा है।

## निधन

### श्यामलाल साहू

**नवापारा राजिम,** 4 अप्रैल। समीपस्थ ग्राम मानिकचौरी के वरिष्ठ नागरिक श्यामलाल साहू उम्र लगभग 90 वर्ष का आज दोपहर 2.30 बजे निधन हो गया ।वे लम्बे समय से बीमार थे। वे पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के चाचा तथा थनेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू व फनेंद्र साहू के पिता थे।



### श्रीमती शांता अन्थोनी

**भिलाईनगर,** 4 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी सदस्य व वरिष्ठ पार्षद सींजू अन्थोनी की माता श्रीमती शांता अन्थोनी 77 का निधन आज 4 अप्रैल को रात्रि 2 को गया है। उनकी अंतिम यात्रा 6 अप्रैल को उनके निवास स्थान एमआईजी–1/368 हुडको से दोपहर 3 बजे क्रिश्चियन कब्रस्तान, नेहरूनगर भिलाई जाएगी।



# परिवहन पोर्टल से घर बैठे बन रहे लायसेंस और वाहनों का पंजीयन



**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन, परिवहन विभाग द्वारा आम नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं को अधिक सुगम बनाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए आम नागरिकों को किसी मध्यस्थ की आवश्यकता नहीं है। घर बैठे ही आवेदकों द्वारा इन सुविधाओं के लिए आवेदन किया जा सकता है।

परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश ने बताया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्मित परिवहन सेवा पोर्टल में जाकर आवेदकों द्वारा वांछित सेवा का चुनाव कर आधार अभिप्रमाणन द्वारा उक्त सेवा का लाभ लिया जा सकता है, आधार अभिप्रमाणन के बाद परिवहन पोर्टल में दिये गए सेवाओं के तहत् वाहन से संबंधित 23 सेवाएं तथा सारथी (चालक लाईसेंस से संबंधित) के 19 सेवाएं शामिल हैं।

वाहन से संबंधित सेवाएं- मोटर वाहन के अस्थायी पंजीकरण के लिए आवेदन, पूर्ण निर्मित बॉडी वाले मोटर वाहन के पंजीकरण के लिए आवेदन, पंजीकरण प्रमाणपत्र (RC) की डुप्लिकेट जारी करने के लिए आवेदन, पंजीकरण प्रमाणपत्र शुल्क जमा करना, पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) प्रदान करने के लिए आवेदन, पंजीकरण प्रमाणपत्र में पते में परिवर्तन, शुल्क के विरुद्ध पंजीकरण प्रमाणपत्र (RC) विवरण देखें, मोटर वाहन के स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना, मोटर वाहन के स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन, किराया-खरीद समझौते का समर्थन, किराया-खरीद समझौते की समाप्ति, नए परमिट जारी करना, डुप्लिकेट परमिट जारी करना, परमिट का स्थायी समर्पण, परमिट का हस्तांतरण, परमिट का हस्तांतरण (मृत्यु मामला), परमिट का नवीनीकरण परमिट, परमिट प्राधिकरण का नवीनीकरण, विशेष परमिट के लिए आवेदन, अस्थायी परमिट के लिए आवेदन, परिवहन सेवाओं के लिए रिकॉर्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करना, डुप्लीकेट फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करना और वाहन का रूपांतरण सेवाएं शामिल हैं।

इसी तरह चालक लाईसेंस से संबंधित सेवाएं- लर्नर लाइसेंस में पता बदलना, डुप्लीकेट लर्नर लाइसेंस जारी करना, डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) जारी करना, ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण जिसके लिए ड्राइविंग योग्यता का परीक्षण आवश्यक नहीं है, ड्राइविंग लाइसेंस का प्रतिस्थापन, ड्राइविंग लाइसेंस में पता बदलना, ड्राइविंग लाइसेंस में बायोमेट्रिक्स बदलना, ड्राइविंग लाइसेंस में फोटो और हस्ताक्षर बदलना, ड्राइविंग लाइसेंस एक्सट्रैक्ट प्रोविजनिंग, इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट जारी करना, लाइसेंस से वाहन की श्रेणी का सरेंडर करना, खतरनाक सामग्री चलाने के लिए अनुमोदन, ड्राइवर को पब्लिक सर्विस व्हीकल (पीएसवी) बैज जारी करना, डुप्लीकेट पब्लिक सर्विस व्हीकल (पीएसवी) बैज जारी करना, कंडक्टर लाइसेंस का नवीनीकरण, डुप्लीकेट कंडक्टर लाइसेंस जारी करना, कंडक्टर लाइसेंस में पता बदलना, कंडक्टर में बायोमेट्रिक्स बदलना लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस में नाम परिवर्तन सेवाएं शामिल हैं।

उपरोक्त सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवेदकों को सर्वप्रथम परिवहन सेवा पोर्टल में जाकर वेबसाईट में प्रदर्शित हो रहे Menu Bar में ऑनलाईन सर्विसेस को सेलेक्ट करना है सेलेक्ट करते ही Vehicle Related Services जो कि वाहन सेवा से संबंधित है का चयन करते ही वाहन से संबंधित विभिन्न सेवाओं हेतु विकल्प प्रदर्शित होता है। इसी प्रकार चालक लाईसेंस से संबंधित सेवाओं हेतु वेबसाईट में प्रदर्शित हो रहे Menu Bar में ऑनलाईन सर्विसेस के तहत् Driving License Related Services का चयन करने पर ड्राईविंग लाईसेंस से संबंधित विभिन्न सेवाओं हेतु विकल्प प्रदर्शित होता है। आवेदक अपने कार्य से संबंधित विकल्प का चुनाव कर, सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

अब तक वाहन 4.0 संबंधी सेवाओं हेतु 1,724 आवेदन एवं सारथी 4.0 के माध्यम से लाईसेंस संबंधी 34,225 आवेदन का निराकरण 01 वर्ष के भीतर किया गया है। परिवहन विभाग आम नागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि करने हेतु सतत् रूप से प्रयासरत् है।

# आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा, 1 गिरफ्तार



रायपुर, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआए सट्टा एवं ऑन लाईन सट्टा संचालित करने वालों की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पंडरी क्षेत्रांतर्गत लोधीपारा हीरो आरसन मोटर्स शोरूम के पास स्थित पान दुकान में एक व्यक्ति टी.20 आई पी एल 2025 क्रिकेट मैच के दौरान के.के.आर बनाम एस.आर एच में मध्य खेले जा रहे मैच में ऑन.लाईन सट्टा संचालित कर रहा है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उक्त स्थान पर जाकर पान दुकान में व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम चिन्तेश्वर दीवान उर्फ पप्पू दीवान निवासी कुशालपुर पुरानी बस्ती रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा उक्त मैच में के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा संचालित करना पाया गया। जिस पर आरोपी चिन्तेश्वर दीवान उर्फ पप्पू दीवान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 01 नग मोबाईल फोन तथा नगदी रकम 2,100 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पंडरी में धारा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

पूछताछ में आरोपी द्वारा लाखेनगर निवासी एक व्यक्ति से आइ डी लेकर सट्टा संचालन करना बताया है आरोपी से पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इसके साथ ही आरोपी चिन्तेश्वर दीवान उर्फ पप्पू दीवान द्वारा जिस बैंक खाता में सट्टा के पैसों का लेन.देन किया जा रहा था उस बैंक खाता को होल्ड कराया गया है।

# वक्फ बिल के नाम पर मुस्लिमों को डरा रही है कांग्रेस : बृजमोहन



**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम पर कहा कि इस बिल में मुस्लिम समुदाय के विरोध में कुछ भी नहीं है, बल्कि यह उनकी भलाई के लिए लाया गया है। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे केवल मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं और इस बिल के नाम पर समुदाय के लोगों में अनावश्यक भय पैदा कर रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि यह संशोधन मुस्लिम समाज के हितों की रक्षा करने के लिए है, न कि उनके खिलाफ।

श्री अग्रवाल ने अपील की कि देशवासियों को विपक्ष के दुष्प्रचार से बचना चाहिए और सरकार की नीतियों पर विश्वास रखना चाहिए, जो सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह बिल मुस्लिम महिलाओं, नौजवानों और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे उनके स्वास्थ्य और शिक्षा की बेहतर व्यवस्था होगी तथा वक्फ की संपत्तियों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे देश और समाज को लाभ मिलेगा।

# गायिका ऐश्वर्या पंडित पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**पारिवारिक विवाद के चलते पति ने की पुलिस में शिकायत**



**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बॉलीवुड की मशहूर गायिका ऐश्वर्या पंडित के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला राजधानी रायपुर के मुझगहन थाना क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया। ऐश्वर्या पर आरोप है कि उन्होंने अपने परिजनों के साथ मिलकर पति के किराए के मकान का ताला तोड़कर वहां से 11 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर और घरेलू सामान चोरी कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार, ऐश्वर्या पंडित का अपने पति तपन दास से विवाद चल रहा था। इसी बीच, 19 जनवरी 2023 को उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन पारिवारिक कलह के चलते उनके पति तपन दास ने सद्दानी दरबार के पास एक किराए का मकान ले लिया और वहां रहने लगे। कुछ समय बाद किसी काम से तपन अपने मूल ग्राम गरियाबंद गए।

तपन की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर, ऐश्वर्या पंडित ने 1 सितंबर 2023 को अपने परिजनों के साथ मिलकर किराए के मकान का ताला तोड़ा और वहां से सोने-चांदी के जेवर, कूलर, रेफ्रिजरेटर सहित अन्य सामान जबरन ले गईं। जब तपन को इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत मुझगहन थाने में इसकी शिकायत की। हालांकि, पुलिस ने इसे पारिवारिक विवाद बताते हुए न्यायालय की शरण में जाने की सलाह दी।

कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज: इसके बाद तपन दास ने अपने वकील के माध्यम से न्यायालय में परिवाद दायर किया। प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायिक दंडाधिकारी आकांक्षा बेक की कोर्ट ने पुलिस को ऐश्वर्या पंडित और उनके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया।

मामले में पुलिस ने अब जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने बॉलीवुड और संगीत जगत में हलचल मचा दी है। फिलहाल, पुलिस की जांच के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आएगी।

# फर्जी लोन स्कीम बताकर करोड़ों की ठगी



**आरवी गुप्र के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस ने आरवी गुप्र एवं स्पाश एडवाइजर प्रा.लि.द्वारा की गई व्यापक वित्तीय धोखाधडी का खुलासा किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी अभय कुमार गुप्ता उर्फ अमयकांत गुप्ता सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस धोखाधड़ी में 250 से अधिक लोगों को फर्जी लोन स्कीम में फंसाकर करोड़ों की ठगी की गई। जिससे कुल ठगी की राशि 50 करोड़ रुपये से अधिक होने की सम्भावना है। प्रार्थी के अनुसार आरोपियों ने पहले ग्राहकों को लोन दिलाने के नाम पर उनके दस्तावेज एकत्र किए और विभिन्न बैंकों से उनके नाम पर लोन मंजूर करवाया। बाद में उन्हें आश्वासन दिया गया कि लोन की 50 प्रतिशत राशि आरवी गुप्र फर्म में निवेश करने पर उनकी ईएमआई फर्म द्वारा स्वत: भरी जाएगी। शुरू में कुछ महीनों तक मासिक किस्तें जमा कर विश्वास बढ़ाया गया लेकिन बाद में भुगतान रोक दिया और ग्राहकों के फोन कॉल और शिकायतों को अनदेखा किया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये तत्काल आरोपीगणो की पता तलाश एवं गिरफ्तारी किये जाने हेतु टीम गठित कर संभावित स्थानो पर टीम रवाना की जिसके फलस्वरुप आरोपीगण जो कि गबन कर विदेश भागने की फिराक में थे पुलिस की गिरफ्त में आ गये। पुलिस ने अब तक अभय कुमार गुप्ता सुरेंद्र सिंह करियाम मनोज कुमार भगत रागिब हुसैन विभा वर्मा और पूजा यादव को गिरफ्तार कर लिया जिनसे पूछताछ मे अन्य आरोपीगणो के संलिप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई है जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरवी गुप्र और उसके पार्टनर संस्थानों के कार्यालयों से महत्वपूर्ण दस्तावेज बैंक ट्रांजेक्शन डिटेल और निवेश संबंधी जानकारी जब्त की है। जांच से यह भी पता चला कि यह धोखाधड़ी छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियमए 2005 की धारा 10 का भी उल्लंघन है जिसके उक्त अपराध में धारा जोड़ी गयी है।

# सड़क खोदने वाली मशीन को फर्जी कागजात तैयार कर हड़प लिया, एफआईआर दर्ज

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। हिंदुस्तान इंफ्रा सॉल्यूशन एंड इंजीनियरिंग के पार्टनर मोहम्मद इमरान नवाब ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी कंपनी की एचडीडी मशीन सड़क में पाइप लाईन खोदने वाली मशीन जिसकी कीमत लगभग 76,70 लाख रुपये ह को सागर प्रकाश मोहितो प्राजक्ता मोहितो और फिरोज फय्याज फराज ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अधिकार पत्र का दुरुपयोग कर हड़प लिया और फरार हो गए मोहम्मद इमरान नवाब ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी विभिन्न राज्यों में अंडरग्राउंड केबल और पाइप डालने का कार्य करती है इसके लिए मशीन मॉडल नंबर जीडी320एलएस32टी मेक का उपयोग किया जाता था स मशीन को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए सागर मोहितो का ट्रक एमएच.12 एफ8909 टाटा कंपनी किराए पर लिया गया था ट्रक में रैंप और कंटेनर लगाने का खर्च करीब 2.80 लाख रुपये कंपनी ने उठाया थ अनुबंध के अनुसार समय.समय पर ट्रक मालिक सागर मोहितो को भुगतान किया गया और मेंटेनेंस का खर्च भी उठाया गया कंपनी द्वारा 4.61 लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान भी किया गया था।

**गुजरात और मुंबई शिफ्टिंग के बाद गड़बड़ी शुरू:** शिकायत के अनुसार मशीन को पहले गुजरात और फिर वाडा मुंबइ महाराष्ट्र शिफ्ट किया गया जब कंपनी ने मशीन को रायपुर वापस लाने के लिए कहा तो 6 जुलाई 2023 को मुंबई से रायपुर लाते समय फाइनेंस कंपनी ने अहमदनगर के पास ट्रक को जब्त कर लिया जिसमें एचडीडी मशीन भी लोड थी इसके बाद सागर मोहितो प्राजक्ता मोहितो और फिरोज फराज ने कंपनी के फर्जी दस्तावेज बनाकर और कोर्ट से रिहाई का झांसा देकर मशीन छुड़वाने की कोशिश की उन्होंने पुलिस अधिकारियों के नाम पर फोन कर अतिरिक्त रकम की मांग की।

**मशीन लेकर फरार हुए आरोपी:** 9 अप्रैल 2024 को सागर मोहितो ने कंपनी से अधिकार पत्र मांगा और भरोसा दिलाया कि वह मशीन को रायपुर शिफ्ट कर देगा अधिकार पत्र देने के बाद 10 जून 2024 को सागर मोहितो फिरोज फराज और प्राजक्ता मोहितो ने 40,000 रुपये भी ट्रांसफर कराए और दो.तीन दिन में मशीन पहुंचाने की बात कही लेकिन कुछ ही दिनों में तीनों ने अपने मोबाइल बंद कर दिए और मशीन लेकर फरार हो गए जब कंपनी ने अपने सुपरवाइजर को पुणे स्थित सागर मोहितो के घर भेजा तो सुपरवाइजर को धमकाकर भगा दिया गया बाद में पता चला कि ये आरोपी पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी कर चुके हैं और अब एचडीडी मशीन बेचने की फिराक में हैं पीड़ित मोहम्मद इमरान नवाब ने डीडी नगर थाना रायपुर में धारा 406,420, 34 भादवि के तहत एफआईआर दर्ज कराई है

# शिवनाथ एक्सप्रेस में हुई 70 लाख रुपए की चोरी

**गोंदिया से दुर्ग के बीच की घटना**

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। शिवनाथ एक्सप्रेस में 70 लाख रुपए के ज्वेलरी और कैश के चोरी होने की सूचना है आरपीएफ के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक ये चोरी गोंदिया से दुर्ग के बीच की बताई जा रही है इस सूचना के बाद आरपीएफ के उच्च अधिकारी दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे है और वहां सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे है। सूत्र बताते है कि इस केस को गोंदिया की एक स्पेशल टीम जांच कर रही है आरपीएफके उच्च पदस्थ सूत्र बताते है कि गोंदिया से दुर्ग एक यात्री हिना दिनेश भाई पटेल18240 ट्रेन के बर्थ नंबर एसए1 की सीट नंबर 19.21 पर अपने पति के साथ यात्रा कर रही थीण् डोंगरगढ़ के पास उक्त यात्री ने अपने पर्स देखा उसके बाद ये पर्स वहां से गायब हो गया सूत्र बताते है कि पर्स में दो डायमंड के सेटए 4 अंगूठी और 45 हजार रुपए नगद थे।

# भारत संडे ऑन साइकिल अभियान कल




**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। खेलों इंडिया योजना के फिट इंडिया मिशन राज्य पुलिस बलों के सहयोग से 6 अप्रैल 2025 को पूरे भारत में संडे ऑन साइकिल अभियान का एक विशेष संस्करण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस बल की विभिन्न इकाईयों द्वारा 6 अप्रैल को इसी तरह की साइकिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। छत्तीसगढ़ पुलिस एवं अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा द्वारा अपने कार्यक्रमों सामुदायिक गतिविधियों और जन जागरूकता अभियानों के माध्यम् से फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज नारे का उपयोग करके फिटनेस एवं दैनिक शारीरिक गतिविधियों के महत्व तथा सड़क सुरक्षा के बारे में आम जन को जागरूक करने हेतु अवगत कराया जायेगा। इकाई स्तर पर साइकलिंग में भाग लेने वाले प्रतिभागियोंको फिट इंडिया पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा ताकि सभी प्रतिभागी को कार्यक्रम समापन होने पर डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके। पुलिस परेड़ गाउण्ड पुलिस लाइन्स रायपुर में फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजन में 06 अप्रैल 2025 को सुबह 06.30 बजे पुलिस कर्मी एवं जनसामान्य एकत्रित होंगे। पंजीयन उपरांत प्रतिभागियों को संजय शर्मा अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा द्वारा कार्यक्रम की रूपेरखा साइकलिंग के फायदे सड़क में साइकिल चलाते समय रखी जाने वाली सावधानी आदि जानकारी के साथ डॉ लाल उमेंद सिंहए डीआईजी एसएसपी रायपुर साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखायेंगे। पुलिस लाईन से साइकलिंग अभियान कोतवाली सदर बाजार आजाद चौक विवेकानंद आश्रम राजकुमार कॉलेज के सामने से होते हुए अनुपम गार्डन पहुंचेगा। यहां प्रात: 07.30 बजे से सामुदायिक गतिविधियों के उपरांत पुन: 08 बजे से डगनिया सुंदर नगर गेट लाखे नगर चौक पुरानी बस्तीए बुढ़ातालाब होते हुए पुलिस लाईन्स में संपन्न होगी।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कई राज्यों में ठगी

**रायपुर के युवक से ठगे 50 लाख, दो आरोपी**

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। शातिर ठग लोगों को ठगी के शिकार बनाने नए.नए पैतरे अपना रहे ह ताजा मामला शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने का आया है रायपुर रेंज साइबर थाना की टीम ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है इन आरोपियों के खिलाफकई राज्यों के 16 से अधिक थानों में ठगी की रिपोर्ट दर्ज है।

**50 लाख की ठगी का मामला:** रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के निर्देश पर साइबर अपराधों में तकनीकी साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की धरपकड़ की गई प्रार्थी उमाकांत वर्मा ने थाना गुढियारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर उनसे 50 लाख रुपये की ठगी की गई पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी की पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी गोपाल अग्रवाल उम्र 20 वर्ष निवासी खरसिया रायगढ़ वर्तमान में शंकर नगर रायपुर और प्रतीक जैन उम्र 22 वर्ष निवासी मितान विहार दलदल सिवनी मोवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

**फर्जी कंपनियां और बैंक खातों का जाल:** जांच में पता चला है कि आरोपी गोपाल अग्रवाल ने फर्जी कंपनी बनाकर बैंक खातों का संचालन किया और प्रतीक जैन की मदद से पीड़ित से रकम जमा करवाईण् इनके बैंक खातों में कई राज्यों के पीड़ितों की रकम जमा होने के प्रमाण मिले है

# चोरी की दोपहिया के साथ बालक गिरफ्तार



**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने दुपहिया चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान एक नाबलिग लड़के पकड़ा गया है बताया गया किप्रार्थी राघव तिवारी ने थाना पुरानी बस्ती में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है कि वह बैंक में रिकवरी एजेंट का काम करता है। 27 11 2024 के रात्रि करीबन 11.30 बजे कुशालपुर तुलसी नगर बाजार चौंक के पास उसकी एक्टिवा में पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण अपनी एक्टिवा वाहन को चौक में रोड किनारे खड़ी कर लॉक करके अपने घर प्रोफेसर कालोनी चला गया था। प्रार्थी द्वारा दूसरे दिन सुबह करीबन 11.00 बजे अपने एक्टिवा को लेने खड़े किये हुए स्थान पर गया तो देखा कि उसकी दोपहिया एक्टिवा वाहन वहां नही थी आस.पास पता तलाश किया किन्तु नही पता चला। कोई अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी की दोपहिया वाहन एक्टिवा को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पुरानी बस्ती में अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर अज्ञात आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपी के संबध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी की पतासाजी कर पकड़ा जो विधि के साथ संघर्षरत बालक होना पाया गया घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 नग दोपहिया वाहन एक्टिवा जप्त कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# शासकीय शिक्षक ने खोली अपनी निजी स्कूल, लिया 1.90 करोड़ का लोन



**फिर भी कार्रवाई करने के लिए डीईओ को नहीं मिल रहे सबूत**

**रायपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय शिक्षक रहते हुए सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ाना छोड़कर एक शिक्षक ने शिक्षा की पूरी दुकान खोल ली हम यहां स्कूल को दुकान इसलिए कह रहे है क्योंकि छछान पैरी मीडिल स्कूल के समन्वयक बिरेंद्र पांडे ने अपनी निजी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार से मिलने वाली मुफ्त की किताबों को छोड़कर खुद किताब खरीदी और फिर बच्चों को बेची शासकीय शिक्षक बिरेंद्र पांडे ने अपनी स्कूलों के संचालन के लिए 1 करोड़ 90 लाख रूपए का लोन भी लिया लेकिन हैरानी की बात ये है कि जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर और बीईओ अभनपुर को बिरेंद्र पांडे के खिलाफ कोई भी सबूत नहीं मिले इस मामले में जब शिकायत हुई तो उन्हें क्लीन चीट दे दी गई अब सवाल ये है कि जिला शिक्षा अधिकारी और विभाग को शिक्षक बिरेंद्र पांडे के निजी स्कूल संचालन से जुड़े क्या.क्या सबूत चाहिए जिसको देखने के बाद वे कार्रवाई कर सके उन्होंने ये बात स्वीकारी की वे नवरंग पब्लिक स्कूल जो समिति चला रही है उसमें वे सदस्य है और उक्त समिति और 4 स्कूलों को उनकी पत्नी और पत्नी का भाई संचालित करते है वहीं डीईओ विजय खंडेलवाल से इस पूरे मामले में पक्ष लेने उन्हें फोन किया गया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

CMYK



उल्टा पुल्टा

भक्त- बाबा, इंजीनियरिंग किया हूं जॉब नहीं लग रहा है कोई उपाय बताइए।
बाबा- कौन सी ब्रांच है बेटा।
भक्त- कम्प्यूटर।
बाबा- मेरी इलेक्ट्रॉनिक्स थी बेटा।

# महिला से फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर 41 लाख की ठगी करने वाले दो शातिर गुजरात से गिरफ्तार

## डिजिटल अरेस्ट कर ठगी और क्रिप्टो करंसी में लगाकर भेजा दुबई



**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। शहर में डिजीटल अरेस्ट के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। ताजा मामले में दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिपु स ने गुजरात से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर दुर्ग की एक युवती को डिजीटल अरेष्ट के जरिए ठग लिया। महिला को सीबीआई का अफसर बताया और मनी लॉन्ड्रिंग, ड्रग केस आदि का डर दिखाया। युवती झांसे में आ गई और अलग अलग चरणों में 41 लाख ठगों को ट्रांसफर कर दिए। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू की और आखिर कार सफलता मिली। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से रुपए गिनने की मशीन व 45 लाख रू. का इन्डेवर फोर्ड वाहन जब्त की है।

इस संबंध में सीएसपी दुर्ग चिराग जैन ने बताया कि फरिहा अमीन कुरैशी निवासी एलआईजी 512 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी बघेरा दुर्ग ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी 2025 को उसके मोबाइल पर दिल्ली पुलिस डिपार्टमेंट का एक विडियो कॉल आया। कॉलर ने बताया कि सीबीआई द्वारा संदीप कुमार के विरूद्ध मनीलॉन्ड्रींग कैस, ड्रग ट्रेफेकिंग, आईडेन्टिडेटी थेफ्ट कैश में जांच की जा रही। जिसमें उन्हें संदीप कुमार के कब्जे से 180 बैंकबैं खाते मिले हैं। इनमें से एक खाता युवती के नाम का एचडीएफसी बैंकबैं दिल्ली का होना बताया। यह बताया गया कि उक्त खाते में 8.7 करोड़ रुपए जमा है। इस पर युवती ने उक्त खाता अपना नहीं होना बताया लेकिन फर्जी अफसरों ने गिरफ्तारी का डर दिखाया और ऑनलाइन बयान देने और इंवेस्टिगेशन की बात की।

इसके बाद एक पुलिस अधिकारी से ऑनलाईन सुनी सुल कुमार गौतम आईपीएस दिल्ली पुलिस कहकर परिचय कराया गया। फर्जी अफसर ने पूछताछ कर बयान लिया और प्रार्थिया के नाम से जमा और अर्जित चल अचल संपत्ति का विवरण मांगा गया। पुलिस अधिकारी आईपी एस गौतम ने प्रार्थिया से यह भी कहा की आरोपी संदीप कुमार बहुत ही बड़ा अपराधी है, यह प्रकरण बहुत बड़ा कॉन्फिडेनशियल केस है। इसलिये इसकी गोपनीयता बनाये रखना जरूरी है। इसके बाद प्रार्थिया अपने भारतीय स्टेट बैंक गंजपारा दुर्ग से अलग.अलग चरणो में आरटीजीएस के माध्यम से 41 लाख रुपए आरबीआई इण्डिया में जमा कराया गया। इसके बाद युवती का उन अफसरों से संपर्क नहीं हुआ। युवयुती को तब जाकर अहसास हुआ कि उससे ठगी हुई है। इसके बाद दुर्ग कोतवाली ने धारा 318 (4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है।

विवेचना के दौरान पुलिस ने पाया कि प्रार्थिया द्वारा 9 लाख 50 हजार रुपए 29 जनवरी 2025 को राजकोट नागरिक सहकारी बैंक ब्रांच मोरबी गुजरात में आस्था लॉजिस्थ संस्था के नाम से संचालित खाते में जमा कराया। उक्त खाता का संचालक आरोपी प्रोपाईटर मनीष दोसी राजकोट गुजरात का होना पाया गया है। आरोपी का विडियो फुटेज भी पैसा निकालते समय संबंधित बैंक का सायबर सेल भिलाई को प्राप्त हुआ। इसके बाद आरोपी मनीष दोसी निवासी सनाडा रोड़ मोरबी थाना मेरबी सिटी, डिविजन जिला मोरबी, गुजरात को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी मनीष दोसी से पूछताछ करने पर अन्य आरोपी असरफखान निवासी सुरेद्र नगर गुजरात के द्वारा कहने पर उक्त रकम को अपने खाता में डलवाना बताया। इसके बाद आरोपी असरफखान के मोबाइल को चेक करने पर किप्टो करेंसी से संबंधित एप दिखा। कड़ाई से पूछताछ करने पर सायबर ठगी से प्राप्त पैसों को क्रिप्टो करेंसी में लगाकर दुबइ भेजना एवं स्थायीय अगडि़या के माध्यम से पैसों को हवाला में उपयोग करना बताया। आरोपियों के कब्जे से पैसे गिनने की मशीन एवं एक इन्डेवर डे फोर्ड वाहन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# समय पर कार्यालय न पहुंचने वाले कर्मचारियों को महापौर ने दी नसीहत




दुर्ग, 4 अप्रेल (देशबन्धु)। कार्यभार सम्हालने के लगभग एक माह बाद महापौर अलका बाघमार ने एक्शन मोड पर आकर निगम कर्मियों पर अनुशासन की नकेल कसनी शुरू कर दी है। आज सुबह वे ठीक साढ़े 10 बजे नगर निगम मुख्यालय पहुंची और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी चेक की। इस चेकिंग में कई कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये तब उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों से उनके मूलपद का काम लिया जाये। इसी तरह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी पहनकर दफ्तर आने के निर्देश दिये जायें।

महापौर अलका बाघमार ने स्थापना शाखा, अभियंता कक्ष, लेखा विभाग, अतिक्रमण विभाग, जनसंपर्क विभाग, लोक कर्म विभाग, जन्ममृत्यु लाइसेंस विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी विभागों के उपस्थित रजिस्टरों की जांच की। स्थापना शाखा में अनुकंपा नियुक्ति की जानकारी ली। इसके अलावा महापौर ने स्वास्थ्य विभाग, लोक सेवा केन्द्र, राजस्व विभाग, बाजार विभाग, टैक्स कलेक्शन काउंटर, आवक जावक पेंशन शाखा का भी निरीक्षण किया और जरूरी जानकारियां लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

महापौर के साथ निरीक्षण के दौरान एमआईसी के प्रभारीगण देवनारायण चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शशि साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक आर.के.बोरकर, शुभम गोईर, संजय मिश्रा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिले से 53 अभ्यर्थियों का अग्निवीर थल सेना में चयन

**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। जिला प्रशासन दुर्ग एवं जिला रोजगार एवं स्वरोगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में अग्निवीर (थल सेना) हेतु वर्ष 2024.25 में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों हेतु आवासीय एवं गैर आवासीय शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। अग्निवीर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा रायगढ़ जिले में आयोजित की गई थी। परिणाम भारतीय थल सेना द्वारा 21 मार्च को घोषित किया गया है। घोषित चयन परिणाम के अनुसार दुर्ग जिले से कुल 53 अभ्यर्थी अग्निवीर (भारतीय थल सेना) हेतु चयनित हुए है।

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती चालू वर्ष 2025.26 के लिये अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्कए ट्रेडमैन (08वीं, 10वीं उत्तीर्ण), महिला सैन्य, पुलिस, नर्सिंग, सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदो के लिये जारी की गई है। योग्य एवं इच्छुक आवेदक अग्निवीर भर्ती.2026 हेतु 10 अप्रैल रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते है।

**इस वर्ष ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल**

इस बार के अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकते है। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईइ) जून 2025 के बाद होने की संभावना है। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिये सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771.2965212 / 0771.2965214 पर संपर्क कर सकते है अथवा विस्तृत जानकारी के लिये जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, दुर्ग के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

# दो हजार पदों के लिये 11 अप्रेल को होगा मेगा जॉब फेयर

**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग तथा संजय रूंगटा ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन के संयुक्त तत्वाधान में 11 अप्रैल को रूंगटा इंजीनियरिंग (आर.2) महाविद्यालय कोहका भिलाई में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। इस मेगा जॉब फेयर में निजी नियोक्ता द्वारा 2 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें एसकेएच.वाय.टेक इंडिया प्राइवेट लिमि, पेटीएम, जस्ट डायल, टाटा मोटर्स, फिआट मोटर्स, रेडियेंट एचपी.क्यूसी लिमि, फॉक्स कॉन एचपी.क्यूसी लिमि, टेक्नोटास्क बिजनेस सॉलुशन, ड्रूल्स पेट फूड प्राइण्लिमि, टैक्समैकों रेल एण्ड इंजीनियरिंग लिमि, महावीर ग्रुप, बजाज, यकाहामा, सिम्प्लेक्स इंजीनियरिंग, स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइलिमि, च्वाइस ग्रुप इत्यादि अपने संस्थान में रिक्त पदों की भर्ती हेतु सम्मिलित होंगे।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के. कुर्रे के अनुसार इसके लिए शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है। अधिक जानकारी एवं जॉब फेयर हेतु पंजीयन के लिए कार्यालय के फेसबुक पेज अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है। मेगा जॉब फेयर में सम्मिलित होने के लिए लिंक में पंजीयन करना अनिवार्य होगा।

# मां सतरूपा शीतला मंदिर में मची नवरात्रि की धूम





**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। शहर में चैत्र नवरात्रि की धूम है। गौरव पथ पर स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में 15 सौ 51 ज्योतिकलश स्थापित किये गये। यहां प्रतिदिन मंदिर समिति द्वारा भजन संध्या, जसगीत संध्या व रंग झरोखा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जा रहे है। जिन्हें देखने प्रतिदिन शाम से देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं व मनोरंजन प्रेमियों की भीड़ लग जाती है। गत रात्रि के कार्यक्रम में विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर माता दुर्गा व अन्य देवी देवताओं के आर्शीवाद लिये तथा दुर्ग जिला सहित पूरे प्रदेश के लिये सुख समृद्धि की कामना की।

उल्लेखनीय है कि विगत लगभग एक डेढ़ दशक से मां सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह में दोनों नवरात्रि पर सुव्यवस्थित रूप से वृहत आयोजन किया जाने लगा है। विगत दो वर्षो से मां सतरूपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू एवं पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न धार्मिक प्रवचनों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने लगे है।

मंदिर प्रांगण में मां शीतला, मां दंतेश्वरी, मां महामाया, मां बम्लेश्वरी, मां कंकाली, बिलाई माता, चंद्राहासिनी देवी की ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## मिलपारा देवी मंदिर में प्रतिदिन दोनों समय कराया जाता है कन्या भोज

**36 वर्षो से चली आ रही परम्परा, बनी मिसाल**

नगर में चैत्र नवरात्रि पर जगह जगह विविध धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे है। इसी संदर्भ में श्री मां संकटहारिणी दुर्गा मंदिर मिलपारा में सुबह शाम दोनों समय कन्या भोज का आयोजन किया जाता है। इसके तहत प्रतिदिन 70 से 80 कन्याओं को भोजन कराया जाता है। मिलपारा में यह आयोजन विगत 36 वर्षो से लगातार किया जा रहा है।





# गौरवपथ के अतिक्रमणकारियों को निगम ने भेजा नोटिस

**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा फिर से एक बार व्यापक तौर पर शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने नोटिस जारी करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके तहत गौरव पथ पर उतई चौक से जेल तिराहा तक के अतिक्रमण हटाने लगभग 75 अवैध कब्जेधारियों को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर अपने अवैध कब्जे हटा लेने के निर्देश दिये गये है। इनमें ज्यादातर लोग ठेला व गुमटी धारक है। गुमटी में इन व्यवसाइयों को निर्देश दिया गया है कि वे तीन दिनों के भीतर अपने अतिक्रमण हटा लें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

**तीन दिनों के भीतर कब्जे हटा लें, अन्यथा कार्रवाई**

ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व भी महापौर अलका बाघमार ने महिला समृद्धि बाजार के आसपास किये गये अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश वहां के व्यापारियों को दिये थे। इनमें से कुछ अतिक्रमणकारियों ने अपनी अपनी दूकानें हटा ली और कुछ लोगों ने विश्वदीप स्कूल पद्मनाभपुर मार्ग पर अपनी दूकानें कुछ पीछे करके लगा ली है। यहां पर सीजनल दूकानें लगाने वालों ने नवरात्रि पर अपनी दूकानें नहीं लगाई है। इसी तरह शहर के कतिपय अन्य इलाकों में भी बढ़ गये अतिक्रमण को देखते हुए अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी देकर विधिवत कार्रवाई हेतु योजनाएं तैयारी की जा रही है जिसे शीघ्र मूर्तरूप दिया जायेगा।

# 13 को जिला स्तरीय विशाल कर्मा जयंती समारोह

**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। दुर्ग जिला साहू संघ के तत्वावधान में 13 अप्रेल को मानस भवन में जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव का विशाल आयोजन किया जायेगा। भक्त माता कर्मा की जयंती पर आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होगें। प्रमुख अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होगें।

**■ मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री होगें शामिल**

कार्यक्रम की तैयारियां जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू के नेतृत्व में व्यापक रूप से प्रारंभ कर दी गई है। इस समारोह में लगभग 20 हजार से ज्यादा लोगों के पहुंचने की उम्मीद समाज प्रमुखों द्वारा की जा रही है।

दुर्ग जिला साहू संघ के मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 13 अप्रेल को सुबह साढ़े 9 बजे 1 हजार महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर की जायेगी। सुबह 11 बजे महाआरती तथा 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें। दोपहर 1 बजे से सामाजिक रत्न, स्मृति सम्मान, सामाजिक सम्मान इत्यादि कार्यक्रमों के पश्चात शाम 5 बजे से अतिथियों का उद्बोधन कार्यक्रम होगा।

# आकाश बने सेन युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष



**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। शांति नगर सेन समाज भवन में सर्वसेन नाई समाज का बैठक में जिला अध्यक्ष भीखम सेन द्वारा जिला कार्यकारिणी विस्तार मंथन करने के पश्चात आकाश सेन को जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ एवं खिलेश्वरी शांडिल को महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। आकाश सेन बताया कि समाज ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसके लिए सभी पदाधिकारीयों का आभार। बैठक जिला अध्यक्ष भीखम सेन के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

# ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। बैंक ऑफबड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्म.उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान किया जाता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक.युवतियों को नि:शुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक/युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

निदेशक बैंक ऑफबड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 7 अप्रैल से ड्राईवर (हलका वाहन चालक. एलएमवी) 30 दिन एवं 15 अप्रैल से घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी (30 दिन) प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए फोन नम्बर 0788.2961973 व ऑनलाईन लिंक पता.शंकराचार्य हॉस्पिटल के पास जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग से सम्पर्क किया जा सकता है।

# साइंस कालेज परिसर में खुलेगा स्टार्टअप सेंटर

**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। जिले में आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने जिला मुख्यालय स्थित साइंस कालेज परिसर में शीघ्र स्टार्टअप सेंटर का शुभारंभ होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज साइंस कालेज परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम से संलग्न कक्ष जिसमें स्टार्टअप सेंटर स्थापित किया जाएगाए का अवलोकन किया।

**कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

उन्होंने प्रोग्राम मैनेजर समिरन मित्रा, पीएमयू



अयाज खान और यामिनी से स्टार्टअप गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही सेंटर में आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ज्ञात हो कि स्टार्टअप पहल का लक्ष्य नवाचार और उद्यमशीलता के लिए एक ऐसा सुदृढ़ परिस्थितिकी तंत्र निर्मित करना है जो कर लाभ, सरल अनुपालन और वित्त पोषण के अभिगम जैसे उपायों के माध्यम से स्टार्टअप्स की सहायता कर आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा दें। स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप का समर्थन करना और निवेश को प्रोत्साहित करना है।

# परपोडी मडंल मे स्थापना दिवस मनाने बैठक





**परपोड़ी,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। आज परपोडी मडंल पर भारतीय जनता पार्टी के 6 अप्रेल को स्थापना दिवस एंव 14 अप्रेल को संविधान निर्माता डाक्टर भीम राव अंबेडकर की जन्म जयंती को लेकर गातापार रेस्ट हाउस मे बैठक समपन्न हुए जिसमे बैठक के प्रभारी ज्वाला सिंह राजपूत की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई जिसमे 6 एंव 7 अप्रेल को स्थापना दिवस प्रत्येक बुध स्तर पर मनाये जाने की रुप रेखा ज्वाला सिंह राजपूत द्वारा बताई गयी बैठक को नथमल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सहपाठी की स्मृति में मित्र मिलकर देगें प्रावीण्यता पुरस्कार

**दुर्ग,** 4 अप्रेल (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के भूगर्भशास्त्र विभाग के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अनुकरणीय पहल की है। यह जानकारी देते हुए भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख ने बताया कि कुछ वर्षों पूर्व भूगर्भषास्त्र से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त भूतपूर्व छात्र विवेक कुमार श्रीवास्तव का आकस्मिक

**■ साईस कॉलेज, भूतपूर्व विद्यार्थियों की अनुकरणीय पहल**



निधन हो गया था। उसकी स्मृतियों को संजोकर रखने हेतु भूगर्भशास्त्र के लगभग 15 भूतपूर्व विद्यार्थियों ने मिलकर लगभग ढाई लाख रूपये एकत्रित कर यह निर्णय लिया कि इस राशि को बैंक में फिक्सड डिपॉजिट कर प्रतिवर्ष उससे प्राप्त होने वाले ब्याज से एमएससी भूगर्भशास्त्र के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थी तथा तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जाये। इस संबंध में प्रावीण्य सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

CMYK

# रिसाली की पहचान होगी उच्च स्तरीय शहरों में

**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने शुक्रवार को दो सौ ग्यारह करोड़ का 2025-26 के लिए बजट प्रस्तुत की। महापौर के 15 मिनट के बजट अभिभाषण प्रस्तुत करने के बाद सभापति केशव बंछोर के विशेष सभा में बजट संकल्प पारित कराया। अभिभाषण के बाद नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने चर्चा की शुरूआत की। महापौर शशि सिन्हा ने अपने बजट अभिभाषण में कहा कि शहर में अपनी उदयगामी पहचान दिलाने में हमारे सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, मितानिन बहनों की भूमिका महत्वपर्णू है। हम रिसाली को उच्च स्तरीय शहरों के रूप में पहचान दिलाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि विकास का न कोई धर्म होता है न ही कोई जाति और ना ही कोई राजनैतिक दलए बल्कि विकास एक ऐसी धारा है जो हर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की मूल विचार धारा होती है। इस वर्ष भी हम नागरिकों को ध्यान में रखते हुए कर में बढ़ोत्तरी नहीं कर रहे है। नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए महापौर ने बजट अभिभाषण में आडोटोरियम निर्माण करने की बात कही। बजट के लिए बुलाए गए विशेष सभा में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, विधायक प्रतिनिधि अनुपम साहू, महापौर परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, संजू नेताम, ममता यादव, डॉ.सीमा साहू समेत पक्ष विपक्ष के पार्षद और अधिकारीगण उपस्थित थे। भोजन अवकाश के बाद सभापति केशव बंछोर ने सामान्य सभा में रखे एजेंडे पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया। दरअसल पार्षद चन्द्रभान ठाकुर एजेण्डा को सदन में रखे जाने के दौरान ही निगम के वित्तीय स्थिति और निगम मद की जानकारी मांगी। प्रभारी आयुक्त कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे द्वारा आय व्यय की विस्तृत जानकारी देने के बाद पार्षद चन्द्रभान ने यह कहते इस बात पर अड़ गए कि एस.एल.आर.एम. सेंटर की निविदा फ़िर से बुलाया जाए। पार्षद के समर्थन में महापौर परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ममता यादव, पार्षद जमुना ठाकुर, सोनिया देवांगन, विनय नेताम, रोहित धनकर, पार्वती महानंद ने साथ देते हुए जमीन पर बैठ गए। हालांकि पुनः निविदा बुलाने के पक्ष में केवल 11 पार्षद थे। इसके बाद सभापति ने एस.एल.आर.एम.संचालन के लिए एजेण्डा में शामिल निविदा दर को पारित किए जाने की विधिवत घोषणा की।




**एक नजर आय व्यय पर:**-अनुमानित बजट 211 करोड़, राजस्व आय-62.79 करोड़, पूंजीगत प्राप्तिय-148.21 करोड़, राजस्व व्यय . 62.78 करोड़, पूंजीगत-148.16 करोड़ बजट सामान्य सभा में पार्षद शैलेन्द्र साहू ई.डब्ल्यू.एस. की जमीन को तलाश करने एक समिति बनाया जाए। जिसमें 1 अधिकारी और 5 पार्षद होंगे। रमा साहू पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने विशेष रूप से कार्य योजना तैयार कर अमल किया जाए। धर्मेन्द्र भगत नेवई मुक्तिधाम में लकड़ी रखने शेड बनाया जाए।

### सामान्य सभा में पारित एजेण्डा

डी.पी.एस चौक से कल्याणी मंदिर सड़क चैड़ीकरण कार्य हेतु प्रस्ताव, डी.पी.आर. प्रस्तुत करने अनुमति। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत आने वाले -1 से 40 तक स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटरों से पुनर्चकित किये जाने योग्य कचरे के पृथकीकरण एवं गीले कचरे खाद तैयार किये जाने कार्य हेतु दर स्वीकृति। अंबेडकर स्कूल स्टेशन मरोदा से सी.आई.एस.एफ् बटालियन नेवई उतई पाटन मुख्य मार्ग तक विद्युतिकरण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण की पुष्टि एवं दर स्वीकृति कर बजट आबंटन एवं कार्यादेश। छत्तीसगढ़ नगर पालिका भवन भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण नियम 2021 भवन, भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण वर्ष 2025-26।

## संपदा न्यायालय के बाद प्रवर्तन विभाग ने कार्यालय किया सील



**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत प्रवर्तन अनुभाग ने संपदा न्यायालय द्वारा 27 मार्च को पारित डिक्री आदेश के अनुपालन में सेक्टर 01 में सीडीओ एवं जगन्ना बिल्डिंग स्ट्रीट नंबर 8 और 10 के मध्य स्थित परिसर में अवैध रूप से काबिज मेसर्स भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड के विरुद्ध एक बड़ी बेदखली कार्यवाही संपन्न की। यह कार्यवाही थाना भट्ठी से बड़ी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति में, कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढाल सिंह बिसेन के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस निरीक्षक थाना भट्ठी भारत चौधरी तथा महिला पुलिस बल की भी सक्रिय सहभागिता रही। संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग के अधिकारियों द्वारा कब्जाधारियों को उक्त भवन एवं भूमि परिसर से पूरी तरह बेदखल किया गया। परिसर के मुख्य द्वार सहित सभी बाहरी दरवाजों को यथावत स्थिति में सील कर दिया गया। किसी भी प्रकार की वस्तुओं की जप्ती नहीं की गई, तथा सम्पूर्ण कार्यवाही गवाहों की उपस्थिति में पंचनामे के रूप में दस्तावेजीकृत की गई। साथ ही साक्ष्य दस्तावेज इस सम्पूर्ण बेदखली कार्यवाही की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी करवाई गई। उक्त भवन जिसे कम्युनिटी डेवलपमेंट ऑफिस,जगन्ना बिल्डिंग तथा तार घर के नाम से जाना जाता है, में कुल 23 कमरे हैं तथा भवन अनुमानित मूल्य 8 करोड़ रुपये है। जेपी सीमेंट के विरुद्ध चौंतीस लाख अड़सठ हजार नौ सौ छह रुपये की बकाया राशि, डैमेजेज देय हैं।

## माउंटेन बाइक साइक्लिंग में प्रदेश को मिला बेस्ट फेयर प्ले अवार्ड



**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 21वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक साइक्लिंग प्रतियोगिता पंचकूला हरियाणा में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने बेस्ट फेयरप्ले अवार्ड जीता। इसके तहत छत्तीसगढ़ को नगद व ट्राफी प्रदान की गई। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार तथा दुर्ग जिला साइकलिंग संघ के सचिव देव प्रकाश वर्मा ने एक संयुक्त बयान में बताया कि उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने टाइम ट्रायल एवं क्रॉस कंट्री मास स्टार्ट में भाग लिया। टीम ने बिना कोई फाउल किए, बिना किसी खिलाड़ी को बाधा पहुंचाएं, बिना कोई पेनाल्टी भरे, उत्तम प्रदर्शन किया। टीम के आयोजन के दौरान समय की प्रतिबद्धता एवं अनुशासन को देखते हुए साइकिलिंग फेडेरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव मनिंदर पाल सिंह द्वारा 2024-25 का बेस्ट फेयर प्ले अवार्ड छत्तीसगढ़ को दिया गया।

राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए यह अवॉर्ड फेडरेशन ने प्रथम बार प्रारंभ किया गया और यह छत्तीसगढ़ के खेमे में आया। सांसद विजय बघेल मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ, नरेंद्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बीएसपी साइकिलिंग क्लब, परविंदर सिंह अध्यक्ष बीएसपी सायकल पोलो क्लब, संजीव सारस्वत कोषाध्यक्ष बीएसपी साइकलिंग क्लब, सुधीर बंसल, तोशेंद्र वर्मा, देवप्रकाश वर्मा, सचिव दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन, शशांक देशमुख, कोषाध्यक्ष दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन, ईवी सुनील दुर्ग जिला साइकिलिंग एसोसिएशन, प्रतीक मनोध्या अंतरराष्ट्रीय कोच, बीना मिश्रा कोषाध्यक्ष मैनेजर जनक लाल अआपल्ला साहू आदि ने बधाई दी।

## राजहरा माइंस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर आयोजन

**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु) संयंत्र के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस पहल का उद्देश्य विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श के साथ, स्थानीय समुदाय की चिकित्सा संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विशेषज्ञों की एक विस्तृत श्रृंखला को सुनिश्चित करना है। एक दिवसीय शिविर में 570 से अधिक परामर्श प्रदान किए गए। जिससे स्थानीय समुदाय को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिलें। इस शिविर हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग और जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर ने किया। शिविर में डॉ चंदन दास कार्डियोलॉजी, डॉ पी मर्सी त्वचा रोग, डॉ तनुजा आनंद दर्द प्रबंधन क्लिनिक, डॉ चित्रा सुनोव नेत्र रोग, डॉ इमैनुएल मैसी हड्डी रोग, डॉ कौशिक किशोर बाल रोग, डॉ पराग गुप्ता सर्जरी, डॉ हिमानी गुप्ता प्रसूति एवं स्त्री रोग, डॉ श्वेता वर्मा ईएनटी, श्रीमती सुरजा जयाप्रसाद आहार विशेषज्ञ, विकास पाण्डेय, विभागाध्यक्ष फिजियोथेरेपी, और श्रीमती सुनीता पाण्डेय, जूनियर मैनेजर एम एंड एचएस सहित डीएनबी डॉ जूही ओ एंड जी, डीएनबी डॉ लवीना नेत्र रोग, डीएनबी डॉ गणेश मेडिसिन सहित सेक्टर-9 के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। राजहरा मेडिकल हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट डॉ मनोज डहरवाल स्टाफ उपस्थित थे। जिन्होंने शिविर के सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि अपोलो हॉस्पिटल चेन्नई से भी एक व्यक्ति ने आरएमएच मेडिकल कैंप में मेडिकल टीम से संपर्क किया और उक्त व्यक्ति को एसीएमओ डॉ सुबोध कुमार साहा द्वारा तत्काल टेली परामर्श भी प्रदान किया गया।

## श्रीराम जन्मोत्सव समिति कल निकालेगी शोभा यात्रा



**ष्भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा 6 अप्रैल को श्रीरामनवमी का आयोजन किया जायेगा। इस भव्य आयोजन में भिलाई वासियों की सहभागिता के लिए समिति द्वारा एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम अभियान चलाया गया। अभियान से संग्रहित अन्न से महा प्रसाद बनाया जाएगा। समिति के सदस्यों द्वारा जिले के विभिन्न प्रखण्डों में घर घर पहुंचकर लोगों को इस भव्य आयोजन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विशेष अतिथि समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय व मुख्य वक्ता के रूप में बाल योगेश्वर राम बालकदास महात्यागी पाटेश्वर धाम उपस्थित रहेंगे। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने पत्रकारवार्ता में बताया कि विगत 4 दशकों से निरंतर चला आ रहा यह आयोजन आज मध्य भारत का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। जिसमें लगभग 1150 से अधिक मठ मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होते हैं। श्री पाण्डेय ने बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण आंदोलन से प्रेरित होकर समिति की नींव रखी गई थी और 500 वर्षों के बाद यह सौभाग्य हम सभी को प्राप्त हुआ जब श्रीराम लला अपने धाम में विराजमान हो गये हैं, और उनका जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान में विगत 24 मार्च से अब तक जिले के 2.50 लाख से अधिक परिवारों से अन्न संग्रहित किया जा चुका है। इस अवसर पर महाप्रसाद बनाया जायेगा। 6 अप्रैल को होने वाले आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। समिति के मुख्य शाखाए महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा लगातार अपने अपने प्रखण्डों में आमजनों को इस आयोजन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस वर्ष सभी 12 प्रखण्डों से शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए रूट का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है। यह सभी शोभायात्रा तय रूट से होते हुए रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचेंगी। पत्रकारवार्ता में रमेश माने, मदन सेन, प्रवीण पाण्डेय, बसंत प्रधान, जोगिंदर शर्मा, दीपक मिश्रा, अरविंद वर्मा उपस्थित थे।

## 15 करोड़ रुपए शासन से मिलने पर निगम में उत्साह



**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ने लंबित मांग पर निगम भिलाई के संचित निधि एवं फ्री होल्ड की राशि भिलाई को वापस किया जाए। शासन द्वारा 10 करोड़ 50 लाख 36 हजार रुपए संचित निधि का एवं फ्री होल्ड की राशि 4 करोड़ 36 लाख 38000 प्राप्त हुए। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा प्रयास पर उपमुख्यमंत्री के अनुमोदन से आज राशि निगम भिलाई को प्राप्त हुआ। जिससे निगम के आधिकारी कर्मचारियों में बहुत खुशी व्याप्त है। इसके लिए कर्मचारी संघ के सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साव, उप उपमुख्यमंत्री अरुण साव को धन्यवाद दिया। मिलने वाली राशि से उपादान भुगतान रिटायर्ड कर्मचारियों को किया जाएगा जो 2018 से लंबित था इसके साथ साथ फ्रीहोल्ड से प्राप्त राशि का नगदी कारण एवं अन्य सत्व का भुगतान किया जाएगा। राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, सी.बी. साहू, संजय अग्रवाल, विनीत वर्मा, अर्पित बंजारे, नितेश मेश्राम, श्वेता वर्मा, शरद दुबे, जावेद अली, पुरुषोत्तम साहू, नवीन साहू, शशांक शेखर, उन्मेश साहू, अर्पित द्विवेदी, तोसेंद्र साह, हृदय राम कौशिक उपस्थित रहे।

## 3 माह में 20,145 लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा यातायात नियमो का पालन न करने वाले पर सख्ती बरतने के दिये गये निर्देश के परिपालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री ऋचा मिश्रा के मार्ग दर्शन में तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतानंद विध्यराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा लगातार ऐसे वाहन चालको पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा विगत 3 माह में कुल 20145 यातायात नियमों का पालन ना करने वाले वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए 85लाख 48 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किये गये है। यातायात पुलिस के इस कार्यवाही में सबसे अधिक दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट ना लगाने सें और किसी दुर्घटना में होनी वाली मौत को कम करने के लिये हेलमेट पर सख्ती हेतु कुल 3926 वाहन चालको पर एवं सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न करने आवागमन के मार्ग में बाधा उत्पन्न करने वाले 2891 वाहन चालको पर मोटर व्हीकट एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहन में तीन सवारी, तेज गति वाहन चालन, मोबाईल का उपयोग करते वाहन चलाने वाले, यातायात संकेत का उल्लंघन करने वाले, चार पहिया वाहन काली फिल्म लगाने वाले एवं शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालो पर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही संदिग्ध वाहन एवं वाहनो में हुटर, नीली बत्ती एवं सायरन लगाकर घूमने वाले वाहन चालको के खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु संबधित थानो के सुपुर्द किया गया। साथ ही आपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत 141 नशे में वाहन चलाते, 53 माल वाहक में सवारी ले जाते एवं 69 नो एंट्री में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों पर कार्यवाही की गयी। यातायात पुलिस दुर्ग यातायात पुलिस आम नागरिको से अपील करती है कि वें स्वयं एवं दूसरो की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## तथागत समाज समिति मनाएगा अंबेडकर जंयती



**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। तथागत समाज कल्याण समिति की वार्षिक बैठक में वर्ष भर किए गए कार्यों पर चर्चा एवं 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर्व कैसे मनाया जाए इस पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य श्याम राव ढोके ने की। समिति के अध्यक्ष अनिल साखरे ने समिति के द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों की जानकारी दी व समिति द्वारा बनाई गई उप समिति तथागत म्यूजिकल ग्रुप एवं तथागत महिला समिति के द्वारा किएकार्यों की जानकारी दी। महासचिव धनंजय मेश्राम ने समिति में नए सदस्यों की जानकारी दी। महासचिव ने अंबेडकर जयंती पर पावर हाउस चौक में भोजन दान किए जाने व अंबेडकर पार्क सेक्टर 1 में बाबा साहब के छाया चित्र स्थापित कर पूजा वंदना समिति द्वारा की जाएगी इसकी जानकारी दी। तथागत महिला समिति द्वारा भोजन दान में सहयोग करने एवं तथागत म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत की प्रस्तुति दिए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुरेश श्याम कुवर, आनंद चौहान, सिद्धार्थ बोरकर, बलवंत खोबरागड़े, प्रशांत ऊके, अनिल गजभिए, संजय बसोड़, छोटू इंदुरकर, यतीश गडपायले, पंकज मेश्राम उपस्थित थे।

## मंदिर के सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन



**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के वार्ड 12 एवं 13 में स्थित धार्मिक आस्था का केन्द्र भगवान बजरंग बली एवं भगवान भोलेनाथ के चबुतरा का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के निधि से होगा। लेबर केम्प के रहवासियों एवं श्रद्धालुओं के आग्रह पर चैत नवरात्र के अवसर पर आम लोगों की धार्मिक भावना का सम्मान करते हुए नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने उक्त कार्य हेतु भूमिपूजन किया । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि लेबर कैम्प सहित अन्य वार्डों के निवासियों द्वारा वहां पर स्थापित भगवान हनुमान एवं शिव के चबुतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का मांग किया था। जिसके लिए मैंने अपने स्वयं के अध्यक्ष निधि से 4.50 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किया था जो कि तमाम प्रशासकीय प्रक्रिया के बाद वहां के श्रद्धालुगणों के साथ भूमि पूजन किया गया और आज जामुल में जो भी कार्य संपादित हो रहे हैं। यह सभी भगवान की कृपा एवं आम जनता के सहयोग से ही हो रहा है। नवरात्र के इस पवित्र बेला में आज भूमिपूजन हुआ है। जिसका लाभ सीमित वर्ग ही नहीं अन्य जनों को मिलेगा। भूमि पूजन अवसर पर दुर्योधन साहू, दिलीप सिंह, यशवंत राजपूत, हलधर साहू, विनय साहू, सुखमन दास, रतन पटेल, महाराणा प्रताप पाल, लोकेश जैन, बाली बर्मन, ओमप्रकाश वर्मा, तीरथ वर्मा, शंकर सेन, ध्रुव मौर्य, रामचरण वर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## छग प्रलेसं का बहुभाषीय काव्य पाठ मैत्री निकेतन में कल

**भिलाईनगर**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ का 90 वां स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में बहुभाषीय काव्य पाठ का आयोजन 6 अप्रैल को अपरान्ह 3.30 बजे मैत्री विद्या निकेतन रिसाली के सभागार में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नथमल शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ करेंगे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ जनकवि डॉ. जीवन यदु होंगे। वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू, वरिष्ठ व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव व वरिष्ठ साहित्यकार राजमा सुधाकरण विशिष्ट अतिथि होंगे। विषय प्रवर्तन विमल शंकर झा सचिव प्रलेसं भिलाई दुर्ग करेंगे। कार्यक्रम का सन्चालन छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव परमेश्वर वैष्णव करेंगे। भाषायी एकता और रचनात्मक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लघु भारत भिलाई में आयोजित इस बहुभाषीय काव्य पाठ में प्रतिभागी बहुभाषीय कवि स्वरूप हिंदी से रवि श्रीवास्तव, संकल्प यदु, उर्दू से मुमताज, डां. नौशाद सिद्दीकी, मलयालम से के. ए. नारायणन, साजन सुधाकरण, तेलुगू से रुद्र मूर्ति, व्ही.अप्पा राव, तमिल से वेंकट सुब्रमण्यम, मराठी से शरद कोकास, अनिता करडेकर, पंजाबी से गुलवीर सिंह भाटिया, सन्तोष झांझी, सिंधी से रवि आनन्ददानी, उड़िया से स्नेहलता पाणिग्रही, बंगाली से बनी चक्रवर्ती, समरेंदु विश्वास, गुजराती से पल्लवी त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ी से डॉ.जीवन यदु, बलराम चंद्राकर, भोजपुरी से शमशीर शिवानी अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। मूल भाषा में पढ़ी गई कविताओं के अनुवाद भी पढ़े जाएंगे। आयोजन में भिलाई दुर्ग के साहित्यकार रंगकर्मी उपस्थित रहेगे ।

## गैर संकार्य विभाग के कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण



**भिलाईनगर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र द्वारा कर्मचारियों को प्रेरित करने और पहचान देने के लिए प्रतिमाह कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। शिरोमणि पुरस्कार, कार्यस्थल पर नवीनता, संसाधनों के बेहतर उपयोग, संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने हेतु उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए तकनीकी, प्रक्रियात्मक अनुशासन के अनुपालन में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। इसी कड़ी में इस्पात भवन सभागार में आयोजित कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक टीए एण्ड सीएसआर उत्पल दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा, प्रमोद कुमार चोखानी एवं मुख्य महाप्रबंधक मार्केटिंग एण्ड बीपी पी सुब्बा राव द्वारा गैर संकार्य विभागों के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में गैर संकार्य क्षेत्र से बालराम शुक्ला, तकनीकी एसोसिएट नगर सेवाएं, के शशिधरन नायर सेक्शन एसोसिएट वित्त एवं लेखा, सुश्री लता एस पिल्लै, अनुभाग अधिकारी मार्केटिंग एण्ड बीपी, अफ्जल खान अनुभाग अधिकारी एचआर, नरेन्द्र कुमार चन्द्राकर, सेक्शन एसोसिएट प्रोजेक्ट पीपी एण्ड ई, ओंकर प्रसाद कौमिक, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट गर सेवाएं, सुनील कुमार डोंगरे, इंजीनियरिंग एसोसिएट नगर सेवाएं, विजय बहादुर, सेक्शन एसोसिएट ;नगर सेवाएं सुश्री रजनीबाला कश्यप,अनुभाग अधिकारी नगर सेवाएं को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार योजना के तहतए विजेताओं को सम्मान स्वरूप प्रबंधन द्वारा उत्कृष्टता प्रमाण.पत्र, स्मृति चिन्ह व उनकी पत्नी के लिए प्रशस्ति पत्र और मिठाई का पैकेट प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्तए पुरस्कार विजेता की तस्वीर उनके विभाग के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित भी की जाती है।

## मदिरा दुकानों के अहाता ठेका के लिए 11 तक कर सकते हैं आवेदन

**बिलाईगढ़,** 4 अप्रैल (देशबंधु)। कार्यालय आबकारी आयुक्त रायपुर द्वारा संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य की मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता परिसर में आहाता संचालन हेतु निविदा अनुज्ञप्ति जारी की है जो विभाग के वेबसाईट एक्साइज डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन के रिसेंट पोस्ट और राज्य शासन के वेबसाईट सीजी डॉट स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन के टेंडर में उपलब्ध है।



# अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ ने नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों का किया सम्मान

**डोंगरगांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। संस्कारधानी राजनांदगांव जिले के साहू सदन में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव के द्वारा इस वर्ष नवोदय विद्यालय में चयनित बीस विद्यार्थियों का भव्य समारोहआयोजन कर सम्मान किया गया। जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू के मुख्य आतिथ्य व जिला महामंत्री नीलमणि साहू की अध्यक्षता एवं नगर अध्यक्ष कुलेश्वर दास साहू,तहसीलदार प्रीतम साहू, रेल्वे सुरक्षा बल थाना प्रभारी तरूणा साहू, डॉ .चेतन साहू, आईसेक्ट कंप्यूटर देवरी के संचालक भरत देवांगन , जिला महिला सह सचिव खिलेश्वरी साहू आदि के विशेष आतिथ्य में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव व तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क कोचिंग क्लास एवं नवोदय विद्यालय प्रवेश मेगा मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया ,जिसमें चयनित बच्चे कोमेश देवांगन, हर्ष कुमार साहू, अर्पित कुमार, शिवांश भूआर्य, अदिति पटेल, सुप्रिया नेताम, श्रेयांश बोरकर, पूर्वी चंद्राकर, डेवीश साहू, हर्ष मंडले, रोली साखरे,कुंजन चंद्रवंशी सहित बीस बच्चों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सलाहकार परदेशी राम साहू ने किया। प्रदेश सह संयोजक व जिला संयोजक यशवंत साहू जो अखिल भारतीय तैलिक महासभा हैदराबाद में राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व किया । हैदराबाद में राजनांदगांव जिले में चल रहे गतिविधियों की जमकर तारीफ की गई। साहू समाज को नई बुलंदियों तक पहुंचाने वाले यशवंत साहू के कुशल मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा नि:शुल्क कोचिंग क्लास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण ,रक्त दान शिविर, शिक्षा एवम् विभिन्न खेल गतिविधियों में कराटे, फिजिकल प्रशिक्षण , वृक्षारोपण, नवोदय/सैनिक स्कूल मॉक टेस्ट, महिला सुपरवाइजर, महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक परीक्षा, कृषि संगोष्ठी, भव्य रोजगार मेला के आयोजन के साथट्ठ साथ आज नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान किया गया ।जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रकोष्ठ द्वारा डी .एस. पी. हेमा साहू, टी .आई .एमन साहू, रेल्वे सुरक्षा बल थाना प्रभारी तरूणा साहू ,सहायक संचालक हथकरघा विभाग अमित साहू, नर्सिंग अधिकारी अनामिका साहू सहित अनेक हस्तियों को सम्मानित किया है ,जो एक सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में लगभग दो सौ बच्चों को नवोदय परीक्षा में चयन कराने वाले शिक्षक दीनदयाल साहू, सहयोगी शिक्षक पुरुषोत्तम साहू, अंतरराष्ट्रीय युवा वैज्ञानिक पुरुस्कार से सम्मानित डॉ . घमेंद्र साहू व 42 किलोमीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली किरण साहू का प्रकोष्ठ के द्वारा प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया ।कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में प्रदेश सह संयोजक व जिला संयोजक यशवंत साहू, सचिव मिलन साहू, जिला संगठन सचिव माधव साहू,दुर्ग संभागीय संयोजक रूपेश साहू, सचिव अनिल साहू, प्रदेश सह संयोजक परदेशी राम साहू,जिला सह संयोजक छन्नूलाल साहू,जिला सलाहकार चंद्रभूषण साहू, मोरेश्वर साहू, रामचंद्र साहू, खेमलाल साहू,पवन साहू, किशोरी साहू, तिजेन्द्र साहू, राजेश साहू,भोज गंजीर, लविंद्र साव, लीना साहू, दुर्गा हिरवानी, हृदय हिरवानी ओमप्रकाश साहू, पी.एल.साहू, भीष्म सर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।




# द्वादश ज्योतिर्लिंग, मंदिर में 10 से होगी प्राण-प्रतिष्ठा



**डोंगरगांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत क्षेत्र के मटिया में नवनिर्मित द्वादश ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 10 से 14 अप्रैल तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं रामायण महोत्सव आयोजित है। प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत द्वादश ज्योतिर्लिंग, वक्रतुंड श्रीगणेश एवं पंचमुखी हनुमान जी की स्थापना होगी। वहीं 5 दिवसीय आयोजन अंतर्गत रात्रि में रामायण भज मंडलियों की प्रस्तुति होगी।

मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष व पार्षद पुरुषोत्तम साहू ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में 10 से 14 अप्रैल तक पांच दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत द्वादश ज्योतिर्लिंग, वक्रतुंड श्रीगणेश एवं पंचमुखी हनुमान के मूर्तियों की स्थापना होगी। वहीं रामायण महोत्सव अंतर्गत 11 अप्रैल को रात्रि में वेद श्रवण मानस परिवार पलान्दूर मोहला, 12 अप्रैल को रात्रि सत्यम मानस परिवार संगीत नगरी खैरागढ़ तथा 13 अप्रैल की रात्रि में नवदीप मानस मंडली अंबागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। 14 अप्रैल की रात्रि में अनुष्ठान उपरांत महाप्रसादी भंडारा आयोजित है।

**■ पंचमुखी हनुमान व वक्रतुंड गणेश भी होंगे स्थापित**
**■ मटिया में 10 से 14 अप्रैल तक रामायण महोत्सव**

### पांच दिनों तक होंगे अधिवास

प्राणप्रतिष्ठा समारोह के मुख्य आचार्य पं शशांक शर्मा के मुताबिक 10 अप्रैल को गणपति पूजन, शोभायात्रा, वेदीपुजन व जलाधिवास, 11 को वेदीपुजन व अन्नाधिवास, 12 को वेदीपुजन, पुष्पाधिवास व फलाधिवास, 13 को वेदीपूजन, वस्त्राधिवास व सैय्याधिवास तथा 14 अप्रैल को मंगलस्नान, प्राणप्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, हवन व महाप्रसादी वितरण होगा।

# विधानसभा अध्यक्ष से कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात



**डोंगरगढ़,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय डॉ. रमन सिंह जी नें डोंगरगढ़ पहुंचकर सपरिवार माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन किये व प्रदेश की खुशहाली की मातारानी से कामना की तत्पश्चात उन्होंने होटल राज इन में पहुंचकर डोंगरगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता स. हरविंदर सिंह मंगे को बधाई दी, इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जी, प्रदेश महामंत्री रामजी भारती , जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ,पूर्व विधायक विनोद खांडेकर , जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव , जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू , शशिकांत द्विवेदी , कुलवंत कक्कड़ ,चन्द्रिका प्रसाद डडसेना ,जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव , महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़ उपाध्याय लक्ष्मी यादव वत्सला श्रीवास्तव युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा पूर्व अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़ सहित भाजपा संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# चैत्र नवरात्री पंचमी तिथि में महामाया माता का किया गया नव श्रृंगार

**कुम्हारी,** 4 अप्रैल। चैत्र नवरात्र का पावन पर्व आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के श्रद्धालु भक्त जनों द्वारा पूर्ण उत्साह, उल्लासपूर्वक अत्यंत भक्तिमय भाव से मनाया जा रहा है । विदित हो ट्रस्ट बनने के बाद माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से मंदिर की सम्पूर्ण व्यवस्था का भार पहली बार निर्वहन किया जा रहा है, ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने बताया कि माँ महामाया के मंदिर में आसपास के ग्रामीण ही नहीं अपितु देश के अनेक राज्यों के श्रद्धालु ज्योत प्रज्ज्वलित करवाते हैं तो विदेशों से भी श्रद्धालु भक्तजन दीप प्रज्जवलित करवाते हैं जिनमे अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड से भी इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में दीप प्रज्जवलित कराया गया है। हर्ष का विषय है कि इस वर्ष हमारे 4 मुस्लिम भाइयों ने भी मां महामाया माता मंदिर में आस्था के ज्योत जलाए हैं। इस वर्ष 2172 ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं जिनमे घृत के 4 ज्योत एवं शेष तैल के हैं। पंचमी के शुभ अवसर पर नगर के श्रद्धालुओं द्वारा अनेक स्थानों में भंडारे की भी व्यवस्था की गई । उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों को कोई कष्ट न हो इसके लिए परिसर के अंदर वाहन प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है एवं पूजन सामग्री की दुकानों को भी व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया है स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है । मां शीतला मंदिर सेवा समिति द्वारा शीतला मंदिर में 185 तैल ज्योत जलाए गए हैं वहीं गायत्री मंदिर प्रभात चौक में 21 ज्योत जलाए गए हैं जिसमे 1 घृत एवं शेष तैल के ज्योत हैं।



# श्रीराम जन्मोत्सव पर आंध्र समाज द्वारा होगा भव्य आयोजन



**डोंगरगढ़,** 4 अप्रैल। स्थानीय आंध्र समाज द्वारा केदारबाड़ी वार्ड नंबर 3 में स्थित श्री सीता रामचंद्र स्वामी आलयम में भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। राम दरबार मंदिर में नवमी तिथि के पावन अवसर पर रविवार 6 अप्रैल को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है। समाज के गोविंद पी सूर्या राव सुनील बंदारम जी संतोष राव एम नागेश के नागेंद्र राव बी शंकर राव के कृष्णा राव ने बताया कि इस अवसर पर प्रात: 8 बजे भगवान श्री रामचंद्र जानकी जी लक्ष्मण जी व हनुमान जी की अभिषेक पूजा होगी और इसी के साथ दिन का शुभारंभ होगा। अभिषेक पूजन में भगवान श्रीराम के भक्त शामिल हो सकेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक चलेगा। तत्पश्चात आंध्र समाज भवन में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है। राम भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां भक्ती सेवा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। श्रीराम मंदिर केदारबाड़ी आंध्र भवन समिति ने सभी रामभक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

## निधन

### श्यामलाल साहू



**नवापारा राजिम,** 4 अप्रैल। समीपस्थ ग्राम मानिकचौरी के वरिष्ठ नागरिक श्यामलाल साहू उम्र लगभग 90 वर्ष का आज दोपहर 2.30 बजे निधन हो गया । वे लम्बे समय से बीमार थे। वे पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के चाचा तथा थनेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू व फनेंद्र साहू के पिता थे।

### श्रीमती शांता अन्थोनी



**भिलाईनगर,** 4 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी सदस्य व वरिष्ठ पार्षद सींजू अन्थोनी की माता श्रीमती शांता अन्थोनी 77 का निधन आज 4 अप्रैल को रात्रि 2 को गया है। उनकी अंतिम यात्रा 6 अप्रैल को उनके निवास स्थान एमआईजी-1/ 368 हुडको से दोपहर 3 बजे क्रिश्चियन कब्रस्तान, नेहरूनगर भिलाई जाएगी।

# थाना राजहरा में टीआई पट्टावी के पदस्थ होने से अवैध कार्य करने वाले में दहशत

**दल्लीराजहरा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। थाना दल्लीराजहरा में नव पदस्थ नगर निरीक्षक टी.एस.पट्टावी के द्वारा लगातार नगर में सट्टा एवं जुआ के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। जिससे नगर में अवैध धन्धों में लिप्त लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है इसी कड़ी में 1 अप्रैल को सट्टा पट्टी लिखते दो आरोपी सुदामा एवं सूरज सिंह को सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार किया गया । आरोपी के कब्जे से मोबाईल, सट्टा पट्टी, नगदी रकम जब्त को किया गया। पुलिस अधीक्षक एस. आर. भगत के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ.चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजहरा के वार्ड क्र 25 निवासी नाम संतोष चिकवा उर्फ सुदामा पिता फूलचंद चिकवा उम्र वर्ष 38 द्वारा फुटबाल ग्राउंड जिम मैदान में बैठकर अंको के आगे रूपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा पट्टी ,जुआ खेला रहा था सूचना पर राजहरा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकडा गया । आरोपी के कब्जे से एक टच मोबाईल ,एक कागज में लिखा सट्टा पट्टी व नगदी, एक पेन, 460 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना राजहरा में 86/25 धारा 4 क जुआ एक्ट व छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वही अन्य जगह सुरज सिंह राजपूत पिता प्रहलादसिंह टेबलरशीट निवासी द्वारा चौक 256 वार्ड 5 राजहरा फुटबाल ग्राउण्ड के पीछे बैठकर अंको के आगे रूपये पैसों का दावं लगाकर सट्टा पट्टी लिखने का काम किया जा रहा था इस सूचना पर राजहरा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकडा गया। आरोपी के कब्जे से कागज में लिखा सट्टा पट्टी व नगदी रकम 510 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना राजहरा में 87/25 धारा 4 क जुआ एक्ट व छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया इस अवसर थाना प्रभारी टी एस पट्टावी ने कहा की आम जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घटे मुस्तेदी से तैनात रहती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की अवैध कार्य शराब जुआ सट्टा के विरूद्ध अभियान आगे भी निरंतर चलाया जाएगा। टी एस पट्टावी ने यह भी कहा की अवैध कार्यों में लिप्त लोग चाहे वह विशेष संस्था हो य व्यक्ति विशेष हो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।




**अवैध शराब जुआ सट्टा धन्धों में लगे अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा : थाना प्रभारी**

# सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई

**पंडरिया,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लाक के ग्राम डोमसरा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दिया ।जूनियर छात्र छात्राओं ने सीनियर छात्रों ने का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि सरपंच प्रतिनिधि संतोष सोयाम,पूर्व सरपंच अनिल पटेल व एसएमसी अध्यक्ष घांसी राम पटेल ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 8 वी कक्षा के बाद पढ़ाई का दूसरा चरण पार कर लिए हैं ।अगले कक्षा में जाने के लिए अब कक्षा आठवी के विद्यार्थियों को विद्यालय छोड़ना पड़ेगा ।पढ़ाई जीवन के आठ वर्ष विद्यालय प्रांगण में बिता है ।जहाँ शिक्षकों के देखरेख में अच्छी शिक्षा प्राप्त की है ।उन्होने कहा कि विद्यलय में प्राप्त शिक्षा के अनुरूप अन्य विद्यालय में जाने पर भी गांव व विद्यालय का नाम आगे बढ़ाएंगे ।साथ ही अन्य विद्यालय में जाकर अपने शिक्षक,पालक, स्कूल व गांव का नाम रोशन करने की बात कही ।सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अनुशासन का पालन करने की बात कही ।उन्होने कहा कि आपका अनुशासन व नैतिकता ही आपके विद्यालय व शिक्षकों का परिचय अन्य विदयालय में देंगे। संकुल समन्वयक ईश्वर तिवारी,प्रधान पाठक मोहन राजपूत व कुमुदिनी तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई एक परंपरा है। विदाई में सुख एवं दुख दोनों की अनुभूति होती है ।नए ऊंचाईयों व जगह पर जाने की खुशी होती है ।वहीं पुराने साथियों से दूर होने का पल होता है ।उन्होने सभी छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने की कामना करते हुए अनुशासित रहने की बात कही। उन्होने कहा कि जिस जगह पर जाएंगे हमेशा नैतिकता को प्राथमिकता देंगे ।क्योंकि नैतिक गतिविधियां ही आपके शिक्षा,परिवार व गांव का परिचय देते हैं। कार्यक्रम में सरपंच संतोष सोयाम,अनिल पटेल,शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष घांसी पटेल,संकुल समन्वयक ईश्वर तिवारी,प्रधान पाठक कुमुदिनी तिवारी,मोहन राजपूत,विश्वलता मानिकपुरी,शिक्षक प्रवीण तिवारी,यशवंत पाठक,शिक्षिका आभा बघेल,गिरिजा पटेल, उर्वशी जायसवाल,इंद्रजीत सिंह,परदेशी पटेल,रामकिशोर सिंह,दयाराम,माधवी पटेल सहित समस्त छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।



**उपहार में दिया गया** - जूनियर बच्चों ने जहां सीनियर छात्र-छात्राओं को पेन देकर सम्मानित किया तथा उज्वल भविष्य की कामना की ।वहीं आठवी के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय को एक उपहार प्रदान किया।

**नेवता भोज कराया गया** - विदाई कार्यक्रम के दौरान नेवता भोज का आयोजन भी किया गया ।विद्यालय के प्रधान पाठिका कुमुदिनी तिवारी ने नेवता भोज का आयोजन किया था ।जिसमें चांवल,दाल,सब्जी के अलावा खीर ,पूड़ी परोसा गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महिला से ...

कंमाक जीजे 13 एआर 2422 जब्त किया गया। प्रकरण में धारा 317(2), 317 (4), 61(2)(ए) बीएनएसए 66 (डी) आई.टी एक्ट जोड़ी गई है। आरोपीगण के खिलाफ अपराध सबुत पाए जाने से 29/03/2025 को एवं30/03/2025 को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय मोरबी एवं न्यायालय सुरेन्द्र नगर गुजरात से ट्रांजिस्ट रिमांड लेकर न्यायालय दुर्ग के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विजय कुमार यादव, सउनि पूरन दास, आरक्षक सुरेश जायसवाल, एसीसीयू टीम राज कुमार चंद्रा, चित्रसेन साहू की सराहनीय भूमिका रही।

### मां सतरूपा शीतला मंदिर में ...

प्रतिमाएं स्थापित है जो जनआस्था का केन्द्र है। मंदिर प्रांगण को विशाल प्रांगण एवं भव्य मंच स्थापित कर सजाया गया है।

गत रात्रि के कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, विनोद चंद्राकर, अजय तिवारी, पार्षद मनीष कोठारी, सरिता चंद्राकर, महेन्द्र चोपड़ा, रितेश जैन, व भारतेन्द्रु गौतम, सहित आयोजन समिति के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

### परपोडी मडंल मे ...

एंव मडंल अध्यक्ष नारद ने संबोधित किया बैठक मे विशेष रुप से राजेंद्र सिंह ठाकुर, राजेश दुबे, महेश्वर दास, शिवबती साहु, गिरजा देवागन, रघुविर नेताम, भोज सिंहा, सतीश जैन कमलेश साहु , निलु साहु, राजेंद्र साहु , पिंकु साहु , प्रमोद साहु, टिकम साहु, विजय वैष्णव,ढालु पटेल, संतोष निषाद, सहित सैकडो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

### सहपाठी की स्मृति में ...

दोनों विद्यार्थियों को लगभग 4000-4000 रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जायेंगे।

भूगर्भशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि भूतपूर्व विद्यार्थियों ने मेरिट स्कॉलर को नकद पुरस्कार देने के साथ-साथ यह भी निर्णय लिया कि वे जिन प्रतिष्ठानों में कार्यरत् उनमें भर्ती हेतु विभाग के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाये तथा जब भी कोई भूतपूर्व विद्यार्थी दुर्ग शहर आता है, तो वह यह प्रयास करें कि भूगर्भशास्त्र विभाग में विजिट कर विद्यार्थियों हेतु जानकारी युक्त आमंत्रित व्याख्यान देवें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने भूतपूर्व विद्यार्थियों की पहल का स्वागत करते हुए बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भूगर्भशास्त्र विभाग में लगभग 10 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थियों ने आमंत्रित व्याख्यान देकर वर्तमान में अध्ययनरत् विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुये उनके ज्ञान में वृध्दि की है।

# गर्मी से बचाव के लिए प्रशासन अलर्ट, लू-तापघात से बचाव हेतु दिशा-निर्देश

**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित लू (हीट वेव) और तापघात से जनसामान्य को सुरक्षित रखने के लिए शासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, जिले में लू-तापघात से बचाव और आवश्यक तैयारियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम मे जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों और कोटवारों को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल कर आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के मौसम में विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और श्रमिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### लू-तापघात से निपटने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बेमेतरा जिले में लू और तापघात से बचाव की तैयारियों को सुचारू रूप से लागू करने के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आपदा के समय उनसे मोबाइल नंबर/व्हॉट्सएप नंबर 88175-94204 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जनता के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

अत्यधिक गर्मी के समय 12 बजे से 3 बजे तक बाहर निकलने से बचें। अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें। घर से बाहर जाते समय छाता, टोपी या गीला कपड़ा सिर पर रखें। अस्वस्थ महसूस करने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इन दिशा-निर्देशों का पालन करें और लू-तापघात से बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करें।

# जिले में पेयजल संकट से निपटने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष पहल की गई है। विभाग ने जिला, विकासखंड और जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की निगरानी करेंगे और किसी भी तरह की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।

जिले के किसी भी गांव या क्षेत्र में यदि पेयजल संकट उत्पन्न होता है, हैंडपंप खराब हो जाते हैं या जल आपूर्ति बाधित होती है, तो आम नागरिक संबंधित नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, टोल-फ्री नंबर 1800-233-0008 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस व्यवस्था के तहत जिले में एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) भी स्थापित किया गया है, जहां प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

जिला स्तर पर श्री मोतीलाल ठाकुर (सहायक मानचित्रकार) को जिम्मेदारी दी गई है, जिनसे मोबाइल नंबर 7389531388 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह, बेमेतरा विकासखंड में श्री संतोष कुमार नायक (सहायक अभियंता) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 7049301410 है। बेमेतरा जनपद में श्री योगेश कुमार सिन्हा (उपअभियंता) को जिम्मेदारी दी गई है, जिनका संपर्क नंबर 8085527621 है। नवागढ़ विकासखंड के लिए श्री बी.के. कौशल (उपअभियंता) को नियुक्त किया गया है, जिनसे 8871926074 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह, साजा विकासखंड में श्री संदीप प्रधान (सहायक अभियंता) को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 7770403981 है। साजा जनपद में श्री ए.के. केशर (उपअभियंता) को नियुक्त किया गया है, जिनका संपर्क नंबर 8878832200 है। वहीं, बेरला जनपद की जिम्मेदारी श्री डी.एल. वर्मा को दी गई है, जिनसे मोबाइल नंबर 9691188118 पर संपर्क किया जा सकता है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. /ब-121/वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक श्री धनऊ सतनामी उम्र-74 वर्ष, पिता मंगलदास निवास ग्राम अरसनारा, तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम अरसनारा, प.ह.न.-00015, रा.नि.मं. दुर्ग स्थित खसरा नं. 178/1 का रकबा 0.1100 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 178/3 रकबा 0.0800 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 178/5 रकबा 0.0300 कुल खसरा 03, कुल रकबा 0. 2200 हे कास्त भूमि विरासतन हक से भूमिस्वामी के रूप में राजस्व अभिलेख अहस्तांतरणीय दर्ज है। आवेदकगण के पिता स्व. मंगल दास सतनामी की मृत्यु उपरांत आवेदिका का नाम वारिसान की हैसियत से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज हुआ है। आवेदिका की उपरोक्त ग्राम में इस कृषि भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई कास्तकारी भूमि नहीं है तथा आवेदक वर्तमान में वृद्ध हो चुके है तथा उपरोक्त भूमि शहरी क्षेत्र से लगी होने के कारण कृषि कार्य में कठिनाईयां के कारण साथ ही उसे अपने निवास हेतु मकान का निर्माण करना है इसलिए उक्त भूमि क्रेता श्री गिरिश जैरानी पिता श्याम जैरानी, निवासी अरिओम प्रोविजन स्टोर के पास, श्याम नगर, तेलीबांधा, रायपुर छ.ग. को चुकता सौदा राशि 12,50,000/- बारह लाख पचास हजार रूपये में विक्रय करने का सौदा कर क्रेता से अग्रिम राशि के रूप में राशि 1,75,000/- एक लाख पचहत्तर लाख रूपये, चेक का. 476091, दिनांक 21.08.2023 प्राप्त कर लिया हैं। आवेदकगण अपने निवास हेतु मकान की मरम्मत कर मकान का नवनिर्माण करना है साथ ही वृद्ध पुरूष होने के कारण एवं उक्त भूमि शहरी क्षेत्र से लगी हुई है एवं कृषि कार्य में कठिनाईयां हो रही है इसलिए क्रेता श्री गिरिश जैरानी पिता श्याम जैरानी, के पक्ष में विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. /ब-121/वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रामबाई उम्र-51 वर्ष, पिता मंगलदास, जाति सतनामी निवास ग्राम अरसनारा, तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम अरसनारा प.ह.नं.-00015, रा.नि.मं. दुर्ग-1 स्थित खसरा नं. 178/2 का रकबा 0.2100 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 178/4 रकबा 0.0300 हेक्टेयर, कुल खसरा 02, कुल रकबा 0.2400 हे कास्त भूमि विरासतन हक से भूमिस्वामी के रूप में राजस्व अभिलेख अहस्तांतरणीय दर्ज है। आवेदकगण के पिता स्व. मंगल दास सतनामी की मृत्यु उपरांत आवेदिका का नाम वारिसान की हैसियत से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज हुआ है। आवेदिका की उपरोक्त ग्राम में इस कृषि भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई कास्तकारी भूमि नहीं है तथा आवेदिका चूंकि एक महिला है एवं वर्तमान में वृद्ध हो चुकी है तथ उपरोक्त भूमि शहरी क्षेत्र से लगी होने के कारण कृषि कार्य में कठिनाईयां के कारण उक्त भूमि क्रेता श्री गिरिश जैरानी पिता श्याम जैरानी, निवासी अरिओम प्रोविजन स्टोर के पास, श्याम नगर, तेलीबांधा रायपुर छ.ग. को चुकता सौदा राशि 12,50,000/- बारह लाख पचास हजार रूपये में विक्रय करने का सौदा कर केला से अग्रिम राशि के रूप में राशि 1,75,000/- एक लाख पचहत्तर लाख रूपये, चेक का 476092, दिनांक 21.08.2023 प्राप्त कर लिया है। आवेदकगण अपने निवास हेतु मकान की मरम्मत कर मकान का नवनिर्माण करना है साथ ही वृद्ध महिला होने के कारण उक्त भूमि शहरी क्षेत्र से लगी हुई है एवं कृषि कार्य में कठिनाईयां हो रही है इसलिए उक्त भूमि को क्रेता श्री गिरिश जैरानी पिता श्याम जैरानी, के पक्ष में विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.04.25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग

# बेरलाकला एनीकेट से गुजरने वाली अवैध ट्रकों पर तत्काल रोक का आदेश

- पुल के जर्जर स्थिति का औचक निरीक्षण के बाद कल्पना योगेश तिवारी ने लिया फैसला
- जिला पंचायत अध्यक्ष ने बेरलाकला एनीकेट के मरम्मत का दिया आदेश, अवैध ट्रकों पर तत्काल लगाम



**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बेरलाकला एनीकेट की जर्जर स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने तत्काल इस रास्ते से गुजरने वाली अवैध खनन में शामिल ट्रकों के परिचालन पर रोक लगा दी है। साथ ही जर्ज पुल के मर्रत के भी आदेश दिया है। स्थानीय लोगों से मिले काफी शिकायतों के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी एवं दुर्ग जिले के जल संसाधन विभाग के इंजीनियर शौर्य ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनीकेट की खस्ता हालत और जगह-जगह गड्ढों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने गंभीर चिंता व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एनीकेट की कंक्रीट संरचना बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, और सरियों के बाहर आने से पुल की मजबूती कमजोर हो गई है। इस कारण से यहां से गुजरने वाले वाहनों और आम नागरिकों को हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है।

जल संसाधन विभाग के एई शौर्य ने भी हालात का जायजा लेने के बाद आश्वासन दिया कि बहुत जल्द इस एनीकेट की मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि जनता को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि एनीकेट के ऊपर से अवैध रूप से मुरुम और रेत का परिवहन करने वाली ट्रों का परिचालन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिससे पुल पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है और उसकी स्थिति और भी खराब हो रही है। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए बेरलाकला और गुधेली पंचायत के सरपंचों एवं ग्रामीणों के साथ जल्द ही ग्राम सभा आयोजित कर पुल पर हो रहे अवैध परिवहन को रोकने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

इस निरीक्षण अभियान में कई पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे, बेरलाकला सरपंच जमुना जया मिर्झा, उपसरपंच हिरावण साहू, पूर्व सरपंच जोहत्रि निषाद, पूर्व सरपंच खेलन यादव, गुधेली पूर्व सरपंच नेतराम परगनिहा, गुधेली के वरिष्ठ नागरिक डा. डीके वर्मा तथा अन्य गणमान्य नागरिकों में परमानंद निषाद, डगेंद्र साहू, कृष्णा निषाद, निषाद साहू, उमा साहू, भानबती निषाद, बलीराम साहू, पूर्णिमा निषाद, तेजराम निषाद, जागृति निषाद, लक्ष्मी निषाद, मारखंडे निषाद भी शामिल रहें।

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने आश्वासन दिया है कि वह आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इस निरीक्षण के बाद स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही एनीकेट की मरम्मत कराकर इसे सुरक्षित बनाया जाएगा। साथ ही अवैध परिवहन पर रोक लगाने से एनीकेट की स्थायित्व और मजबूती बनी रहेगी।

# जिला अध्यक्षों के नई दिल्ली सम्मेलन में शामिल हुए आशीष छाबड़ा




**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में चल रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल हुए सम्मेलन को कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने संबोधित किया इस सम्मेलन में जिला अध्यक्षों को संपूर्ण भारत में अपने-अपने जिलों में कांग्रेस को पुनर्संगठित करने तथा कांग्रेस के रीति नीति से लोगों को अवगत कराने संबंधी गुर सिखाए गए सम्मेलन को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है तथा वह इस पार्टी की रीड की हड्डी है इसलिए हमें अपने कार्यकर्ताओं पर सर्वाधिक भरोसा करना है तो कार्यकर्ताओं को पार्टी की भावनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें जनता से जोड़ना है आज के समय में पूरा देश कांग्रेस की ओर निगाहें लगाए बैठा है देश में जिस तरह अराजक तत्वों ने कब्जा कर लिया है हिंदू मुस्लिम करके देश को बांटा जा रहा है चारों ओर नफरत के बीज बोया जा रहे हैं ऐसे में कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है जो देश में अमन भाईचारा तथा देश को खुशहाली की ओर ले जा सकती है कार्यक्रम में शामिल होने गए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट से भी सौजन्य मुलाकात की तथा उन्हें बेमेतरा जिले में कांग्रेस की गतिविधियों से अवगत कराया ।



**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रत्येक नवरात्रि की तरह ईस बार भी बेमेतरा के वार्ड नं 02 शिव मंदिर मे सप्तमी के दिन समिति द्वारा माता का भंडारा का आयोजन रखा गया था जिसमे नगर एवं राहगीरों द्वारा भंडारा मे भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया शिव मंदिर में मां काली की विशाल प्रतिमा है जिसके दर्शन करने दुर दुर से श्रद्धालु आते हैं व नवरात्रि में दोनो पर्व पर ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाता है इस नवरात्र में 36 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है समस्त जानकारी समिति के सदस्य नेमसिंह (प्रेम) वर्मा द्वारा दिया गया ।

## माँ महामाया धाम बुचीपुर पहुचे विधायक दीपेश साहू, मातारानी की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। विधायक दीपेश साहू अपने कार्यक्रम मे दौरे के दौरान चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर सप्तमी तिथि मे जिले के सबसे सुप्रसिद्ध मंदिर श्री सिद्ध शक्ति पीठ माँ महामाया धाम बुचीपुर पहुचे द्य जहाँ माँ महामाया माता की दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और श्री मद भागवत गीता ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे व्यास पीठ पंडित राम कृष्णा शास्त्री जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों के खुशहाली के लिए मन्नत मांगी द्य इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष सहित सदस्यों मातारानी की चुनरी ओड़ाकर स्वागत अभिनंन्द किया द्य इस दौरान विधायक साहू समस्त प्रदेश वासियों को चैत्र नवरात्र पर्व की बधाई एवं शुभकामनायें भी दी द्य तत्पश्चात विधायक साहू अपने कार्यकर्ताओं के साथ भोज भंडारा पहुचे और मातारानी के भंडारा प्रसाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, संध्या परगनिया, महेश साहू ,राजेश दीवान, हर्ष वर्धन तिवारी ,पार्षद नीतू कोठारी, पार्षद विकाश तम्बोली, पार्षद गौरव साहू, राजेश शर्मा, विकाश घरडे, योगेश वर्मा ,सरपंच परमेश्वर साहू, दीनानाथ साहू, मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुरेश वर्मा, पूर्व सरपंच भुवनलाल वर्मा, तोषु राम साहू, सचिव तुकाराम निषाद, मंशा राम साहू भूपेंद्र साहू सोनसाय वर्मा, मूलचंद साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।





**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। ऑल इंडिया लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा क्लब के द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर भद्रकाली परिसर में भिक्षुको को अन्न दान व सब्ज़ियों का दान किया गया सभी श्रद्धालु गणों ने उक्त कार्यक्रम देखकर क्लब की सराहना की तथा भिक्षुको ने क्लब को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया क्लब के द्वाराश्रद्धालुओं को भविष्य में इसी तरह से सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा ना सो सके। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रामेश्वरी साहू चार्टर अध्यक्ष विनोद राघव उपाध्यक्ष शारदा तिवारी सचिव निधि बनाफर कोषाध्यक्ष उमा तिवारी मीनाक्षी शर्मा रश्मि शर्मा एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2.0 के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ी

**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 अप्रैल 2025 कर दिया गया है। पहले यह तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित थी, लेकिन अब योग्य युवाओं को आवेदन के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। यह निर्णय युवाओं की बढ़ती रुचि और आवेदन की प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने के लिए लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत आई.टी.आई उत्तीर्ण युवाओं को विभिन्न संस्थानों में इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह पहल रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने और कौशल विकास को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना के तहत इच्छुक युवा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, वे अपने जिले के किसी भी अधिकृत संस्था से संपर्क कर आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# जिले में वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ, जल संरक्षण के प्रति जागरूक हुए ग्रामीण

**बेमेतरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में डब्लूडीसी -पीएमकेएसवाय 2.0/2 हरदास नाला परियोजना के अंतर्गत वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के दौरान माइक्रो वाटरशेड समिति सूखताल के आश्रित ग्राम समुंदवारा एवं माइक्रो वाटरशेड समिति ओड़िया के आश्रित ग्राम बनियाडीह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और ग्रामीणों को जल संचयन के महत्व को समझाना था।

**विभिन्न गतिविधियों का आयोजन-** वाटरशेड यात्रा के अंतर्गत दीवार लेखन, शोभा यात्रा, अमृत सरोवर तालाब में श्रमदान, वृक्षारोपण, पानी की पाठशाला, रंगोली प्रतियोगिता, जसगीत एवं सुवा नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम समुंदवारा में चेक डेम निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**विशेषज्ञों ने जल संरक्षण का महत्व बताया-** इस अवसर पर उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्लूसीडीसी बेमेतरा श्री मोरध्वज डड़सेना, परियोजना अधिकारी श्री संतोष गोंड़, डब्लूडीसी के सदस्य श्री पुरुषोत्तम ठाकुर, गणेशराम साहू, ईश्वर साहू, देवनारायण ध्रुव, देव लाल साहू (कंप्यूटर ऑपरेटर), जनकू पाल डब्लूसीडीसी सहित जलग्रहण समितियों के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष, सचिव और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोरध्वज डड़सेना ने जल संरक्षण के महत्व और भविष्य में जल संकट की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जल की बचत और इसके उचित उपयोग पर जोर दिया। वहीं परियोजना अधिकारी श्री संतोष गोंड़ ने जल संकट से बचने के उपायों पर चर्चा की और ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए शपथ दिलाई।

**वाटरशेड वैन के माध्यम से जल संरक्षण की जानकारी-** भारत सरकार द्वारा वाटरशेड यात्रा के लिए तैयार विशेष वैन के माध्यम से प्रोजेक्टर पर जल संरक्षण से संबंधित उपायों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संचयन की आधुनिक और पारंपरिक तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित-** कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, उत्कृष्ट किसानों और सक्रिय महिला स्व-सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और वे जल बचाने की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रेरित हुए। वाटरशेड यात्रा जिले में जल संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को तरस रहा है पांडातराई

## डॉक्टर की कमी से जूझ रहा है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**पांडातराई,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें देने के बड़े-बड़े दावे व वादे करने वाले स्वास्थ्य विभाग के इन दावे में कितनी सच्चाई है और विभाग लोगों के स्वास्थ्य के प्रति कितना सचेत है इस बात का पता पांडातराई अस्पताल में देखने को मिलता है लगभग 8000 की आबादी एवं आसपास के दो दर्जन गांव की सेहत का जिम्मा संभालने वाले इस अस्पताल में डॉक्टर नहीं है सरकार स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत बनाने के भले ही दावे कर रही है मगर आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है 8000 की अधिक आबादी को स्वास्थ्य सुविधाओं को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है यहां पर सुविधाओं की कमी होने से ग्रामीण अंचलों से आए हुए मरीजों को मजबूरी में प्राइवेट इलाज करवाना पड़ता है वहीं अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं उपकरण की कमी है अस्पताल में सुविधाओं की कमी से इमरजेंसी व दुर्घटना के समय हर मरीज का प्राथमिक उपचार करने के बाद कवर्धा या पंडरिया रेफर कर दिया जाता है गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के यहां उपचार नहीं मिल पाता है डॉक्टर नहीं होने से यहां के नागरिकों को इलाज नहीं मिल पाता यहां तक की रात्रि के समय सड़क दुर्घटना होने के बाद अस्पताल में घायल मरीजों को उपचार नहीं मिलने से कई घायलों की असमय मौत तक हो गई है जहां एक और सरकार रोज-रोज स्वास्थ्य संबंधित योजनाएं बना रही हैं वहीं दूसरी ओर पांडातराई के प्राथमिक स्वास्थ्य में एक डॉक्टर भी मुहैया नहीं कर पा रही है चुकि पांडा तराई नगर के अंतर्गत काफी बड़ा ग्रामीण क्षेत्र आता है एवं आसपास के गांव के व्यापारिक मुख्यालय भी है किंतु पर्याप्त स्टाफ न होने के कारण ग्रामीणों को शासन के सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता है अजीब हालात है वर्षों से नगर के क्षेत्र की जनता स्वास्थ्य विभाग से डाक्टर की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों और शासन से मांग करते आ रही है लेकिन व्यवस्था में सुधार होने की बजाय और अधिक बिगड़ रही है अस्पताल की वर्तमान में ऐसी हालत हो चुकी कि वहां कोई जाना ही पसंद नहीं करता




# कार्यकर्ता गर्व के साथ मनाएं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का स्थापना दिवस: विक्रांत सिंह

- जिला कार्यालय में भाजपा की वृहत बैठक हुई



**कवर्धा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। 6 अप्रैल स्थापना दिवस और 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को संगठन पखवाड़े के रूप में मनाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कवर्धा की वृहत बैठक जिला कार्यालय में हुई. बैठक प्रभारी एवं स्थापना दिवस आयोजन के प्रदेश टोली सदस्य विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक नेता, पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि इस दौरान गांव जाकर कम से कम 8 घंटा बितायेगा। प्रवास के दौरान लाभार्थियों से संपर्क, बूथ की बैठक, चौपाल कार्यक्रम तथा शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से हो रहा है या नहीं उसकी समीक्षा करेगा। बैठक प्रभारी के रूप में विक्रांत सिंह ने पखवाड़े भर के कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता अपने घरों में झंडा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। 8 एवं 9 तारीख को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन होंगे। गांव एवं बस्ती चलो अभियान के तहत वृहत संपर्क अभियान चलाया जाएगा। अंबेडकर जयंती पर अनेक रचनात्मक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम के लिए जिले में 4 सदस्यों की टोली बनाई गई है जिसके संयोजक जसविंदर बग्गा हैं तथा मंडल स्तर पर 3 सदस्यों की टोली बनाई गई है जो संपूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेगी। जिले के प्रमुख पदाधिकारी तथा सभी मंडल के अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराने प्रत्येक स्तर पर प्रभारी बनाकर कार्य विभाजन किया गया है। पूरे पखवाड़े भर भाजपा संगठन बूथ स्तर तक प्रवास कर वृहत संपर्क अभियान चलायेगा।

कार्यक्रम के जिला संयोजक जसविंदर बग्गा ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी प्रभारियों से आग्रह किया की प्रत्येक कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करायें।

बैठक को संबोधित करते हुए कवर्धा जिला भाजपा की सह प्रभारी अंजू राजपूत ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सतत जनता के बीच जाकर काम करती है। भले ही सभी चुनाव संपन्न हो गए हो पर संगठन की सक्रियता में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने बताया कि भाजपा के बूथ स्तर पर मनाए जाने वाले 6 प्रमुख कार्यक्रमों में से सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम पार्टी का स्थापना दिवस जो कि 6 अप्रैल को मनाया जाता है.

बैठक को जिला पंचायत के अध्यक्ष ईश्वरी साहू तथा रामकुमार भट्ट ने भी संबोधित किया.

बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कैलाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष सुषमा बघेल, नंदिनी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा , घुरूवा साहू,सरिता सोनी,जिला टीम के सदस्य अशोक चंद्रवंशी, चंद्रकुमार सोनी, संतोष पटेल, क्रांति गुप्ता, बरसाती वर्मा, अजीत चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, सुरेश दुबे सहित जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष ,मंडल प्रभारी, निवृतमान मंडल अध्यक्ष, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, कार्यक्रम के संचालन हेतु बनाई गई मंडल की टीम, पार्षद, जनपद सदस्य सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सहकारी समितियों मे बारदाना के भुगतान मे लाखो का घोटाला

- 7 वर्षों से नही मिला है बारदाना का भुगतान राशि

**कवर्धा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। धान खरीदी के साथ बारदाना की आवश्यकता होती है इस बारदाना की आपूर्ति कुछ हद तक उचित मुल्य की दुकानो से हो जाता है किंतू इन विक्रेताओं को बारदाना का भुगतान अब तक नही किया गया है। पीडीएस के विक्रेताओं से बारदाना उठाई गई है जिसका भुगतान इन दुकान संचालकों को वर्ष नवम्बर 2018 से आज 2025 तक 100त्न बारदाना की राशि भुगतान नही किया है विपणन संघ भुगतान सहकारी समिति को किया जाना बताया जाता है जबकि सहकारी समिति राशि प्राप्त नही होना बताया जाता है जबकि विभागीय दस्तावेज एवं जानकारी अफ़सर से दिया जाता है बारदाना की भुगतान किया जा चुका है यह राशि करोड़ों रुपया है जो घोटाला तो नही कर दी गई है जांच कर उचित कार्यवाही एवं भुगतान शीघ्र कराने मांग किया है। अवगत हो 1अक्टूबर 2024 में इसी मांग को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य भर के राशन दुकानदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे अपर संचालक सरकार के प्रतिनिधि बनकर संघ प्रतिनिधि से सभी मांग जायज मानते हुए शीघ्र पुरा करने और कमीशन में भी वृद्धि करने के आसवासन पर 5 अक्टुबर को हड़ताल वापस ली गई थी ऊक्त हड़ताल को आज 6 माह हो गया सरकार द्वारा बजट पेश भी कर दी गई पर कमीशन वृद्धि की फाइल वित्तमंत्री के पास अटकी पडी होना विभागीय अफसर बताते हैं इसलिए वित्त मंत्री को पत्र देकर मांग किया गया है शीघ्र कमीशन में वृद्धि की जायें।

# नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वरशाह खुशरो ने किया स्कूल में औचक निरीक्षण

**नल कनेक्शन में पाई गई गड़बड़ी**



**गंडई पंडरिया,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो और पार्षदों की टीम ने 3 अप्रैल गुरुवार को वार्ड क्रमांक 06 स्थित शासकीय पूर्व बालक माध्यमिक शाला का औचक निरीक्षण किया। जहां पर 8 वीं के बच्चों का पेपर समप्त हो चुका था। निरीक्षण के दौरान 2 शिक्षक एवं 1 चपरासी उपस्थित थे। अध्यक्ष खुसरो द्वारा जानकारी लेने पर स्कूल के कई मुलभूत समस्या भी सामने आया। जैसे बाउंड्रीवॉल, बच्चों को बैठने के लिए बेंच, शौचालय, शासकीय बोर कनेक्शन को अहाता के अंदर लाना जैसी समस्याएं सामने आया। इसी दौरान अध्यक्ष खुसरो द्वारा जब संस्था प्रमुख से पुछा गया कि स्कूल के बोर में दो कनेक्शन होने का कारण क्या है तो संस्था प्रमुख ने बताया कि निकाय के संबंधित विभाग के द्वारा एक कनेक्शन स्कूल में और दूसरा कनेक्शन मुक्तिधाम में दिया जाना बताया गया। लेकिन जब अध्यक्ष द्वारा मुक्तिधाम का अलग से कनेक्शन होना बताया गया तब कर्मचारी हड़बड़ा गए और स्कूल में पदस्थ शिक्षक रितेश जायसवाल और निकाय के कर्मचारी द्वारा बताया गया कि स्कूल के बोर कनेक्शन में वार्ड के अनिल ताम्रकार द्वारा कनेक्शन लिया गया है, जो नल कनेक्शन में बारी गड़बड़ी को उजागर करता है। इस दौरान नगर पंचायत गंडई अध्यक्ष लाल टारकेश्वरशाह खुशरो, गंडई ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद प्रतिनिधि क्रांति ताम्रकार, वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद तामेश्वर साहु, वार्ड क्रमांक 05 के पार्षद अमन सोनी, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद दिलीप ओगरे, युवा नेता कन्हैया कुर्रे, शिक्षक रितेश जायसवाल, जल प्रदाय प्रभारी दयालु साहू सहित अन्य मौके पर उपस्थित रहे।

**मैंने और मेरे टीम के द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया जहां कुछ पॉजिटिव भी पाया गया और समस्या भी देखने को मिला, वही मौके पर एक सरकारी बोर से दो कनेक्शन लिए जाने के संबंध में पूछा गया तो दूसरा कनेक्शन समझ से परे मिले, इस संबंध में सीएमओ से फिजिकल और जांच प्रतिवेदन मांगा गया है उसके बाद स्थिति साफ हो जाएगी, फिर आगे की कार्यवाही की जाएगी।**

**- युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो (अध्यक्ष न पं गंडई)**

**मेरे द्वारा लगभग 7 वर्ष पूर्व से ही उक्त बोर से कनेक्शन लिया गाय था, जिसका मैं बकायदा नगर पंचायत में शुल्क जमा भी करता हूं, जिसका मेरे पास जमा पावती भी है।**

**अनिल ताम्रकार (वार्ड वासी)**

# देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव राजधानी में 8 अप्रैल को होटल ओमाया में

**देशभर के 6000पोल्ट्री फार्म्स और ट्रेडर्स होंगे शामिल**



**राजनांदगांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। आईबी ग्रुप राजनांदगांव द्वारा विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए विकसित पोल्ट्री, विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के साथ आगामी 8 अप्रैल से देश के सबसे बड़े दो दिवसीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन रायपुर के होटल ओमाया में किया गया है, जिसमें देश के करीब 6000 पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स शामिल होंगे। 7 आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित करने की दिशा में पहल कर रहे है। इस विचार को मूर्त रूप देने की दृष्टि से अब आईबी ग्रुप द्वारा 2035 तक छत्तीसगढ़ को देश का प्रोटीन हब के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है।

इसी उद्देश्य से देश के सबसे बड़े पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 8 व 9 अप्रैल को रायपुर के होटल ओमाया में यह आयोजन सम्पन्न होगा 7 इस कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के आलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित पुरे 28 राज्यों से फार्मस और ट्रेडर्स शामिल होंगे।

कॉन्क्लेव के पहले दिन देशभर से पोल्ट्री ट्रेडर्स इस आयोजन में उपस्थित होंगे जिसमे सुबह 9 बजे से 2 बजे तक तकनीकी एवं व्यवसाय विस्तार के बारे मार्गदर्शन दिया जायेगा7 वहीं अगले दिन 9 अप्रैल को देश के पोल्ट्री किसान आयोजन में शामिल होंगे जिसमे उन्हें भी नयी तकनीक से जोड़कर आधुनिक पोल्ट्री के बारे में जानकारी दी जायेगी।

उल्लेखनीय है कि आईबी ग्रुप द्वारा आयोजित किया जा रहा पोल्ट्री कॉन्क्लेव छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# अमलीडीह कला में पांच एकड़ का पैरावट जलकर खाक



**खैरागढ़,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय से तकरीबन 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत अमलीडीकला में दोपहर 12ः30 बजे तिरिथ पटेल के घर से लगे कोठार में अचानक आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने तिरिथ पटेल को दी जिसके बाद ग्रामीणों के जनसहयोग से पैरावट में लगे आग को बुझाने का प्रयास किया गया और ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को 1 बजे दी थी लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगभग सवा घंटे बाद यने की 2ः 30 बजे पहुंची जब तक आग काफी भभक चुकी थी। किसान तिरिथ पटेल को लंबा नुकसान हुआ है। फिर हाल जनधन की कही कोई क्षति नहीं हुई है।

# नादिया स्थित मां भवनिया का दर्शन कर श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुई विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा

**गंडई पंडरिया,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा के लोकप्रिय विधायक यशोदा निलांबर वर्मा एवं गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने ग्राम पंचायत नादिया स्थित मां भवनिया की दर्शन की एवं क्षेत्रवासियों के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामना की। जिसके पश्चात ग्राम गोकना में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर उन्होंने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया तथा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का रसपान किया। साथ ही ग्राम मानिकचौरी में शीतला मंदिर दर्शन एवं ग्राम धोधा में सीताराम वर्मा के घर, रामकुमार साहू के घर व ग्राम गोकना में नकुलराम गंधर्व के घर जवारा दर्शन, ग्राम पंचायत लालपुर में स्थित मां शीतला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही लालपुर में सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। जिसके पश्चात ग्रामवासियों से मुलाकात किए।



खैरागढ़ विधायक यशोदा निलांबर वर्मा के साथ गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वरशाह खुशरो, पुर्व मंडी अध्यक्ष संजुसिंह चंदेल, ब्लाक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, पार्षद भाई दिलीप ओगरे, सरपंच श्रीमती चमेली चुरावन टंडन एवं पंचगण सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गौड़ ब्राह्मण समाज महिलाओ ने निकाली भव्य गणगौर शोभायात्रा

**राजनांदगांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा आज भव्य गणगौर शोभा यात्रा निकली गई जिसमें मुख्य अतिथि शहर के महापौर मधुसूदन यादव जी एवं श्रीमती करुणा यादव जी थे। इस दौरान महापौर दंपति सहित विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित समाज सेवी श्रीमती किरण अग्रवाल द्वारा भगवान परशुराम जी की पूजा आरती कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया।भव्य रथ पर भगवान ईशर गणगौर की जीवंत झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ था, वहीं रंग- बिरंगी राजस्थानी वेशभूषा ,सोलह श्रृंगार से सुसज्जित महिलाएं व चुंदड़ी साफे में बेटियां,डीजे बैंड बाजे गणगौर के गीतों पर थिरकती हुई शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण बनी रही। इस भव्य शोभायात्रा को सफल, शानदार, जानदार, यादगार बनाने के लिए श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती डॉ.साधना तिवारी, सचिव सरिता शर्मा व कोषाध्यक्ष शारदा शर्मा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



# छत्तीसगढ़ सीनियर पुरूष हॉकी टीम की विजयी शुरुवात

**अर्जुन यादव रहे मैन ऑफ द मैच**

**राजनांदगांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। झांसी (उत्तर प्रदेश) में आज से 15वी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता प्रारंभ हुई । इसमें राज्य की हॉकी टीम भी भाग ले रही है उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने राज्य की टीम कल 3 अप्रेल को झांसी पहुँच चुकी है। प्रतियोगिता में भाग लेने के पूर्व टीम का प्रशिक्षण शिविर अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया। जिसमें 28 हॉकी खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमे रोहित रजक,अभिजीत श्रीवास, मानव मेडडपा, चंद्रशेखर यादव, विष्णु यादव, अजय तांडी, आरोन सरोज, बोपन्ना, समीर अली, गुलशन कुमार, खुशाल यादव, अर्जुन यादव, कार्तिक यादव, आदित्य नेताम,आदित्य मेश्राम, सोनू निषाद, गणेश यादव,शैलेन्द्र वर्मा, अन्तराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे (मैनेजर), शकील अहमद (कोच) तथा दीपेश चौबे सहायक कोच के रूप में शामिल है। प्रतियोगिता के तहत आज सुबह 10.30 बजे छत्तीसगढ़ हॉकी टीम का पहला मैच हॉकी गुजरात से हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने गुजरात को 10-0 से पराजित कर प्रतियोगिता में विजय शुरुआत की। गुजरात टीम के विरुद्ध खेले गए आज के मैच में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए मैच में सोनू निषाद ने 2 गोल अर्जुन यादव ने 2 गोल बोप्पन्न ने 2 गो शैलेन्द्र वर्मा ने 2 गोल व कार्तिक यादव तथा गणेश यादव ने 1-1 गोल किये। टीम में उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार छत्तीसगढ़ हॉकी के जर्सी क्रमांक 05 अर्जुन यादव को प्रदान किया गया। टीम की इस विजयी सुरुवात पर छत्तीसगढ़ हॉकी के सभी सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।



# निजी चिकित्सक संघ गुरुर की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय

**डॉ. गंजीर का हुआ सम्मान**

**गुरुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय गुरुर के साहू सदन मे को निजी चिकित्सक संघ गुरुर की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। बैठक में संघ की मजबूती पर चर्चा किया गया, साथ ही चिकित्सकों ने अपने-अपने क्षेत्र में युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।



इस दौरान त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में जीत हासिल पर तथा 43 बार रक्तदान देकर मरीजो की जान बचाकर अन्य लोगों को इसके लिए प्रेरित करने वाले निजी चिकित्सक संघ गुरुर के संस्थापक तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण गंजीर का सम्मान किया गया। उन्होंने सभी का आभार माना। बैठक मे जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल साहू, गुडरदेही ब्लॉक अध्यक्ष डॉ रोहित साहू, गुरूर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ लीलाराम बनपेला, उपाध्यक्ष डॉ झुमुक लाल सार्वा, डॉ देवा सार्वा, कोषाध्यक्ष डॉ हेमंत ग्वालेंद्र, डॉ प्रकाश साहू, डॉ बलराम साहू, डॉ नरोत्तम साहू, डॉ परदेसी राम ठाकुर, डॉ उमेन्द्र निषाद, डा देवव्रत यादव सहित निजी चिकित्सक संघ के समस्त चिकित्सक उपस्थित थे।

# परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती में मेधावी बच्चों का किया गया सम्मान

**गुरुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरवाही में परिक्षेत्र स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव मनाया गया, जहां ग्राम खैरवाही सहित ग्राम भूलनडबरी, बोरतरा, तार्री एवं गुरुर से हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु शामिल हुए।



गांव में सामाजिक बंधुओ द्वारा भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना, महा आरती के बाद पांचो गांव से पहुंचे सामाजिक महिलाओं द्वारा पारंपरिक परिधान में भव्य रूप से कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो गांव के प्रमुख गली मोहल्ले से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

**समाज की एकता व अखंडता को बनाए रखे**

इस कार्यक्रम में साहू समाज के वरिष्ठ पवन साहू मुख्य अतिथि के रूप में मन्चासीन थे। तहसील साहू संघ गुरुर के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने अध्यक्षता की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत बालोद सदस्य चंद्रिका गजीर, जनपद पंचायत गुरुर के उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, समाज के वरिष्ठ कौशल साहू, खेदुराम साहू, भरत सार्वा, जनपद सदस्य दिनेश्वरी सिन्हा, सरपंच पूर्णिमा सिन्हा, मोतीलाल, बलराम साहू उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि पवन साहू ने समाज की एकता एवं अखंडता को हमेशा बनाए रखने के लिए सामाजिक बंधुओ को मार्गदर्शन दिया।

**कलाकारों का भी सम्मान**

इस आयोजन में कक्षा दसवीं, बारहवीं के अलावा खेलकूद, विज्ञान एवं पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया। वही अपनी कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ज्योतिष साहू के अलावा टीम का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए साहू समाज के अध्यक्ष दिलीप साहू, उपाध्यक्ष प्यारेलाल साहू, सचिव महेश्वर साहू सहित समस्त पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुओं तथा ग्रामीण जनों का सहयोग रहा।

# आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का खैरागढ़ में

**खैरागढ़, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रदेश** अध्यक्ष दीपक बैज के आगमन को लेकर खैरागढ़ के कांग्रेसी नेताओं द्वारा 5 अप्रैल को खैरागढ़ में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक यशोदा वर्मा करेंगी। स्वागत समारोह दोपहर 2 बजे दाऊचौरा में मनराखन देवांगन के निवास के सामने आयोजित किया जाएगा जहां कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2ः30 बजे दीपक बैज विश्राम गृह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे। विधायक यशोदा वर्मा के निवास स्थान पर एक विशेष बैठक होगी जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में जिले के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने किया है।



# ग्राम पाण्डुका में युवक ने लगाई फांसी

**खैरागढ़,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक मुख्यालय से तकरीबन 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पाण्डुका में 3 अप्रैल गुरुवार की शाम 5 बजे के आसपास 22 वर्षीय युवक संजय पिता सुन्दर लाल ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी अनुसार संजय ट्रक ड्राईवर का काम करता था। और अपने परिवार का पालन पोषण किया करता था। 3 अप्रैल को संजय बहुत दिनों बाद अपने घर लौटा था। संजय को देखकर उनके माता पिता बेहद खुशी महसूस कर रहे थे। लेकिन कुछ ही घंटों बाद संजय ने कमरे में जाकर मौत को गले लगा लिया शाम के वक्त संजय के माता ने खाना देने के लिए आवाज लगाई पर रूम के अंदर से कोई आवाज नही आया तब अन्य परिजनों ने खिड़की की ओर से आवाज लगाई और देखा तो संजय फांसी पर लटका हुआ मिला परिजनों ने काफी देर तक आवाज लगाने के बाद दरवाजा को तोड़ा तो संजय फांसी पर लटका हुआ था। परिजनों ने तत्काल संजय को अस्पताल लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिए और 4 अप्रैल को मृतक संजय का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को चिकित्सकों ने सुपुर्द कर दिए फिलहाल युवक ने यह कदम क्यों उठाया है। इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। जालबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच विवेचना में लिया है और पुलिस परिजनों से जांच पड़ताल कर रही है।



# लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया गाइडलाइन

**गुरुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते गर्मी के बाद लु से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइन जारी किया है। वहीं तेज गर्मी के कारण इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है जिसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में इन दिनों सर दर्द, उल्टी, बुखार, टाइफाइड के कारण मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।



स्वास्थ्य विभाग से जानकारी के मुताबिक पहले यहां लगभग 100 मरीज इलाज करने के लिए पहुंच रहे थे लेकिन वर्तमान में तेज गर्मी के कारण स्वास्थ्य प्रभावित होने से लगभग डेढ़ सौ मरीज ईलाज कराने के लिए पहुंचने लगे हैं।

इधर शिक्षा विभाग ने भी आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में विद्यालय संचालन का समय मे परिवर्तन कर दिया है। ताकि छोटे बच्चों को कड़ी धूप, अधिक गर्मी से सामना न करना पड़े।

**सिर में दर्द, उल्टी आना लू के लक्षण**

स्वास्थ्य विभाग से जानकारी के मुताबिक सिर में दर्द होना, उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द, भूख ना लगा यह सब लु का लक्षण है, इससे बचाव के लिए सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाए, अधिक धूप में जाने से बचे, जरूरी हो तो धूप के समय छाता लेकर या फिर स्कार्फ बांधकर आना-जाना कर सकते है। अधिक पानी व पेय पदार्थ का उपयोग करें तथा लक्षण नजर आने पर अपने नजदीकी मितानिन या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अलावा स्वास्थ्य केंद्र में भी डॉक्टरो से परामर्श ले सकते हैं।

शुक्रवार को मौसम में उतार-चढ़ाव के साथ गुरुर तहसील क्षेत्र का अधिकतम तापमान 36 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा।

# धमतरी पुलिस हिरासत में मौत पर बढ़ रहा है आक्रोश

**सोनकर समाज ने कड़ी कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन**

**राजनांदगांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। दुर्गेंद्र कठोलिया की पुलिस की रिमांड में मौत के मामले में सोनकर समाज के प्रदेश के पदाधिकारियों ने राजनांदगांव कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा। धमतरी जिले के अर्जुनी थाने में पुलिस रिमांड में दुर्गेन्द्र कठोलिया की मौत को लेकर न्याय की मांग की गई है। मृतक के परिजनों को न्याय नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी उन्होंने दी है। इस दौरान छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर समेत चेतन सोनकर महामंत्री छत्तीसगढ़ सोनकर समाज, विजय सोनकर राज अध्यक्ष, राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के कई सदस्य मौजूद रहे।



धमतरी जिले में पुलिस कस्टडी के दौरान युवक दुर्गेश कठोलिया की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 7 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। इस समिति में 6 विधायक और एक जिला अध्यक्ष शामिल हैं। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने इस समिति का संयोजक गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद को बनाया है। जांच समिति में कुंवर सिंह निषाद (संयोजक) के साथ विधायक संगीता सिन्हा, अंबिका मरकाम, दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, ओंकार साहू और जिला अध्यक्ष शरद लोहाना को सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं आज सोनकर समाज के प्रदेश पदाधिकारियों ने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंप कर न्याय की मांग की है। न्याय नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए दुर्गेश की कस्टडी में मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

पुलिसकर्मियों द्वारा आमजन से मारपीट और पुलिस रिमांड में हत्या का यह पहला मामला नहीं है। बीते एक साल में ऐसे कई मामले उजागर हुए हैं, जिसमें पुलिस द्वारा बर्बरता और अमानवीय व्यवहार किये जाने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे में सरकार के सामने ये बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है कि आम जनता के मन में पुलिस और शासन के प्रति विश्वास और न्यायप्रिय छवि को बरकरार रखा जा सके। पुलिस द्वारा किए गए कृत्यों का सरकार की छवि पर गहरा प्रभाव पड़ता है, खासकर यदि वे कानून के विपरीत या अनुचित हों, तो इससे जनता का विश्वास कम हो सकता है और सरकार की वैधता पर सवाल उठ सकते हैं। ऐसे में सरकार की महती जिम्मेदारी बन जाती है कि ऐसे पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, जो खाकी को दागदार करने का काम कर रहे हैं।

# आर आर देशलहरे पूर्व प्रभारी प्राचार्य को बिदाई दी गई



**डोंगरगांव,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। 31 मार्च को शासकीय बी टी आई डोंगरगांव में विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 42 वर्ष 3 माह व 19 दिन की सेवा पूर्ण कर 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए. बीटीआई संस्था द्वारा उनके सम्मान में 2.अप्रैल को विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन कर समृद्ध ,दीर्घायु , स्वस्थ्य एवं यशस्वी भविष्य की कामना की गई

पूर्व प्राचार्य आर आर देशलहरे अपने जीवनवृत्त और संस्था के साथ अटूट संबंध देते हुए भावुक हो गए

संकाय सदस्यों द्वारा उनके कर्त्तव्यनिष्ठ और अनुशासित व्यक्तित्व को बताते हुए उनके द्वारा प्राचार्य काल की उपलब्धि को सराहा गया ,साथ ही छात्राध्यापकों को जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया

पूरे कार्यक्रम बीटीआई प्राचार्य मुकुल साव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ बिदाई समारोह में संकाय सदस्य एन आर लेंझारे पोषण साहू देवेश कुमार जैन कविता दूबे लीलाधर देवागंन के साथ प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित थे

# जिपं सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने कहा– तरीघाट में शराब दुकान ना खोलें, दिया जिलाधीश को ज्ञापन

**राजिम,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राजनीति में प्रथम बार कूदे राजिम महाडिक परिवार के युवा इन्र्दजीत महाडिक ने गरियाबंद जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद अंचल में कुछ करने की चाह दीपक अग्रवाल से कुछ मागों के साथ वे मिले गरियाबंद जिला धीश से मिले और उन्हें समस्यों से अवगत कराया। क्षेत्र की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक बहुत चिंतित है और वह सीधे जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मुलाकात कर आवेदन भी दिए हैं तथा उसे शीघ्र निराकृत करने की मांग किए। उन्होंने अलग-अलग तीन आवेदन के माध्यम से अपनी बात रखी है।



ग्राम पंचायत तरीघाट को आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तावित नवीन मदिरा दुकान के लिए चयनित किया गया। यह धार्मिक स्थलों तक जाने का मुख्य मार्ग है। जहां से घटारानी माता मंदिर, जतमई माता मंदिर, झरझारा देवी माता मंदिर, कर्राबाधिन माता मंदिर, कुंडल शनि देव मंदिर जैसे अनेक पवित्र एवं पर्यटन स्थल में पहुंचा जाता है उक्त स्थल को चयनित करने के पूर्व भी ग्राम वासियों से सहमति लेना आवश्यक नहीं समझा गया है। यहां के लोग अभी से चिंतित हो गए हैं कि नई पीढ़ी के भविष्य का क्या होगा। इन्होंने अनुरोध किया है कि नवीन मदिरा दुकान को खोलने से पहले ग्राम पंचायत और ग्राम वासियों के सहमति के पश्चात ही प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए।

**चौबेबांधा नवागांव एनीकेट में पानी रोकने की मांग:** उन्होंने दूसरा आवेदन में इस बात का उल्लेख किया है कि चौबेबांधा से लगा हुआ पैरी नदी में नवागांव एनीकेट मौजूद है। करोड़ों रुपया खर्च कर इन्हें बनाया तो गया है लेकिन इसमें पानी नहीं है। वैसे भी इसका निर्माण जल भराव के लिए किया गया है। आने वाले अप्रैल, मई, जून महीना भीषण गर्मी से आम जनता को पानी की कमी से पेयजल एवं निस्तारी करने की समस्या होगी। ऐसे में जल स्तर भी नीचे जा चुका है। त्रिवेणी संगम में रहकर पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। पानी रहकर हम प्यासे रहे यह उचित नहीं है। जिस उद्देश्य से एनीकेट का निर्माण किया गया है उनकी पूर्ति तय होनी चाहिए। बताना होगा कि इनका निर्माण 2015 में हुआ था उसके बाद से मात्र दो-तीन साल ही गर्मी के दिनों में पानी रहा उसके >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राज्यपाल का जिलों में पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेना, साबित होता है कि सरकार के काम से वे संतुष्ट नहीं : सुरेन्द्र शर्मा



**बलौदाबाजार,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने कहाकि राज्यपाल ने जिला बलौदाबाजार के कार्यालय में गुरूवार को अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली है। जिसमें वर्षा जल संचयन और प्रदूषण नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत बताया। वहीं स्व सहायता समुहो के कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर जो दिया। इसके अलावा सडक दूर्घटना एवं मादप पदार्थो के परिवहन सहित बिक्री के रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश प्रशासनीक अधिकारियों को बैठक में दिये।

श्री शर्मा ने कहा है कि राज्यपाल महोदय के द्वारा जिलों में पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेना इससे साबित होता है कि सरकार के काम से वे संतुष्ट नहीं है। सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बारे में धारणा बन रही है कि वे गुड फार नथिंग हैं। ज्ञात हो कि बलौदाबाजार जिले के एक तहसील कार्यालय में किसान का जहर पी लेना, कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार को आग के हवाले कर देना, आए दिन सड़कों पर दुर्घटना में मौत, शराब का सर्वत्र तांडव, राजस्व विभाग की मनमानी से लोगों की परेशानी के बारे में महामहिम अवगत होंगे तभी तो राजभवन से कलेक्टर कार्यालय तक उन्हें जहमत उठाना पड़ा है। सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि विधान सभा सत्र में भी मंत्री, मुख्य मंत्री सवालो के जवाब में निरुत्तर दिखे। वहीं विधानसभा में अपने ही लोगों के निशाने पर रहे। वर्तमान में निगम मंडल की घोषणा के बाद तो कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है और इस पर व्यापक असंतोष दिखाई दे रहा है। कुलमिलाकर सरकार पूरी तरह असफल है। जनता की नाराजगी कभी भी व्यापक हो सकती है। सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि हम महामहिम राज्यपाल महोदय का बलौदाबाजार में स्वागत करते है उनके पहल की प्रशंसा भी करते है। इस सरकार से उम्मीद नहीं है शायद आप न्याय करने में सफल हो जाए हमारी शुभकामना हैं।

# कचना की बसंती बाई को मिला पक्का घर

**धमतरी,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। धमतरी जिले के कुरुद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कचना निवासी बसंती बाई ध्रुव को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। बसंती बाई को वर्ष 2024-25 में निर्धारित पात्रता के अनुसार आवास बनाने की स्वीकृति मिली।



**प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीबों के लिए बना वरदान**

इस संबंध में बसंती बाई बताती हैं कि-पहले उनका मिट्टी और खपरैल से दो कमरे का आवास बना हुआ था, जो बरसात के दिनों में सीड़न होने से अनेक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास बन जाने से अब उन्हें इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। साथ ही समाज में जीवन जीने के तौर तरीके के साथ सम्मान बढ़ा। गरीबी के कारण आवास बनाने का सपना अधूरा ही था। पति के गुजर जाने के बाद जैसे तैसे करके शासन से मिलने वाली विधवा पेंशन के भरोसे जीवन की गाड़ी खींच रही थी। उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि सिर्फ विधवा पेंशन के भरोसे कभी उनका पक्का मकान का सपना पूरा होगा। बसंती बाई कहती है कि पंचायत की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाने के लिए मुनादी कराई गई थी। इसके बाद उनका नाम सर्वे सूची में आया और उन्हें पक्का घर बनाने के लिए शासन द्वारा सहायता प्रदाय किया गया। उन्हें अब बारिश में छत टपकने और कीड़े-मकोड़ों का डर नहीं सताता। साथ ही कभी सपने में भी नहीं सोच पाने वाला पक्का मकान का सपना भी पूरा हो गया। जीवन में सफलता प्राप्त कर कोई साधारण सी बात नहीं है। इसे केवल धन और भौतिक संपदा की प्राप्ति के द्वारा भी निर्धारित नहीं किया जा सकता है। सफलता का अर्थ है इससे कहीं अधिक गहन है और जो आदमी हर परिस्थिति में प्रसन्न रखने की योग्य बनाती है।

# ग्रामीणों से बिजली काटने की धमकी देकर वसूली करने वाले 3 गिरफ्तार

**महासमुंद,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बकाया बिजली बिल नहीं पटाने पर लाइन काटने की धमकी देकर फर्जी बिजली कर्मचारी बनकर वसूली करने वाले तीन आरोपियों को सिटी कोतवाली ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने करीब 16 लोगों से 75 हजार रुपए की वसूली धमकी देकर कर ली थी। बिजली विभाग के संज्ञान में मामला आने पर इसकी शिकायत पुलिस में की गई थी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल नंबर को ट्रेस किया और मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिन 3 आरोपियों को पकड़ा गया है, उनकी पहचान लेखन निर्मलकर फिंगेश्वर, गणेश भोई महासमुंद, और सुमन धीवर महासमुंद के रूप में की गयी है। कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफधोखाधड़ी की धारा 318 (4) और 319 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने और कितने ग्रामीणों को ठगी का शिकार बनाया है। क्षेत्र के ग्राम केशवा, साल्हेभाठा, शेर, मोरधा, कनेकेरा, पचेड़ा और धनसुली में जब लगातार ठगी की घटनाएं होने लगीं, तब ग्रामीणों ने बिजली विभाग में शिकायत की। जांच करने पर पता चला कि यह पूरी तरह से ठगी का मामला है। इसके बाद कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई पुलिस और बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को बिजली विभाग का कर्मचारी समझकर पैसे न दें, कोई भी संदेह होने पर तुरंत बिजली विभाग के अधिकृत कार्यालय में संपर्क करें या पुलिस को सूचना दें।



# वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम :विधायक



**महासमुंद,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा में बुधवार को वक्फसंशोधन बिल पारित हुआ। इसके बाद वक्फसंशोधन बिल गुरुवार को राज्यसभा में भी पारित हो गया। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह संशोधन वक्फसंपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का आभार व्यक्त किया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक श्री सिन्हा ने कहा है कि प्रस्तावित कानून मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य वक्फसंपत्तियों के कामकाज में सुधार, पारदर्शिता और तकनीक आधारित प्रबंधन है। विपक्ष का काम भ्रम फैलाने का है इसलिए वे इस संशोधन का विरोध कर रहे हैं। फिर भी यह बिल दोनों सदनों में पारित हो गया। संसद ने वक्फसंशोधन विधेयक 2025 को स्वीकृति देकर वर्षों से चले आ रहे अन्याय और भ्रष्टाचार के युग का अंत किया है और न्याय व समानता के युग की शुरुआत की है। इस विधेयक के माध्यम से वक्फ बोर्ड और वक्फसंपत्तियां अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और न्यायसंगत होने वाली हैं। यह बिल करोड़ों लोगों को न्याय देने वाला है। इससे निश्चित ही मुस्लिम समुदाय के गरीबों, महिलाओं और बच्चों को लाभ मिलेगा।




## मदिरा दुकानों के अहाता ठेका के लिए 11 तक कर सकते हैं आवेदन

**बिलाईगढ़,** 4 अप्रैल (देशबंधु)। कार्यालय आबकारी आयुक्त रायपुर द्वारा संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य की मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता परिसर में आहाता संचालन हेतु निविदा अनुज्ञप्ति जारी की है जो विभाग के वेबसाईट एक्साइज डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन के रिसेंट पोस्ट और राज्य शासन के वेबसाईट सीजी डॉट स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन के टेंडर में उपलब्ध है।



# महाविद्यालय में दाऊ कल्याण सिंह का समाज ने मनाया जयंती

**बलौदाबाजार,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बलौदाबाजार में 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज बलौदाबाजार इकाई के द्वारा दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय में दाऊ कल्याण सिंह का जन्मदिवस मनाया गया। इस दिन को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी दान शीलता दिवस के रूप में मनाया जाता है। बलौदाबाजार के दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही समाज के वरिष्ठ राम गोपाल अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, कॉलेज की प्रिंसिपल मैडम सहित समाज के वरिष्ठगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने सबसे पहले दाऊ कल्याण जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज के लोगों को दानशीलता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि दाऊ कल्याण सिंह द्वारा मानव समाज के लिए किये गये दान व उनकी दानशीलता को हमेशा याद रखा जाएगा। आज भी उनके द्वारा दान की गई शिक्षण संस्थान एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हमेशा उन्हें याद किया जाएगा। दाऊ कल्याण सिंह जैसी विभूतियाँ समाज को सेवा, समर्पण और संवेदना के मूल मूल्यों से जोड़ती हैं। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक व्यक्ति का त्याग और दूरदर्शिता पूरे समाज को दिशा दे सकती है। दाऊ कल्याण सिंह का नाम छत्तीसगढ़ की माटी में सदा-सर्वदा के लिए अंकित है। उनके कार्य और मूल्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा-पुंज बने रहेंगे। उनका आदर्श जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा सम्मान उसी को मिलता है, जो अपना जीवन समाज की सेवा में लगाता है।

4 अप्रैल 1876 में बलौदाबाजार जिले के ग्राम तरेंगा भाटापारा में दाऊ कल्याण सिंह का जन्म हुआ था। दाऊ कल्याण सिंह ने अपनी सारी सम्पत्ति शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि के अध्ययन के लिये दान कर दी थी। इसके लिए उन्हें अंग्रेजी शासन के दौरान राय बहादुर एवं दीवान बहादुर की उपाधि से विभूषित किया गया था। उनकी जयंती पर हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक जन रामगोपाल अग्रवाल, देवीदास अर्ग्रवाल, संजय अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अमिय अग्रवाल, कृष्णनंद श्रद्धानंद अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, सूर्यकांत अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, कुश अग्रवाल, एस.एम पाध्ये, अनामिका अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, विनती अग्रवाल, गोपिका अग्रवाल सहित समाज की महिला एवं पुरुष के अलावा कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पेंशनर संघ पलारी इकाई ने किया नगर अध्यक्ष गोपी साहू का सम्मान

**पलारी/बलौदाबाजार**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन पलारी इकाई द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपी साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा का सम्मान किया। पेंशनर संघ के वरिष्ठजनों ने कहा कि नगर पंचायत में 2 युवा नेतृत्व मिलने से यहां की जनता की समस्याओं का जल्द ही समाधान हो सकेगा। साथ ही साथ हम पेंशनरो को भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर इनके द्वारा उचित सहयोग प्राप्त हो सकेगा। गोपी साहू ने इस सम्मान के लिए पेंशनर संघ के वरिष्ठजनो के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया और कहा की पेंशनर संघ के होने से आज के वर्तमान युवा पीढ़ियों को उनके सेवा काल के अनुभवों का लाभ मिलता है,ये भले ही उम्र से बुजुर्ग है पर इनका जीवन का लंबा अनुभव हमेशा हर वर्ग के लोगो के लिए प्रेरणा बनकर ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने सभी के लिए स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन जीने की मंगलकामना की। उक्त अवसर पार्षद लेखु वर्मा, पार्षद नेमसिंह बांधे, पार्षद प्रतिभा धीरहे, पेंशनर संघ के बिसौहा राम पटेल, खम्महन लाल वर्मा, रघुनंदन वर्मा, डेरहा प्रसाद साहू, शिव कुमार वर्मा, रामखीलावन वर्मा, रामनाथ साहू, राजकुमार वर्मा, महावीर वर्मा बालाराम कन्नौजे, नंदकुमार चंद्राकर उपस्थित थे।



# अपने धर्म के प्रति सजग रहकर सनातन धर्म का मान सम्मान बनाए रखना होगा : शिवरतन शर्मा



**सिमगा**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत धोबनी में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर मां चितावरी मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक कला मंच का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने सर्वप्रथम अपने साथियों सहित मां चितावरी देवी मंदिर में पूजा अर्चना किया । ततपश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई जंहा सरपंच संतोष साहू ने अतिथियों का फूल माला से आत्मीय स्वागत किया । कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों को नवरात्र पर्व की बधाई देते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमें अपने धर्म के प्रति सजग रहकर सनातन धर्म का मान सम्मान बनाए रखना होगा । साथ ही हमारे धर्म के विरोधियों को अब मुहंतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है तब जाकर हम अपने धर्म की रक्षा कर सकगें। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार भगवान राम के जीवन को आदर्श मानकर कार्य करने वाली पार्टी है। जहां आम जनमानस तक विकास की गंगा कैसे पहुंचे इस ध्येय को लेकर कार्य करती है। आज महतारी वंदन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल रहा है । जो इस बात का प्रमाण है ।

नवनिर्वाचित सरपंच संतोष साहू ने शिवरतन शर्मा के समक्ष धोबनी से ग्राम बनसांकरा तक सड़क निर्माण ग्राम में नाली निर्माण एवं सामाजिक कार्य हेतु समरसता भवन की मांग रखी। जिस पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि इन कामों को कराने का भरसक प्रयास करूंगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव मर्डल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के सरपंच कमलेश साहू बनसांकरा सरपंच राहुल ठाकुर जनपद सदस्य सुरेश साहू आनंद बंजारे उमेश सायतोड़े शरण साहू हेमसिंह चौहान मनोज चौबे लखन साहू अशोक साहू हेमलाल साहू प्रहलाद मिश्रा केवल साहू बलराम सिंह चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# देवी दर्शन के लिए पहुंचे विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर



**बागबाहरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्र पर्व के सप्तमी पर आज 4 अप्रैल शुक्रवार को पहाडा वाली प्रसिद्ध खल्लारी देवी मां का दर्शन-पूजन करने हेतु छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम के अध्यक्ष बनने के बाद चंद्रहास चंद्राकार का खल्लारी भीमखोज में प्रथम आगमन हुआ। जहां जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर , गिरीश चक्रधारी, रूपेश साहू, मोगेश पिंटु चंद्राकर ,हीरा साहू, ग्राम पंचायत भीमखोज के सरपंच भेखराम बघेल एवं ग्राम पंचायत पाली के सरपंच भुनेश्वर लोधी आदि ने पुष्पहार से जोशिला स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनके प्रथम आगमन होने पर खल्लारी क्षेत्र के लोगों को एक बहुत बड़ी आशाएं हैं।

# हाथी भ्रमण क्षेत्र होने से जय चांदा दाई प्राचीन गोंड़ गुफा जाने हेतु बोरिद से गुफा मार्ग बंद




**पलारी,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी जय सिंघा धुर्वा सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्र में गोंडवाना के ऐतिहासिक गढ़ किला जय चांदा दाई प्राचीन गोंड़ गुफा में परम्परागत रुप से गोंडी रिती नीति संस्कृति आधारित पुजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कि गई हैं। 30 मार्च से नवरात्र का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं कि भीड़ गुफा में शक्ति दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्य से पहुंच रहें हैं। पर इस वर्ष भी हाथी विचरण क्षेत्र होने के कारण बोरिद से गुफा मार्ग को समिति कि ओर से पूर्णत: बंद किया गया है,साथ हि बरबसपुर मार्ग से आना जाना बंद है,व सुचना पटल रास्तों में टांगा गया है। श्रद्धालुओं से अपील कि गई है कि हाथी विचरण क्षेत्र होने के कारण श्रद्धालु समय को ध्यान में रखते हुए सुबह 8 बजें के बाद एवं शाम 4 बजें तक प्रवेश करेंगे। व रवान,रायतुम मार्ग से ही गुफा पहुंचना है, गुफा में जाने से पहले गाड़ी/आदमी कि संख्या/आने वाले दिन कि जानकारी समिति के सदस्यों को बताकर प्रवेश करेंगे। ताकि हाथी विचरण करने कि जानकारी बताई जा सके

## पूर्व मंत्री डहरिया ने नवजात शिशु को दिया आशीर्वाद



**बिलाईगढ़** 4 अप्रैल(देशबंधु)। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व नगरीय प्रशासन श्रम कल्याण और विकास मंत्री ,पलारी, बिलाईगढ़ तथा आरंग के पूर्व विधायक डॉ शिवकुमार डहरिया जी ने विधानसभा बिलाईगढ़ मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत छपोरा में सामाजिक कार्यकर्ता यादराम हिरवानी के निवास 03 अप्रैल को अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान पहुंचे। जहां पर उनके ज्येष्ठ पुत्र मनीष कुमार हिरवानी और पुत्र वधू दिव्या हिरवानी के प्रथम पुत्र रत्न प्राप्ती के अवसर पर नवजात शिशु को आशीर्वाद दिया। जैसे ही डॉ शिवकुमार डहरिया जी ग्राम छपोरा पहुंचें तो पूरे गांव वाले अपने पुराने और प्रिय नेता को देखकर आतिशबाजी से स्वागत किया। हिरवानी दंपती ने श्रीफल और साल भेंटकर स्वागत किया। उसके बाद नवजात शिशु को डॉ साहब ने आशीर्वाद प्रदान किए। डॉ साहब के साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रवेश दुबे, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष छत्रसाल साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नल कुमार पटेल, कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भागवत साहू, जिला जिला महामंत्री किशोर कुमार निराला, यशवंत हिरवानी,राम शंकर साहू, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।।

# त्रि-दिवसीय श्रीरामचरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन



**नगरी**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। बीरगुड़ी खुटार में शुक्रवार को भगवान श्री रामचंद्र जी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर श्री रामचरित मानस गान का उद्घाटन किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रविवार तक इस भक्तिमय सम्मेलन का आयोजन रहेगा। यह कार्यक्रम पूरे ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होता है जहां आसपास के ग्रामीण भी इस भक्तिमय आयोजन में अपनी उपस्थिति देकर आनंद लेते हैं। बाहर से आई प्रसिद्ध मंडलियों के प्रस्तुति से पूरा क्षेत्र राममय हो जाता है। मानस गान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम थे, अध्यक्षता सरपंच बीरगुड़ी अमृत नाग ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अकबर कश्यप, राजेश कश्यप उपस्थित थे। समस्त ग्रामीण जन की उपस्थिति में यहां कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मनकी में नाबालिग वर की शादी रुकवाई

**महासमुंद,** 4 अप्रैल (देशबंधु)। विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम मनकी सेक्टर पटपरपाली में बाल विवाह की एक घटना को समय रहते प्रशासन द्वारा सफ्लतापूर्वक रोका गया। ग्राम मनकी निवासी राजकुमार पाड़े उम्र 15 वर्ष पिता पानसिंग का विवाह धरुल नुनीयामुड़ा जिला बरगढ़ उड़ीसा निवासी काजल राणा, पिता प्रभाकर राणा के साथ 4 अप्रैल से 7 अप्रैल 2025 के बीच निर्धारित था। जांच के दौरान यह पाया गया कि वर की उम्र 18 वर्ष से कम है, जिससे यह विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। इस जानकारी के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए पालकों को समझाइश दी गई और विवाह कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से रुकवाया गया। पालक पान सिंह ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अभी अपने पुत्र की शादी नहीं करेंगे और जब राजकुमार विवाह योग्य आयु 21 वर्ष पूर्ण कर लेगा तभी उसका विवाह संपन्न कराएंगे। प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश गया है कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है और समाज में इसे किसी भी हाल में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि विवाह के सभी कार्यक्रम पूर्ण रूप से रद्द कर दिए गए हैं।

## नयापारा खुर्द में कविता वासनिक का आयोजन कल

**पिथौरा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम लहरौद के आश्रित ग्राम नयापारा खुर्द में 6 अप्रैल श्रीराम जन्मोउत्सव के अवसर पर जय माँ शीतला समिति व ग्राम वासियों द्वारा अनुरागधारा कविता वासनिक का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 10 बजे विद्या मंदिर मंडी परिसर में किया है । आयोजन समिति ने इस अवसर पर दर्शकों को उपस्थिति की अपील की है ।

# तीर्थयात्री नपा अध्यक्ष अशोक जैन से मुलाकात कर जताया अभार



**बलौदाबाजार,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरपालिका के द्वारा शासन की महत्वपूर्ण तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत 16 तीर्थयात्रियों को 27 मार्च 2025 से 3 अप्रैल 2025 तक यात्रा में प्रस्थान कराया गया था। तीर्थयात्रा से वापसी उपरांत छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री साय एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा तथा नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन से मुलाकत कर अभार व्यक्त किया गया। तीर्थयात्री यात्रा के संबंध में बताये की तिरूपति, मदुरै एवं रामेश्वर की यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही हुई। शासन के द्वारा अच्छी व्यवस्था प्रदान की गई है। नगर बलौदाबाजार के कृपाराम साहू, संतुराम साहू, चंद्रकला वर्मा, नीराबाई वर्मा, रामप्यारी फेकर, रामकली वर्मा, निवासी वार्ड क्रमांक 19 बलौदाबाजार ने अध्यक्ष अशोक जैन से अध्यक्ष कक्ष में चर्चा एवं मूलाकात कर सुविधाजनक यात्रा को अत्यंत सुखद व शासन की योजनाओं की सराहना की गई। तीर्थयात्रा के लिये धनेश्वरी वर्मा के द्वारा तीर्थ यात्रियों के आवेदन पत्र जमाकर हितग्राही उपलब्ध कराये गये थे। इस दौरान उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, पार्षद कन्हैया सेन, शशीभूषण शुक्ला सहित अन्य नगरवासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने देवी दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**बलौदाबाजार,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। इन दिनों नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र में नवरात्रि पर्व काफी भक्तिमय वातावरण के साथ मनाया जा रहा है। जहां भक्तिों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापना के साथ नीज निवासों में जवारा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। वहीं बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा भी अपने साथियों सहित देवी मंदिरों का दर्शन कर आर्शीवाद लेते हुए क्षेत्र व प्रदेश की सुख शांति की कामना किये है। मंत्री श्री वर्मा गुरूवार को नगर के बस स्टैण्ड स्थित महामाया मंदिर, मावली माता मंदिर सहित अनेक देवी मंदिरों का दर्शन कर अशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महामाया मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पुष्पराज वर्मा, महामाया मंदिर समिति के संरक्षक परमेश्वर यदु, रामाधार पटेल, अध्यक्ष रोहित साहू, आनंद अग्रवाल, बुधराम अग्रवाल, विकास गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, कृष्णकुमार, मोहन तिवारी आदि उपस्थित थें। वहीं मावली माता मंदिर में भी समिति के अलावा महिलाएं भी उपस्थित थी।



# एबीसी में वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**खरोरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। एबीसी पब्लिक स्कूल, सारागांव में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर और सीईओ ने स्मार्ट क्लास रूम में उपस्थित पालकों के समक्ष परीक्षा परिणाम डिजिटली डिस्प्ले किये।उपस्थित अतिथियों एवं प्राचार्य ने स्कूल टॉपर्स छात्र-छात्राओं को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर सम्मानित किये। उक्त परीक्षा परिणाम के घोषणा पश्चात् सभी विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ मार्कशीट कलेक्ट किये। नर्सरी में लव्यांश वर्मा और चेतना निषाद प्रथम, टिकेश वर्मा और सानवी साहू द्वितीय, धनुश्री वर्मा और निखिल धीवर तृतीय, क्लास पीपी- 1 में अर्पित कुमार और परिधि निषाद प्रथम, अनन्या और घनिष्ट देवांगन द्वितीय, दीपशिखा सेन और नव्या नायक तृतीय, कक्षा पीपी - 2 में नव्या वर्मा प्रथम, विदिशा साहू द्वितीय, वासु निषाद तृतीय, कक्षा -पहली में लक्षिका साहू प्रथम, वेदांश पाल द्वितीय, लक्ष्य साहू तृतीय, कक्षा - दूसरी में निहारिका साहू प्रथम,नव्या वर्मा द्वितीय, नमामि सिंह तृतीय, कक्षा - तीसरी में मिशिका साहू प्रथम, टिंकल साहू द्वितीय, आर्यन नायक तृतीय, कक्षा - चौथी में आयुषी वर्मा प्रथम, आकृति ओगरे द्वितीय, प्रतीक वर्मा तृतीय, कक्षा - पाँचवी में आशनी ओगरे प्रथम, नगमा फातिमा द्वितीय, पूर्वी साहू तृतीय, कक्षा - छठवीं में आदित्य वर्मा प्रथम, जागृति सिंह द्वितीय, माही पाण्डेय तृतीय, कक्षा - सातवीं में विनय कुमार प्रथम, खिलेन्द्र पाल द्वितीय, अभेष कुमार तृतीय, कक्षा- आठवीं से मोक्षिता वर्मा प्रथम, काव्यांजली साहू द्वितीय, लावण्या वर्मा तृतीय, कक्षा - नवमी में गार्गी देवांगन प्रथम, अंश मिश्रा द्वितीय, कोमल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरन्वित किये। स्कूल प्राचार्य एम. एल.वर्मा और मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए समस्त पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनायें दिए।



## निधन

### श्यामलाल साहू

**नवापारा राजिम,** 4 अप्रैल। समीपस्थ ग्राम मानिकचौरी के वरिष्ठ नागरिक श्यामलाल साहू उम्र लगभग 90 वर्ष का आज दोपहर 2.30 बजे निधन हो गया । वे लम्बे समय से बीमार थे। वे पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के चाचा तथा थनेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू व फनेंद्र साहू के पिता थे।



### श्रीमती शांता अन्थोनी

**भिलाईनगर,** 4 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी सदस्य व वरिष्ठ पार्षद सींजू अन्थोनी की माता श्रीमती शांता अन्थोनी 77 का निधन आज 4 अप्रैल को रात्रि 2 को गया है। उनकी अंतिम यात्रा 6 अप्रैल को उनके निवास स्थान एमआईजी-1/ 368 हुडको से दोपहर 3 बजे क्रिश्चियन कब्रस्तान, नेहरूनगर भिलाई जाएगी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### जिपं सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ...

बाद तो हर साल सुखा ही रहता है। तेजी के साथ नीचे जा रहे भूजल स्तर इन दिनों चिंता का विषय बन गया है। इस एनीकेट से राजिम , नवापारा स्थल , धमतरी और गरियाबंद जिला के अनेक गांवों के लोगों को फायदा पहुंचता है।

सिंचाई के लिए सिकाशेर जलाशय का पानी बंद ना करें: जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने अपने आवेदन में यह भी कहा है कि सिंचाई के लिए सिकासेर जलाशय का पानी पूर्ण रूप से बंद ना किया जाए। उन्होंने लिखा है कि जल संसाधन उपसंभाग क्रमांक 2 पांडुका के द्वारा राजिम, फिंगेश्वर व पांडुका उप संभाग के अंतर्गत रबि फसल सिंचाई के लिए विभिन्न गांव में पानी दिया गया है जो की 28 मार्च से बंद किया जा चुका है। पूर्ण रूप से बंद किए जाने पर भीषण गर्मी के वजह से किसानों के फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे खेत एवं फसल पूरी तरह से सूख रहा है और फसलों को नुकसान हो रहा है। इन्होंने अनुरोध किया है कि पानी को सिंचाई के लिए कम मात्रा में छोड़ जाए मगर पूर्ण रूप से बंद ना किया जाए। जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक लोगों की समस्याओं से लगातार रूबरू हो रहे हैं और उन्हें हल करने का भी पुरजोर प्रयास किया जा रहा है।

# माधव को मिला समाज गौरव सम्मान



**पिथौरा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय समाज गौरव सम्मान 2025 का आयोजन वृंदावन हांल रायपुर में किया गया। जिसमें पिथौरा विकास खंड के हायर सेकंडरी स्कूल जम्हर में पदस्थ माधव लाल साहू व्याख्याता को अतिथियों के द्वारा समाज च्गौरव सम्मानज्ज प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्रा विधायक उत्तर रायपुर विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल जागेश्वरी मदरिया छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार समिति अध्यक्ष श्रीमती मीना भारतद्वाज संरक्षक मैथिली व सभी सदस्य गण उपस्थित रहें।माधव लाल साहू को समाज गौरव सम्मान मिलने पर विद्यालय प्राचार्य कुलेश्वर मारकण्डे एवं विद्यालय परिवार, इष्ट मित्र व परिवार जनों ने शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

# सचिव हड़ताल से पंचायत व्यवस्था प्रभावित, समाधान की अपील : हरीश साहू



**राजिम,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायत सचिवों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली पर गंभीर असर पड़ रहा है। सचिवों की प्रमुख मांग नियमितीकरण को लेकर सरकार और सचिवों के बीच संवाद की प्रक्रिया जारी है। उक्त बातें सरपंच संघ अध्यक्ष फिंगेश्वर ब्लाक के हरीश साहू ने कही।

श्रीसाहू ने आगे कहा कि सरपंच संघ इस विषय में सभी पक्षों से संतुलित और संवेदनशील दृष्टिकोण की अपेक्षा करता है। सचिव ग्राम पंचायतों की रीढ़ हैं और उनके बिना ग्रामीण योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित हो रहा है। वहीं, सरकार भी पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रही है। हम सरकार से अपील करते हैं कि सचिवों की मांगों पर सकारात्मक विचार-विमर्श कर त्वरित समाधान निकाला जाए ताकि पंचायत व्यवस्था पुन: सुचारू रूप से चल सके। साथ ही सचिवों से भी निवेदन है कि आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, संवाद के माध्यम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ें।

सरपंच संघ सचिवों के साथ खड़ा है, साथ ही सरकार के विकासोन्मुखी , दृष्टिकोण का भी सम्मान करता है। हमारा उद्देश्य सिर्फ इतना है कि गांवों का विकास अवरुद्ध न हो और सभी हितधारकों के बीच समन्वय बना रहे।

# अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा 8 आंगनबाड़ी को मॉडल सेंटर बनाया




**बलौदाबाजार**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी केन्द्रों के द्वारा बच्चों, माताओं एवं किशोरी बालिकाओं के हित में संचालित की जाने वाली सेवाओ को और अधिक बेहतर और प्रभावी ढ़ग से प्रदाय करने हेतु सिमगा एवं पलारी विकासखण्ड के 8 आँगनबाड़ी केन्द्र को मॉडल के रूप में अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर द्वारा विकसित किया गया है।

इन केन्द्रों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सम्बधित ग्राम पंचायत के आवेदन तथा केन्द्र भ्रमण के उपरांत इस कार्य को अल्ट्राटेक प्रबन्धन के यूनिट हेड नुगुरी केशव एवं एच आर प्रमुख करन मिस्त्री के निर्देशन में सम्पादित करने की योजना बनायी गयी। जिसके अन्तर्गत इन केन्द्रो को आकर्षक पेन्टिग एवं ज्ञानवर्धक चित्रों से सजाया गया है जिससे आँगनबाड़ी में दर्ज बच्चों को केन्द्र आने में उत्सुकता बनी रहे और वे खुशी खुशी आये। इन्ही केन्द्रो पर किशोरी बालिकाओं तथा गर्भवती एवं शिशुओं माताओं के लिए भी संचालित सेवाओं में भाग लेने वाले लाभार्थी को भी एक सकारात्मक माहौल में सेवाएं प्राप्त हो पायेगी ।जिन केन्द्रो का विकास मॉडल के रूप में किया गया है इनमें रावन ग्राम के 4 केन्द्र तिल्दाबांधा के 2 केन्द्र एवं पडकीडीह एवं गुमा के एक-एक केन्द्र प्रमुख है। इन केन्द्रो की आंगनबाड़ी संचालिका ग्राम रावन के उमा वर्मा, संतोषी वैष्णव, संतोषी वर्मा, केवरा वर्मा, ग्राम तिल्दाबांधा के संचालिका केवती साहू, मीना मानिकपुरी गुमा के सरिता वर्मा एवं पडकीडीह के चम्पा वर्मा ने तथा ग्राम पंचायत ने इस कार्य के प्रति अल्ट्राटेक प्रबन्धन का धन्यवाद दिया तथा बच्चो एवं महिलाओं के हित में किया गया प्रभावी कदम बताया।

# सचिव संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल के मांग को मिल सरपंच संघ का समर्थन

**भाटापारा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद पंचायत सरपंच संघ के द्वारा आज 17 मार्च से प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हडताल पर चल रहे छ.ग. पंचायत सचिवों के शासकीयकरण एवं हड़ताल को उनके मंच पर पहुंच समर्थन दिया व सरपंच संघ के लेटर पेड मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से आवेदन भी तैयार किया जिसमे पंचायत जिसके अंतर्गत

आवेदन के माध्यम से निवेदन किया गया है कि 17 फरवरी 2025 को हम सब सरपंच निर्वाचित होकर आये हैं। सभी नवनिर्वाचित सरपंचों के शपथ ग्रहण पश्चात ही सचिव साथीगण हड़ताल पर चले गये हैं। जिससे ग्राम पंचायत की मुलभूत समस्याओं के संबंध में वित्तीय एवं प्रशासनिक समस्या हम सभी को आ रही है। हम सभी सरपंचगण आपसे निवेदन करते है कि सचिव साथियों की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुये छ.ग. पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को जल्द से जल्द लागु करवाने की कृपा करेंगे। ताकि पंचायती राज व्यवस्था सुदृढ़ एवं पंचायतों के काम-काज सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके।

**सचिवो के हड़ताल मे सरपंचों के मंचीय उदबोधन हौसला बढ़ाया:**



**सरपंच संघ के अध्यक्ष ने कहा- बीच का रास्ता निकालने हेतु सचिव संघ का शासन स्तर पर संवाद अतिआवश्यक**

भाटापारा जनपद पंचायत परिसर अंतर्गत अनिश्चितकालीन हडताल मे बैठे ग्राम सचिवो को सरपंच संघ का समर्थन मिलने से हौसला काफी बढा हुआ दिखा सरपंच संघ कि और से मंचीय उदबोधन मे संघ के अध्यक्ष संकेत अग्रवाल ने कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत के संचालन मे सचिव व सरपंच कि महत्वपूर्ण भूमिका होती है इनके हडताल मे चले जाने से गाँव के कई मूलभूत विकास कार्य ठप पडा है सरपंच संघ कि और से सचिवों के शासकीयकरण के मांगों का हम समर्थन करते है व शासन तक इनके जायज मांगों को पहुचाया जायेगा वही संकेत अग्रवाल ने कहा कि शासन व सचिव संघ के बीच निरंतर संवाद होते रहना भी जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार से बीच का रास्ता निकाला जा सके ताकि ग्राम पंचायतों के कार्यों को सुचारु रुप से आगे बढाया जा सके वही ग्राम पंचायत मोपका के सरपंच चेतन वर्मा ने सचिव संघ के मांगों को अपना समर्थन देते हुये कहा कि शासकीयकरण का मांग रखना सचिव संघ का अधिकार है जिसे वह मांग रहे है बोरसी ब के सरपंच अनिल दिवाकर ने भी उनके मांगों को जायज ठहराते हुये पंचायती राज व्यवस्था मे ग्राम पंचायत सचिवो कि भूमिका को महत्वपूर्ण बताया वही निपानिया के सरपंच नरेश नेताम ने भी इनके मांगो जायज बताया व समर्थन दिया ग्राम सुरखी के ज्यौति ध्रुव सहित भाटापारा जनपद पंचायत के सारे गण उपस्थिति हुये एवं सभी लोगों द्वारा सरपंच संघ कि और से उनको मांगो को समर्थन दिया वही ग्राम पंचायत सिंगारपुर के सरपंच कनक मनहरे ने सचिव संघ के हडताल को समर्थन देते हुये कहा कि जनता व प्रशासन स्तर के बातों को शासन तक पहुंचाने मे मीडिया का अहं योगदान रहता है सचिव संच के जायज मांगो को मीडिया शासन तक पहुचाये वही सचिव संघ के और से जिला अध्यक्ष प्रसन्न भट्ट ने कहा कि शासन से पूर्व मे आशवासन मिला था जो अब तक पूरा नही हो पाया हम शासन से ग्राम पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का तोहफा मांगते है अंत मे आभार प्रदर्शन सचिव सचिव संघ विकास खण्ड के अध्यक्ष सुरेश देवांगन ने जताया।

# विधायक रोहित साहू ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर दिए कड़े निर्देश



**कहा- लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती की समस्या का त्वरित निदान करें**

**राजिम,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। विधायक रोहित साहू क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए दिन रात लगातार प्रयासरत हैं। सुबह से ही घर में जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याएँ सुनते हैं फिर क्षेत्र के दौरे के दौरान भी उनका यह क्रम निरंतर जारी रहता है। कहीं बीच में समय निकालकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर इन कार्यों को गति देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इसी तारतम्य में क्षेत्र में हो रही विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में राजिम विधानसभा क्षेत्र में बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक ली। इस दौरान समस्याओं के समाधान को लेकर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। विधायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आम जनता की ओर से मिले अनेक समस्याओं व सुझावों पर त्वरित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि क्षेत्र का कोई भी गांव विद्युत कटौती से प्रभावित नहीं रहना चाहिए। सभी जगह बिजली की पूर्ति पूर्ण रूप से होनी चाहिए। जहां ट्रांसफार्मर और नए पोल, तार लगवाने की जरूरत हो वहां पर लगवाने का कार्य करें ताकि किसी भी जनता को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कृषि पम्पों को भी निर्बाध तरीके से विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करें तथा कहीं भी को वोल्टेज की समस्या न हों, यदि ऐसी समस्याएं हैं तो इसका त्वरित निराकरण करें। इसके अलावा विद्युत विभाग के अधीन जितने भी नए स्वीकृत कार्य चल रहे हैं उन्हें तत्काल समयसीमा में पूर्ण करें ताकि इन योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को हो। उन्होंने घरेलू, कृषि तथा व्यवसायिक, सभी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिना लो वोल्टेज और बिना कटौती के साथ निर्बाध विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने वज्रपात ओर अंधड़ तूफान से ट्रांसफार्मर, पोल, तार काफी क्षतिग्रस्त होती है उसको ध्यान में रखते हुए बिजली के पोल, खंभे, तार और ट्रांसफार्मर उचित मात्रा में व्यवस्था करके रखने की बात कही ताकि कहीं पर भी कोई बिजली की समस्या हो तुरंत इसका समाधान हो सके। जहाँ नए ट्रांसफार्मर की आवश्यकता हो वहाँ तत्काल नए ट्रांसफार्मर लगाएं। कृषि संबंधित मोटर पंप में प्रदान की जाने वाले बिजली में कटौती और लो वोल्टेज न इसका ध्यान रखने के निर्देश उन्होंने बैठक में दी।

# आर्यन पैकरा का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर में संचालित शासकीय ईग्नाश्ट इंग्लिश मिडियम स्कुल कसडोल कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्र आर्यन पैकरा का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। आर्यन पैकरा ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा सत्र 2025 में सफलता प्राप्त की है। चयन होने पर संस्था के प्राचार्य पवन पैकरा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं तथा पालक संघ अध्यक्ष साहेबलाल साहू सहित सभी पालको ने छात्र आर्यन पैकरा को बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि विद्यार्थी की



लगन, परिश्रम और शिक्षकों का समर्पण विद्यालय के लिए गौरव की बात है। बच्चों का परिश्रम और प्रतिभावान शिक्षकों का ज्ञान, उद्देश्यों के प्रति समर्पित भावना से अध्यापन का ही परिणाम है।

ज्ञात हो कि आर्यन पैकरा पिता विजय कुमार पैकरा माता श्रीमती राधिका पैकरा टेमरी का निवासी है।

# टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



**बागबाहरा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के नेशनल हाईवे 353 में स्थित छत्तीसगढ़ फैमिली ढाबा के पास आज शुक्रवार 4 अप्रैल की दोपहर 1.30 बजे बाइक सवार युवक टैंकर की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने थाने में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भलेसर टुहलू चौंकी निवासी युवक संजय चंद्राकर 35 वर्ष पिता पुरुषोत्तम चंद्राकर अपने खैरटकला निवासी कपूर सिंह मांझी 55 वर्ष पिता बोनोराम मांझी के साथ हीरो एच एफ डिलक्स बाइक क्रमांक सीजी 06 एच ए 0914 में सवार होकर बागबाहरा में बैंकिंग का काम कराने के लिए आज शुक्रवार 4 अप्रैल को आए हुए थे। बैंक का काम कराने के बाद दोपहर 1.30 बजे दोनों उक्त बाइक में सवार होकर अपने गांव कोमाखान की ओर जा रहे थे। तभी छत्तीसगढ़ फैमिली ढाबा के सामने ओडिशा से बागबाहरा की ओर आ रही भारत पेट्रोलियम की गैस टैंकर क्रमांक सीजी 07 सीबी 0905 की चपेट में आने से बाइक सवार युवक संजय चंद्राकर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही बागबाहरा पुलिस मौका स्थल पर पहुंचकर खून से लथपथ सड़क में पड़े युवक की लाश को उठाकर पोस्टमार्टम कराने के लिए चीरघर भेजा गया। वहीं पुलिस ने गैस टैंकर एवं क्षतिग्रस्त बाइक को थाने में जप्त कर रखा हुआ है। बागबाहरा पुलिस थाने में मर्ग कायम कर इस मामले को विवेचना में लिया गया।

# नूतन साहू बने समिति के कार्यकारी अध्यक्ष



**राजिम,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू नगर साहू संघ नवापारा नगर के अध्यक्ष रमेश साहू एवं समिति के महामंत्री घनश्याम साहू के अनुशंसा पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने नयापारा नगर के युवा नेता नूतन साहू को साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर मनोनयन किया है। राजिम भक्तिन माता की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने एवं सामाजिक एवं धार्मिक जागरूकता लाने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह मनोनयन किया गया है। मनोनयन के पश्चात समिति के संरक्षक रूपेंद्र साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू महामंत्री रामकुमार साहू संगठन मंत्री किसलाल साहू विष्णु साहू नयापरा नगर साहू संघ के उपाध्यक्ष भगवत साहू कोषाध्यक्ष लखन लाल साहू युवा प्रकोष्ठ के ठाकुर राम साहू सुरेंद्र साहू संतोष साहू दाऊ साहू प्रीतेश साहू ने किसान गमछा से स्वागत कर बधाई एवं शुभकामना दिए।

# भाटापारा प्रेस क्लब के सदस्यों का हारून रजा के निवास पर ईद मिलन



**भाटापारा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर अध्यक्ष एवं प्रेस क्लब के सदस्य हारून रजा के निवास में प्रेस क्लब के सदस्यों का ईद मौके पर स्वल्पाहार का कार्यक्रम रखा गया उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब के संरक्षक संतोष अग्रवाल ने त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहां की बुजुर्गों के द्वारा बनाई गई व्यवस्था के चलते वर्तमान में आपसी भाईचारा एवं सद्भावनाओं का अनुपम संगम है तीज और त्योहार इसी कड़ी में उन्होंने प्राकृति के द्वारा प्रदत्त फलों की उपयोगिता के संदर्भ में कहां की उपासकों के अपने व्रत को पूर्ण करने में फलों का विशेष महत्व है जिससे वह अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी उपवासन पूर्ण करते हुए ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा का परिचय देते हैं तदउपरांत प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव तिवारी ने कहा कि त्योहार सामाजिक सद्भावना एवं संगठन क्षमता का एक अच्छा प्रतीक होने के साथ साथ ही आज ग्लोबलडिजिटल एवं टेक्नोलॉजी के युग में त्योहारों के मौके पर एक दूसरे से लोगों से रूबरू मुलाकात करते हैं जिससे आपसी विचार विमर्श एक दूसरे का हाल-चाल जानते हैं और मानसिक शांति का अनुभव करते हैं उक्त कार्यक्रम में प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष राजकुमार मल जुगल किशोर तिवारी समीम खान वीरेंद्र उपाध्याय अभिषेक मिश्रा माखन शत्रुघ्न साहू नितेश राज गुप्ता उपस्थित थे और उन्होंने हारून रजा एवं मोहम्मद समीम खान को ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

# मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी भाटापारा की खिलाड़ी ज्योति ध्रुव का गोवा साई में चयन



**भाटापारा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स भाटापारा की खिलाड़ि ज्योति ध्रुव गोवा SAI (Sports Authority of India) मे चयन हुआ 7 यह खिलाड़ी 2022 मे जुडो खेलना शुरू किया था 7 पिछले कुछ साल 2022 ,2023 मे राज्य स्तर मे दूसरा स्थान पर रही 7 ज्योति ध्रुव ने कड़ी मेहनत के बाद 2024-25 मे अपना कैडेट, जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ और कैडेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता पुणे मे अपना पहला कास्य पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश जुडो संघ जिला जुडो संघ बलौदाबाजार भाटापारा शहर का नाम रोशन किया 7 मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी के कोच यशवंत ध्रुव ने बताया ज्योति ध्रुव टीकूलिया गाँव की निवासी है 7 जो सुबह शाम भाटापारा आकर अभ्यास करती थी 7 हम सभी को उम्मीद है की आगे होने वाले राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपना बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ एवं जिला जुडो संघ और अपने माता पिता का नाम रोशन करेगी 7 इस शुभ अवसर पर मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संरक्षक प्रदेश उपध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, प्रदेश जुडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, प्रदेश जुडो संघ के सचिव संभूराम सोनी,हैप्कीड़ो के संरक्षक कैलाश बलानी,बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ विकास अडील, परमानन्द सचदेव, आर के फूटान, मुरलीधर राव, जिला जूडो संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, सचिव पी किरन, सहसचिव अभय केशरवानी, सदस्य राहुल शर्मा, मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के कोच यशवंत ध्रुव, भारतीय संघ की ब्लैक बेल्ट नेहा वर्मा, नेहा साहू सीनियर खिलाड़ी अनपूर्णा देवांगन, संदीप रात्रे, बलराम यादव ने बधाई शुभकामनायें दी।

# राज्यपाल ने टीबी मरीजों को वितरित किया फूड बास्केट



**जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान जारी**

**बलौदाबाजार,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका ने गुरुवार को जिले के प्रवास के दौरान उपचाररत तीन टीबी के मरीजों को पोषण सहयोग बाबत फूड बास्केट प्रदान किया। उन्होंने मरीजों का कुशलक्षेम भी पूछा तथा उनके उपचार के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए उन्हें डॉट्स की दवा का पूरा कोर्स लेकर जल्द ठीक होने की शुभकामनायें दी। फूड बास्केट में मुख्यत: प्रोटीन आहार सम्मिलित होता है। ऐसे पोषण सहायता से मरीजों को रोग से लड़ने में मदद मिलती है।

सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्ष्य निरामय अभियान सहित कई प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा मरीज को पोषण सहयोग प्रदान करने हेतु निक्षय पोषण योजना के तहत उन्हें प्रति माह एक हजार की सहायता राशि नगद खाते में ट्रांसफर की जाती है। टीबी मुक्त भारत का एक प्रमुख घटक टीबी मुक्त पंचायत भी है जिसमें इस वर्ष जिले की 182 पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। इसके अतिरिक्त टीबी मुक्त भारत में समुदाय की सहभागिता एवं सहयोग के लिए निक्षय मित्र की अवधारणा भी प्रचलित है जिसके तहत समाज का कोई सक्षम व्यक्ति निक्षय मित्र बन मरीज को पोषण सहायता प्रदान कर उसकी टीबी से लड़ने में मदद कर सकता है। जिले में टीबी रोग की जांच हेतु माइक्रोस्कोप द्वारा बलगम की जांच,एक्स रे तथा जीन एक्सपर्ट मशीन की सुविधा उपलब्ध है जो पूरी तरह से निरूशुल्क है। जाँच में रोग पाए जाने पर डॉट्स के 6 माह के कोर्स से मरीज ठीक हो जाता है।

# आज छग पेंशनधारी कल्याण जिला संघ की बैठक

**बलौदाबाजार,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ के अंतर्गत जिला संघ बलौदाबाजार की प्रथम बैठक 5 अप्रैल को पेंशनधारी कल्याण संघ भवन बलौदाबाजार में आयोजित है। बैठक दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगी जिसमें संघ की आगामी कार्यक्रमों एवं पेंशनरों की समस्या व आवश्यकता पर चर्चा होगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला इकाई के निर्वाचन व शपथ ग्रहण पश्चात यह पहली बैठक है। इस बैठक में संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील जिला संघ के कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल ने की है।

